The wastage of food is substantial in every country, but some studies have shown that it is more serious in developing countries. The UNFAO had estimated that one-third of all produced food may be getting wasted. The world produces twice the amount of food that is needed, but large numbers of people are deprived of it due to wastage and other reasons. Food gets wasted at the farm, when it moves to the market and is processed, stored and shifted to shops, and finally in the kitchen. Many fruits and vegetables perish soon after harvesting. There is a need to improve production and storage practices, transport and infrastructure, cold chain systems and processing techniques. Modern technologies and packaging methods are needed. But even in countries is to improve popular awareness of the need to ensure that food is not wasted in any form, at any stage. China has launched a clean plate campaign against wastage. It is estimated that food worth at least Rs. 1 lakh crore is wasted in India, and this does not include wastage of cooked food. A part of that should be enough to feed the larger numbers of hungry people in the country, which is ranked 94 out of 107 countries in the global hunger index. Food is wasted massively at weddings and on other occassions. The Delhi Government had, in pre-Covid times, thought of restricting the number of guests at weddings to reduce wastage of food. The UN report says that reducing food waste would also cut greenhouse gas emissions and slow the destruction of nature through land conversion and pollution. Avoiding food wastage should therefore became a national mission. It will have very positive environmental, social and economic impacts. In India, it is stated that the household food wastage is 50 kg per capita per year, which is less than in countries like the US and China. it is not because of efficient use of food, because of overall availability of food.

खाद्य की बरबादी, हर देश में व्यापक स्तर पर देखी गई है, किन्तु कुछ अध्ययन दर्शाते हैं कि यह समस्या विकासशील देशों में अधिक गंभीर है। यूएनएफएओ के अनुमान के अनुसार सम्पूर्ण खाद्य का एक तिहाई व्यर्थ हो जाता है। विश्व, आवश्यकता का दुगुना खाद्य उत्पन्न करता है, किन्तु खाद्य की इस बरबादी और अन्य कारणों से बड़ी संख्या में लोग भोजन से वंचित है। खाद्य पदार्थ की बरबादी खेतों में होती है, जब उन्हें बाजार में ले जाया जाता है, उनका प्रसंस्करण किया जाता है, उनका भंडारण किया जाता है, उन्हें दुकानों में ले जाया जाता है और अंत में रसाईघर में इसकी बरबादी होती है। बहुत से फल और सब्जियाँ उगने के पश्चात् तत्काल खराब हो जाते हैं। उत्पादन और भंडारण पद्धतियों, परिवहन एवं अवसंरचना, कोल्ड चेन प्रणाली और प्रसंस्करण तकनीकों में सुधार किए जाने की आवश्यकता है। आधुनिक प्रौद्योगिकियों और पैकेजिंग विधियों की आवश्यकता है। किन्तु, जिन देशों में ये सुविधाएँ उपलब्ध भी है, वहां भी खाद्य की बरबादी अत्यधिक हे। इसलिए, सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि इस आवश्यकता के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी रूप में किसी भी स्तर पर खाद्य की बरबादी न हो। चीन ने खाद्य बरबादी के विरूद्ध क्लीन प्लेट अभियान आरंभ किया है। यह अनुमान है कि भारत में कम से कम 1 लाख करोड़ रूपये मूल्य के खाद्य की बरबादी होती है, इसमें

पके हुए खाद्य की बरबादी शामिल नहीं है। इसका एक भाग, बड़ी संख्या में देश के भूखे लोगों को भोजन करने हेतु पर्याप्त है, जो कि वैश्विक भूख सूचकांक में 107 देशों की सूची में 94 वें स्थान पर है। शादियों और अन्य अवसरों पर खाद्य की व्यापक स्तर पर बरबादी होती है। दिल्ली सरकार ने, कोविड-पूर्व समय में खाद्य की बरबादी को रोकने के लिए शादियों में मेहमानों की संख्या को प्रतिबंधित कर दिया था। यूएन रिपोर्ट में उल्लेख है कि खाद्य की बरबादी को कम करने से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी कमी आएगी और भूमि परिवर्तन और प्रदूषण के माध्यम से प्रकृति के विनाश की गति भी धीमी होगी। इसलिए, खाद्य बरबादी को रोकना राष्ट्रीय मिशन बन गया है। इसके अत्यन्त सकारात्मक पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक प्रभाव होंगे। उल्लेखनीय है कि भारत में, प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति 50 किग्रा. का घरेलू खाद्य बरबादी होती है, जो कि यूएस और चीन जैसे देशों से कम है। यह खाद्य के कुशल उपयोग के कारण नहीं है बल्कि खाद्य की समग्र उपलब्धता के कारण है।

46. What are the measures suggested to reduce food wastage?
खाद्य बरबादी को कम करने के लिए क्या उपाय सुझाए गए हैं?

(A) Better storage and transport facilities
बेहतर भंडारण और परिवहन सुविधाएँ

(B) Establishment of cold chain systems
कोल्ड चेन प्रणालियों की स्थापना

(C) Closure of points of food wastage
खाद्य बरबादी के बिंदुओं को बंद करना

(D) Restriction on weddings
वैवाहिक समारोहों पर प्रतिबंध

Choose the correct answer from the options given below :/नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) and (B)/ (A) तथा (B)
(b) (B) and (C)/ (B) तथा (C)
(c) (C) and (D)/ (C) तथा (D)
(d) (A) and (D)/ (A) तथा (D)

Ans. (a) : उत्पादन और भंडारण पद्धतियों, परिवहन एवं अवसंरचना, कोल्ड चेन प्रणाली और प्रसंस्करण तकनीकों में सुधार करके खाद्य बरबादी को कम किया जा सकता है। यू एन एफ ए ओ के अनुमान के अनुसार सम्पूर्ण खाद्य का एक तिहाई व्यर्थ हो जाता है।

47. A major fall out of enrmous amount of food wastage is
व्यापक मात्रा में खाद्य बरबादी का प्रमुख दोष है:

(a) More food pruduction/अधिक खाद्य उत्पादन
(b) Uneven access to market/बाजार में असमान पहुँच
(c) Large number people going hungry
बड़ी संख्या में भूखे लोग
(d) More investment in the farm sector of developing countries/विकासशील देशों में खाद्य क्षेत्र में अधिक निवेश

Ans. (c) : खाद्य की बरबादी, हर देश में व्यापक स्तर पर देखी गई है, किन्तु कुछ अध्ययन दर्शाते हैं कि यह समस्या विकासशील देशों में अधिक गंभीर है। यू. एन. एफ. ए. ओ के अनुसार सम्पूर्ण खाद्य का एक तिहाई व्यर्थ हो जाता है। विश्व, आवश्यकता का दुगुना खाद्य उत्पन्न करता है,किन्तु खाद्य की इस बरबादी और अन्य कारणों से बड़ी संख्या में लोग भोजन से वंचित है।

48. Food wastage also causes
खाद्य बरबादी के कारण यह समस्या भी उत्पन्न होती है

(a) The rich-poor divide/अमीर-गरीब विभाजन
(b) Increase in contagious diseases
संक्रामक रोगों में वृद्धि
(c) Harvest issues/कृषि संबंधी समस्याएँ
(d) Environmental pollution/पर्यावरणीय प्रदूषण

Ans. (d) : यू.एन. रिपोर्ट में उल्लेख है कि खाद्य की बरबादी को कम करने से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी कमी आएगी और भूमि परिवर्हन और प्रदूषण के माध्यम से प्रकृति के विनाश की गति भी धीमी होगी। स्पष्ट है कि खाद्य बरबादी के कारण पर्यावरणीय प्रदूषण भी उत्पन्न होता है।

49. The clean plate campaign indicates the need for _______ to reduce food wastage.
क्लीन प्लेट अभियान खाद्य बरबादी को कम करने के लिए _______ की आवश्यकता को दर्शाता है।

(a) Strict punishment/कड़े दंड
(b) Public awareness/जन जागरूकता
(c) New processing techniques
नई प्रसंस्करण तकनीकें
(d) Improved packaging methods
उन्नत पैकेजिंग विधियों

Ans. (b) : खाद्य बरबादी को रोकने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि इस आवश्यकता के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी रूप में किसी भी स्तर पर खाद्य की बरबादी न हो। चीन ने खाद्य बरबादी के विरूद्ध क्लीन प्लेट अभियान प्रारम्भ किया है। स्पष्ट है कि क्लीन प्लेट अभियान खाद्य बरबादी को कम करने के लिए जन जागरूकता को आवश्यकता को दर्शाता है।

50. Stoppage of food wastage is needed in the interest of
खाद्य बरबादी को रोकना किसके हित में है?

(a) Food production/खाद्य उत्पादन
(b) National food mission/राष्ट्रीय खाद्य मिशन
(c) Bring down the number of countries in Global Hunger Index/वैश्विक भूख सूचकांक में देशों की संख्या को कम करना
(d) Making food available to all
सभी के लिए भोजन उपलब्ध कराना

Ans. (d) : यह अनुमान है कि भारत में कम से कम 1 लाख करोड़ रूपये मूल्य के खाद्य की बरबादी होती है, इसमें पके हुए खाद्य की बरबादी शामिल नहीं है। इसका एक भाग, बड़ी संख्या में देश के भूखे लोगों को भोजन करने हेतु पर्याप्त है। स्पष्ट है कि खाद्य बरबादी को रोकना भूखे लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के हित में है।

यू.जी.सी. NTA नेट/जेआरएफ परीक्षा, दिसम्बर-2021/जून-2022
शिक्षण एवं शोध अभियोग्यता
व्याख्या सहित हल प्रथम प्रश्न-पत्र : Shift-II (परीक्षा तिथि : 14-10-2022)

Direction–The following table shows the percentage (%) of colleges offering the four IT courses on Python, Java, Multimedia and Al in four Indian States A-D, in a certain year. The table also presents percentage –wise distribution of the number of Colleges in the four states. The total number of Colleges in the four states is 4000. Based on the data in the table, answer the questions 1-5.

निर्देश–चार भारतीय राज्यों A-D में पाइथन, जावा, मल्टीमीडिया और ए आई पर चार आई टी कोर्स (पाठ्यक्रम) ऑफर करने वाले महाविद्यालयों का प्रतिशत किसी निश्चित वर्ष के अनुसार निम्नलिखित तालिका में प्रदर्शित है तालिका में चार राज्यों में महाविद्यालयों की संख्या का वितरण भी प्रतिशत-वार दिया गया है। चार राज्यों में महाविद्यालयों की कुल संख्या 4000 है। तालिका में दिये गये आँकड़े के आधार पर प्रश्न 1-5 का उत्तर दीजिए :

State-wise Percentage of Colleges offering IT Courses/आई टी पाठ्यक्रम ऑफर करने वाले महाविद्यालयों का राज्यवार प्रतिशत

State राज्य	% of Colleges of offering महाविद्यालयों का ऑफर करने का %				% Distribution of Number of Colleges महाविद्यालयों की संख्या का % वितरण
	Python/ पाइथन	Java/ जावा	Multi media मल्टी-मीडिया	Al/ ए आई	
A	86%	74%	59%	56%	35%
B	80%	92%	82%	84%	15%
C	74%	88%	84%	86%	20%
D	68%	64%	68%	70%	30%

1. If M and N represent the total number of College offering Python and Java, respectively, in all the four states, then M-N =
यदि सभी चारों राज्यों में पाइथन और जावा ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की संख्या क्रमशः M और N के रूप में प्रस्तुत की गई है, तो M-N=

(a) 64 (b) 96
(c) 48 (d) 32

Ans. (d) :

राज्य	महाविद्यालयों का कोर्स ऑफर करने का प्रतिशत		पाइथन व जावा ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की संख्या		महाविद्यालयों की कुल संख्या तथा % वितरण	
	पाइथन % (M)	जावा % (N)	पाइथन (महा-विद्यालय संख्या) (M)	जावा (महा-विद्यालय संख्या) (N)	%	संख्या
A	86%	74 %	1204	1036	35%	1400
B	80%	92 %	480	552	15%	600
C	74%	88 %	592	704	20%	800
D	68%	64 %	816	768	30%	1200
कुल			3092 (M)	3060 (N)	100 %	4000

M – N = 3092 – 3060 = 32

2. Ratio of the number of Colleges offering Multimedia in State C to that of State D is
राज्य C में मल्टीमीडिया ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की संख्या का अनुपात राज्य D की अपेक्षा कितना है:

(a) 2 : 3 (b) 11 : 13
(c) 14 : 17 (d) 13 : 16

Ans.(c) : राज्य C में कॉलेजों में ऑफर किया गया मल्टीमीडिया कोर्स = 84% का 20% का 4000

$$C = \frac{84 \times 20 \times 4000}{10000}$$

$C = 672$

राज्य D में कॉलेजों में ऑफर किया गया मल्टीमीडिया कोर्स 68% का 30% का 4000

$$D = \frac{68 \times 30 \times 4000}{10000}$$

$D = 816$

अभीष्ट अनुपात = 672 : 816 = 14 : 17

3. The number of Colleges offering the Python course is more than 460 in
पाइथन पाठ्यक्रम ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की संख्या निम्नलिखित में से किसमें 460 से अधिक है :

(a) All the four states/सभी चारों राज्यों में
(b) Only three states/केवल तीन राज्यों में
(c) Only two states/केवल दो राज्यों में
(d) Only one state/केवल एक राज्य में

Ans. (a) :

राज्य	पाइथन को ऑफर करने का	पाइथन को ऑफर करने वाले महाविद्यालय की संख्या
A	86%	$\frac{86\times35\times4000}{10000}=1204$
B	80%	$\frac{80\times15\times4000}{10000}=480$
C	74%	$\frac{74\times20\times4000}{10000}=592$
D	68%	$\frac{66\times30\times4000}{10000}=816$

अतः सभी चारों राज्यों में पाइथन कोर्स ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की संख्या 460 से अधिक है।

4. Number of Colleges offering Java in State B is ------ % of the number of Colleges offering AI in State C.
राज्य B में जावा ऑफर करने वाले महाविद्यायों की संख्या राज्य C में ए आई ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की संख्या का कितना प्रतिशत है:

(a) 78.15 (b) 80.23
(c) 82.25 (d) 84.52

Ans.(b) : राज्य B में जावा कोर्स को ऑफर करने वाले कॉलेजों की संख्या $=\frac{92\times15\times4000}{10000}$
$= 552$

राज्य C में ए आई कोर्स को ऑफर करने वाले कॉलेजों की संख्या

$$=\frac{86\times20\times4000}{10000}=688$$

अभीष्ट प्रतिशत $=\frac{552}{688}\times100=80.23\%$

5. The total number of Colleges offering AI in all the four states is
सभी चारों राज्यों में ए आई ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की कुल संख्या कितनी है:

(a) 2784 (b) 2816
(c) 2864 (d) 2952

Ans. (b) :

राज्य	ए आई ऑफर करने वाले महाविद्यालय का %	महाविद्यालयों की संख्या % वितरण	ए आई ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की संख्या
A	56%	35%	$\frac{56\times35}{10000}\times4000$ $=784$
B	84%	15%	$\frac{84\times15}{10000}\times4000$ $=504$
C	86%	20%	$\frac{86\times20}{10000}\times4000$ $=688$
D	70%	30%	$\frac{70\times30}{10000}\times4000$ $=840$

अतः चारों राज्यों में ए आई ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की कुल संख्या $= 784 + 504 + 688 + 840$
$= 2816$

6. A 729 ml of a mixture contains milk and water in the ratio of 7 : 2. How much more water is to be added to get a new mixture containing milk and water in the ratio of 7 : 3?
यदि 729 मिली के मिश्रण में दूध और जल का अनुपात 7:2 है, तो 7:3 के अनुपात में दूध और जल के मिश्रण को प्राप्त करने के लिए कितना जल मिलाया जाय :

(a) 81 ml/81मिली (b) 90 ml /90 मिली
(c) 85 ml /85 मिली (d) 75 ml /75 मिली

Ans.(a): प्रश्न से, दूध $=\left(729\times\frac{7}{9}\right)=567\,\text{ml}$

जल $=(729-567)\,\text{ml}=162\,\text{ml}$

अब, $\frac{567}{162+x}=\frac{7}{3}$

$1701 = 1134 + 7x$

$x = 567/7$

$x = 81$ ml

7. Which of the following is outside the Teacher-Centric Method?/निम्नलिखित में से कौन शिक्षक-केन्द्रित विधि के अन्तर्गत नहीं आता है?

(a) Demonstration/निदर्शन
(b) Team teaching/दल (टीम) शिक्षण
(c) Inquiry approach/जाँच उपागम
(d) Lecture method/व्याख्यान विधि

Ans. (c) : जाँच उपामग शिक्षक केन्द्रित विधि के अन्तर्गत नहीं आता है। पृच्छा जाँच पद्धति पर आधारित शिक्षण एवं अधिगम एक ऐसा दृष्टिकोण है जो छात्रों को मौजूदा ज्ञान के आधार पर नवीन ज्ञान को प्राप्त करने एवं बोध करने में सहायक होती है। इसके लिए अन्वेषण गतिविधियों (जाँच उपागम) का प्रयोग कर सकते हैं। इस विधि में निष्कर्ष निकालने के लिए उच्च स्तरीय सोच कौशल और चिंतन शक्ति की आवश्यकता होती है। यह छात्र केंद्रित उपागम होता है।

8. Pyrolysis helps in addressing the Problem of
ताप-अपघटन निम्नलिखित में से किस समस्या के समाधान में सहायता करती है:

(a) Air Pollution/वायु प्रदूषण
(b) Water Pollution/जल प्रदूषण
(c) Municipal Solid Wastes/म्यूनिसिपल ठोस अपशिष्ट
(d) Electronic Wastes/इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट

Ans.(c) : ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में कार्बनिक पदार्थों को गरम करने पर वे रासायनिक रूप से विघटित हो जाते हैं। इस प्रक्रिया को ताप विघटन कहते हैं। ताप विघटन के लिए प्रायः 500 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान की जरूरत होती है। यह म्यूनिसिपल ठोस अपशिष्ट समस्या के समाधान में सहायता करती है। यह ठोस पदार्थों के अपघटन की प्रमुख प्रक्रिया होती है।

9. Match List I with List II
सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

List-I/सूची-I	List-II/ सूची-II
Name of the Subject/विषय का नाम	**Domain and Subject Matter/क्षेत्र और विषय वस्तु**
A. Kavya काव्य	**I. Agriculture, trade, commerce, animal husbandry/ कृषि व्यापार, वाणिज्य, पशुपालन**
B. Aniviksiki अन्वीक्षिकी	**II. Etymology शब्द व्युत्पत्ति शास्त्र**
C. Varta/वार्ता	**III. Logic/तर्कशास्त्र**
D. Ntrukta निरुक्त	**IV. Imaginative and creative literature./कल्पनात्मक और सृजनात्मक साहित्य**

Choose the correct answer from the option given below :/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(a) A- II, B – III, C- IV, D- I
(b) A- IV, B- III, C- I, D- II
(c) A- III, B- IV, C- II, D- I
(d) A- II, B- IV, C- I, D- III

Ans. (b) :

विषय का नाम	क्षेत्र और विषयवस्तु
A. काव्य	IV. कल्पनात्मक और सृजनात्मक साहित्य
B. अन्वीक्षिकी	III. तर्कशास्त्र
C वार्ता	I. कृषि व्यापार, वाणिज्य, पशुपालन
D. निरुक्त	II. शब्द व्युत्पत्ति शास्त्र

10. Which of the following can be categorized as non-verbal communication?
निम्नलिखित में से किसे गैर-वाचिक संप्रेषण के रूप में श्रेणीबद्ध किया जा सकता है?

A. Pleasant Voice/मनोहर स्वर
B. Postures/भंगिमायें
C. Gestures//संकेत (जैस्चर्स)
D. Facial expressions/चेहरे की अभिव्यक्तियाँ
E. Vociferous greetings/जोरदार अभिवादन

Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and E only/केवल B, C और E
(c) C, D and E only/केवल C, D और E
(d) B, C and D only/केवल B, C और D

Ans. (d) : अशाब्दिक (गैर-वाचिक) संप्रेषण से तात्पर्य सामान्यतः शब्द रहित संदेशों को भेजने एवं प्राप्त करने की संप्रेषण की प्रक्रिया से है। इस प्रकार के संप्रेषण में भाव भंगिमा इशारा, संकेत (जैस्चर्स), चेहरे की अभिव्यक्तियाँ आदि चीजें आती हैं।

11. The period of Sendai framework for disaster risk reduction is :/आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु सेन्डाई रूपरेखा की अवधि निम्नलिखित में से कौन सी है?

(a) 2015 - 2030
(b) 2020 - 2024
(c) 2015 - 2025
(d) 2020 - 2030

Ans. (a) : आपदा न्यूनीकरण के लिए सेन्डाई फ्रेमवर्क 2015-30, जापान के सेन्डाई, मियागी में 14 से 18 मार्च, 2015 तक आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर तीसरे संयुक्त राष्ट्र विश्व सम्मेलन में इसे अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में आपदा जोखिम की कमी के लिए क्षेत्रीय संगठनों और सामाजिक-आर्थिक तथा मानवीय गतिविधियों के बीच समन्वय और सामंजस्य सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 2001 में इसके जनादेश को संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में सुनिश्चित केंद्र बिन्दु के रूप में करने हेतु विस्तारित किया गया था।

12. Where is Chanakya said to have composed his Arthasastra?
चाणक्य ने 'अर्थशास्त्र' की रचना कहां की थी?

(a) Sarnatha/सारनाथ
(b) Takshashila/तक्षशिला
(c) Nalanda/नालंदा
(d) Vikramshila/विक्रमशिला

Ans.(b) : चाणक्य ने अर्थशास्त्र की रचना तक्षशिला में की थी।

13. Given below are two statements
नीचे दो कथन दिए गए हैं :

Statement I : Concentration of Volatile Organic Chemicals is generally 100-1000 times higher in surface water then underground water.
कथन-I : वाष्पशील कार्बनिक रसायनों का सांद्रण भूमिगत जल की अपेक्षा सतही जल में सामान्यतः 100-1000 गुना अधिक होता है।

Statements II: The most common method of treatment of Volatile Organic Chemicals is to aerate them to atmosphere.
कथन-II : वाष्पशील कार्बनिक रसायनों के शोधन की सर्वाधिक सामान्य विधि उन्हें वातावरण में वातित करना है।

In light of the above statements, choose the answer from the option given below:
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) Both Statements I and Statement II are true.
कथन I और II दोनों सही हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are false.
कथन I और II दोनों गलत हैं।
(c) Statement I is true but Statements II is false.
कथन I सत्य हैं, किन्तु कथन II गलत हैं।
(d) Statement I is false but Statement II is true.
कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सही है।

Ans.(d) : वाष्पशील कार्बनिक यौगिक वे कार्बनिक रसायन होते हैं, जिनका कमरे के तापमान पर उच्च वाष्प दबाव होता है।
उच्च वाष्प दबाव कम क्वथनांक के साथ सहसंबद्ध होता है जो आसपास की हवा में पदार्थ के अणुओं की संख्या से संबंधित होता है,
⇨ VOCs कई सामान्य घरेलू उत्पादों से उत्पन्न होते हैं, बग स्प्रे से लेकर पेंट थिनर तक।
⇨ वाष्पशील कार्बनिक रसायनों की सान्द्रण भूमिगत जल की अपेक्षा सत ही जल में 100-1000 गुना अधिक होता है। यह कथन गलत है।
⇨ वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों के अनुचित निपटान के कारण वे जमीन में समा जाते हैं।
⇨ VOCs सतह के पानी से हवा में वाष्पीकरण के माध्यम से चले जाते हैं।
⇨ VOCs के शोधन की सर्वाधिक सामान्य विधि उन्हें वातावरण में वातित करना है यह कथन सत्य है।

14. The major terms of reference for the National Knowledge Commission were/राष्ट्रीय ज्ञान आयोग के प्रमुख विचारार्थ विषय निम्नलिखित में से कौन से थे:

A. Challenge developed countries in Knowledge creation/ज्ञान सृजन के क्षेत्र में विकसित देशों को चुनौती देना

B. Westernise the Indian educational system/भारतीय शिक्षा पद्धति का पाश्चात्यीकरण

C. Promote creation of Knowledge in science and technology laboratories/विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाओं में ज्ञान सृजन को प्रोत्साहन

D. Promote Knowledge applications in agriculture and industry/कृषि एवं उद्योग के क्षेत्र में ज्ञान अनुप्रयोगों को प्रोत्साहन

E. Build excellence in education system to meet the challenges of the twenty-first century/इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए शिक्षा पद्धति में उत्कृष्टता का निर्माण

Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) C, D and E only/केवल C, D और E
(d) A, B and E only/केवल A, B और E

Ans. (c) : राष्ट्रीय ज्ञान आयोग के प्रमुख विचारार्थ विषय निम्नवत है–
(i) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाओं में ज्ञान सृजन को प्रोत्साहन।
(ii) कृषि एवं उद्योग के क्षेत्र में ज्ञान अनुप्रयोगों को प्रोत्साहना।
(iii) इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए शिक्षा पद्धति में उत्कृष्टता का निर्माण।
(iv) महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं लाइब्रेरी को नवीनता प्रदान करना।
(v) 150 विश्वविद्यालयों की स्थापना करना।

15. Media messages consist of various layers of मीडिया संदेशों में निम्नलिखित में से किसकी विविध परतें होती हैं

(a) Rationalisation/यौक्तिकीकरण
(b) Complex resistance/सम्मिश्र प्रतिरोध
(c) Polymorphic meaning/बहुरूपी आशय
(d) Restrictive rituals/प्रतिबंधक अनुष्ठान

Ans. (c) : मीडिया संदेशों में निम्नलिखित में से बहुरूपी आशय में विविध परतें होती हैं।

16. In an examination 42% students failed in Mathematics and 52% failed in Science. If 17% failed in both the subjects, find the Percentage of those who passed in both the subjects.
किसी परीक्षा में 42% विद्यार्थी गणित में अनुत्तीर्ण होते हैं और 52% विज्ञान में अनुत्तीर्ण होते हैं। यदि 17% विद्यार्थी दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण होते हैं, दो दोनों विषयों में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत ज्ञात कीजिए:

(a) 23 % (b) 25 %
(c) 27% (d) 30%

Ans. (a) : गणित में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी = 42%
विज्ञान में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी = 52%
दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी = 17%
$n(M) = 42$
$n(S) = 52$
$n(MnS) = 17$
$n(M \cup S) = n(M) + n(S) - n(MnS)$
$n(M \cup S) = 42 + 52 - 17 = 77$
दोनों विषयों में आपस में उत्तीर्ण विद्यार्थी = (100 – 77) = 23%

17. Which of following is true regarding Classical Indian School of Logic :
भारतीय शास्त्रीय तर्कमत के बारे में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही है :

A. It is deductive/यह निगमनात्मक होता है
B. It is inductive/यह आगमनात्मक होता है
C. It is formal/यह आकारिक होता है
D. It is material/यह पदार्थीय होता है
E. It always leads from universal to particular only/यह सदैव सामान्य स्वरूप से विशेष स्वरूप की ओर प्रवृत्त होता है।

Choose the correct answer from the options given below :/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें

(a) A, B, C and D only/केवल A, B, C और D
(b) B and C only/केवल B और C
(c) A and D only/केवल A और D
(d) A, B, C, D and E/A, B, C, D और E

Ans. (a) : भारतीय शास्त्रीय तर्कमत के बारे निम्न में कथन सत्य है।
(i) यह निगमनात्मक एवं आगमनात्मक होता है।
(ii) यह आकारिक एवं पदार्थीय होता है।

18. Which of the following is true regarding Inductive argument?
आगमनात्मक युक्ति के बारे में कौन-सा कथन सही है:

(a) If all the premises are true, the conclusion must be true./यदि सभी आधार वाक्य सही हैं तो निष्कर्ष अनिवार्यतः सही होना चाहिए।
(b) It claims to support its conclusion only with some degree of probability/इसमें निष्कर्ष के समर्थन का दावा केवल सम्भाव्यता की कुछ सीमा तक ही किया जाता है।
(c) It claims to Support its conclusion conclusively/इसमें निष्कर्ष के सम्पूर्ण समर्थन का दावा किया जाता है।
(d) Conclusion is completely contained already in the premises/इसमें निष्कर्ष पूर्णतः पहले से ही आधार वाक्य में अंतर्विष्ट होता है।

Ans. (b) : आगमनात्मक युक्ति का बारे में सत्य कथन है–
(i) इसमें निष्कर्ष के समर्थन का दावा केवल संभाव्यता की कुछ सीमा तक ही किया जाता है।
(ii) यदि तर्कशास्त्रियों को आधारवाक्य की सत्यता पर विश्वास है, तो निष्कर्ष भी सत्य होगा।
(iii) आगमनात्मक तर्क के स्तरों में कल्पना शामिल नहीं है।

19. Which of the following Developmental areas of individual differences will be effected, if a Child opts for frequent out bursts and throws tantrums?
यदि कोई बालक चीखता चिल्लाता है और झल्लाता है, तो वैयक्तिक विभिन्नताओं का निम्नलिखित में से कौन-सा विकासात्मक क्षेत्र प्रभावित होगा?

(a) Social/सामाजिक (b) Mental/मानसिक
(c) Emotional/संवेगात्मक (d) Physical/शारीरिक

Ans. (c) : यदि कोई बालक चीखता चिल्लाता है और झल्लाता है तो वैयक्तिक विभिन्नताओं का संवेगात्मक विकास क्षेत्र प्रभावित होगा।

20. Which among the following are the MOOCs, Platforms?
निम्नलिखित में से कौन से मूक प्लेटफॉर्म (मंच) हैं?

A. Google Meet/गूगल मीट
B. Coursera/कोर्सेरा
C. Zoom/जूम
D. Future Learn/फ्यूचर लर्न
E. Turnitin/टर्निटिन

Choose the correct answer from the option given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, D and E only/केवल A, D और E
(b) B, D and E only/केवल B, D और E
(c) B and D only/केवल B और D
(d) C and D only/केवल C और D

Ans. (c) : मूक प्लेटफॉर्म (मंच) कोर्सेरा, फ्यूचर लर्न, ईडी एक्स, इडूसिटी हैं।

21. The major ethical aspects of survey based research are:
सर्वेक्षण आधारित शोध के प्रमुख नैतिक पहलू हैं:

A. Protection of Participants from any kind of herm./सहभागियों को किसी प्रकार की हानि से बचाना
B. Publicise the engagement of participants/ सहभागियों की संलग्नता को लोकप्रिय बनाना
C. Distinguish between different Strata of People./लोगों के विभिन्न स्तरों के बीच अंतर करना।
D. Not to affect individual Privacy. व्यक्तिगत निजता को प्रभावित नहीं करना
E. Use individual Privacy for Private Profit. निजी लाभ के लए व्यक्तिगत निजता का उपयोग करना

Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) A, C and E only/केवल A, C और E
(d) A and D only/केवल A और D

Ans.(d) : सर्वेक्षण आधारित शोध के प्रमुख नैतिक पहलू है।
(i) सहभागियों को किसी प्रकार की हानि से बचाना।
(ii) लोगों के विभिन्न स्तरों में समानता रखना।
(iii) व्यक्तिगत निजता को प्रभावित किए बिना सभी व्यक्तित्व गुणों का अवलोकन करना।
(iv) निजी लाभ के लिए व्यक्तिगत निजता का उपयोग करना।

22. The acronym 'SANKALP', introduced by the Ministry of skill Development and Entrepreneurship, stands for:-
कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किए गए 'परिवर्णी' शब्द SANKALP निम्नांकित में किसका संक्षिप्त रूप है?

(a) Skill Awareness and Knowledge Assessment of Livelihood Promotion/स्किल अवेयरनेस एंड नॉलेज असेसमेंट ऑफ लिवलीहुड प्रमोशन
(b) Skill Addition and Knowledge Assessment of Livelihood promotion/स्किल एडीशन एंड नॉलेज असेसमेंट ऑफ लिवलीहुड प्रमोशन
(c) Skill Acquisition and Knowledge Awareness of Livelihood Promotion/स्किल एकिजीशन एंड नॉलेज अवेयरनेस ऑफ लिवलीहुड प्रमोशन
(d) Skill Attainment and knowledge Awareness of Livelihood Promotion/स्किल असेसमेंट एंड नॉलेज अवेयरनेस ऑफ लिवलीहुड प्रमोशन

Ans. (c) : कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया शब्द संकल्प (SANKALP) का पूरा नाम स्किल एक्विजीशन एंड नॉलेज अवेयरनेस ऑफ लिवलीहुड प्रमोशन है। यह केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे विश्व बैंक के साथ सहयोग प्रदान किया गया है। इसका उद्देश्य कन्वर्जेंस गुणवत्ता, मूल्यांकन प्रणाली तथा समावेशिता और अवसर है।

23. Which of the following statements are logically equivalent?/निम्नांकित में से कौन से कथन तार्किक दृष्टि से समान है :

A. No P is S/ कोई P S नहीं होता है।

B. Some S are non-P/कुछ S गैर-P होते हैं।

C. Some non-P are not non-S कुछ गैर-P गैर S नहीं होते हैं।

D. Some S are not P/कुछ S P नहीं होते हैं।

Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A and C only/केवल A और C
(b) C and D only/केवल C और D
(c) B, C and D only/केवल B, C और D
(d) A, B, C and D/केवल A, B, C और D

Ans. (c) : समान तार्किक कथन है–
(i) कुछ S गैर P होते हैं।
(ii) कुछ गैर P, गैर S नहीं होते हैं।
(iii) कुछ S, P नहीं होते हैं।

24. Mohit has sent an email to Bobby, Danny and Ashok as shown below:
मोहित ने बॉबी, डैन्नी एवं अशोक को ई मेल प्रेषित किया है जिसे इस प्रकार दर्शाया गया है-

From : Mohit@gmail.com **To : Bobby@gmail.com** **Cc : Danny@gmail.com** **Bcc : Ashok@gmail.com**
Subject Important update
Dear **Colleague,** **Please note that tomorrow's meeting has been cancelled.** **Regards** **Mohit**

Which of the following statements is Correct?
निम्नांकित कौन-सा कथन सही है।

(a) Bobby and Danny are aware that Ashok received that email/बॉबी और डैन्नी को ज्ञात है कि अशोक को ई-मेल प्राप्त हो गया है।
(b) Danny is aware that Ashok and Boddy received the email/डैन्नी को ज्ञात है कि अशोक और बॉबी को ई-मेल प्राप्त हो गया है।
(c) Ashok is aware that Boddy and Danny received the email/अशोक को ज्ञात है कि बॉबी और डैन्नी को ई-मेल प्राप्त हो गया है।
(d) All recipients are aware that the other received the email./सभी प्राप्तकर्ताओं को ज्ञात है कि अन्य सभी को ई-मेल प्राप्त हो गया है।

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न में अशोक को ज्ञात है कि बॉबी और डैनी को ई-मेल प्राप्त हो गया है।

25. Community Colleges are supposed to offer courses that are a mix of
सामुदायिक महाविद्यालयों द्वारा निम्नलिखित पाठयक्रमों के मिश्रण में से किसके प्रदान की अपेक्षा की जाती है?

(a) Fine Arts and Life Skills
ललित कला और जीवन कौशल है
(b) School and College Education
विद्यालय और महाविद्यालय शिक्षा
(c) Technical and Traditional Skills
तकनीकी और पारंपरिक कौशल
(d) Knowledge, Technical and Soft Skills
ज्ञान, तकनीकी और मृदु कौशल

Ans.(d) : सामुदायिक महाविद्यालयों द्वारा ज्ञान, तकनीकि और मृदु कौशल पाठ्यकयों के मिश्रण में शिक्षा प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। एक सामुदायिक कॉलेज भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली के तहत एक संस्था है, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदायों के छात्रों को नौकरी-उन्मुख शिक्षा प्रदान करना है। यह एक ऐसी प्रणाली है, जो विभिन्न कौशलों के साथ-साथ पारंपरिक पाठ्यक्रमों की शिक्षा भी प्रदान करती है।

26. Which of the following are elements of congenial classroom atmosphere?
निम्नलिखित में से कौन से सजह कक्षा वातावरण के तत्व हैं?

A. Creating a conducive atmosphere
प्रेरक वातावरण का निर्माण

B. Engaging in individual efforts
व्यक्तिगत प्रयासों में शामिल होना

C. Supportive team work/सहयोगी टीम कार्य

D. Negotiable movement inside the classroom
कक्षा के भीतर विनिमेय गतिविधि

E. Immersive listening/निमग्रतापूर्वक श्रवण

Choose the correct answer from the option given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B and E only/केवल A, B और E
(b) A, C and E only/केवल A, C और E
(c) B, C and D only/केवल B, C और D
(d) C, D and E only/केवल C, D और E

Ans.(b) : सहज कक्षा वातावरण के तत्व हैं–
(i) प्रेरक वातावरण का निर्माण
(ii) सहयोगी टीम कार्य
(iii) निमग्रतापूर्वक श्रवण

27. Given below are two statements
नीचे दो कथन दिए गए हैं :

Statement I : Acute exposure to a chemical is a long term continuous exposure by that chemical
कथन-I : किसी रसायन का तीक्ष्ण उद्भासन उस रसायन द्वारा होने वाला दीर्घकालिक सतत् उद्भासन है।

Statement II : Chronic exposure to a chemical is a short term exposure to that chemical
कथन-II : किसी रसायन का चिरकालिक उद्भासन उस रसायन का अल्पकालिक उद्भासन है।

In light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below/उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) Both Statement I and Statement II are correct/कथन I और II दोनों सही हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are incorrect/कथन I और II दोनों गलत हैं
(c) Statement is correct but Statement II is incorrect/कथन I सत्य है, किन्तु कथन II गलत है।
(d) Statement I is incorrect but Statement II is correct/कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सही है।

Ans. (b) : तीक्ष्ण उद्भासन एक रसायन के साथ एक छोटा-सा या कम समय का संपर्क होता है जो रासायनिक क्रिया करने के लिए पर्याप्त होता है। जैसे–अमोनिया को खिड़की साफ करने में उपयोग करना, तेल रिमूवर से नेल पॉलिश हटाना इत्यादि।
चिरकालिक उद्भासन किसी विषैला रसायन का अधिक समय तक बार-बार संपर्क होने पर होता है। जैसे किसी रसायन के साथ रोज कार्य करने से उस रसायन का शरीर में जमाव अधिक होगा। जैसे–सीसा और लोहा।
अतः कथन I तथा II दोनों असत्य हैं।

28. Which of the following are advantages of content analysis? It is a :
निम्नलिखित में से कौन-सी विषय वस्तु विश्लेषण के लाभ हैं :

A. Transparent research method
पारदर्शी शोध प्रविधि
B. Non-reactive method
गैर-प्रतिक्रियात्मक प्रविधि
C. Flexible method/नम्य प्रविधि
D. Method that does not need a coding manual/प्रविधि जिसमें कोडिंग मैन्युअल की आवश्यकता नहीं है
E. Method that is free of any kind of framework/प्रविधि जो किसी प्रकार की रूपरेखा से मुक्त है

Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) C, D and E only/केवल C, D और E
(d) A, D and E only/केवल A, D और E

Ans.(a) : विषय-वस्तु विश्लेषण एक शोध उपकरण है, जिसका उपयोग दिए हुए गुणात्मक तथ्य/डाटा के अन्दर शब्दों, विषयों या अवधारणाओं की उपस्थिति को निर्धारित करने के लिए किया जाता है। यह पारदर्शी शोध प्रविधि गैर-प्रतिक्रियात्मक प्रविधि तथा नम्य प्रविधि है।

29. Which of the following are web search engines?
निम्नलिखित में से कौन वेब सर्च इंजन है?

A. DuckDuckGo/डक डक गो
B. Google/गूगल
C. Yahoo search/याहू सर्च
D. Bing/बिंग
E. Pinterest/पिन्टेरेस्ट

Choose the correct answer from the option given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) B, C and D only/केवल B, C और D
(b) A, B, C and D only/केवल A, B, C और D
(c) B and E only/केवल B और E
(d) A, C, D and E only/केवल A, C, D और E

Ans.(b) : वेब सर्च इंजन के प्रकार हैं–
(i) गूगल
(ii) डग डग गो
(iii) एलीफेंट
(iv) लायंस सर्च
(v) बिंग
(vi) ओपेरा मिनी
(vii) मोजेरिला

30. The price of a jewel, passing three hands, rises on the whole by 65%. If the first and second sellers earned 20% and 25 % profit respectively, find percentage profit earned by the third seller.
किसी रत्न का मूल्य, तीन विक्रेताओं से गुजरते हुए समग्रतः 65% बढ़ जाता है। यदि प्रथम और द्वितीय विक्रेता को क्रमशः 20% और 25% लाभ प्राप्त होता है, तो तृतीय विक्रेता द्वारा अर्जित प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए:

(a) 10% (b) 15%
(c) 16% (d) 12%

Ans.(a) : माना रत्न का वास्तविक मूल्य ₹ P
यदि तृतीय विकेता द्वारा अर्जित प्रतिशत लाभ = x%
(100 + x)% का 125% का 120% का P = 165% का P

$$\frac{100+x}{100}\times\frac{125}{100}\times\frac{120}{100}\times P=\frac{165}{100}\times P$$

$$100+x=\frac{165\times100\times100}{125\times120}$$

$$100+x=110$$

$$x=10$$

अतः तीसरे विक्रेता को 10% का लाभ हुआ।

31. Given below are two statements
नीचे दो कथन दिए गए हैं

Statement I : Most of the time, communication loaded with power value.
कथन- I अधिकांशतः संप्रेषण के साथ शक्ति संबंधी मूल्य जुड़े रहते हैं।

Statement II : Those who do not have the power of communication always seek to possess it.
कथन II : जिनके पास संप्रेषण की शक्ति नहीं होती है वे सदैव इसे अर्जित करना चाहते हैं।

In light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below/उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) Both Statement I and Statement II are correct कथन I और II दोनों सही हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are incorrect/कथन I और II दोनों गलत हैं।
(c) Statement I is correct but Statement II is incorrect/कथन I सत्य है, किन्तु कथन II गलत है।
(d) Statement I is incorrect but Statement II is correct/कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सही है।

Ans. (a) : संप्रेषण प्रक्रिया विचारों के आदान-प्रदान पर आधारित है। यह आदान-प्रदान किसी भी रूप में हो सकता है यह शाब्दिक अशाब्दिक या सांकेतिक भी हो सकता है। संप्रेषण के साथ शक्ति संबंधी मूल्य जुड़े रहते हैं। जिनके पास संप्रेषण शक्ति का ह्रास होता है वह इसे पाना चाहते हैं।

32. Given below are two statements
नीचे दो कथन दिए गए हैं :

Statement I: Positivism Says that Sciences need not be free from Speculative and metaphysical approaches
कथन I : प्रत्यक्षवाद कहता है कि विज्ञान को अनुमानात्मक और पराभौतिक दृष्टिकोणों से मुक्त होने की आवश्यकता नहीं है।

Statement II : Positivism is Suitable for natural Sciences
कथन-II प्रत्यक्षवाद प्रकृति विज्ञान के अनुकूल है

In light of the above statements, choose *most appropriate* answer from the option given below उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से ही उत्तर चुनें

(a) Both Statement I and Statement II are correct कथन I और II दोनों सही हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are incorrect/कथन I और II दोनों गलत हैं
(c) Statement I is correct but Statement II is incorrect/कथन I सत्य है, किंतु कथन II गलत है।
(d) Statement I is incorrect but Statement II is correct/कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सही है।

Ans. (d) : प्रायः प्रत्यक्षवाद समाजशास्त्र के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को जन्म देता है, जो सभी रूढ़िवादिता को त्यागकर वर्तमान में ज्ञान प्राप्त करने की ओर अग्रसर करता है। यह इसके स्वानुभव तथा गूढ़ तथ्यों हेतु कठोर नियमों को तोड़ने तथा नये प्रयोग करने पर भी बल देता है प्रत्यक्ष वाद प्रकृतिक विज्ञान के अनुकूल होता है। अतः कथन II ही सत्य है।

33. MIDI is associated with the storage of music files. MIDI is an acronym for _______.
MIDI संगीत (म्युजिक) फाइलों के भंडारण से संबंधित है। MIDI निम्नांकित में से किसके लिए एक परिवर्णी शब्द है:

(a) Musical Interactive Digital Interface म्युजिकल इण्टरेक्टिव डिजिटल इंटरफेस
(b) Musical Instruction Device Interpreter म्युजिकल इन्सट्रक्शन्स डिवाइस इंटरप्रेटर
(c) Mask Iterative Display Instance मास्क इटिरेटिव डिस्प्ले इन्स्टेंस
(d) Musical Instrument Digital Interface म्युजिकल इंस्ट्रूमेंट डिजिटल इन्टरफेस

Ans. (d) : म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट डिजिटल इंटरफेस (MIOI) एक प्रोटोकॉल है। जिसे डिजिटल सिंथेसाइजर पर संगीत रिकॉर्ड (भण्डारण) करने और चलाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो कई व्यक्तिगत कंप्यूटर साउंड कार्ड द्वारा समर्थित होता है।

34. One of the aims of qualitative date analysis is to
आँकड़ों के गुणात्मक विश्लेषण के लक्ष्यों में से एक है:

(a) Expand the Selected text or material चयनित पाठ या सामग्री का विस्तार करना
(b) Analyse the researcher's credentials शोधकर्ताओं के प्रत्यायकों का विश्लेषण करना।
(c) Describe a phenomenon किसी परिघटना का वर्णन करना
(d) Focus on binary dissection द्विभाजक विच्छेदन पर ध्यान केंद्रित करना

Ans.(c) : मात्रात्मक विश्लेषण सांख्यिकीय रूप से संख्याओं के साथ परिघटना का वर्णन और व्याख्या करने पर आधारित होता है। इसका प्रमुख उद्देश्य संख्यात्मक चर और आँकड़ों के माध्यम से घटना के लिए एकत्र किए गए डेटा की व्याख्या करना होता है। इसमें कम्प्यूटेशन एवं सांख्यिकीय तरीके भी शामिल होते हैं।

35. Given below are two statements
नीचे दो कथन दिए गये हैं, कम्प्यूटर मेमोरी के संदर्भ में:-

Statement I : ROM is temporary memory that can be written to tor read from and the contents of the memory can be changed.
कथन -I : रोम (ROM) अस्थायी मेमोरी है जिस पर लिखा जा सकता है और जिससे पढ़ा जा सकता है और मेमोरी की अंतर्वस्तु को परिवर्तित किया जा सकता है

Statement II : RAM is permanent memory that can only be read from and contents of memory cannot be changed.
कथन - II : रैम (RAM) स्थायी मेमोरी है जिससे केवल पढ़ा जा सकता है और मेमोरी की अंतर्वस्तु को परिवर्तित नहीं किया जा सकता है।

In light of the above statements, choose the *most appropriate* answer from the options given below/उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(a) Both Statement I and Statement II are correct कथन I और II दोनों सही हैं
(b) Both Statement I and Statement II are incorrect/कथन I और II दोनों गलत हैं।
(c) Statement I is correct but Statement II is incorrect/कथन I सत्य हैं, किन्तु कथन II गलत है
(d) Statement I is incorrect but Statement II is correct/कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सही है।

Ans. (b) : रोम (रीड ओनली मेमोरी) में डाटा पहले से ही फिक्स रहता है। इसमें कुछ नया डाटा नहीं जोड़ सकते हैं यह नॉन वोलाटाइल मेमोरी होती है, जो डाटा को लंबे समय तक सुरक्षित रखती है। इसके चार प्रकार हैं–

MROM – मास्क्ड रोम
PROM – प्रोग्रामेबल रोम
EPROM – इटेजेबल प्रोग्रामेबल रोम
EEPROM – इलेक्ट्रिकली इरेजेबल प्रोग्रामेबल रोम

रैम (रैंडम एक्सेस मेमोरी) में डाटा रन करता है इसकी तीव्रता अधिक होती है यह डाटा को कुछ ही समय तक रख सकता है। यह वोलाटाइल मेमोरी होती है यह भी निम्न प्रकार की होती है।

36. Match List I with List II
सूची- I को सूची- II से सुमेलित कीजिए:

List I/सूची-I	List II/ सूची-II
(Statement/कथन)	**(Value)**
A. The number of bits that make up a byte/बिट्स की वह संख्या जिससे एक बाइट बनता है।	I. 5
B. Base- 10 (denary) value of the binary number: 001111/द्विआधारी संख्या 001111 का बेस-10 (दाशमिक) मान	II. 8
C. Number of minutes to upload a 75 megabyte file at 2 Megabits per second upload speed/मेगाबिट्स प्रति सेकेंड अपलोड स्पीड पर कोई 75 मेगाबाइट की फाइल के अपलोड होने में लगने वाले मिनट	III. 10
D. If there are 2^P bytes in a kilobyte then what is the value of P?/यदि एक किलोबाइट में 2^P बाइट्स हों तो P का मान कितना होगा?	IV. 15

Choose the correct answer from the option given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) A- I, B- II, C- III, D-IV
(b) A- II, B- IV, C- I, D-III
(c) A- III, B- IV, C- I, D-II
(d) A- II, B- I, C- IV, D-III

Ans.(b) :

सूची-I	सूची-II
A. बिट्स की वह संख्या जिससे एक बाइट बनता है।	I. 8
B. द्विआधारी संख्या 001111 का बेस-10 (दाशमिक) मान	II. 15
C. मेगाबिट्स प्रति सेकेंड अपलोड स्पीड पर कोई 75 मेगाबाइट की फाइल के अपलोड होने में लगने वाले मिनट	III. 5
D. यदि एक किलोबाइट में 2^P बाइट्स हों तो P का मान कितना होगा?	IV. 10

37. One day a man left his home for a morning walk and went 12 km southwards. He then turned right and walked 8 km. Again turned right and walked 12 km, turned left and walked 10 km. How many kilometers the man has to walk to reach straight to his home?
एक दिन एक व्यक्ति सुबह की सैर के लिए घर से निकला और 12 किमी दक्षिण की ओर गया। वह उसके बाद दाहिनी ओर मुड़ा और 8 किमी चला। एक बार फिर दाहिने मुड़ा और 12 किमी चला फिर बायीं ओर मुड़ा और 10 किमी चला। व्यक्ति को सीधे अपने घर पहुंचने के लिए कितने किलोमीटर चलना होगा?

(a) 22 km/22 किमी
(b) 18 km /18 किमी
(c) 20 km/20 किमी
(d) 24 km/24 किमी

Ans.(b) :

कुल दूरी = (10 + 8) किमी० = 18 किमी०

38. "Considering the Speech given by the School Principal today, I would conclude that he is not a good public Speaker," Identify the informal fallacy committed in the above argument.
आज विद्यालय के प्राचार्य द्वारा दिए गए भाषण पर विचार करते हुए मैं यह निष्कर्ष निकालूँगा कि वह उत्तम लोक वक्ता नहीं है। उपर्युक्त युक्ति में अंतर्विष्ट अनाकारिक तर्क दोष की पहचान कीजिए:

(a) Slippery Slope/स्लिपरी स्लोप
(b) Ad hominem/ऐड होमिनेम
(c) Appeal to force/बल-आग्रह
(d) Hasty Generalisation/त्वरित सामान्यीकरण

Ans. (d) : त्वरित सामान्यीकरण एक अनाकारिक तर्क दोष होता है, जो किसी के द्वारा एक या दो उदाहरणों के आधार पर सामान्यीकृत किए गए निष्कर्ष के कारण व्युत्पन्न होता है। उपर्युक्त तर्कवाक्य में भी त्वरित सामान्यीकरण तर्कदोष है।

39. Given below are two statements
नीचे दो कथन दिए गए हैं:

Statement I: To address problem of climate change it is essential of the world to have 'Net Zero' carbon emissions by the year 2050.
कथन -I जलवायु परिवर्तन की समस्या के समाधान हेतु, विश्व के लिए यह आवश्यक है कि वर्ष 2050 तक "निवल शून्य" कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को अर्जित करें।

Statement II : There is zero carbon emission associated with the production of gray-hydrogen.
कथन -II : शून्य कार्बन उत्सर्जन ग्रे हाइड्रोजन के उत्पादन के साथ संबंद्ध है।

In light of the above statements, chose the correct answer from the options given below:
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(a) Both statement I and Statement II are true.
कथन I और II दोनों सही हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are false.
कथन I और II दोनों गलत हैं।
(c) Statement I is true but Statement II is false.
कथन I सत्य हैं, किन्तु कथन II गलत है।
(d) Statement I is false but Statement II is true.
कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सही है।

Ans. (c) : गेटिंग इंडिया टू नेट जीरो की रिपोर्ट के अनुसार अगर भारत को वर्ष 2070 तक अपने शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करना है, तो भारत को आज से बड़े पैमाने पर 10.1 ट्रिलियन डॉलर के निवेश की आवश्यकता है।

⇨ वर्ष 2015 में निर्धारित भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) लक्ष्यों को वर्तमान नीतियों के माध्यमों से अगले कुछ वर्षों में जल्दी पूरा किए जाने की संभावना है।
⇨ इसे कार्बन तटस्थता के रूप में जाना जाता है, जिसका अर्थ यह नहीं है कि कोई देश अपने कार्बन उत्सर्जन को शून्य पर लाएगा।
⇨ बल्कि यह एक ऐसा तथ्य है, जिसमें किसी देश के उत्सर्जन की भरपाई वातावरण से ग्रीनहाउस गैसों के अवशोषण और हटाने से होती है।
⇨ इसके अलावा वनों जैसे अधिक कार्बन सिंक बनाकर कार्बन उत्सर्जन के अवशोषक को बढ़ाया जा सकता है।
⇨ जलवायु परिवर्तन समस्या के समाधान हेतु 70 से अधिक देशों ने 21वीं सदी के मध्य तक (वर्ष 2050 तक) शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का दावा किया है अतः कथन I सही है।
⇨ भारत में COP शिखर सम्मेलन में वर्ष 2070 तक अपने उत्सर्जन को शुद्ध शून्य करने का वादा किया है।
⇨ शून्य कार्बन उत्सर्जन में हाइड्रोजन के उत्पादन हो संबद्ध नहीं है। अतः कथन II गलत है।

40. Virtual ethnography is located in a/an
आभासी नृजातिवृत्त किस प्रकार के परिवेश में अवस्थित होता है :

(a) Natural environment/नैसर्गिक परिवेश
(b) Technical environment/तकनीकी परिवेश
(c) Political environment/राजनीतिक परिवेश
(d) Economic environment/आर्थिक परिवेश

Ans. (b) : अभासी नृजाति वृत्त तकनीकी परिवेश में अवस्थित होता है।

41. Match List-I with List-II
सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

List-I/ सूची I	List- II/सूची- II
Types of Learning/ अधिगम के प्रकार	**Meaning/ आशय**
A. Factual Learning/ तथ्यपरक अधिगम	I. This Learning is used to organize information in logical structure इस अधिगम का उपयोग सूचना को तार्किक सर संगठित करने हेतु किया जाता है।
B. Association Learning/साह चर्य अधिगम	II. This Learning is used to develop personality and think coherently इस अधिगम का उपयोग व्यक्तित्व और सुसंगत चिंतन के विकास हेतु किया जाता है।
C. Conceptual Learning/ संकल्पनात्मक अधिगम	III. This Learning is used to organize sequence of activities to achieve a goal इस अधिगम का उपयोग किसी लक्ष्य को प्राप्त गतिविधियों के अनुक्रम को संगठित करने हेतु किया जाता है।
D. Procedural Learning/ प्रक्रियात्मक अधिगम	IV. This Learning is used to connect with information more deeply and accurately इस अधिगम का उपयोग अधिक गहन तरीके, परिशुद्ध तरीके से सूचना के साथ संबंद्ध करने हेतु किया जाता है।

Choose the correct answer from the option given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(a) A- II, B- IV, C- I, D-III
(b) A- II, B- I, C- III, D-IV
(c) A- II, B- III, C- IV, D-I
(d) A- III , B- I, C- IV, D-II

Ans. (a) :

सूची-I	सूची-II
अधिगम के प्रकार	**आशय**
A. तथ्यपरक अधिगम	II. इस अधिगम का उपयोग सूचना को तार्किक सर संगठित करने हेतु किया जाता है।
B. साहचर्य अधिगम	IV. इस अधिगम का उपयोग व्यक्तित्व और सुसंगत चिंतन के विकास हेतु किया जाता है।
C. संकल्पनात्मक अधिगम	I. इस अधिगम का उपयोग किसी लक्ष्य को प्राप्त गतिविधियों के अनुक्रम को संगठित करने हेतु किया जाता है।
D. प्रक्रियात्मक अधिगम	III. इस अधिगम का उपयोग अधिक गहन तरीके, परिशुद्ध तरीके से सूचना के साथ संबंद्ध करने हेतु किया जाता है।

42. Which aspect indicates to be the most relevant in decision making process according to Kohlberg's theory of moral development?
कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत के अनुसार निर्णय प्रक्रिया में कौन-सा पक्ष सर्वाधिक प्रासंगिक होने की ओर इंगित करता है?

(a) The age of the Child/बच्चे की आयु
(b) Knowledge of Law/कानून का ज्ञान
(c) Influence of friends and Siblings
मित्रों एवं सहोदरों का प्रभाव
(d) How the child arrives at Conclusion
बच्चा निष्कर्ष कैसे निकालता है।

Ans. (d) : कोल्हबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत के अनुसार निर्णयन प्रक्रिया में बच्चा निष्कर्ष कैसे निकालता है यह सर्वाधिक प्रासंगिक होने की ओर इंगित करता है।

नैतिक विकास के 6 चरण हैं–
(i) आज्ञाकारी एवं दंडकारी
(ii) लोभ/लालच
(ii) पारस्परिक सहमति और अनुरूपता
(iv) प्राधिकरण और सामाजिक व्यवस्था बनाए
(v) सामाजिक अनुबंध
(vi) सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांत

नैतिक विकास के प्रकार-
(i) पूर्व पारम्परिक स्तर
(ii) पारम्परिक स्तर
(iii) पश्च पारम्परिक स्तर

43. Find the next term in the series given below.
नीचे दी गई शृंखला में अगला पद ज्ञात कीजिए
124, 148, 196, 268, 364, ?

(a) 484 (b) 584
(c) 464 (d) 268

Ans. (a) : दी गई शृंखला निम्नवत् है–

124 , 148 , 196 , 268 , 364 , 484
+ 24 ×1 | + 24 ×2 | + 24 ×3 | + 24 ×4 | + 24 ×5

अतः विकल्प (a) सत्य है।

44. A source of Communicative inefficiency is
संप्रषी अक्षमता का स्रोत निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) Desire for Personal g ratification
व्यक्तिगत अनुतोषण की इच्छा
(b) Implications of familiar relations
संपरिचित संबंधों के निहितार्थ
(c) Peer Pressure/समकक्षों को दबाब
(d) Limited Knowledge/सीमित ज्ञान

Ans.(d) : संप्रेषी अक्षमता का स्त्रोत सीमित ज्ञान में है।

45. When inference is based not on causation but on uniformity of co-existence, what is it called as per Classical Indian School of Logic?
जब अनुमान कार्य-कारण भाव पर आधारित न होकर सह-अस्तित्व की एकरूपता पर आधारित होता है तो तर्क भारतीय शास्त्रीय मत के अनुसार इसे क्या कहा जाता है?

(a) Kevalanvayi/केवलान्वयी
(b) Samanyatodrsta/सामान्यतोदृष्ट
(c) Purvavat/पूर्ववत
(d) Sesavat/शेषवत

Ans.(b) : जब अनुमान कार्य कारण भाव पर आधारित न होकर सह-अस्तित्व की एकरूपता पर आधारित होता है, तो इसे सामान्य तो दृष्ट कहा जाता है।

Read the following passage and answer questions 46 to 50 : /निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िये और 46 और 50 तक प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

Gandhi's speech in Banaras in February 1916 was, at one level, merely a statement of fact namely, that Indian nationalism was an elite phenomenon, a creation of lawyers and doctors and landlords. But, at another level, it was a statement of intent-the first public announcement of the returning expatriate's own desire to make Indian nationalism more properly representative of the Indian people. In the last month of that year, Gandhi was presented with an opportunity to put his precepts into practice. At a meeting held in Lucknow in December 1916, he was approached by a peasant from Champaran in Bihar. The peasant told him about the harsh treatment of peasants by British indigo planters, Gandhi was to spend most of 1917 in Champaran. He was seeking to obtain for the peasants security of tenure as well as the freedom to cultivate the crops of their choice. In 1918, Gandhi was involved in two campaigns in his home state of Gujarat. First, he intervened in a labor dispute in Ahmedabad to better the conditions of textile mill

workers. Then he joined peasants in Kheda for remission of taxes on peasants following the failure of their harvest. There initiatives marked Gandhi as a nationalist with sympathy for the poor. There were local struggles. During the World War I, the British had instituted press censorship and permitted detention without trial. The Rowlatt committee recommended the continuation of these tough measure. Gandhiji's call for a countrywide campaign brought life to standstill in north and west India.

Ans. (c) : एक कम्प्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर संसाधनों का एक संयोजन है जो एक साथ एकीकृत होता है और उपयोगकर्ता को विभिन्न प्रकार की कार्यक्षमता प्रदान करना है।
एक डिजिटल कम्प्यूटर को एक प्रोग्राम करने योग्य मशीन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो निर्देश के रूप में पारित बाइनरी डेटा को पढ़ता है।
इसके कार्यात्मक घटक हैं-
(1) इनपुट डिवाइस
(2) सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट
(3) मेमोरी
(4) आउटपुट डिवाइस

42. Given below are two statements:
Statement I : Field notes are important for prompting the ethnographer's memory and form much of the data for subsequent analysis.
Statement II : Research methods such as qualitative interviewing are flexible, and are less disruptive of the work and personal lives of both researchers and research participants.
In the light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below:
नीचे दो कथन दिए गए हैं:
कथन (I) : क्षेत्र टिप्पणियाँ नृजाति वर्णनकर्ता की स्मृति को अनुबोधित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है और अनुवर्ती विश्लेषण के लिए दत्त का अधिकाँश भाग होती है।
कथन (II) गुणात्मक साक्षात्कार जैसी शोध पद्धतियाँ नमनीय होती हैं और शोधकर्ताओं एवं शोध प्रतिभागियों के कार्य और वैयक्तिक जीवनों के लिए कम विध्नकारी होती हैं।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(a) Bothe Statement I and Statements II are correct/कथन I और II दोनों सही हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are incorrect/कथन I और II दोनों गलत हैं।
(c) Statement I is correct but Statement II is incorrect/कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत हैं
(d) Statement I is incorrect but Statement II is correct/कथन I गलत हैं, लेकिन कथन II सही है

Ans. (a) : फील्डनोट्स शोधकर्ता को विषय तक पहुंचने की अनुमति देते हैं और रिकॉर्ड करते हैं कि वे विनीत तरीके से क्या देखते हैं? यह टिप्पणियाँ नृजाति वर्णनकर्ता की स्मृति की स्मृति को अनुबोधित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है और अनुवर्ती विश्लेषण के लिए दत्त को अधिकांश भाग होती है।

गुणात्मक साक्षात्कार एक शोध दृष्टिकोण है जिसका उपयोग गुणात्मक अध्ययनों में किया जाता है जहाँ अधिक व्यक्तिगत बातचीत की आवश्यकता होती है और प्रतिभागी से विस्तृत डेटा एकत्र किया जाता है। गुणात्मक साक्षात्कार जैसी शोध पद्धतियाँ नमनीय होती हैं और शोधकर्ताओं एवं शोध प्रतिभागियों दोनों के कार्य और वैयक्तिक जीवनों के लिए विघ्नकारी होती है।

43. Match List I with List II
सूची- I को सूची- II से सुमेलित कीजिए:

List I/सूची- I	List II/ सूची- II
Water Pollutant Type/जल प्रदूषक का प्रकार	**Example/उदाहरण**
A. Toxic Pollutant विषाक्त प्रदूषक	**I. Chlorine/क्लोरीन**
B. Nontoxic Pollutant गैर-विषाक्त प्रदूषक	**II. Protozoa/प्रोटोजोआ**
C. Macroscopic Pollutant स्थूल प्रदूषक	**III. Benzene/बेंजीन**
D. Pathogenic Pollutant रोगजनक प्रदूषक	**IV. Food cans भोजन के डिब्बे**

Choose the correct answer from the option given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:

(a) A- III, B –I, C- II, D- IV
(b) A- III, B- I, C- IV, D- II
(c) A- II, B- I, C- IV, D- III
(d) A- I, B- II, C- III, D- IV

Ans. (b) :

सूची- I		सूची- II	
जल प्रदूषक के प्रकार		उदाहरण	
A.	विषाक्त प्रदूषक	III	बेंजीन
B.	गैर-विषाक्त प्रदूषक	I	क्लोरीन
C.	स्थूल प्रदूषक	IV	भोजन के डिब्बे (फूड कैन)
D.	रोगजनक प्रदूषक	II	प्रोटोजोआ

44. Match List I with List II
सूची- I को सूची- II से सुमेलित कीजिए:

List I/सूची- I	List II/ सूची- II
Energy Source ऊर्जा स्रोत	**Environmental Impacts/पर्यावरणीय प्रभाव**
A. Wind Energy पवन ऊर्जा	**I. Emission of Green House Gases/ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन**
B. Thermal Energy तापीय ऊर्जा	**II. Loss of riparian vegetation/नदी किनारे वनस्पतियों का क्षय**
C. Hydroelectric Energy जलविद्युत ऊर्जा	**III. Hazardous for birds and bats/पक्षियों और चमगादड़ों के लिए खतरनाक**
D. Photovoltaic energy प्रकाशवोल्टीय ऊर्जा	**IV. Production of toxic wastes/विषाक्त अपशिष्टों का उत्पादन**

Choose the correct answer from the option given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:

(a) A- IV, B – III, C- II, D- I
(b) A- IV, B- II, C- I, D- III
(c) A- III, B- I, C- IV, D- II
(d) A- III, B- I, C- II, D- IV

Ans. (d) :

सूची- I		सूची- II	
ऊर्जा स्रोत		पर्यावरणी प्रभाव	
A.	पवन ऊर्जा	III	पक्षियों और चमगादड़ों के लिए खतरनाग
B.	तापीय ऊर्जा	I	ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन
C.	जलविद्युत ऊर्जा	II	नदी किनारे वनस्पतियों का क्षय
D.	प्रकाशवोल्टीय ऊर्जा	IV	विषाक्त अपशिष्टों का उत्पादन

45 Match List I with List II
सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:

List I/सूची-I	List II/ सूची-II
A. Formative Evaluation रचनात्मक मूल्यांकन	**I. The purpose is to check the aptitude of a candidate for the course or subject. Entrance exam can be conducted for the same./पाठ्यक्रम अथवा विषय के लिए अभ्यर्थी की अभिरूचि का पता लगाना इसका उद्देश्य है। उसी के लिए प्रवेश परीक्षा करायी जा सकती है।**
B. Placement Evaluation स्थानन-मूल्यांकन	**II. It provides the student with feedback regarding his/her success or failure in attaining the instructional objectives./यह विद्यार्थी के अनुदेशात्मक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल अथवा असफल होने के संबंध में प्रतिपुष्टि प्रदान करता है।**

C. Summative Evaluation संकलनात्मक मूल्यांकन	III. This evaluation provides an explanation for the possible causes for problems in learning/यह मूल्यांकन अधिगम की समस्यायों के लिए संभावित कारणों की व्याख्या प्रदान करता है।
D. Diagnostic Evaluation उपचारात्मक मूल्यांकन	IV. It is a method of judging the worth of a programme at the end of programme activities/यह कार्यक्रम गतिविधियों के समापन पर कार्यक्रम के महत्व के बारे में निर्णय करने की पद्धति है।

Choose the correct answer from the option given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:

(a) A- I, B – II, C- III, D- IV
(b) A- III, B- I, C- II, D- IV
(c) A- II, B- I, C- IV, D- III
(d) A- IV, B- II, C- I, D- III

Ans. (c) :

सूची- I		सूची-II	
जल प्रदूषक के प्रकार		उदाहरण	
A.	रचनात्मक मूल्यांकन	II	यह विद्यार्थी के अनुदेशात्मक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल अथवा असफल होने के संबंध में प्रतिपुष्टि प्रदान करता है।
B.	स्थानन-मूल्यांकन	I	पाठ्यक्रम अथवा विषय के लिए अभ्यर्थी की अभिरुचित का पता लगाना इसका उद्देश्य है। उसी के लिए प्रवेश परीक्षा कराई जा सकती है।
C.	संकलनात्मक-मूल्यांकन	IV	यह कार्यक्रम गतिविधियाँ के समापन पर कार्यक्रम के महत्त्व के बारे में निर्णय करने की पद्धति है।
D.	उपचारात्मक मूल्यांकन	III	यह मूल्यांकन अधिगम की समस्याओं के लिए संभावित कारणों की व्याख्या प्रदान करता है।

Read the passage and answer questions from 46 to 50./गद्यांश को पढ़ें और प्रश्न 46 से 50 का उत्तर दें:

Reflected evaluation demands reasoning regarding relative importance, not just counting. This is an exercise in which we are constantly engaged. To that general understanding has to be added the possible importance of public reasoning as a way of extending the reach and reliability to valuations and making them more robust. The necessity of scrutiny and critical assessment is not just a demand for self-centred evaluation by secluded individuals, but a pointer to the fruitfulness of public discussion and of interactive public reasoning : social evaluations may be starved of useful information and good arguments if they are entirely based on separated and sequestered cogitation. Public discussion and deliberation cab lead to better understanding of the role, reach and significance of particular functionings and their combinations. To illustrate, public discussion of gender-based inequalities in India has helped to bring out, in recent years, the importance of certain freedoms that did not receive adequate acknowledgement earlier. Examples include the freedom to depart from fixed and time honoured family roes that limit the social and economic opportunities of women, and women's. These traditional antecedents of gender inequality in will-established, male-dominated societies demand not only individual concern but also informative public discussion and often enough, agitation. the connection between public reasoning and the choice and weighting of capabilities in social assessment is important to emphasize. If also points to the absurdity of the argument that is sometimes presented, which claims that the weights on the distinct functionings in some fixed list of relevant capabilities.

विचारपूर्ण मूल्यांकन न केवल गणना की बल्कि सापेक्षिक महत्व से संबंधित तर्क की माँग करती है। यह एक ऐसा कार्य है जिसमें हम सतत व्यस्त रहते हैं। मूलयांकनों की पहुँच और विश्वसनीयता को विस्तृत करने के लिए और उन्हें अधिक सशक्त बनाने के लिए उस आम समझ में जन तर्क के संभावित महत्त्व को सम्मिलित करना होगा। संवीक्षा और समीक्षात्मक आंकलन की आवश्यकता न केवल एकांत में वास कर रहे व्यक्तियों द्वारा आत्म-केंद्रित मूल्यांकन की माँग है बल्कि वह उन चर्चा और पारस्परिक जन तर्क की लाभदायकता की सूचक भी है। यदि सामाजिक मूल्यांकन भिन्न-भिन्न और एकांत चिंतन पर पूर्णतः आधारित हों, तो उनमें उपयोगी जानकारी और अच्छे तर्कों का अभाव होगा। लोक चर्चा और मंथन से विशेष क्रियाओं और उनके संयोजनों की भूमिका, पहुँच और महत्त्व की बेहतर समझ पैदा हो सकती है। उदाहरण के लिए भारत में लिंग-आधारित विषमताओं की लोक चर्चा से हाल के वर्षों में कुछ ऐसी स्वतंत्रताओं को उजागर करेन में सहायता मिली है जिन्हें पहले पर्याप्त स्वीकृति नहीं मिलती थी। उदाहरणों में उन नियत और चिरसम्मानित पारिवारिक भूमिकाओं से अलग हटने की स्वतंत्रता सम्मिलित है जो महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक अवसरों को सीमित कर देती हैं और उस सामाजिक मूल्य पद्धति से भी अलग हटने की स्वतंत्रता सम्मिलित है जिसकी बनावट कुछ ऐसी है कि वह महिलाओं की तुलना में पुरुषों के वचनों को

अधिक मान्यता प्रदान करती है। सुस्थापित, पुरुषप्रधान समाजों में लिंग असमानता के ये पारंपरिक पूर्ववृत्त न केवल वैयक्तिक चिंता की बल्कि ज्ञानप्रद जन चर्चा की भी और प्रायः जनांदोलन की भी माँग करते हैं।

सामाजिक आकलन में जन तर्क और क्षमताओं के चयन व भारण के बीच के संबंध पर बल देना आवश्यक है। यह कभी कभार प्रसतु उस तर्क की निरर्थकता को भी सूचित करता है जिसमें यह दावा किया जाता है कि क्षमतामूलक दृष्टिकोण तभी व्यवहार्य और क्रियात्मक है जब वह संबंद्ध क्षमताओं की किसी नियत सूची में पाए जाने वाले विशिष्ट कार्यों को दिए गए गए भारों के साथ आता है।

46. Gender inequality in traditional societies demands :
परंपरागत समाजों में लिंग असमानता किसकी माँग करती है?

(A) Individual discourses only
केवल व्यक्तिगत चर्चाएँ

(B) Public discussions/जन चर्चा

(C) Limitation on opportunities/अवसरों पर सीमा

(D) Agitation based on public resoning
जन तर्क पर आधारित आंदोलन

Choose the correct option :
सही विकल्प चुनें :

(a) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(b) (B) and (C) only/केवल (B) और (C)
(c) (B) and (D) only/केवल (B) और (D)
(d) (C) and (D) only/केवल (C) और (D)

Ans. (c) : उपयुक्त गद्यांश के आधार पर परम्परागत समाजों में लिंग असमानता जन चर्चा तथा जन तर्क पर आधारित आंदोलन की मांग करती हैं। गद्यांश में परम्परागत रूप से समाज में महिलाओं को कमजोर वर्ग के रूप में देखा जा रहा था परन्तु समय बीतने के साथ-साथ यह रूढ़िवादी दृष्टिकोण में बदलाव आने लगा। भारत में लिंग-आधारित विषमताओं की लोक चर्चा या जन चर्चा से हाल के वर्षों में कुछ ऐसी स्वतंत्रताओं को उजागन करने में सहायता मिली है जिन्हें पहले पर्याप्त स्वीकृति नहीं मिलती थी।

47. The public discussion on gender inequalities makes us support :/लिंग असमानताओं पर जन चर्चा से हम किसका समर्थन कर पाते हैं?

(a) Time honoured family roles
चिनसम्मानित पारिवारिक भूमिकाएँ
(b) Restrictive social roles
बंधनकारी सामाजिक भूमिकाएँ
(c) Deprivation of men in society
समाज में पुरुषों का वचन
(d) Reforms in the present social value system/वर्तमान सामाजिक मूल्य पद्धति में सुधार

Ans. (d) : लिंग असमानताओं पर जन चर्चा से वर्तमान सामाजिक मूल्य पद्धति में सुधार किया जा सकता है। जनचर्चा और मंथन से विशेष क्रियाओं और उनके संयोजनों की भूमिका, पहुँच और महत्त्व की बेहतर समझ पैदा हो सकती है।

48. The major take-away from the passage is :
गद्यांश का मुख्य निष्कर्ष है

(a) Promotion of a capability system
एक क्षमता तंत्र का प्रोत्साहन
(b) Separate social assessment of men and women/पुरुषों और महिलाओं का भिन्न-भिन्न सामाजिक आंकलन
(c) Recognition of the traditional value system
परंपरागत मूल्य पद्धति को मान्यता
(d) Absurdity of a capability approach with a fixed list of weights/भारों की नियत सूची वाले क्षमतामूलक दृष्टिकोण की निरर्थकता

Ans. (d) : इस गद्यांश का मुख्य निष्कर्ष भारों की नियत सूची वाले क्षमतामूलक दृष्टिकोण की निरर्थकता है। यहाँ यह भी बताया जाता है कि सामाजिक आकलन में जन तर्क और क्षमताओं के चयन व भरण के बीच के सम्बन्ध पर बल देना आवश्यक है। यहाँ उस तर्क की निरर्थकता को भी सूचित करता है जिसमें यह दावा किया जाता है कि क्षमतामूलक, दृष्टिकोण तभी व्यवहार्थ और क्रियात्मक होगा जब वह संबद्ध क्षमताओं की किसी नियत सूची में पाए जाने वाले विशिष्ट कार्यों को दिए गए भारों के साथ आता है।

49. A robust and critical evaluation will result in:
सशक्त और समीक्षात्मक मूल्यांकन से क्या होगा?

(a) Interactive public discussions
पारस्परिक जन चर्चा
(b) Self-centered assessment/आत्म-केंद्रित आकलन
(c) Availability of useful information
उपयोगी जानकारी की उपलब्धता
(d) Sequestered cogitation/एकांत चिंतन

Ans. (a) : पारस्परिक जन चर्चा एक सशक्त और समीक्षात्मक मूल्यांकन होता है। इस प्रकार के आकलन की आवश्यकता न केवल एकांत में वास कर रहे व्यक्तियों द्वारा आत्म-केन्द्रित मूल्यांकन की मांग है बल्कि यह जन चर्चा और पारस्परिक जन तर्क की लाभदायकता की सूचक भी है।

50. Reflective evaluation takes into account:
विचारपूर्ण मूल्यांकन किसका ध्यान रखता है?

(a) Subjective perception of public issues
जन मामलों का विषयनिष्ठ बोध
(b) Mere counting of societal developments
समाज-संबंधी विकासों की महज गणना
(c) General understanding and public reasoning
आम समझ और जन तर्क
(d) Extensive arguments on inequalities
असमानताओं पर विस्तृत तर्क

Ans. (c) : प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार विचारपूर्ण मूल्यांकन आम समझ तथा जन तर्क का ध्यान रखता है। यह एक ऐसा कार्य है जिसमें व्यक्ति सतत व्यस्त रहता है। यह न केवल गणना की बल्कि सापेक्षित महत्त्व से संबंधित तर्क की माँग करता है।

यू.जी.सी. NTA नेट/जेआरएफ परीक्षा, दिसम्बर-2021/जून-2022
शिक्षण एवं शोध अभियोग्यता
व्याख्या सहित हल प्रथम प्रश्न-पत्र : Shift-II (परीक्षा तिथि : 11-10-2022)

Direction : The following table shows the number of student admitted (A) and left (L) from the five different colleges (P-T) during the years 2016-2021. Years of foundation of all the five colleges is 2016. Bsed on the data in the table, answer the questions:
निर्देश–वर्ष 2016-2021 के दौरान पाँच विभिन्न महाविद्यालयों (P-T) में प्रविष्ट हुए (A) और छोड़कर गये (L) विद्यार्थियों की संख्या निम्नलिखित तालिका में प्रदर्शित है। सभी पाँचों महाविद्यालयों का स्थापना वर्ष 2016 है। तालिका में दिये गये आँकडों के आधार पर, प्रश्न 1 - 5 का उत्तर दीजिए:

Year-wise Distribution of Students
विद्यार्थियों का वर्ष-वार वितरण

College	P		Q		R		S		T	
Year↓	A	L	A	L	A	L	A	L	A	L
2016	2250	-	2100	-	2400	-	3200	-	3100	
2017	660	440	900	500	840	460	880	500	700	450
2018	580	420	650	430	800	500	800	520	760	460
2019	690	400	570	420	720	450	790	440	820	440
2020	760	500	600	380	680	480	840	450	880	420
2021	700	460	680	440	820	560	920	480	850	430

1. The number of students studying in Collge Q till 2020 is/महाविद्यालय Q में वर्ष 2020 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या कितनी है?

(a) 3110 (b) 2890
(c) 3090 (d) 3290

Ans. (c) : 2016 के बचे हुए विद्यार्थी = 2100
2017 के बचे हुए विद्यार्थी = 900 - 500 = 400
2018 के बचे हुए विद्यार्थी = 650 - 430 = 220
2019 के बचे हुए विद्यार्थी = 570 - 420 = 150
2020 के बचे हुए विद्यार्थी = 600 - 380 = 220
कुल बचे हुए 16 विद्यार्थी 17, 18, 19, 20 के = 3090
⇒ 3090

2. If M and N represents the number of students in collage S and Q from 2017 to 2021 respectively, then M-N =
यदि वर्ष 2017 से वर्ष 2021 के बीच महाविद्यालय S और Q में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या क्रमशः M और N के रूप में दी गई है। तो M-N =

(a) 830 (b) 790
(c) 870 (d) 770

Ans. (a) : M = 880 + 800 + 790 + 840 + 920
= 4230
N = 900 + 650 + 570 + 600 + 680
= 3400
∴ M - N = 4230 - 3400
⇒ 830

3. The number of students leaving is approximately _______% of the number of students taking admission in College Q from the year 2016 to 2021
वर्ष 2016 से वर्ष 2021 के मध्य महाविद्यालय Q छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या, प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या का लगभग कितना प्रतिशत (%) है?

(a) 37 (b) 43
(c) 39 (d) 41

Ans. (c) : प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या
= 2100 + 900 + 650 + 570 + 600 + 680
= 5500
महाविद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या
= 500 + 420 + 430 + 380 + 440
= 2170

अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{2170}{5500} \times 100 = 39.45 \simeq 39\%$

4. The average number of student studying in all the five colleges (P-T) in the year 2018 is
सभी पाँचों महाविद्यालयों में वर्ष 2018 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की औसत संख्या कितनी है?

(a) 3168 (b) 3188
(c) 3148 (d) 3388

Ans. (b) :

वर्ष	P	Q	R	S	T
2016	2250	2100	2400	3200	3100
2017	220	400	380	380	250
2018	160	220	300	280	300
Total	2630	2720	3080	3860	3650

औसत $= \frac{2630 + 2720 + 3080 + 3860 + 3650}{5}$

$= \frac{15940}{5} = 3188$

5. The percentage increase in the number of students studying in 2021 to that in 2016 is maximum for the college
वर्ष 2016 की अपेक्षा वर्ष 2021 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या में प्रतिशत वृद्धि किस महाविद्यालय के लिए अधिकतम थी?

(a) S (b) P
(c) T (d) R

Ans. (d) :

महाविद्यालय	छात्रों की कुल संख्या 2016 में	2021 में अध्ययनरत विद्यार्थी	वृद्धि
P	2250	3320	1070
R	2400	3810	1410
S	3200	5040	1840
T	3100	4910	1810
Q	2100	3330	1230

Q में प्रतिशत वृद्धि $=\frac{1230}{2100}\times100=58.57\%$

P में प्रतिशत वृद्धि $=\frac{1070}{2250}\times100=47.55\%$

S में प्रतिशत वृद्धि $=\frac{1840}{3200}\times100=57.5\%$

R में प्रतिशत वृद्धि $=\frac{1410}{2400}\times100=58.75\%$

T में प्रतिशत वृद्धि $=\frac{1810}{3100}\times100=58.38\%$

अतः उपरोक्त आकड़ों से स्पष्ट है कि R महाविद्यालय की प्रतिशत वृद्धि अधिकतम है।

6. If a teacher needs to prepare a small animated video related to his/her topic of teaching which software will be appropriate?
यदि किसी अध्यापक को अपने अधिगम से संबंधित किसी लघु एनीमेट की गयी तैयार करने की आवश्यकता हो तो, निम्नांकित में से कौन-से सॉफ्टवेयर उपयुक्त होंगे?

A. Mind mapping tools/माइंड मैपिंग टूल्स
B. Animaker/एनिमेकर
C. Google Document/गूगल डाक्यूमेंट
D. Pawtoon/पॉटून
E. Polleverywhere/पॉलएब्रीव्हेयर

Choose the correct answer from the options given below :
नीचे दिए गए विकल्पें में से सही उत्तर चुनें:

(a) A and D only/ केवल A और D
(b) A, C and D only / केवल A, C और D
(c) B, D and E only / केवल B, D और E
(d) B and D only / केवल B और D

Ans. (d) : यदि किसी अध्यापक को अपने अधिगम से संबंधित किसी लघु एनीमेट की गयी वीडियो तैयार की आवश्यकता हो तो, उसे उपरोक्त में से एनिमेकर तथा पॉटून सॉफ्टवेयर का प्रयोग करना चाहिए। एनिमेकर एक क्लाउड आधारित डू-इट-योरसेल्फ एनिमेटेड विडियो मेकिंग ऐप है। यह एक सरल एनिमेटेड वीडियो बनाने वाला एप है जो उपयोगकर्ताओं की एक विस्तृत श्रृंखला को स्टूडियो मानक के विडियो तैयार करने में मदद करता है। पॉटून एक ब्रिटिश कंपनी है जो एनिमेटेड प्रस्तुतियों और एनिमेटेड व्याख्या वीडियो के लिए क्लाउड आधारित एनीमेशन सॉफ्टवेयर प्रदान करती है।

7. Which of the following ancient universities developed connection with viharas?
निम्नांकित में से किन प्राचीन विश्वविद्यालयों का निर्माण विहारों के संबंध में हुआ?

A. Nalanda/नालंदा
B. Valabhi/वल्लभी
C. Takshashila/तक्षशिला
D. Navadeep/नवदीप
E. Odantapuri/ओदांतपुरी

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A and C only/ केवल A और C
(b) A, C and D only / केवल A, C और D
(c) A, B, C and E only / केवल A, B, C और E
(d) A, B and C only / केवल A, B और C

Ans. (c) : नालंदा, वल्लभी, तक्षशिला, ओदांतपुरी विश्वविद्यालयों का निर्माण विहारों के सम्बन्ध में हुआ।
नालंदाः यह प्राचीन भारत में उच्च शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण और विख्यात केन्द्र था। इस महान बौद्ध विश्वविद्यालय के भग्नावशेष इसके प्राचीन वैभव का स्मरण कराते हैं। ह्वेन सांग और इत्सिंग ने इसका उल्लेख किया है।
वल्लभी विश्वविद्यालयः यह सौराष्ट्र (गुजरात) में 470 ई. के आस-पास निर्मित किया गया। इतिहासकारो के अनुसार यह विश्वविद्यालय अपने समय में बौद्ध धर्म के शिक्षा का प्रमुख केंद्र था।
तक्षशिलाः यह भारत में सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय था। इसका निर्माण लगभग 700 ईसा पूर्व में किया गया था।
ओदांतपुरीः यह भारत के बौद्ध महाविहार था। इसका निर्माण 8वीं शताब्दी में पाल सम्राट गोपाल प्रथम द्वारा स्थापित किया गया था। यह नालंदा विश्वविद्यालय के बाद भारत का सबसे बड़ा एवं प्राचीन विश्वविद्यालय था।

8. Over the past 100 years, the estimated rise of global sea level is by 10-25 cm or more. Which one of the following has maximum contribution in it?/विगत 100 वर्षों में, वैश्विक समुद्र तल में 10-25 सेमी या उससे अधिक की वृद्धि आंकलित की गई है। इस वृद्धि में निम्नलिखित में से किसका योगदान सर्वाधिक है?

(a) Thermal expansion of ocean waters
महासागरीय जल का तापीय प्रसार
(b) Glacier and ice-cap melting
हिमनद और हिमछत्र का पिघलना
(c) Greenland ice sheet thinning
ग्रीनलैण्ड की बर्फीली परत का तनुकरण
(d) Terrestrial water storage changes due to human activities/मानवीय कार्यकलापों के कारण पृथ्वी जल संचयन में परिवर्तन

Ans. (a) : विगत 100 वर्षों में, वैश्विक समुद्र तल में 10-25 सेमी या उससे अधिक की वृद्धि आंकलित की गई है। इस वृद्धि में महासागरीय जल का तापीय प्रसार का योगदान सर्वाधिक है। पृथ्वी का गर्म होना मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों के संचय के कारण होता है और इस गर्मी का 90 प्रतिशत से अधिक महासागरों द्वारा अवशोषित किया जाता है, जैसे ही यह गर्मी अवशोषित होती है, समुद्र का तापमान बढता है और पानी फैलता है। यही थर्मल विस्तार वैश्विक समुद्र स्तर के वृद्धि में योगदान देता है।

9. **Which of the following statements are sub-contraries?**
निम्नलिखित में से कौन से कथन उप-विपरीतार्थक हैं?
A. All nurses are caring human beings
सभी नर्स देख-रेख करने वाली मानव होती हैं।
B. No nurses are caring human beings
कोई भी नर्स देख-रेख करने वाली मानव नहीं होती हैं।
C. Some nurses are caring human beings
कुछ नर्स देख-रेख करने वाली मानव होती हैं।
D. Some nurses are not caring human beings
कुछ नर्स देख-रेख करने वाली मानव नहीं होती हैं।
Choose the correct answer from the options given below :
नीचे दिऐ गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :
(a) A and B only/केवल A और B
(b) A and D only / केवल A और D
(c) B and C only / केवल B और C
(d) C and D only / केवल C और D

Ans. (d) : उपरोक्त में से कथन (C) कुछ नर्स देख-रेख करने वाली मानव होती है तथा कथन (D) कुछ नर्स देख-रेख करने वाली नहीं होती हैं, उप-विपरीतार्थ है।

10. **The National Knowledge Commision recomended the establishment of**
राष्ट्रीय ज्ञान आयोग ने निम्नलिखित में से किस की स्थापना की सिफारिश की?
(a) 50 National Universities/50 राष्ट्रीय विश्वविद्यालय
(b) 50 technical universities
50 प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय
(c) 50 universities of science education
50 विज्ञान शिक्षा विश्वविद्यालय
(d) 50 univerties of yoga and naturopathy
50 योग और प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय

Ans. (a) : भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ज्ञान आयोग (NKC) की स्थापना 13 June 2005 को जारी की गई सरकारी घोषण के माध्यम से प्रधानमंत्री के उच्चस्तरीय सलाहकार निकाय (High Level Advisory Body) के रूप में की गई थी। राष्ट्रीय ज्ञान आयोग ने 50 राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की सिफारिश की। इसका उद्देश्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला में ज्ञान के सृजन को बढ़ावा देना तथा 21वीं शताब्दी की ज्ञान की चुनौतियों का सामना करने हेतु शैक्षिक प्रणाली में नवीन ज्ञान का निर्माण करना था।

11. **Given below are two statements**
नीचे दो कथन दिए गए हैं:
Statement I: In communication, codes have never been neutral in their reception.
कथन- I: संप्रेषण में कूट उनके अभिग्रहण में कभी भी तटस्थ (निरपेक्ष) नहीं रहे हैं।
Statement II: Codes always represent meanings, reflecting partiality.
कथन- II: कूट सदैव अभिप्राय को निरूपित करते है जिनमें पक्षपात परिलक्षित होता है।
In light of the above statements, choose the correct answer from the option given below.
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें
(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और कथन II दोनों सही हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।
(c) Statement I is true but Statement II is false
कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है।
(d) Statement I is false but Statement II is true
कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है।

Ans. (a) : संप्रेषण में कूट उनके अभिग्रहण में कभी भी तटस्थ (निरपेक्ष) नहीं रहे हैं। कथन सत्य है। ज्ञात है कि संप्रेषण कि प्रक्रिया में प्रेषक अपने विचारों को प्राप्तकर्ता तक पहुँचाने का प्रयास करता है अतः अभिग्रहण मे कभी भी तटस्थ नही रहता। कूट सदैव अभिप्राय को निरूपित करते हैं जिनमें पक्षपात परिलक्षित होता है, कथन-II भी सत्य है। अतः कथन I और II दोनों सत्य है

12. **The sequence of common elements in the field of experience as related to communication and identified by Wilbur Schramm is:**
संचार से संबंधित अनुभव के क्षेत्र में विल्बर स्क्रैम द्वारा चिन्हित सामान्य तत्वों का अनुक्रम है:
A. Values/मान
B. Language/भाषा
C. Attitudes/अभिवृत्तियाँ
D. Beliefs/मान्यतायें
E. Culture/संस्कृति
Choose the correct answer from the options given below :
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :
(a) A, B, C, D, E (b) B, E, C, D, A
(c) B, A, D, E, C (d) C, D, E, A, B

Ans. (b) : संचार से संबंधित अनुभव के क्षेत्र में विल्बर स्क्रैम द्वारा चिन्हित सामान्य तत्वों का अनुक्रम निम्नवत है:
- भाषा
- संस्कृति
- अभिवृत्तियाँ
- मान्यतायें
- मान

13. **Match List-I with List-II**
सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

List-I/सूची-I (Organizations) (संगठन)	List-II/सूची-II (Domains) (अधिक्षेत्र)
A. NITTTR एन.आई.टी.टी.टी.आर.	I. Out of School Children Educational Programmes स्कूल के बाहर बच्चों से सबंधित शैक्षिक कार्यक्रम (प्रोग्राम)
B. CEC/सी.ई.सी.	II. Engineering UG and PG Degree Programmes इंजीनियरिंग से संबंधित यूजी एवं पीजी डिग्री प्रोग्राम (कार्यक्रम)

C. NPTEL एन.पी.टी.ई.एल.	III.Non-Technological Undergraduate Degree Programmes गैर-प्रौद्योगिकी संबंधित अधिस्नातक डिग्री प्रोग्राम
D. NIOS एन.आई.ओ.एस.	IV.Teacher Training Programmes शिक्षक प्रशिक्षण प्रोग्राम

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:

(a) A-IV, B-I, C-II, D-III
(b) A-III, B-II, C-I, D-IV
(c) A-IV, B-III, C-II, D-I
(d) A-III, B-I, C-IV, D-II

Ans. (c) : सही सुमेलन है:

सूची-I (संगठन)	सूची-II (अधिक्षेत्र)
A. एन. आई. टी. टी. टी. आर.	IV.शिक्षक प्रशिक्षण प्रोग्राम
B. सी. ई. सी.	III.गैर-प्रौद्योगिकी संबंधित अधिस्नातक डिग्री प्रोग्राम
C. एन. पी. टी. ई. एल	II. इंजीनियरिंग से संबंधित यूजी एवं पीजी डिग्री प्रोग्राम (कार्यक्रम)
D. एन. आई. ओ. एस	I. स्कूल के बाहर बच्चों से संबंधित शैक्षिक कार्यक्रम (प्रोग्राम)

14. If A's income is 40% less than B's income, then how much percent is B's income more than A's income?
यदि A की आय B की आय से 40% कम है, तो B की आय A की आय से कितने प्रतिशत अधिक होगी?

(a) 65.66 (b) 64.66
(c) 66.66 (d) 55.66

Ans. (c) : A की आय B की आय
60 100
⇒ वृद्धि 100 - 60 = 40

अभीष्ट % वृद्धि $= \frac{40}{60} \times 100 = 66.66\%$

15. What is the correct order of Risk assessment due to exposure of some chemicals to the humans
A. Dose Response Assessment
B. Exposure Assessment
C. Risk Characterization
D. Hazard Identification
मानवों में कुछ रसायनो के उद्भासन के जोखिम-आकलन का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है।
A. खुराक अनुक्रिया आंकलन
B. उद्भासन आंकलन
C. जोखिम लक्षण-वर्णन
D. आपदा की पहचान

Choose the correct answer from the option given below.
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B, C, D (b) D, B, C, A
(c) C, D, A, B (d) D, A, B, C

Ans. (d) : मानवों में कुछ रसायनो के उद्भासन के जोखिम-आकलन का सही अनुक्रम निम्नवत है:
- आपदा की पहचान
- खुराक अनुक्रिया आंकलन
- उद्भासन आंकलन
- जोखिम लक्षण-वर्णन

16. The average weight of 15 men is decreased by 2 kg when one of them whose weight is 70 kg is replaced by a new man. What is the weight of the new man?
15 व्यक्तियों का औसत वजन उनमें से 70 किग्रा वजन के एक व्यक्ति को एक नये व्यक्ति द्वारा प्रतिस्थापित करने पर 2 किग्रा घट जाता है। तो नये व्यक्ति का वजन कितना होगा?

(a) 35 (b) 45
(c) 38 (d) 40

Ans. (d) : माना नये व्यक्ति का वजन K kg है।
प्रश्नानुसार,

$$\frac{15x + K - 70}{15} = x - 2$$

15x + K - 70 = 15x - 30
K = 70 - 30
K = 40 kg

17. Which of the following storage media from the list A-E given below are optical storage media only?
नीचे दी गयी सूची A-E से निम्नलिखित कौन सी संग्रहण मीडिया केवल प्रकाशिक संग्रहण मीडिया हैं?
A. DVD RAM/डीवीडी रैम
B. Pen drive/पेन ड्राइव
C. Magnetic tape/चुंबकीय टेप
D. SSD/एसएसडी
E. Blue-ray disc/ब्लू-रे डिस्क
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) B, C and D only/केवल B, C और D
(b) A and B only/केवल A और B
(c) D and E only/केवल D और E
(d) A and E only/केवल A और E

Ans. (d) : निम्नलिखित संग्रहण मीडिया में से डी वी डी रैम एवं ब्लू रे डिस्क प्रकाशिक संग्रहण मीडिया है। डी वी डी रैम एक पोर्टेबल हटाने योग्य और पुनः लिखने योग्य ऑप्टिकल डिस्क प्रारूप है। मानक माध्यम के विपरीत DVD-RAM को लिखा, मिटाया और अधिलेखित किया जा सकता है। ब्लू रे डिस्क एक प्रकाशीय डिस्क संग्रहण माध्यम है। यह एक optical disc का प्रकार है जो कि CD/DVD की तरह ही वृत्ताकार होता है। इसकी संग्रहण क्षमता सामान्य CD और DVD की तुलना में बहुत अधिक होती है।

18. Which of the following are examples of fraudulent use of the Internet?
A. Blogging
B. Booking a cinema ticket
C. Pharming
D. Phihsing
इंटरनेट के छलपूर्ण प्रयोग के उदाहरण निम्नलिखित में से कौन से हैं?
A. ब्लॉगिंग
B. एक सिनेमा टिकट बुक करना
C. फार्मिंग (कम्प्युटर फाइल/सॉफ्टवेयर में गोपनीय रूप से बदलाव की प्रथा)
D. फिशिंग (इंटरनेट के माध्यम से लोगों को धोखा देना)
Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनेः
(a) A and B only/केवल A और B
(b) C and D only /केवल C और D
(c) B and C only /केवल B और C
(d) A and D only /केवल A और D

Ans. (b) : इंटरनेट के छलपूर्ण प्रयोग के उदाहरण फार्मिंग एवं फिशिंग है।
फार्मिंगः यह एक प्रकार का सोशल इंजीनियरिंग साइबर हमला है जो किसी उपयोगकर्ता की निजी जानकारी को अपने कब्जे में लेने या उनके कंप्यूटर पर मैलवेयर स्थपित करने के लिए वेबसाइट के ट्रैफिक मे हेर-फेर करता है।
फिशिंगः फिशिंग एक साइबर क्राइम है जिसमें संवेदनशील जानकारी जैसे कि बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड डिटेल्स और पॉसवर्ड प्राप्त करने के लिए टार्गेट को किसी वैध संगठन या बैंक द्वारा ईमेल, टेलिफोन या टेक्स्ट मैसेज के जरिए संपर्क किया जाता है जबकि वह फेक (नकली, झूठा) होता है।

19. In which mode of learning, learners participate in active discussion and get immediate feedback from the teachers?
अधिगम के किस प्रकार में, अधिगमकर्ता सक्रिय परिचर्चा में सहभाग करता है और शिक्षकों से त्वरित प्रतिपुष्टि प्राप्त करता है?
(a) Synchronous mode of learning
अधिगम के सहकालिक प्रकार में
(b) Asynchronous mode of learning
अधिगम के असहकालिक प्रकार में
(c) Spatial mode of learning
अधिगम के स्थानिक प्रकार में
(d) Relativist mode of learning
अधिगम के सापेक्षवादी प्रकार में

Ans. (a) : अधिगम के सहकालिक प्रकार में अधिगमकर्ता सक्रिय परिचर्चा में सहभाग करता है और शिक्षकों से त्वरित प्रतिपुष्टि प्राप्त करता है। ध्यातव्य है कि अधिकगम एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यवहार या व्यक्तित्व में पूर्णतया सकारात्मक परिवर्तन लाया जाता है।

20. Aeration process, is efficiently used to remove
निम्नलिखित में से किसे हटाने के लिए वातन प्रक्रिया का दक्षतापूर्वक प्रयोग किया जाता है?
(a) Persistent Organic Pollutants
चिरस्थायी कार्बनिक प्रदूषक
(b) Volatile Organic Compounds
वाष्पशील कार्बनिक यौगिक
(c) Metals/धातु
(d) Inorganic ions/अकार्बनिक आयन

Ans. (b) : वाष्पशील कार्बनिक यौगिक को हटाने के लिए वातन प्रक्रिया का दक्षतापूर्वक प्रयोग किया जाता है। वाष्पशील कार्बनिक यौगिक पेट्रोल और डीजल वाहनों द्वारा जारी कार्बन युक्त रसायन हैं। ये वायु गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं हालाँकि इसकी उत्पत्ति प्राकृतिक रूप से भी हो सकती है। पौधे परागकणों को आकर्षित करने, कीटों और शिकारियों से अपनी रक्षा करने और पर्यावरणीय तनाव के अनुकूलन के लिए इन रसायनों का उत्सर्जन करते हैं।

21. Given below are two statements
नीचे दो कथन दिए गए हैं :
Statement I: Indian Logic makes a distinction between deduction and induction.
कथन- I : भारतीय तर्क शास्त्र में निगमन और आगमन के मध्य विभेद किया जाता है।
Statement II: Indian Logic studies thought as such and not the forms of thought alone.
कथन- II: भारतीय तर्क शास्त्र में मूलतः चिन्तन का अध्ययन किया जाता है न कि केवल चिंतन के आकारों का।
In light of the above statements, choose the correct answer from the options given below
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:
(a) Both Statement I and Statement II are true/कथन- I और II दोनों सत्य हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are false/ कथन- I और II दोनों असत्य हैं।
(c) Statement I is true but Statement II is false / कथन- I सत्य है, लेकिन कथन-II असत्य हैं।
(d) Statement I is false but Statement II is true / कथन- I असत्य है, लेकिन कथन-II सत्य हैं।

Ans. (d) : भारतीय तर्कशास्त्र में निगमन और आगमन के मध्य विभेद किया जाता है, यह कथन असत्य है क्योंकि भारतीय तर्कशास्त्रों में निगमन और आगमन के मध्य विभेद नहीं किया जाता है तथा कथन II, भारतीय तर्क शास्त्र में मूलतः चिन्तन का अध्ययन किया जाता है न कि केवल चिंतन के आकारों का, अतः यह कथन सत्य है।
आगमन विधि- उस विधि को कहते है, जिसमें विशेष तथ्य एवं घटनाओं के लक्षण एवं विश्लेषण द्वारा सामान्य नियम व सिद्धान्तों का निर्माण किया जाता है। आगमन विधि ज्ञात से अज्ञात की ओर, विशिष्ट से सामान्य की ओर एवं मूर्त से अमूर्त की ओर शिक्षण सूत्रों का प्रयोग किया जाता है।
निगमन विधि शिक्षण की उस विधि को कहते है जिसमें सामान्य से विशिष्ट की ओर बढ़ा जाता है यह आगमन विधि के बिल्कुल विपरीत है।

22. Find the next term in the series given below-
नीचे दी गई श्रृंखला में अगला पद ज्ञात कीजिए:
6, 13, 27, 55, 111?
(a) 333 (b) 166
(c) 223 (d) 222

Ans. (c) : दी गई श्रृंखला निम्नवत् है–

अतः 223 अगला पद होगा

23. Which of the ancient places of higher learning developed in connection with temples and became centres of community life in the places where they were situated?

निम्नलिखित में से किन पुराकालिक उच्चतर शिक्षा केन्द्रों की स्थापना मन्दिरों के साथ संबंधन में हुई और कालक्रम में वे स्थापित किए गए स्थानों में सामुदायिक जीवन के केन्द्र बन गए?

A. Benaras/बनारस

B. Navadeep/नवदीप

C. Odantapuri/ओदांतपुरी

D. Kanchi/काँची

E. Jagaddala/जगद्दला

Choose the correct answer from the options given below :

नीचे दिए गए विकल्पो में से सही उत्तर चुनें:

(a) C and D only/केवल C और D
(b) A, B and D only/केवल A, B और D
(c) A and D only/केवल A और D
(d) A, B, C and E only/केवल A, B, C और E

Ans. (b) : बनारस, नवदीप तथा काँची जैसे पुराकालिक उच्चतर शिक्षा केन्द्रों की स्थापना मन्दिरों के साथ संबंधन में हुई और कालक्रम में वे स्थापित किए गए स्थानों में सामुदायिक जीवन के केन्द्र बन गए।
बनारस (काशी)ः बनारस वैदिक काल में हिन्दू धर्म की शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था। काशी में वेद, वेदांग, इतिहास, पुराण ज्योतिष आदि की शिक्षा दी जाती थी।
काँचीः इसकी स्थापना पल्लव वंश के शासकों ने की थी। यह पल्लवों की राजधानी थी। काँची के प्रसिद्ध आचार्य महाकवि, दण्डिन वात्स्यायन और दिंडनाथ थे। यह दक्षिण भारत में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था।
नवदीपः नवदीप गौड़ का प्रमुखतम विद्या केन्द्र था जिसे नदिया भी कहा जाता था।

24. Given below are the statements :
नीचे दो कथन दिए गए हैं:

Statement I: Research questions are used more in studies that do not focus on the statistical significance of results.

कथन- I: शोध प्रश्नों का उपयोग ऐसे अध्ययनों में अधिक किया जाता है जो परिणामों के सांख्यिकीय महत्व पर केन्द्रित नहीं है।

Statement II: Research questions normally dominate the exploratory studies.

कथन- II: शोध प्रश्न सामान्यतः अन्वेषणात्मक अध्ययनों में अधिक महत्वपूर्ण होते हैं।

In light of the above statements, choose the correct answer from the options given below.
उपर्युक्त कथनो के आलोक में निम्नलिखित विल्कपों में से सही उत्तर चुनें :

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन- I और II दोनों सत्य हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन- I और II दोनों असत्य हैं।
(c) Statement I is true but Statement II is false
कथन- I सत्य है, लेकिन कथन-II असत्य हैं।
(d) Statement I is false but Statement II is true
कथन- I असत्य है, लेकिन कथन-II सत्य हैं।

Ans. (a) : शोध प्रश्नों का उपयोग एसे अध्ययनों में अधिक किया जाता है जो परिणामों के सांख्किीय महत्व पर केन्द्रित नहीं है। कथन सत्य है। ध्यातव्य है कि शोध प्रश्न एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर देने हेतु एक शोध परियोजना निर्धारित की जाती है। शोध प्रश्न सामान्यतः अन्वेषणात्मक अध्ययनों में अधिक महत्वपूर्ण होते हैं कथन सत्य है। शोध प्रश्न सामान्यतः अन्वेषणात्मक प्रकृति के होते हैं जिससे अनुसंधान के समय नये-नये तथ्यों का अन्वेषण होता है।

25. Given below are the statements :
नीचे दो कथन दिए गए हैं:

Statement I: Skill based education is focused on the idea that it may be learned better if it is practiced in real life.

कथन- I: कौशल आधारित शिक्षा इस विचार पर केन्द्रित है कि यदि इसका अभ्यास वास्तविक जीवन में किया जाता है, तो इसे बेहतर तरीके से सीखा जा सकता है।

Statement II: Non-conventional higher education is totally based on the teaching-learning activities that are offered on campus with fixed-time classes.

कथन- II: गैर-पारम्परिक उच्च शिक्षा पूरी तरह शिक्षण-अधिगम संबंधी ऐसे क्रियाकलापों पर आधारित होती है जिन्हें निर्धारित-समय पर संचालित ऑन-कैम्पस कक्षाओं में प्रदान किया जाता है।

In light of the above statements, choose the correctg answer fromt he options given below.
उपर्युक्त कथनो के आलोक में निम्नलिखित विल्कपों में से सही उत्तर चुनें :

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन- I और II दोनों सत्य हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन- I और II दोनों असत्य हैं।
(c) Statement I is true but Statement II is false
कथन- I सत्य है, लेकिन कथन-II असत्य हैं।
(d) Statement I is false but Statement II is true/कथन- I असत्य है, लेकिन कथन-II सत्य हैं।

Ans. (c) : कौशल आधारित शिक्षा इस विचार पर केन्द्रित है कि यदि इसका अभ्यास वास्तविक जीवन में किया जाता है, तो इसे बेहतर तरीके से सीखा जा सकता है, यह कथन सत्य है तथा गैर-पारम्परिक उच्च शिक्षा पूरी तरह शिक्षण अधिगम संबंधी ऐसे क्रियाकलापों पर आधारित होती है जिन्हें निर्धारित-समय पर संचालित ऑन-कैम्पस कक्षाओं में प्रदान किया जाता है। यह कथन असत्य है।

26. Simple interest on a certain sum of money at the rate of 5% per annum for 4 years is Rs. 800. What will be the compounds interest on the same sum for the same period and at same rate of interest?

किसी निश्चित धनराशि पर 5% वार्षिक ब्याज दर पर 4 वर्षों के लिए साधारण ब्याज Rs. 800 है। उसी धनराशि का उसी अवधि और उसी ब्याज दर पर चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?

(a) 850 (b) 840
(c) 855 (d) 862

Ans. (d) : दिया है, R = 5%, T = 4 years, P = ?

$$S.I. = \frac{P \times T \times R}{100}$$

$$\Rightarrow 800 = \frac{P \times 5 \times 4}{100} = P = ₹4000$$

$$A = P\left(1+\frac{R}{100}\right)^T$$

$$= 4000\left(1+\frac{5}{100}\right)^4$$

$$= 4000 \times \frac{21}{20} \times \frac{21}{20} \times \frac{21}{20} \times \frac{21}{20} = 4862.025$$

C.I. = 4862.025 - 4000 = ₹862 Approx

27. A teacher has created a spreadsheet of test marks of five students. She has written a formula = HLOOKUP(B4, $1:$K$2, 2) in cell C4 and copies this formula from cell C4 to the range C5:C8. What values will be returned by the formulae in the range C4:C8?
एक शिक्षिका ने पाँच विद्यार्थियों के परीक्षा अंकों की स्प्रेडशीट तैयार की। उसने स्प्रेडशीट के C4 सेल में एक सूत्र = HLOOKUP(B4, $1:$K$2, 2) लिखा और इस सूत्र को सेल C4 से C5:C8 की रेंज में कॉपी किया। रेंज C4:C8 में सूत्रों से कौन से मान प्रत्यार्पित होंगे?

	A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K
1				0	9	14	19	27	33	40	47
2				U	G	F	E	D	C	B	A
3	Name नाम	Marks									
4	Anil अनिल	43	=HLOOKUP(B4, $D$1:$K$2, 2)								
5	Amit अमित	85									
6	Varun वरूण	35									
7	Anita अनिता	20									
8	Harish हरीश	10									

(a) A, C, E, G, and F respectively
क्रमशः A, C, E, G, और F
(b) B, C, E, G, and U respectively
क्रमशः B, C, E, G, और U
(c) A, C, E, F, and U respectively
क्रमशः A, C, E, F, और U
(d) B, A, C, E, and G respectively
क्रमशः B, A, C, E, और G

Ans. (d) : एक शिक्षिका ने पाँच विद्यार्थियों के परीक्षा अंकों की स्प्रेडशीट तैयार की। उसने स्प्रेडशीन के C4 सेल मे एक सूत्र = HLOOKUP(B4, $D$1:$K$2, 2) लिखा और इस सूत्र को सेल C4 से C5:C8 की रेंज में कॉपी किया। रेंज C5:C8 में सूत्रों से क्रमशः B, A, C, E और G के मान प्रत्यार्पित होंगे।

28. Communicative power is meaningful only in the network of/संप्रेषण शक्ति केवल निम्नांकित नेटवर्क में सार्थक होती है:

(a) Social relations/सामाजिक संबंध
(b) Ethical resistance/नीतिगत प्रतिरोध
(c) Restrictive freedom/प्रतिबंधात्मक स्वतंत्रता
(d) Political oneupmanship/राजनैतिक स्वेच्छाचारिता

Ans. (a) : संप्रेषण एक सामाजिक प्रक्रिया है जो किसी संदेश को दो व्यक्तियों या समूहों को एक समान या उसी प्रकार दूसरे के पास भेजने से संबंधित होती है। एक स्थान से संदेश या जानकारी भेजना भी संप्रेषण है। यदि सन्देश प्राप्तकर्ता, संदेश वाहक द्वारा भेजे गये संदेश को उस रूप में ग्रहण नहीं करता है, तो संप्रेषण पूरा नही माना जायेगा। संप्रेषण एक सामाजिक सम्बन्ध है जो द्विमार्गी प्रक्रिया है जिसके लिए आवश्यक है कि यह सम्बन्धित व्यक्तियों तक उसी अर्थ में पहुँचे जिस अर्थ में संप्रेषणकर्ता ने अपने विचारों को भेजा है।

29. Which of the following are the means of control in experimental research?
A. Controlling Physical Settings
B. Choice of participants
C. Statistical analysis
D. Focusing on Short-term effects
E. Sidetracking the causal factors
Choose the correct answer from the options given below:
निम्नलिखि में से कौन-से प्रयोगत्मक शोध में नियंत्रण के साधन हैं?
A. भौतिक प्रविवेश (सेटिंग) को नियंत्रित करना
B. सहभागियों की पसंद
C. सांख्यिकीय विश्लेषण
D. अल्पकालिक प्रभावो पर ध्यान केन्द्रित करना
E. कारण संबंधी घटकों का पार्श्वीकरण
नीये दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) C, D and E only/केवल C, D और E
(d) A, D and E only/केवल A, D और E

Ans. (a) : प्रयोगात्मक अनुसंधान, अनुसंधान की एक प्रमुख विधि है। प्रयोगात्मक अनुसंधान में कार्य कारण सम्बन्ध स्थापित किया जाता है। कार्य-कारण सम्बन्ध स्थापित करने के लिए दो स्थितियों को संतुष्ट करना आवश्यक है। प्रथम-कारण है तो उसका प्रभाव होगा। यह स्थिति आवश्यक है परन्तु पर्याप्त नहीं है। द्वितीय यदि कारण नहीं है तो प्रभाव भी नहीं होगा। प्रयोगात्मक अनुसंधान में नियंत्रण के साधन निम्न है-
- भौतिक प्रविवेश (सेटिंग) को नियंत्रित करना
- सहभागियों की पसंद
- सांख्यिकीय विश्लेषण

30. Given below are two statements, one is labelmeed as Assertion A and other is labelled as Reason R.
नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

Assertion A: The effects of history in social research study can be fatal.
अभिकथन- (A) : सामाजिक शोध अध्ययन में इतिहास के प्रभाव घातक हो सकते हैं।

Reason R: Various events that occures during a study may not effect the opinions and attitudes of respondents.
कारण- (R): किसी अध्ययन के दौरान होने वाली विभिन्न घटनाओं से उत्तरदाताओं की राय और अभिवृत्तियाँ प्रभावित नही हो सकती है।

In light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below./उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) Both A and R are correct and R is the correct explanation of A/A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(b) Both A and R are correct and R is the correct explanation of A/ A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A is correct but R is not correct
A सही है, लेकिन R सही नहीं है।
(d) A is not correct but R is correct
A सही नहीं है, लेकिन R सही है।

Ans. (c) : सामाजिक शोध अध्ययन में इतिहास के प्रभाव घातक हो सकते हैं, कथन सत्य है। सामाजिक शोध नवीन तथ्यों की खोज, पुराने तथ्यों के सत्यापन, उनके क्रमबद्ध पारस्परिक सम्बन्धों, कारणों की व्याख्या तथा उन्हें संचालित करने वाले प्राकृतिक नियमों के अध्ययन की सुनियोजित पद्धति है। कारण (R) किसी अध्ययन के दौरान होने वाली विभिन्न घटनाओं से उत्तरदाताओं की राय और अभिवृत्तियाँ प्रभावित नहीं हो सकती हैं, असत्य है।

31. National Disaster Management Authority (NDMA) works under the aegis of
राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) निम्नलिखित में से किसके तत्वाधान में कार्य करता है?

(a) Ministry of Earth Science (MoES)
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस)
(b) Ministry of Home Affairs (MHA)
गृह मंत्रालय (एमएचए)
(c) Ministry of Environment forest and Climate Change (MoEFCC)/पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी)
(d) Department of Space-Indian Space Research Organisation (ISRO)/अंतरिक्ष विभाग-भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)

Ans. (b) : भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन डी एम ए) भारत में आपदा प्रबंधन के लिए शीर्ष निकाय है। भारत सरकार प्राकृतिक तथा मानव जनित आपदाओं द्वारा होने वाले विनाश तथा हानि की रोकथाम, शमन और तैयारी के राष्ट्रीय संकल्प को प्रोत्साहित करता है। ध्यातव्य है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन डी एम ए) गृह मंत्रालय (एम एच ए) के तत्तवाधान में कार्य करता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के पाँच प्रमुख प्रभाग है।

32. Consider the number a, b, c and d with values 54, 71, 75 and 99 respectively. Find a number which may be subtracted from each of them such that $\frac{a}{b}=\frac{c}{d}$.
माना कि a, b, c और d संख्याओं के मान क्रमशः 54, 71, 75 और 99 हैं। वह संख्या ज्ञात कीजिए जिसे प्रत्येक संख्या से घटाया जाए तो $\frac{a}{b}=\frac{c}{d}$ प्राप्त हो:

(a) 5 (b) 2
(c) 3 (d) 4

Ans. (c) : दिया है, a = 54, b = 71, c = 75, d = 99
माना a, b, c और d में x घटाने पर,:

$$\frac{a-x}{b-x}=\frac{c-x}{d-x} \Rightarrow \frac{54-x}{71-x}=\frac{75-x}{99-x}$$

$\Rightarrow 54 \times 99 - 54x - 99x + x^2 = 71 \times 75 - 71x - 75x + x^2$
$\Rightarrow 54 \times 99 - 153x = 71 \times 75 - 146x$
$\Rightarrow 153x - 146x = 54 \times 99 - 71 \times 75$
$7x = 5346 - 5325$
$7x = 21$
$x = \frac{21}{7} = 3$

33. Which of the following statements are logically enquivalent?
निम्नांकित में से कौन से कथन तार्किक दृष्टि से समतुल्य है?

A. No S is P/कोई S, P नहीं होता है।
B. No P is S/कोई P, S नहीं होता है।
C. All S are non-P/सभी S, गैर-P होते हैं।
D. All non P are non-S/सभी गैर-P, गैर-S होते हैं।
E. No S is non-P/कोई भी S, गैर-P नहीं होते हैं।

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, C and D only/केवल A, C और D
(b) A, B and C only/केवल A, B और C
(c) B, C and D only/केवल B, C और D
(d) A, B, C and D only/केवल A, B, C और D

Ans. (b) :
कथन A - कोई S, P नहीं होता है
कथन B - कोई P, S नहीं होता है
कथन C - सभी S गैर P होते हैं
उपरोक्त कथन A, B, C तार्किक दृष्टि से समतुल्य है।

34. Which of the following steps of inference state(s) the reason for the establishment of the proposition according to the Classical Indian School of Logic?

A. The hill has fire
B. Because it has smoke
C. Whatever has smoke has fire e.g. oven.
D. This hill has smoke which is invariably associated with fire.
E. Therefore this hill has fire.

निम्नलिखित अनुमान के कौन सा/से चरण भारतीय तर्कशास्त्र के अनुसार, तर्कवाक्य की स्थापना के कारण का उल्लेख करते हैं:

A. पहाड़ी में अग्नि है।

B. क्योंकि इसमें धुआं है।

C. जहाँ कहीं भी धुआं होता है, वहाँ अग्नि होती है, उदाहरणार्थ चूल्हा

D. इस पहाड़ी में धुआं है जो निरपवादतः अग्नि से संबद्ध होता है।

E. इसलिए इस पहाड़ी में अग्नि है।

Choose the correct answer from the options given below :
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) C only/केवल C
(b) D and E only/केवल D और E
(c) B only/केवल B
(d) C and D only/केवल C और D

Ans. (c) :
A. पहाड़ी में अग्नि है।
B. क्योंकि इसमें धुआं है।
C.जहाँ कहीं भी धुआं होता है, वहाँ अग्नि होती है, उदाहरणार्थ चूल्हा
D.इस पहाड़ी में धुआं है जो निरपवादतः अग्नि से संबद्ध होता है।
E. इसलिए इस पहाड़ी में अग्नि है।
भारतीय तर्कशास्त्र के अनुसार तर्कवाक्य की स्थापना के कारण का उल्लेख उपरोक्त कथन "B. क्योंकि इसमें धुआं है।" में है।

35. The key features of the interaction model of communication are :
संप्रेषण के अन्तः क्रियात्मक निदर्श की मुख्य विशेषताएँ हैं :

A. **It is a two-way process.**
यह उभय दिशीय प्रक्रिया है।

B. **The physical context of communication is unimportant.**
संप्रेषण का भौतिक संदर्भ महत्वपूर्ण नहीं है।

C. **The psychological context of communication is always taken into account.**
संप्रेषण के मनोवैज्ञानिक संदर्भ पर सदैव विचार किया जाता है।

D. **Feedback is not a response to the message received.**
प्रतिपुष्टि प्राप्त संदेश का प्रत्युत्तर नहीं है।

E. **It is less message-focussed.**
यह अपेक्षाकृत न्यून संदेश-केन्द्रित होता है।

Choose the correct answer from the options given below :
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) A, C and E only/केवल A, C और E
(d) C, D and E only/केवल C, D और E

Ans. (c) : संप्रेषण के अन्तः क्रियात्मक निदर्श की मुख्य विशेषताएँ निम्न हैं :
- यह उभय दिशीय प्रक्रिया है।
- संप्रेषण के मनोवैज्ञानिक संदर्भ पर सदैव विचार किया जाता है।
- यह अपेक्षाकृत न्यून संदेश-केन्द्रित होता है।

36. In Microsoft Office PowerPoint, 'Smart Art' provides predefined sets of diagrams for users to use. Which of the following are types of diagrams provided by the Microsoft Power Point Smart Art feature?
माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पावर प्वाइंट में, 'स्मार्ट आर्ट' प्रयोक्ताओं के प्रयोग के लिए डायग्राम का पूर्वनिर्धारित समुच्चय प्रदान करता है। निम्नलिखित मे से माइक्रोसॉफ्ट पावर प्वाइंट स्मार्ट आर्ट विशेषता द्वारा प्रदत्त डायग्राम के प्रकार कौन से है।

A. Layer/परत (लेयर)
B. Process/प्रक्रिया (प्रोसेस)
C. Hierarchy/पदानुक्रम (हायरार्की)
D. Cycle/चक्र (साइकिल)
E. Relationship/संबंध (रिलेशनशिप)

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B, C and D only/केवल A, B, C और D
(b) B, C, D and E only/केवल B, C, D और E
(c) C and D only/केवल C और D
(d) A, B and D only/केवल A, B और D

Ans. (b) : माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पावर प्वाइंट में, 'स्मार्ट आर्ट' प्रयोक्ताओं के प्रयोग के लिए डायग्राम का पूर्वनिर्धारित समुच्चय प्रदान करता है। निम्नलिखित में से माइक्रोसॉफ्ट पावर प्वाइंट स्मार्ट आर्ट विशेषता द्वारा प्रदत्त डायग्राम के प्रकार निम्न है-
- प्रक्रिया (प्रोसेस)
- पदानुक्रम (हायरार्की)
- चक्र (साइकिल)
- संबंध (रिलेशनशिप)

37. According to UGC, which of the following are objectives of community colleges?
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुसार सामुदायिक महाविद्यालयों के उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-से हैं?

A. **To provide skill based education to the students of higher education.**
उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करना

B. **To make higher education relevant to the learner and communities.**
उच्च शिक्षा को अधिगमकर्ताओं और समुदाय के लिए प्रासंगिक बनाना

C. **To provide vertical mobility for pursuers of higher education.**
उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए ऊर्ध्वाधर गतिशीलता प्रदान करना

D. **To open vista of employment.**
रोजगार के अवसर खोलना

E. **To train youngsters in traditional skill sectors.**
युवाओं को परम्परागत कौशल क्षेत्रों में प्रशिक्षित करना

Choose the correct answer from the options given below :
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) A, B, C only/केवल A, B और C
(b) B, C, D only/केवल B, C और D
(c) C, D, E only/केवल C, D और E
(d) A, D, E only/केवल A, D और E

Ans. (a) : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुसार सामुदायिक महाविद्यालयों के उद्देश्य निम्नलिखित हैं-
- उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करना
दी गई श्रृंखला में गलत पद का पता लगाइये: 6,11,18,27,34,51, 66, 83
(a) 34 (b) 51
(c) 83 (d) 11

Ans. (a) : दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार है–
दी गई श्रृंखला में 34 के स्थान पर 38 होना चाहिए था। अतः संख्या 34 गलत पद है।

Read the following passage and answer questions from question:
Certain languages came to acquire a special status introduced by religious leaders, scholars, or conquerors, Sometimes they became the basis of power and privilege. A language spoken by a small minority, such as Latin in medieval Europe could become the medium of scholarship, of record-keeping and of religious ceremony. A language introduced by conquerors, who become a ruling and landed elite, would be used in commerce, administration and law. During the era of imperialism. the languages of colonial powers become the languages of administration. Codified laws, higher education, science and technology in their own colonies. This held back the development of older languages excluded from these spheres. To a varying extent. Languages such as English and French Still hold this position in some of the now independent nations of Asia and Africa. This can create problems within these states. as well as between neighboring countries. notably in West Africa and the Caribbean. These have emerged from subjection to different alien powers. Words are symbols of human experience. Perceptions underlying them have undergone change over time and in response to new situations. Moreover, all languages are in a state of change sometimes rapid. They respond

to new needs arising from developments in thought and knowledge. in productive techniques. in social relationships, in political and economic structures, Words, therefore, change their meanings and acquire fresh applications; specialized technical terms pass into general usage. And new words are invented. The process reminds us that language is not a corpus of learning. but an instrument adapted to human purposes./निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और प्रश्न संख्या 46-50 के उत्तर दीजिए–

धार्मिक नेताओं, विद्वानों या विजेताओं द्वारा परिस्थापन के कारण कतिपय भाषाओं को विशेष प्रस्थिति प्राप्त हुई। कभी-कभी वे सत्ता और विशेषाधिकार का आधार भी बन गई। लैटिन जैसी एक छोटी अल्पसंख्या द्वारा बोली जाने वाली भाषा मध्यकालीन यूरोप में विद्वता की, अभिलेख'-अनुरक्षण की और धार्मिक अनुष्ठानों की भाषा बन सकी। विजेताओं, जो एक शासकीय और भूस्वामी अभिजात वर्ग बने, द्वारा परिस्थापित किसी भाषा का ही प्रयोग वाणिज्य, प्रशासन और विधि सम्बन्धित कार्यों में होना था। साम्राज्यवाद के युग में औपनिवेशिक शक्तियों की भाषाएँ ही उनके उपनिवेशों में भी प्रशासन, संहिताबद्ध कानून, उच्च शिक्षा, विज्ञान और टेक्नोलॉजी की भाषाएँ बनीं। जो अब स्वतंत्र हैं अंग्रेजी और फ्रांसीसी जैसी भाषाएँ, विविध आयतियों में अभी भी वही स्थिति बनाए हुए हैं। इससे इन राज्यों के अन्दर और पड़ोसी देशों के बीच में भी, समस्याएँ उत्पन हो सकती हैं, विशेतः पश्चिमी अफ्रीका और कैरेबियाई क्षेत्रों में ये विभिन्न विदेशी शक्तियों की अधीनता से स्वतंत्र हुए हैं। शब्द मानव-अनुभवों के प्रतीक होते है। उनमें अन्तर्निहित बोध समय के साथ और नई स्थितियों में प्रतिक्रिया के कारण परिवर्तित हुए हैं। साथ ही सभी भाषाएँ एक परिवर्तन की अवस्था में रहती है, कभी धीमी गति से तो कभी तीव्र गति से। वे विचार और ज्ञान के क्षेत्र में, उत्पादक तकनीकों में, सामाजिक सम्बन्धों में, राजनैतिक और आर्थिक संरचनाओं में होने वाले विकासों से उत्पन्न नई आवश्यकताओं के प्रत्युत्तर में विकसित होती है। और, नए शब्द आविष्कृत होते हैं। यह प्रकिया हमें स्मरण दिलाती है कि भाषा अधिगम का संग्रह मात्र नहीं है बल्कि मानवीय प्रयोजनों के अनुकूल होने वाला एक उपकरण है।

46. Imperialism was responsible for
साम्राज्यवाद निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी था–

(a) Codification of law
कानून को संहिताबद्ध करने के लिए
(b) Racial equity/नस्लीय समता
(c) Primacy of local languages
स्थानीय भाषाओं का प्राधान्य
(d) Exclusion of old languages
पुरानी भाषाओं का बहिष्करण

Ans. (d) : साम्राज्यवाद पुरानी भाषा के बहिष्करण के लिए उत्तरदायी था।

47. The passage analyses languages as a
यह गद्यांश भाषा का विश्लेषण किस रूप में करता है?

(a) Corpus of learning/अधिगम का संग्रह
(b) Symbol of state power/राज्य - सत्ता का प्रतीक
(c) Tool to meet human purposes
मानवीय प्रयोजनों को पूरा करने का उपकरण
(d) Formal link between old and new generations
पुरानी और नई पीढ़ी के बीच की औपचारिक कड़ी

Ans. (c) : गद्यांश मानव उद्देश्यों को पूरा करने के लिए एक उपकरण के रूप में भाषाओं का विश्लेषण करता है।

48. One of the characteristics of languages is
भाषाओं की एक लाक्षणिकता है–

(a) Constant change in meanings of words/शब्दों के अर्थों में निरंतर परिवर्तन
(b) Subjection of different alien powers
विभिन्न विदेशी शक्तियों की अधीनता
(c) The ability to survive against heavy odds
विपरीत परिस्थितियों के समक्ष भी उत्तरजीवी रह सकने की क्षमता
(d) Their monopoly by the elites
अभिजातों द्वारा उन पर एकाधिकार,

Ans. (a) : भाषाओं की विशेषताओं में से एक शब्दों के अर्थ में निरंतर परिवर्तन है।

49. The language of the conquerors was used in
विजेताओं की भाषा का उपयोग निम्न में होता था–

(a) Ruling over landed elite
भूस्वामी अभिजातों पर शासन करने में
(b) The administration of law/कानून के प्रशासन में,
(c) Colonising the other countries
दूसरे देशों को उपनिवेशित करने के लिए
(d) Creating social inclusiveness
सामाजिक समावेशीकरण करने के लिए

Ans. (b) : विजेताओं की भाषा का उपयोग कानून के प्रशासन में किया जाता था।

50. Historically, minority languages were the basis of
ऐतिहासिक दृष्टिकोण से, अल्पसंख्यक भाषाएँ निम्नलिखित का आधार थीं।

(a) Medieval culture/मध्ययुगीन संस्कृति
(b) Cultural independence/सांस्कृतिक स्वतंत्रता
(c) Scholarship /विद्वता
(d) Religious harmony/धार्मिक सौहार्द

Ans. (c) : ऐतिहासिक रूप से अल्पसंख्यक भाषाएं विद्वता का आधार थीं।

यू.जी.सी. NTA नेट/जेआरएफ परीक्षा, दिसम्बर-2021/जून-2022
शिक्षण एवं शोध अभियोग्यता
व्याख्या सहित हल प्रथम प्रश्न-पत्र : Shift-I (परीक्षा तिथि : 08-11-2022)

Direction (1-5) : The following table shows the percentage (%) distribution of total population. Literate males and literate females in six cities A-F. In all six cities together, total population, number of literate males and number of literate females are 1-5 crore, 40 lakh and 25 lakh, respectively. Ratio of males to females among the total population is 8:7. Based on the data in the table, answer the questions 1-5.

निर्देश (1-5) : निम्नलिखित तालिका में छह शहरों A-F में कुल जनसंख्या, साक्षर पुरुषों और साक्षर और साक्षर स्त्रियों का वितरण प्रतिशत (%) दर्शाया गया है। सभी छह शहरों में मिलाकर कुल जनसंख्या, साक्षर पुरुषों की संख्या और साक्षर स्त्रियों की संख्या क्रमशः 1.5 करोड़, 40 लाख और 25 लाख है। कुल जनसंख्या में पुरुषों और स्त्रियों का अनुपात 8:7 है। तालिका में डाटा के आधार पर प्रश्न 1-5 के उत्तर दीजिए :

City – wise Distribution of Population
जनसंख्या का शहर-वार वितरण

City शहर	(%)Population (out of 1.5 crore) (%) जनसंख्या (1.5 करोड़ में से)	(%) Literate Males (out of 40 lakh) (%) साक्षर पुरूष (40 लाख में से)	(%) Literate Females (out of 25 lakh) (%) साक्षर स्त्रियाँ (25 लाख में से)
A	16%	18%	24%
B	18%	12%	18%
C	21%	20%	12%
D	15%	16%	16%
E	20%	19%	20%
F	10%	15%	10%

1. The illiterate population of City A is
शहर A की निरक्षर जनसंख्या कितनी है?

(a) 10.8 lakh/10.8 लाख
(b) 14.2 lakh/14.2 लाख
(c) 16.8 lakh/16.8 लाख
(d) 18 lakh/18 लाख

Ans. (a) : शहर A में पुरूष एवं स्त्री की कुल जनसंख्या

$= 1.5 \times \frac{16}{100} = 0.24$ करोड़ या 24 लाख

शहर A में साक्षर पुरूषों की संख्या $= 40 \times \frac{18}{100} = 7.2$ लाख

शहर A में साक्षर स्त्रियों की संख्या $= 25 \times \frac{24}{100} = 6$ लाख

शहर A में कुल साक्षरों की संख्या = (7.2 + 6) लाख = 13.2 लाख

अतः शहर A की निरक्षर जनसंख्या = 24 लाख - 13.2 लाख = 10.8 लाख

2. Literate population of City E is ______% of the population of E./शहर E की साक्षर जनसंख्या शहर E की जनसंख्या का कितने प्रतिशत है?

(a) 40 (b) 64
(c) 26 (d) 42

Ans. (d) :शहर E की कुल जनसंख्या $= 1.5 \times \frac{20}{100} = 0.3$ करोड़ = 30 लाख

शहर E की कुल साक्षर जनसंख्या = 40 × 19% + 25 × 20%

$= 40 \times \frac{19}{100} + 25 \times \frac{20}{100} = 12.6$ लाख

अभिष्ट प्रतिशत $= \frac{12.6}{30} \times 100 = \frac{126}{3} = 42\%$

3. Number of literate males of City D is ______ % more than the number of literate females of City D./शहर D की साक्षर स्त्रियों की संख्या से शहर D के साक्षर पुरुषों की संख्या कितने प्रतिशत अधिक है?

(a) 160 (b) 60
(c) 61.538 (d) 120

Ans. (b) : शहर D में साक्षर स्त्रियों संख्या = 25 × 16%

$= 25 \times \frac{16}{100} = 4$ लाख

शहर D में साक्षर पुरूषों की संख्या = 40 × 16%

$= 40 \times \frac{16}{100} = 6.4$ लाख

अभिष्ट प्रतिशत $= \frac{6.4 - 4}{4} \times 100 = \frac{2.4}{4} \times 100 = 60\%$

4. The difference between the illiterate population and the literate population of City C is
शहर C की निरक्षर जनसंख्या और साक्षर जनसंख्या के बीच कितना अंतर है?

(a) 8.5 lakh/8.5 लाख (b) 9.5 lakh/9.5 लाख
(c) 10.5 lakh/10.5 लाख (d) 20.5 lakh/20.5 लाख

Ans. (b) : शहर C की कुल जनसंख्या = 1.5 × 21% = 31.5लाख

शहर C की कुल साक्षर जनसंख्या = 40 × 20% + 25 × 12%

$= 40 \times \frac{20}{100} + 25 \times \frac{12}{100}$

= 8 + 3 = 11 लाख

∴ शहर C में निरक्षर जनसंख्या = 31.5 – 11 = 20.5 लाख

अतः शहर C की निरक्षर एवं साक्षर जनसंख्या के बीच अंतर = 20.5 - 11 = 9.5 लाख

5. Number of literate males of City E as a percentage of number of literate females of city F is/शहर E के साक्षर पुरुषों की संख्या शहर F की साक्षर स्त्रियों की संख्या का कितने प्रतिशत है?

(a) 240% (b) 118%
(c) 304% (d) 82.89%

Ans. (c) : शहर E को साक्षर पुरूषों संख्या = 40 × 19%

$= 40 \times \frac{19}{100} = 7.6$ लाख

शहर F की साक्षर स्त्रियों की संख्या = 25 × 10%

$= 25 \times \frac{10}{100} = = 2.5$ लाख

अभिष्ट प्रतिशत $= \frac{7.6}{2.5} \times 100 = 76 \times 4 = 304\%$

6. Indian National Ambient Air Quality standards stipulate the maximum permissible limit of annual mean concentration of PM_{25} to be
भारतीय राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों के अनुसार पी.एम$_{25}$ की वार्षिक माध्य संकेंद्रण की अधिकतम अनुमान्य सीमा है–

(a) 60 $\mu g/m^3$ (b) 45 $\mu g/m^3$
(c) 40 $\mu g/m^3$ (d) 25 $\mu g/m^3$

Ans. (c) : भारत में राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों को पहली बार 1994 में पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के तहत अधिसूचित किया गया था। इन मानकों को 16 दिसम्बर, 1986 के तहत अधिसूचित किया गया था। इन मानको को 16 दिसम्बर, 2009 को अधिक कठिन वायु गुणवत्ता मानकों को अधिसूचित करके संशोधित किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय परिवेशी गुणवत्ता मानकों के अनुसार पी एम 2.5 की वार्षिक माध्य संकेंद्रण की अधिकतम अनुमान्य सीमा 40 $\mu g/m^3$ है।

7. The proposition 'all things are non enternal, because they are knowable' is fallacious because
तर्कवाक्य 'सभी वस्तुएं गैर-शाश्वत हैं, क्योंकि वे ज्ञेय है दोषपूर्ण है क्योंकि–

(a) The middle term is non-exclusive
मध्यम पद गैर-अनन्य है।
(b) The middle term is too narrow
मध्यम पद अति संकीर्ण है।
(c) The middle term is too wide
मध्यम पद अतिव्यापक है।
(d) The middle term is non-exclusive
मध्यम पद गैर-अनन्य है।

Ans. (a) : तर्कवाक्य 'सभी वस्तुएं गैर-शाश्वत हैं, क्योंकि वे ज्ञेय है' दोषपूर्ण है क्योंकि इस तर्कवाक्य में मध्यम पद गैर-अनन्य है।

8. Which of the following universities have been recognised as Institutes of Eminence?
निम्नलिखित में से किन विश्वविद्यालयों को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में मान्यता दी गई है

(A) Banaras Hindu University
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय
(B) Amerita Vishwa Vidya Peetham
अमृता विश्वविद्यालय
(C) Calcutta University/कलकत्ता विश्वविद्यालय
(D) Cental University of Hyderabad
सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद
(E) Jawaharlal Nehru University
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

Choose the most appropritae answer from the options given below:
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए–

(a) A, B and E Only/केवल A, B और E
(b) A, B and D Only/केवल A, B और D
(c) C, D and E Only/केवल A, B, C और D
(d) A, B, C and D Only/केवल A, B और E

Ans. (b) : इंस्टीट्यूट ऑफ एमिसेंस उच्च शिक्षा संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू. जी. सी.) द्वारा शुरू की गई एक मान्यता प्राप्त योजना है। इसका उद्देश्य उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षण और शोध संस्थान बनने में मदद करना है। उपरोक्त में से निम्न विश्वविद्यालयों को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में मान्यता दी गई है :
(A) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय
(B) अमृता विश्वविद्यालय
(D) सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद

9. Which of the following propostition is contrary to the proposition 'All women are honest'?
निम्नलिखित कौन-सा तर्कवाक्य ''सभी महिलाएं ईमानदार हैं'' तर्कवाक्य के विपरीत है?

(a) Some women are not honest
कुछ महिलाएं ईमानदार नहीं होती हैं।
(b) No women are honest
कोई भी महिला ईमानदार नहीं होती है।
(c) Some women are not dishonest
कुछ महिलाएं बेईमान नहीं होती हैं।
(d) No women are dishonest
कोई महिला बेईमान नहीं होती है।

Ans. (b) :

∵ आरेख से हमें सभी महिलाएं ईमानदार हैं का ज्ञात होता है जब की इसका तर्कवाक्य के विपरीत वाक्य कोई महिला ईमानदार नहीं होती है।

10. Which of the following recognised for the first time that the government should give 'frank and cordial support' to female education and take effective measures for its expansion?

निम्नलिखित में से किसने पहली बार यह माना था कि सरकार द्वारा महिला शिक्षा को 'स्पष्ट एवं हार्दिक समर्थन' देना चाहिए और वह इसके विस्तार के लिए प्रभावी उपाय करे?

(a) Womens Indian Association
वुमेन्स इंडियन एसोसिएशन
(b) All India Womens Conference
ऑल इंडिया वुमेन्स कॉन्फ्रेंस
(c) The Woods Despatch/द वुड्स डिस्पैच
(d) National Council of Women
नेशनल काउंसिल ऑफ वुमेन

Ans. (c) : सर चार्ल्स वुड ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के "बोर्ड ऑफ कन्ट्रोल" के अध्यक्ष थे। वुड ने भारत की भावी शिक्षा हेतु एक योजना बनाई तथा भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी को 1854 में अपना सुझाव-पत्र भेजा, जिसे 'वुड का घोषणापत्र' या 'वुड डिस्पैच' कहा गया। इसे भरतीय शिक्षा का मैग्नाकार्टा कहा गया। इसके निम्न सिफारिशें थी:

- सरकार से कहा गया कि वह जनसाधारण की शिक्षा का उत्तरदायित्व स्वयं वहन करे।
- उच्च शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी तथा स्कूली स्तर की शिक्षा का माध्यम देशी भाषा होना चाहिए।
- प्रत्येक प्रांत मे एक 'लोक शिक्षा विभाग' की स्थापना की जाये।
- सरकार द्वारा महिला शिक्षा को 'स्पष्ट एवं हार्दिक समर्थन' देना तथा व्यावसायिक शिक्षा पर बल दिया जाये

11. Find the number that must be added to the terms of the ratio 13:25 to make it equal to 7:10.
वह संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 13:25 के अनुपात को 7:10 के बराबर करने के लिए जोड़ना होगा?

(a) 8 (b) 11
(c) 15 (d) 13

Ans. (c) : माना वह संख्या x है
प्रश्नानुसार,

$\therefore \quad \frac{13+x}{25+x} = \frac{7}{10}$

$\Rightarrow \quad 130 + 10x = 175 \times 7x$

$3x = 45$

$x = 15$

12. Given below are two statements: One is labelled as Assertion A and the other is labelled as Reason R.
Assertion (A) : Large scale dams also cause the Green House Gas Emissions.
Reason (R) : When submerged vegetation decays, it produces carbon dioxide which is a green house gas.
In the light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below :
नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन (A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (R) के रूप में :
अभिकथन (A) : विशाल बाँध ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के भी कारक हो सकते हैं।
कारण (R) : जब जल निमग्न वनस्पति का क्षय होता है तब कार्बन डाई ऑक्साइड उत्पन्न होती है जो कि एक ग्रीनहाउस गैस है।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is NOT the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is not false but (R) is true
(A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है
(d) (A) is not false but (R) is true
(A) सही है लेकिन (R) सही है

Ans. (*) : नोट : इस प्रश्न का सही विकल्प प्रदान नहीं किये जाने के कारण NTA ने प्रश्न को ड्राप कर दिया है (मूल्यांकन से बाहर रखा है)।

13. In communication, channel richness is highest in the case of/संप्रेषण में, चैनल प्रचुरता निम्न में से किसमें सर्वाधिक है?

(a) Television/टेलीविजन
(b) Newspapers/समाचार पत्र
(c) Face-to-face conversation
आमने-सामने का वार्तालाप
(d) Formal reports/औपचारिक प्रतिवेदन

Ans. (c) : संप्रेषण में आमने सामने के वार्तालाप में चैनल प्रचुरता सर्वाधिक है। आमने सामने का संचार वार्तालाप दूसरे पक्ष या दल को देखने का अवसर प्रदान करता है। यह सूचनाओं के बेहतर आदान प्रदान की अनुमति देता है क्योंकि वक्ता और श्रोता दोनों ही शरीर की भाषा और चेहरे के भावों का देखने और व्याख्या करने में सक्षम होते हैं।

14. Given below are two statements:
Statement I : Bioconcentration in humans can occur due to consumption of fish.
Statement II : Bioconcentration is the tendency of hazardous substances to accumulate in human tissues
In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
नीचे दो कथन दिए गए हैं :
कथन I : मनुष्यों में मछली के उपभोग के कारण जैव-सान्द्रण हो सकता है।
कथन II : जैव-सान्द्रण हानिकारक पदार्थों के मानव ऊतकों में एकत्रित होने की प्रवृत्ति है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) Both statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सत्य हैं
(b) Both statement I and statement II are false
कथन I और कथन II दोनों असत्य है
(c) Statement I is true but statement II is false
कथन I सत्य है, लेकिन कथन II असत्य है
(d) Statement I is false but statement II is true
कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है

Ans. (d) : कथन I : मनुष्यों में मछली के उपभोग के कारण जैव-सान्द्रण हो सकता है। यह कथन असत्य है।
कथन II : जैव-सान्द्रण हानिकारक पदार्थों की मानव ऊतकों में एकत्रित होने की प्रवृत्ति है। यह कथन सत्य है। जैव सान्द्रण किसी जीव में किसी पदार्थ का पूरी तरह से जलीय परिस्थितिक तंत्र में पानी से या स्थलीय में हवा से श्वसन द्वारा सेवन और प्रतिधारण है। अतः कथन I असत्य है तथा कथन II सत्य है।

15. The acts of incorporation passed in 1857 provided for the establishment of universities of Calcutta. Bombay and Madras on the model of:
1857 में पारित समावेशन अधिनियम में किस विश्वविद्यालय के प्रतिरूप पर आधारित कलकत्ता, बंबई और मद्रास के विश्वविद्यालयों की स्थापना का प्रावधान किया गया था।

(a) Cambridge University/कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी
(b) University of Harvard/यूनिवर्सिटी ऑफ हार्वर्ड
(c) Oxford University/ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी
(d) University of London/लंदन यूनिवर्सिटी

Ans. (d) : 1857 में पारित समावेशन अधिनियम में लंदन विश्वविद्यालय के तर्ज पर आधारित कलकत्ता, बंबई और मद्रास विश्वविद्यालयों की स्थापना का प्रावधान किया गया था। ज्ञातव्य है कि कलकत्ता, बॉम्बे और मद्रास विश्वविद्यालयों की स्थापना चार्ल्स वुड के डिस्पैच (1854) द्वारा वर्ष 1857 में की गई थी। भारत में शिक्षा के प्रसार पर इसका उत्कृष्ट प्रभाव होने के कारण इसे भारतीय शिक्षा का मैग्नाकार्टा कहा जाता है। सर्वप्रथम वुड के डिस्पैच ने ही महिला शिक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा पर बल दिया।

16. Given below are two statements:
Statement I : Language and other symbolic means of communication are surely social products.
Statement I : Communication media always provide the feel good factor to their users
In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
नीचे दो कथन दिए गए हैं :
कथन I : संप्रेषण के भाषायी और अन्य प्रतीकात्मक साधन, निश्चित तौर पर सामाजिक उत्पाद हैं।
कथन II : संप्रेषण मीडिया सदैव अपने प्रयोक्ताओं हेतु सुखद-अनुभूति-कारक प्रदायक होता है।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) Both statement I and statement II are true
कथन I और II दोनों सत्य हैं
(b) Both statement I and statement II are false
कथन I और II दोनों असत्य हैं
(c) Statement I is true but statement II is false
कथन I सत्य हैं, लेकिन कथन II असत्य हैं
(d) Statement I is false but statement II is true
कथन I असत्य हैं, लेकिन कथन II सत्य हैं

Ans. (c) : कथन I : संप्रेषण के भाषायी और अन्य प्रतीकात्मक साधन, निश्चित तौर पर सामाजिक उत्पाद हैं। यह कथन सत्य है।
कथन II : संप्रेषण मीडिया सदैव अपने प्रयोक्ताओं हेतु सुखद-अनुभूति-कारक प्रदायक होता है। यह कथन असत्य है क्योंकि संप्रेषण मीडिया सदैव अपने प्रयोक्ताओं को सुखद अनुभूति प्रदायक नहीं होता, कभी-कभी अप्रिय घटना पर जो अनुभूति संप्रेषण मीडिया प्रदान करता है वो सुखद नहीं होता।

17. Which informal logical fallacy is committed in the following argument – 'No one has shown that aliens did not create the crop circles. So the crop circles must have been made by the aliens?
निम्नलिखित तर्क में कौन-सा अनाकारिक तर्क दोष है– 'किसी ने यह प्रदर्शित नहीं किया है कि परग्रही (एलिएन्स) ने फसल वृत्तों को नहीं बनाया है। इसलिए फसल वृत्त अवश्य रूप से परग्रहीयों (एलिएन्स) द्वारा बनाए गये हैं।'

(a) Begging the question/आत्माश्रय दोष
(b) Appeal to Ignorance/अज्ञान हेतु आग्रह
(c) Fallacy of accident/उपलक्षण दोष
(d) Appeal to authority/प्राधिकार हेतु आग्रह

Ans. (c) : 'किसी ने यह प्रदर्शित नहीं किया है कि परग्रही (एलिएन्स) ने फसल वृत्तों को नहीं बनाया है। इसलिए फसल वृत्त अवश्य रूप से परग्रहीयों (एलिएन्स) द्वारा बनाए गये हैं।' इस तर्क में अज्ञान हेतु आग्रह प्रकार की अनाकारिक तर्कदोष है। यह हमारा निष्कर्ष सत्य होना चाहिए, क्योंकि इसके खिलाफ कोई प्रमाण नहीं है।

18. Previous National Education Policy on Education-1986 was modified in the year.
शिक्षा पर पिछली राष्ट्रीय शिक्षा नीति-1986 को किस वर्ष में संशोधित किया गया था?

(a) 1990 (b) 1992
(c) 1987 (d) 1996

Ans. (b) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सुधार का एक बड़ा कदम था। इसकी योजनाओं को विकास रूप इंदिरा गाँधी ने दिया। इन्दिरा गाँधी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति की योजना बनाई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुसार सभी को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने की बात कही गयी। शिक्षा प्राप्त करने का माध्यम मातृ भाषा और क्षेत्रीय भाषा को बनाया गया। समय-समय के साथ इसमें संशोधन भी किया गया। शिक्षा पर पिछली शिक्षा नीति 1986 को वर्ष 1992 में संशोधित किया गया।

19. **Which of the following is a semantic barrier?**
निम्नलिखित में से कौन-सी एक शब्दार्थ बाधा है?

(a) Blurred image on television
टेलीविजन पर धुंधला चित्र

(b) Unclear printing in newspapers
समाचार पत्र में अस्पष्ट छपाई करना

(c) Static broadcasting/गतिहीन प्रसारण

(d) Redundancy in writing/लिखावट में व्यतिरिक्तता

Ans. (d) : शब्दार्थ बाधा (सिमेंटिक बैरियर) शब्दों के विभिन्न अर्थों और संचरण में उपयोग किए जाने वाले अन्य प्रतीकों के कारण उत्पन्न होन वाले प्रेषक और रिसीवर के मध्य गलतफहमी को संदर्भित करता है। शब्दार्थ बाधाएँ आमतौर पर तब उत्पन्न होती हैं जब जानकारी सरल भाषा में नहीं होती है। और इसमें वे शब्द या प्रतीक होते हैं। जिनके कई अर्थ होते हैं। मुख्य शब्दार्थ बाधाएँ निम्न हैं-

- प्रतीक या अलग-अलग अर्थ वाले शब्द
- दोषपूर्ण अनुवाद
- लिखावट में व्यतिरिक्त
- अस्पष्ट धारणाएँ
- निरूपण और अर्थ

20. **In the context of curriculum, which of the following are correct?/पाठ्यचर्या के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-कौन सही है?**

(A) Curriculum should be modified regularly/ पाठ्यचर्या को नियमित रूप से संशोधित किया जाना चाहिए।

(B) Curriculum should have theoretical concepts only/पाठ्यचर्या में केवल सैद्धांतिक संकल्पनाएं ही होनी चाहिए।

(C) Curriculum should be derived from constitutional imperatives of the country/पाठ्यचर्या को देश की संवैधानिक अनिवार्यताओं से निगमित किया जाना चाहिए।

(D) Curriculum should be made as per needs of industry & society/पाठ्यचर्या को उद्योग व समाज की आवश्यकताओं के अनुसार बनाया जाना चाहिए।

(E) Curriculum should be teacher-centric/पाठ्यचर्या शिक्षक-केन्द्रित होनी चाहिए।

Choose the correct answer from the options given below:/दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) A, D and E Only/केवल A, D और E

(b) C and D Only/केवल C और D

(c) A, C and D Only/केवल A, C और D

(d) A, B, C and D/A, B, C और D

Ans. (c) : पाठ्यचर्या शब्द दो शब्दो से मिलकर बना है-पाठ्य एवं चर्या। पाठ्य का अर्थ है- पढ़ने अथवा पढ़ाने योग्य और चर्या का अर्थ है' नियम पूर्वक अनुसरण। इस प्रकार पाठ्यचर्या का अर्थ हुआ पढ़ने योग्य (सीखने योग्य) अथवा पढ़ाने योग्य (सिखाने योग्य) विषय वस्तु और क्रियाओ का नियमपूर्वक अनुसरण। पाठ्यचर्या के संदर्भ में निम्न कथन सही है:

- पाठ्यचर्या को नियमित रूप से संशोधित किया जाना चाहिए।
- पाठ्यचर्या को देश की संवैधानिक अनिवार्यताओं से निगमित किया जाना चाहिए।
- पाठ्यचर्या को उद्योग व समाज की आवश्यकताओं के अनुसार बनाया जाना चाहिए।

21. **Given below are two statements:**
Statement I : The concept of cyber technology is described as a wide range of networked communication devices.
Statement II : Many sociologists are concerned with people becoming too dependent on technology.
In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
नीचे दो कथन दिए गए हैं:
कथन I : साइबर प्रौद्योगिकी की संकल्पना का संचार उपकरणों के नेटवर्क की एक व्यापक रेंज के रूप में वर्णन किया जाता है।
कथन II : अनेक समाज शास्त्री लोगों के प्रौद्योगिकी पर अत्यधिक निर्भर हो जाने को लेकर चिंतित हैं।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) Both statement I and statement II are true
कथन I और II दोनों सत्य हैं

(b) Both statement I and statement II are false
कथन I और II दोनों असत्य हैं

(c) Statement I is true but statement II is false
कथन I सत्य हैं, लेकिन कथन II असत्य हैं

(d) Statement I is false but statement II is true
कथन I असत्य हैं, लेकिन कथन II सत्य हैं

Ans. (a) : कथन I : साइबर प्रौद्योगिकी की संकल्पना का संचार उपकरणों के नेटवर्क की एक व्यापक रेंज के रूप में वर्णन किया जाता है। यह कथन सत्य है।

कथन II : अनेक समाज शास्त्री लोगों के प्रौद्योगिकी पर अत्यधिक निर्भर हो जाने को लेकर चिंतित हैं। यह कथन भी सत्य है। वर्तमान समय में मनुष्य को अधिकांश कार्यवाई या कार्य प्रणालियों में साइबर प्रौद्योगिकी का प्रयोग हो रहा है जिससे लोगो की साइबर प्रौद्योगिकी पर निर्भरता चिंता का विषय हो गया है।

22. **Which of the following are unethical in the context of research?/शोध के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-कौन अनैतिक हैं?**

(A) Seeking informed consent of respondents
उत्तरदाताओं की संसूचित सहमति प्राप्त करना

(B) Offering incentives to respondents
उत्तरदाताओं को प्रोत्साहन का प्रस्ताव रखना

(C) Coercing respondents for sensitive personal information / उत्तरदाताओं से संवेदनशील वैयक्तिक सूचना के लिए दबाव डालना

(D) **Hiding the research purpose from respondents**
उत्तरदाताओं से शोध प्रयोजन छिपाना

(E) **Maintaining confidentiality**
गोपनीयता बना कर रखना

Choose the correct answer from the options given below:/दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) A, B, C Only/केवल A, B, C
(b) B, C, D Only/केवल B, C, D
(c) C, D, E Only/केवल C, D, E
(d) A, B, D Only/केवल A, B, D

Ans. (b) : शोध के संदर्भ में निम्नलिखित बिन्दु अनैतिक हैं:
- उत्तरदाताओं को प्रोत्साहन का प्रस्ताव रखना
- उत्तरदाताओं से संवेदनशील वैयक्तिक सूचना के लिए दबाव डालना
- उत्तरदाताओं से शोध प्रयोजन छिपाना
- दोहरा प्रकाशन
- गढ़े हुए डेटा और मिथ्याकरण करना
- साहित्यिक चोरी
- सर्वाधिकार उल्लंघन

23. When a research study is conducted to know about an unknown area and collect information, it is known as/जब किसी अज्ञात क्षेत्र के संबंध में जानने और सूचना एकत्र करने के लिए शोध अध्ययन संचालित किया जाता है, तो उसे निम्न में से किस रूप में जाना जाता है?

(a) Pilot Study/मार्गदर्शी अध्ययन
(b) Feasibility study/व्यवहार्यता अध्ययन
(c) Explanatory research/व्याख्यात्मक शोध
(d) Exploratory research/गवेषणात्मक शोध

Ans. (d) : जब किसी अज्ञात क्षेत्र के संबंध में जानने और सूचना एकत्र करने के लिए शोध अध्ययन संचालित किया जाता है, तो उसे गवेषणात्मक शोध के रूप मे जाना जाता है। गवेषणात्मक शोध एक कार्यप्रणाली दृष्टिकोण है जिसका कार्य उन शोध प्रश्नों की जाँच करना है जिनका पहले गहराई से अध्ययन नहीं किया गया है। गवेषणात्मक अनुसंधान प्रकृति में गुणात्मक होता है।

24. To receive email, you need an email provider, a connection to your provider and an email application. If your Internet Service Provider (ISP) has a POP sever, you have a wide choice of email applications.
What does the acronym POP stand for?
ई मेल प्राप्त करने के लिए आपको ई मेल प्रदाता, अपने प्रदाता के साथ एक कनेक्शन और एक ई मेल एप्लीकेशन की आवश्यकता है। यदि आपके इंटरनेट सेवा प्रदाता (आई.एस.पी.) के पास पीओपी सर्वर है तो आपके पास ईमेल एप्लीकेशन के व्यापक विकल्प हैं। संक्षिप्त नाम पीओपी का पूर्ण रूप क्या है?

(a) Page Overlay Protocol/पेज ओवरले प्रोटोकाल
(b) Post Office Protocol/पोस्ट ऑफिस प्रोटोकाल
(c) Power Outage Protocol/पावर आउटेज प्रोटोकाल
(d) Postal off Protocol/पोस्टल ऑफ प्रोटोकाल

Ans. (b) : Full form of POP (Post Office Protocol)
ई-मेल प्राप्त करने के लिए आपको ई-मेल प्रदाता, अपने प्रदाता के साथ एक कनेक्शन और एक ई-मेल एप्लीकेशन की आवश्यकता है। यदि आपके इंटरनेट सेवा प्रदाता (आई.एस.पी.) के पास पीओपी सर्वर है तो आपके पास ईमेल एप्लीकेशन के व्यापक विकल्प हैं। यदि इंटरनेट पर एक कम्प्यूटर से मेल आ रहा है और हमें उसे प्राप्त करने के लिए हम अपनी ईमेल पर लॉगिन नहीं है तो यह मेल pop सर्वर पर रहेगा जैसे ही हम इंटरनेट पर अपनी इमेल लॉगिन करेंगे तो यह POP हमारे ईमेल बॉक्स में आ जायेगा और हमें ईमेल प्राप्त हो जायेगा।

25. Identity the correct sequence of the following elements in the mass communication process.
जन-संप्रेषण प्रक्रिया में निम्नलिखित तत्वों के सही अनुक्रम को बताइए–

(A) Selective exposure/चयनित उद्भासन
(B) Selective attention/चयनित अवधान
(C) Cognitive dissonance/संज्ञानात्मक विसंगति
(D) Congruent information/सर्वांगसम सूचना
(E) Confirmation of bias/पूर्वाग्रह की पुष्टि

Choose the correct answer from the options given below:/दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) B, A, D, C, E
(b) A, E, C, B, D
(c) C, D, E, B, A
(d) E, C, A, B, D

Ans. (b): जन-संप्रेषण प्रक्रिया में तत्वों के सही अनुक्रम निम्नवत है:
(A) चयनित उद्भासन
(E) पूर्वाग्रह की पुष्टि
(C) संज्ञानात्मक विसंगति
(B) चयनित अवधान
(D) सर्वांगसम सूचना

26. A destructive computer program that masquerades as a useful application is called
ऐसे विध्वंसक कम्प्यूटर प्रोग्राम को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है जो एक उपयोगी अनुप्रयोग का स्वांग रचता है?

(a) Virus/वाइरस
(b) Worm/वोर्म
(c) Trojan/ट्रोजन
(d) Firmware/फर्म वेयर

Ans. (c) : ऐसे विध्वंसक कम्प्यूटर प्रोग्रॉम जो एक उपयोगी अनुप्रयोग का स्वांग रचता है उसे ट्रोजन कहा जाता है। ट्रोजन या ट्रोजन हॉर्स नाम एक कम्प्यूटर वायरस को दिया गया नाम है। यह एक प्रकार का कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर है जिसे नियमित सॉफ्टवेयर जैसे यूटीलिटीज, गेम्स और कभी-कभी एंटीवायरस प्रोग्रॉम के रूप में भी बताया जाता है। एक बार जब यह कम्प्यूटर पर संचालित होता है तो यह पृष्ठभूमि सिस्टम प्रक्रियाओं को समाप्त करने, हार्डड्राइव डेटा को हटाने और फाइल आवंटन प्रणाली को दूषित करने जैसी समस्याएँ को कारण बनता है।

27. The average weight of 30 persons is increased by 2 kg, when one of them whose weight is 40 kg, is replaced by a new person. What is the weight of the new person?

30 व्यक्तियों के औसत वजन में 2 किग्रा. की वृद्धि होती है, जब उनमें से एक जिसका वजन 40 किग्रा. है उसे किसी अन्य व्यक्ति से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। नए व्यक्ति का वजन क्या है?

(a) 98 kg/98 किग्रा.
(b) 100 kg/100 किग्रा.
(c) 102 kg/102 किग्रा.
(d) 95 kg/95 किग्रा.

Ans. (b) : माना 30 व्यक्तियों की औसत वजन = x
नये व्यक्ति का वजन = y
∴ प्रश्नानुसार,
$30x + y = (x + 2) \times 30 + 40$
$30x + y = 30x + 60 + 40$
$y = 100$ kg

28. In a certain coding scheme, 'UNIVERSITY' is coded as 'EIINRSTUVY'. How INSTITUTION shall be coded in the same coding scheme?

किसी निश्चित कूट योजना में 'UNIVERSITY' को 'EIINRSTUVY' के रूप में कूट बद्ध किया गया है। उसी समान कूट योजना में INSTITUTION किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

(a) IIINNOSTTTU (b) IININOSUTTT
(c) INIINOSTUTT (d) IINNIOSTTTU

Ans. (a) : जिस प्रकार
UNIVERSITY $\xrightarrow{\text{वर्णमाला क्रम}}$ EIINRSTUVY
उसी प्रकार,
INSTITUTION $\xrightarrow{\text{वर्णमाला क्रम}}$ IIINNOSTTTU

29. Find the next term in the series given below
नीचे दी गयी श्रृंखला में अगला पद ज्ञात कीजिए

5, 9, 14, 20, 27, 35, ?

(a) 62 (b) 70
(c) 44 (d) 42

Ans. (c) : प्रश्नगत श्रृंखला निम्न प्रकार है-

∴ ? = 44

30. What does the symbol (CC) signify?

प्रतीक (CC) निम्नलिखित में से किसकी ओर संकेत करता है?

(a) Copyrighted material/प्रतिलिप्याधिकार अधीन सामग्री
(b) Copyable material/प्रतिलिपि योग्य सामग्री
(c) Creative commons/क्रिएटिव कॉमन्स
(d) Copying commons/कॉपीइंग कॉमन्स

Ans. (c) : प्रतीक (CC) क्रिएटिव कॉमन्स की ओर संकेत करता है। क्रिएटिव के माध्यम से सृजनात्मक तथा ज्ञान को साझा करने तथा उपयोग में लाने को सक्षम बनाने के लिए की गयी थी। यह कापीराइट लाइसेंस के एक समुच्य का बना है जो बौद्धिक संपदा के हिस्सों के निर्माणकर्ताओं को मदद देता है कि वे पहुँच के शर्तो का वर्गीकरण कर सकें जिसके अनुरूप वे दूसरों को अपनी सामग्री के विषय में अनुमति दें।

31. The most important fallout of university reforms under whose leadership, was the rist official announcement of the future education policy of the Government of India to reduce the tension created among the educated Indians by the process of his university reforms?

निम्नलिखित में से किसके नेतृत्व के अंतर्गत विश्वविद्यालय सुधारों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिणाम भारत सरकार की भावी शिक्षा नीति की प्रथम आधिकारिक घोषणा था, जिसका उद्देश्य उसकी विश्वविद्यालय सुधारों की प्रक्रिया से शिक्षित भारतीयों में उत्पन्न हुए तनाव को घटाना था?

(a) Charles Wood/चार्ल्स वुड
(b) Hunter/हंटर
(c) Curzon/कर्जन
(d) Dalhousie/डलहौजी

Ans. (c) : लार्ड कर्जन के नेतृत्व के अंतर्गत विश्वविद्यालय सुधार के का सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिणाम भारत सरकार की भावी शिक्षा नीति का प्रथम आधिकारिक घोषणा था, जिसका उद्देश्य उसकी विश्वविद्यालय सुधारों की प्रक्रिया में शिक्षित भारतीयों में उत्पन्न हुए तनाव को घटाना था। 1902 ई में कर्जन ने सर टॉमस रों की अध्यक्षता में एक विश्वविद्यालय आयोग की स्थापना की। इस आयोग में सैय्यद हुसैन बिलग्रामी एवं जस्टिस गुरूदास बनर्जी भारतीय सदस्य के रूप में शामिल थे। इस आयोग का उद्देश्य विश्वविद्यालयीं की स्थिति की समीक्षा करना एवं उनके संविधान तथा कार्यक्षमता के बारे में सुझाव देना था।

32. Wind energy/पवन ऊर्जा

(a) is an intermittent energy
एक आंतरायिक ऊर्जा है।
(b) is extremely useful at remote and isolated places/दूरस्थ और एकाकी स्थानों में अत्यन्त उपयोगी है।
(c) does not depend upon weather
मौसम पर निर्भर नहीं करती है।
(d) is a clean energy/एक स्वच्छ ऊर्जा है।
(e) does not have any environmental impact at all/का पर्यावरणीय प्रभाव बिल्कुल नहीं है।

Choose the most appropriate answer from the options given below:/दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) A, B, C Only/केवल A, B, C
(b) A, B, D Only/केवल A, B, D
(c) B, C, D Only/केवल B, C, D
(d) C, D, E Only/केवल C, D, E

Ans. (b) : पवन ऊर्जा बहती हुई वायु से उत्पन्न की गई ऊर्जा को कहते हैं। यह एक नवीकरणीय एवं आंतरायिक ऊर्जा स्रोत है। यह दूरस्थ और एकाकी स्थानों में अत्यन्त उपयोगी है। यह एक स्वच्छ ऊर्जा होने के साथ-साथ एक आंतरायिक ऊर्जा है। इसकी प्रमुख विशेषतायें निम्न हैं:

- मुफ्त मे उपलब्ध है।
- इसका पर्यावरणीय प्रभाव बिल्कुल नहीं है।
- सस्ता एवं भरोसेमंद स्रोत है।
- पवन ऊर्जा उत्पादन में किसी तरह का प्रदूषण नहीं होता।

33. Which of the following are common criteria of tests?
(A) Administrative condition
(B) All questions of higher order thinking skills.
(C) Time limit
(D) Nature of questions
(E) Marks allocation
Choose the correct answer from the options given below:
निम्नलिखित में से परीक्षण के सामान्य मानदंड कौन-कौन से हैं?
(A) प्रशासनिक स्थिति
(B) उच्चकोटि चिंतन कौशल के सभी प्रश्न
(C) समय सीमा
(D) प्रश्नों की प्रकृति
(E) अंक आवंटन
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) A, C, D Only/केवल A, C, D
(b) B, C, D Only/केवल B, C, D
(c) B, C, D and E Only/केवल B, C, D और E
(d) A, C, D and E Only/केवल A, C, D और E

Ans. (d) परीक्षण वह प्रक्रिया है जो किसी समूह से संबंधित व्यक्ति की बुद्धि व्यक्ति अभिक्षमता एवं उपलब्धि को व्यक्त करती है। परीक्षण वह मौलिकीकृत परिस्थिति है, जिससे व्यक्ति का प्रतिदर्श व्यवहार निर्धारित होता है। परीक्षण के सामान्य मानदंड निम्न हैं:
(A) प्रशासनिक स्थिति
(C) समय-सीमा
(D) प्रश्नों की प्रकृति
(E) अंक आवंटन

34. Which of the following is a teacher-centred method?/निम्नलिखित में से कौन-सी एक शिक्षक-केन्द्रित विधि है?

(a) Problem solving/समस्या समाधान
(b) Discussion method/परिचर्चा विधि
(c) Inquiry approach/परिपृच्छा अभिगम
(d) Demonstration method/निदर्शन विधि

Ans. (d) : शिक्षण में इस बात पर विशेष रूप से बल दिया जाता है कि छात्र जो कुछ भी सीखे, वह प्रयोग के आधार पर सीखे। किसी भी अस्पष्ट बात को प्रदर्शन द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है। इस विधि में छात्र कानो से विषय के बारे में सुनते हैं तथा साथ ही साथ आँखों से देखते भी हैं। निदर्शन विधि व्याख्यान विध की कमी को पूरा करता है। यह एक शिक्षक के केन्द्रित विधि है। इस विधि में छात्र उत्साहित तथा सक्रिय होकर भाग लेते हैं। माध्यमिक स्तर तक के विज्ञान कक्षाओं के लिए विधि सर्वोत्तम है।

35. A sum of Rs. 16800 is divided into two parts. One part is lent at a simple rate of interest of 6% per annum and the other part at 8% per annum. After 2 years the total sum received is Rs. 19,000. Find the sum lent at the rate of 6% and 8% respectively./रुपए 16800 की राशि को दो भागों में बांटा जाता है। पहले भाग को 6% प्रतिवर्ष की साधारण ब्याज की दर पर उधार दिया जाता है और दूसरे भाग को 8% प्रतिवर्ष की दर पर उधार दिया जाता है। दो वर्ष बाद प्राप्त की गयी कुल राशि 19000 रुपया है। क्रमशः 6% और 8% की दर पर उधार दी गयी राशि को ज्ञात कीजिए?

(a) 12200, 4600 (b) 11000, 5800
(c) 12000, 4800 (d) 4800, 12000

Ans. (a) : माना 6% पर उधार दी गयी राशि = ₹. x
8% पर उधार दी गयी राशि = ₹. (16800 - x)
प्रश्नानुसार,

$$\frac{x \times 6 \times 2}{100} + \frac{(16800 - x) \times 8 \times 2}{100} = 19000 - 16800$$

$12x + 16800 \times 16 - 16x = 220000$
$4x = 268800 - 220000$
$4x = 48800$
$x = ₹\ 2200$

अतः 6% पर उधार दी गयी राशि = ₹ 12200
तथा 8% पर उधार दी गयी राशि = 16800 - 12200
= Rs. 4600

36. Consider the worksheet below:

	A	B	C	D	E	F
1	Data	Result				
2	-4					
3						
4						

If a user wants to do the following:
(i) Print "Within Budget" in cell B3 if the value in cell A2 is less than or equal to 100.
(ii) Print "Over Budget" in cell B3 if the value in cell A2 is greater than 100; then what formula would the user have to type in order to achieve the above stated goals?
निम्नलिखित कार्यपत्रक पर विचार कीजिए:
यदि कोई प्रयोक्ता निम्नलिखित करना चाहता है:
(i) यदि कोष्ठक A2 का मान 100 से कम अथवा बराबर है, तो कोष्ठक B3 में प्रिंट ''विदिन बजट''

(ii) यदि कोष्ठक A2 का मान 100 से अधिक है, तो कोष्ठक B3 में प्रिंट ''ओवर बजट'', तो उपर्युक्त लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयोक्ता को कौन सा सूत्र टाइप करना होगा?

(a) =IF (A2<100, "Within Budget", "Over Budget")
(b) =IF (A2<=100, "Over Budget", "Within Budget")
(c) =IF (A2<100, "Within Budget","Over Budget")
(d) =IF (A2<=100, "Within Budget", "Over Budget",)

Ans. (d) : The formula would the user have to type in order to achive the above stated goals is –
=IF (A2<=100, "Within Budget", "Over Budget",)

37. Which of the following are sustainable Development Goals (SDGs)?
(A) No poverty
(B) Zero hunger
(C) Employment to everyone
(D) Quality education
(E) Gender equality
Choose the correct answer from the options given below:
निम्नलिखित में से सतत विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) कौन से हैं?
(A) निर्धनता की समाप्ति
(B) भूख से मुक्ति
(C) सबके लिए रोजगार
(D) गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
(E) लिंग (जेंडर) समानता
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(a) A, B, C Only/केवल A, B, C
(b) A, B, C, D Only/केवल A, B, C, D
(c) A, B, D, E Only/केवल A, B, D, E
(d) C, D, E Only/केवल C, D, E

Ans. (c) : सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को वैश्विक लक्ष्यों के रूप में भी जाना जाता है। वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा गरीबी को समाप्त करने, ग्रह की रक्षा करने तथा वर्ष 2030 तक सभी की शांति एवं समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए इसे एक सार्वभौमिक आह्वान के रूप में अपनाया गया। सतत् विकास लक्ष्य संख्या मे 17 हैं।
1. गरीबी की समाप्ति
2. भूख से मुक्ति
3. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
4. स्वास्थ्य सुरक्षा
5. लिंग (जेंडर) समानता
6. बेहतर पोषण
7. देशों के बीच और भीतर असमानता को कम करना
8. सभी के लिए स्वच्छ जल
9. सभी के लिए निरंतर समोवशी और सतत् आर्थिक विकास
10. समावेशी और सतत् औद्योगीकरण को बढ़ावा
11. सुरक्षित और टिकाऊ शहर और मानव बस्तियों का निर्माण।
12. स्थायी खपत और उत्पादन पैटर्नों को सुनिश्चित करना।
13. जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों से निपटने के लिए कार्यवाई
14. समुद्र, महासागरों और समुद्री संसाधनों का संरक्षण
15. स्थलीय परिस्थितिकी प्रणालियों, सुरक्षित जगलों एंव जैव विविधता के को कायम रखना।
16. शांतिपूर्ण और समावेशी समितियों को बढ़ावा देना।
17. वैश्विक भागीदारी को पुनर्जीवित करने के अतिरिक्त कार्यान्वयन के साधनों को मजबूत बनाना।

38. Kinesics, when used, will communicate a person's
(A) Social status
(B) Level of involvement
(C) Emotional quotient
(D) Political mobility
(E) Language ambiguity
Choose the correct answer from the options given below:
अंगविक्षेपविज्ञान का उपयोग किसी व्यक्ति को यह संप्रेषित करेगा:
(A) सामाजिक प्रतिष्ठा
(B) सम्मिलित होने वाला स्तर
(C) भावात्मक लब्धि
(D) राजनीतिक गतिशीलता
(E) भाषायी अनेकार्थकता
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(a) A, B, C Only/केवल A, B, C
(b) B, C, D Only/केवल B, C, D
(c) D, C, E Only/केवल D, C, E
(d) A, D, E Only/केवल A, D, E

Ans. (a) : काइनेसिक्स या शारीरिक हाव-भाव अभिव्यंजक संचार है यह विभिन्न शारीरिक क्रियाओं के परिणामस्वरूप होता है, जैसे-मुद्राएँ, हाव-भाव, चेहरे के अलग-अलग भाव और पेशी। गैर-मौखिक संचार में शारीरिक भाषा की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि कभी-कभी यह शब्दों या मौखिक भाषा के विकल्प के रूप में कार्य करता है। कभी-कभी यह शब्दो के साथ उन्हें अधिक प्रभावी बनाने के लिए या इसे संशोधित करने के लिए हो सकता है। काइनेसिक्स या अंगविक्षेप विज्ञान का उपयोग किसी व्यक्ति को यह संप्रेषित करेगा:
(A) सामाजिक प्रतिष्ठा
(B) सम्मिलित होने वाला स्तर
(C) भावात्मक लब्धि

39. A true zero point is the feature of/एक वास्तविक शून्य बिन्दु निम्नलिखित में से किसका लक्षण है?
(a) Nominal scale/नामिक स्केल
(b) Ratio scale/अनुपात स्केल
(c) Interval scale/अंतराल स्केल
(d) Ordinal scale/क्रमसूचक स्केल

Ans. (b) : अनुपात पैमाना एक मात्रात्मक पैमाना है जहाँ पड़ोसी बिन्दुओ के बीच एक वास्तविक शून्य और समान अंतराल होता है। अंतराल पैमाने के विपारीत, अनुपात पैमाने पर शून्य का मतलब है कि हमारे द्वारा मापे जा रहे चर की कुल अनुपस्थिति निश्चित है। एक वास्तविक शून्य बिन्दु अनुपात स्केल का लक्षण है। लम्बाई, क्षेत्रफल और जनसंख्या अनुपात पैमानों के उदाहरण हैं।

40. Which of the following are similarity elements in both qualitative research?
(A) Answering research questions
(B) preference to macro data
(C) Do not suffer from issues of error
(D) Importance to transparency
(E) Exploration of variation
Choose the correct answer from the options given below:
गुणात्मक और मात्रात्मक शोध दोनों में कौन-से समान तत्व हैं?
(A) शोध प्रश्नों के उत्तर देना
(B) स्थूल डाटा को वरीयता
(C) त्रुटि के मामलों से ग्रस्त नहीं है
(D) पारदर्शिता को महत्व
(E) वैभिन्नय की गवेषणा
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चयन कीजिए:

(a) A, B, C Only/केवल A, B, C
(b) B, C, D Only/केवल B, C, D
(c) A, D, E Only/केवल A, D, E
(d) A, B, E Only/केवल A, B, E

Ans. (c) : गुणात्मक अनुसंधान गहनतापूर्वक किया जाने वाला एक ऐसा व्यवस्थित प्रक्रियाओ वाला अनुसंधान है जिसमें गुणात्क प्रदत्त संकलन की विधियों का प्रयोग कर परिकल्पानात्क निष्कर्षों को मात्रात्मक गुणात्मक रूप से प्राप्त किया जाता है।
मात्रात्मक अनुसंधान यह मात्रात्मक, परिमाणात्क अथवा सांख्यिकीय सूचनाओं पर आधारित होता है। इसके तहत प्रयुक्त प्रविधियों व तकनीकों में सर्वेक्षण, संरचित साक्षात्कार, अवलोकल रिपोर्ट आदि के आधार पर अध्ययन किया जाता है। गुणात्क और मात्रात्मक शोध में निम्न तत्व समान है:
शोध प्रश्नो के उत्तर देना
पारदर्शिता को महत्व
वैभिन्नय की गवेषणा

41. Given below are two statements:
Statement I : Triangulation is described as that of researchers taking different perspectives in answering research questions.
Statements II : Triangulation is expected to produce knowledge from different insights to promote quality research.
In the light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below:
नीचे दो कथन दिए गए हैं :
कथन I : त्रिभुजीकरण को शोध प्रश्नों के उत्तर देने में शोधकर्ताओं द्वारा भिन्न-भिन्न परिप्रेक्ष्य लेने के रूप में किया जाता है।
कथन II : त्रिभुजीकरण से अपेक्षा की जाती है कि इससे गुणवत्तापूर्ण शोध के संवर्धन के लिए विभिन्न अंतर्दृष्टियों से ज्ञान का सृजन होगा।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(a) Both statement I and statement II are correct
कथन I और II दोनों सही हैं
(b) Both statement I and statement II are incorrect/कथन I और II दोनों गलत हैं
(c) Statement I is correct but statement II is incorrect/कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है
(d) Statement I is incorrect but statement II is correct/कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है

Ans. (a) : कथन I : त्रिभुजीकरण को शोध प्रश्नों के उत्तर देने में शोधकर्ताओं द्वारा भिन्न-भिन्न परिप्रेक्ष्य लेने के रूप में किया जाता है। यह कथन सत्य है। त्रिभुजीकरण का अर्थ है शोध प्रश्न को सम्बोधित करने के लिए डेटासेट, विधियों, सिद्धांतो या जाँचकर्ताओं का उपयोग करना।
कथन II : त्रिभुजीकरण से अपेक्षा की जाती है कि इससे गुणवत्तापूर्ण शोध के संवर्धन के लिए विभिन्न अंतर्दृष्टियों से ज्ञान का सृजन होगा। यह कथन भी सही है। अतः दिए गए विकल्पों में (A) सबसे उपयुक्त उत्तर होगा।

42. Given below are two statements: One is labelled as Assertion A and the other is labelled as Reason R.
Assertion (A) : One of the objectives of higher education is to promote critical and creative thinking abilities in students.
Reasons (R) : Critical and creative thinking abilities are developed by rote learning.
In the light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below:
नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन (A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (R) के रूप में :
अभिकथन (A) : उच्च शिक्षा का एक उद्देश्य विद्यार्थियों में आलोचनात्मक व सृजनात्मक चिंतन की योग्यताओं का संवर्धन करना है।
कारण (R) : आलोचनात्मक व सृजनात्मक चिंतन योग्यताएं रटने के द्वारा विकसित होती है।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) Both (A) and (R) are correct but (R) is NOT the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(c) (A) is correct but (R) is not incorrect
(A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है

(d) (A) is not incorrect but (R) is correct
(A) सही नहीं है, लेकिन (R) सही है

Ans. (c) : अभिकथन (A): उच्च शिक्षा का एक उद्देश्य विद्यार्थियों में आलोचनात्मक व सृजनात्मक चिंतन की योग्यताओं का संवर्धन करना है। यह अभिकथन सत्य है।
कारण (R): आलोचनात्मक व सृजनात्मक चिंतन योग्यताएं रटने के द्वारा विकसित होती है। यह कथन गलत है क्योंकि आलोचनात्मक व सृजनात्मक चिंतन योग्यता कौशल को सीखने के अनुभवों के माध्यम से विकसित होती है, रटने से नहीं। अतः अभिकथन (A) सत्य है तथा कारण (R) असत्य है।

43. Given below are two statements:
Statement I : Aristotelian syllogism has three terms.
Statement II : Nyaya syllogism has five terms.
In the light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below:
नीचे दो कथन दिए गए हैं:
कथन I : अरस्तुवादी न्यायवाक्य में तीन पद होते हैं।
कथन II : नैयायिक न्यायवाक्य में पाँच पद होते हैं।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(a) Both statement I and statement II are correct
कथन I और II दोनों सही हैं

(b) Both statement I and statement II are correct
कथन I और II सही हैं

(c) Statement I is correct but statement II is correct/कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत हैं

(d) Statement I is incorrect but statement II is correct/कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही हैं

Ans. (b) : अरस्तुवादी न्यायाशास्त्र में तीन पद होते हैं। यही अरस्तु के निगमनात्मक अनुमान का उदाहरण है। इस उदारहण के निगमन की सत्यता आधार वाक्यों पर आधारित है। नैयायिक न्यायवाक्य में पाँच पद होते हैं जो प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनयन और निगमन है। अतः कथन I और II दोनों सत्य हैं।
नोट– यू.जी.सी. ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (I) माना है जो कि गलत है।

44. The Microsoft Office Powerpoint, there are two types of slide orientation that are supported. What are these orientation types?
माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पावरप्वाइंट में, दो प्रकार के स्लाइड अभिविन्यास समर्थित हैं। ये अभिविन्यास प्रकार कौन से हैं?

(a) Portrait and Landscape/रूप-चित्र और भूदृश्य
(b) Upright and Landscape/उदग्र और भूदृश्य
(c) Portrait and Facedown/रूप-चित्र और फेसडाऊन
(d) Landscape and Facedown/भूदृश्य और फेसडाऊन

Ans. (a) : ऑफिस या किसी अन्य कार्यालय में प्रेजेंटेशन बनाने के लिए (एम.एस.पावन प्वांइट) माइक्रोसॉफ्ट पावरप्वाइंट सबसे अच्छी प्रोग्राम अप्लीकेशन है। यह एक प्रेजेंटेशन प्रोग्राम है जिसे स्लाइड फॉर्मेट में तैयार किया जा सकता है। माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पावरप्वाइंट में, दो प्रकार के स्लाइड अभिविन्यास समर्थित हैं। ये अभिविन्यास प्रकार पोर्ट्रेट (रूपचित्र) तथा लैंडस्केप (भूदृश्य) है।

45. Which of the following forms of categorical is valid?
(A) Some S is not P
(B) Some S is P
(C) No S is P
(D) All S is P
Choose the correct answer from the options given below:
निरपेक्ष तर्कवाक्यों के निम्नलिखित प्रकारों में किसमें प्रतिवर्तन वैद्य है?
(A) कुछ S P नहीं हैं।
(B) कुछ S P हैं।
(C) कोई भी S P नहीं है।
(D) सभी S P है।
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) A, B and C Only/केवल A, B और C
(b) B, C and D Only/केवल B, C और D
(c) A, C and D Only/केवल A, C और D
(d) A, B, C, D

Ans. (*) : नोटः NTA ने इस प्रश्न को मूल्यांकन से बाहर रखा है।

Read the passage and answer questions from questions 46 to 50:

There is an new movement called libertarian paternalism which is not attractive. Both words are characterised by stereotypes from popular culture and politics that make them unappealing to many. Even worse, the concepts seem to be contradictory. If the terms are properly understood, both concepts reflect common sense. They are far more attractive together than alone. According to the libertarian strategy, pepole should be free to do what they like. It is also to opt out of undesirable arrangements, f they want to do so. The libertarian paternalists urge that people should be free to choose. Polices are designed to maintain or increase freedom of choice. The paternalistic aspect lies in the claim that it is legitimate for choice architects to try to influence people's behaviour. It is to make people's lives longer, healthier and better. Institutions in private sector and also the government should make conscious efforts to steer people's choices to improve their lives. A policy is paternalistic, if it tries to influence choices that make choosers better off, as judged by people themselves. It is a fact that individuals make often pretty bad decisions. These would not have been made, had they paid full attention and possessed complete information, unlimited

cognitive abilities and complete self-control. Libertarian paternalism, however, is a relatively weak, soft and non-intrusive type of paternalism, because it does not force people from taking bad decisions.

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और प्रश्न संख्या 46-50 के उत्तर दीजिए–

स्वेच्छातंत्रीय पितृसत्तावाद (लिबर्टेरियन पैटर्नलिज्म) एक नया आन्दोलन है जो बहुत आकर्षक नहीं है। दोनों शब्दों की अभिलाक्षणिकताएँ लोकप्रिय संस्कृति और राजनीति के रूढ़प्रारुपों से युक्त हैं जो उन्हें बहुत सारे लोगों के लिए अनाकर्षक बना देती हैं। इससे भी बुरी बात यह है कि ये धारणाएँ अन्तर्विरोधी प्रतीत होती हैं। यदि ये पारिभाषिक शब्द उचित ढंग से समझे जायें, तो दोनों धारणाएँ सामान्य-बोध को दर्शाती हैं। अकेले के बजाय दोनों संयुक्त रूप से कहीं अधिक आकर्षक हैं। स्वेच्छातंत्रीय रणनीति के अनुसार, लोग जो पसन्द करें वह करने के लिए वे स्वतंत्र होने चाहिए। यदि वे ऐसा करना चाहें तो यह अवांछनीय व्यवस्थाओं से बाहर रहने का चुनाव करना भी है। स्वेच्छातंत्रीय पितृसत्तावादी यह आग्रह करते हैं कि लोग चुनने के लिए स्वतंत्र होने चाहिए। नीतियाँ इस तरह अभिकल्पित की जाती हैं जिससे चयन की स्वतंत्रता या तो यथावत् रहे या उसमें वृद्धि हो। पितृसत्तावादी पक्ष इस दावे में निहित है कि लोगों का व्यवहार प्रभावित करने के लिए चयन रचनाकारों के प्रयास वैध हैं। इसका उद्देश्य लोगों का जीवन दीर्घतर, अधिक स्वस्थ और बेहतर बनाना है। निजी क्षेत्र में, और सरकारी क्षेत्र में भी, संस्थानों को लोगों का चयन संचालित करने के लिए सचेत प्रयास करने चाहिए ताकि लोगों का जीवन समुन्नत हो। कोई नीति पितृसत्तावादी है यदि वह लोगों के अपने निर्णय की दृष्टि में उनका जीवन समुन्नत बनाने के लिए चयनकर्ताओं के चयन को प्रभावित करने का प्रयास करती है। यह एक तथ्य है कि लोग प्रायः अत्यन्त बुरे निर्णय करते हैं। यदि लोग पूरा ध्यान देते, उनके पास सम्पूर्ण सूचनाएं होती, असीमित संज्ञानात्मक क्षमताएं होती और सम्पूर्ण आत्म-नियंत्रण होता, तो वे ऐसे निर्णय नहीं करते। फिर भी स्वेच्छातंत्रीय पितृसत्तावाद एक अपेक्षतया निर्बल, नरम और अंतर्वेधितारहित प्रकार का पितृसत्तावाद है क्योंकि यह लोगों को बुरे निर्णय लेने से नहीं रोकता है।

46. The focus of the passge is on
गद्यांश का केन्द्रीय विचार-बिन्दु निम्न है–

(a) The opposition to libertarian paternalism
स्वेच्छातंत्रीय पितृसत्तावाद का विरोध

(b) The unlimited cognitive abilities of individuals/लोगों की असीमित संज्ञानात्मक क्षमताएं

(c) The freedom of choices for a better society/एक बेहतर समाज के लिए चयन की स्वतंत्रता

(d) The need to ignore the defects of libertarian paternalism/स्वेच्छातंत्रीय पितृसत्तावाद की कमियों की उपेक्षा करने की आवश्यकता

Ans. (c) : गद्यांश का केन्द्रीय विचार-बिन्दु एक बेहतर समाज के लिए चयन की स्वतंत्रता है।

47. The libertarian paternalists seek policies aimed to/स्वेच्छातंत्रीय पितृसत्तावादी ऐसी नीतियाँ चाहते हैं जिनका लक्ष्य हो–

(a) Change the people's preferences
लोगों की प्राथमिकताओं में परिवर्तन

(b) Preserve the people's liverty of choice
लोगों की चयन की स्वतंत्रता का अभिरक्षण

(c) Burden the people with choices
लोगों पर चयन के विकल्पों का बोझ डालना

(d) Make the people's choices legitimate.
लोगों की चयन की स्वतंत्रता का अभिरक्षण

Ans. (b) : स्वेच्छातंत्रीय पितृसत्तावादी ऐसी नीतियाँ चाहते हैं जिनका लक्ष्य हो लोगो की चयन की स्वतन्त्रता का अभिरक्षण।

48. The libertarian strategy insists that people should opt for/स्वेच्छातंत्रीय रणनीति इस बात पर जोर देती है कि लोगों को निम्नलिखित को चुनना चाहिए–

(a) Freedom of choice/चयन की स्वतंत्रता

(b) Paternalistic support/पितृसत्तावादी समर्थन

(c) Even undesirable arrangements
अवांछनीय आयोजन भी

(d) Modification of their freedom
उनकी स्वतंत्रता में संशोधन

Ans. (a) : स्वेच्छातंत्रीय रणनीति इस बात पर जोर देती है कि लोगों को चयन की स्वतंत्रता को चुनना चाहिए।

49. The movement of libertarian paternalism is unattractive as it is a combination of/स्वेच्छातंत्रीय पितृसत्तावाद का आन्दोलन अनाकर्षक है क्योंकि यह निम्न का मिश्रण है–

(a) Common sense concepts/सामान्य-बोध की धारणाएं

(b) Dogmatic concepts/मताग्रही धारणाएं

(c) Contradictory concepts/अन्तरविरोधी धारणाएं

(d) Popular culture and politics
लोकप्रिय संस्कृति और राजनीति

Ans. (c) : स्वेच्छातंत्रीय पितृसत्तावाद का आन्दोलन अनाकर्षक है क्योंकि यह अन्तरविरोधी धारणाओं का मिश्रण है।

50. The government and private institutions should make efforts to/सरकारी और निजी संस्थानों को निम्नलिखित के लिए प्रयास करना चाहिए–

(a) Prevent people from taking bad decisions
लोगों को बुरे फैसले लेने से रोकना

(b) Allow people to go their own way
लोगों को उनके अपने रास्ते पर चलने देने की अनुमति देना

(c) Make people judge themselves
लोगों को अपने बारे में स्वयं निर्णय करने देना

(d) Steer people's choices for improving their lives/उनका जीवन समुन्नत बनाने के लिए लोगों के चयनों को संचालित करना

Ans. (d) : सरकारी और निजी संस्थानों को उनका जीवन समुन्नत बनाने के लिए लोगो के चयन को संचालित करने का प्रयास करना चाहिए।

यू.जी.सी. NTA नेट/जेआरएफ परीक्षा, दिसम्बर-2021/जून-2022
शिक्षण एवं शोध अभियोग्यता
व्याख्या सहित हल प्रथम प्रश्न-पत्र : Shift-II (परीक्षा तिथि : 01-10-2022)

Direction (1-5) :
The following table shows the percentage (%) distribution of students studying in six classes A-F of a school and shows the ratio of boys to girls among them. Number of students studying in all six classes together is 600.
निम्नलिखित तालिका एक विद्यालय की छह कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का वितरण प्रतिशत (%) और उनमें से लड़कों का लड़कियों से अनुपात दर्शाती है। सभी छह कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की कुल संख्या 600 है। तालिका में डाटा के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

Class-wise distribution of students
विद्यार्थियों का कक्षा-वार वितरण

Class/कक्षा	(%) Students/ विद्यार्थी	Ratio/अनुपात Boys:Girls लड़के:लड़कियां
A	20%	3:2
B	12%	3:1
C	16%	5:3
D	15%	8:7
E	21%	4:3
F	16%	1:1

1. In the given pair of classes, which two classes have an equal number of boys in them?
नीचे दिए गए कक्षाओं के युग्मों में से किन दो कक्षाओं में लड़कों की संख्या एक समान है?
(a) A and C/A और C (b) C and F/C और F
(c) D and F/D और F (d) E and F/E और F

Ans. (c) : कक्षाओं में लड़कों की संख्याएं इस प्रकार है–

कक्षा $A \rightarrow 600 \times \frac{3}{5} \times 20\% = 72$

कक्षा $C \rightarrow 600 \times \frac{5}{8} \times 16\% = 60$

कक्षा $D \rightarrow 600 \times \frac{8}{15} \times 15\% = 48$

कक्षा $E \rightarrow 600 \times \frac{4}{7} \times 21\% = 72$

कक्षा $F \rightarrow 600 \times \frac{1}{2} \times 16\% = 48$

$\therefore$ उपर्युक्त डाटा से स्पष्ट है कि कक्षा D और F में लड़कों की संख्या समान (48) है।

2. The average of the number of girls studying in all six classes, A-F, is
सभी छह कक्षाओं A-F में अध्ययनरत लड़कियों की संख्या का औसत कितना है?
(a) 41 (b) 42
(c) 43 (d) 44

Ans. (a) : छह कक्षाओं A-F में अध्ययनरत लड़कियों की संख्या

$$= 600\left(\frac{2}{5} \times 20\% + \frac{1}{4} \times 12\% + \frac{3}{8} \times 16\% + \frac{7}{15} \times 15\% + \frac{3}{7} \times 21\% + \frac{1}{2} \times 16\%\right)$$

$$= 600\left(\frac{40}{500} + \frac{12}{400} + \frac{48}{800} + \frac{7}{100} + \frac{9}{100} + \frac{16}{200}\right)$$

$$= \frac{600}{100} \times (8+3+6+7+9+8)$$

$= 6 \times 41 = 246$

$\therefore$ अभिष्ट औसत $= \frac{246}{6} = 41$

3. If P and Q are the difference between the number of boys and girls in class A and class C, respectively, then the percentage of P with reference to Q is
यदि कक्षा A और कक्षा C में लड़कों और लड़कियों की संख्या में अंतर क्रमशः P और Q है तो Q के संदर्भ में P का प्रतिशत कितना है?
(a) 80% (b) 120%
(c) 100% (d) 90%

Ans. (c) : दिया है,
$P \rightarrow$ A और C में लड़कों की संख्या में अंतर
$Q \rightarrow$ A और C में लड़कियों की संख्या में अंतर
कक्षा A और C में लड़कों की संख्या का अंतर

$$= 600\left(\frac{3}{5} \times 20\% - \frac{5}{8} \times 16\%\right)$$

$P = 600(12\% - 10\%) = 12$

कक्षा A और C में लड़कियों की संख्या में अंतर

$$= 600\left(\frac{2}{5} \times 20\% - \frac{3}{8} \times 16\%\right)$$

$Q = 600(8\% - 6\%) = 12$

$\therefore$ Q के संदर्भ में P का प्रतिशत $= \frac{12}{12} \times 100 = 100\%$

4. Number of boys in class B is ....% more than the number of girls in class F.
कक्षा F में लड़कियों की संख्या से कक्षा B में लड़कों की संख्या कितने प्रतिशत अधिक है?
(a) 8.5% (b) 12.5%
(c) 15% (d) 17.5%

Ans. (b) : कक्षा F में लड़कियों की संख्या

$$= 600 \times \frac{1}{2} \times 16\% = 48$$

कक्षा B में लड़कों की संख्या $= 600 \times \frac{3}{4} \times 12\% = 54$

$\therefore$ प्रतिशतता $= \frac{54-48}{48} \times 100$

$$= \frac{6}{48} \times 100 = \frac{100}{8} = \frac{25}{2} = 12.5\%$$

5. The difference between the number of boys and the number of girls in all the six classes A-F together, is

सभी छह कक्षाओं A-F में मिला कर लड़कों की संख्या और लड़कियों की संख्या के बीच कितना अंतर है?

(a) 102 (b) 114
(c) 106 (d) 108

Ans. (d) : सभी छह कक्षाओं में लड़कों की संख्या

$= 600\left(\frac{3}{5} \times 20\% + \frac{3}{4} \times 12\% + \frac{5}{8} \times 16\% + \frac{8}{15} \times 15\% + \frac{4}{7} \times 21\% + \frac{1}{2} \times 16\%\right)$

$= 600 \times (12\% + 9\% + 10\% + 8\% + 12\% + 8\%)$

$= 600 \times 59\% = 354$

सभी छह कक्षाओं में लड़कियों कि संख्या $= 600 - 354 = 246$

$\therefore$ अभीष्ट अंतर $= 354 - 246 = 108$

6. Mediated communication reflects

मीडिया के द्वारा सम्प्रेषण किसको परिलक्षित करता है?

(a) The communicator's cultural background
सम्प्रेषक की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि
(b) Social expectations of the under-privileged
वंचितों की सामाजिक अपेक्षाएं
(c) Ethical desires of the society
समाज की नैतिक आकांक्षाएं
(d) Majoritarian hegemony of language
भाषा का बहुसंख्यावादी प्रभुत्व

Ans. (a) : मीडिया के द्वारा सम्प्रेषण सम्प्रेषक की सांस्कृतिक पृष्ठिभूमि को परिलक्षित करता है। सम्प्रेषण किसी भी सम्प्रेषक के सांस्कृतिक मूल्यों एवं मानदण्डों को दर्शाता है। किसी सम्प्रेषक के सम्प्रेषण को देखकर हम उसके नैतिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक मूल्यों का पता लगा सकते हैं। मीडिया के द्वारा सम्प्रेषण सूचना संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग द्वारा किए गए संचार को संदर्भित करता है। वर्तमान में हम जिस तकनीकि का उपयोग करते हैं वह अक्सर कंप्यूटर से संबंधित होती है।

7. Miss Madhu clicks on a web link received in a message on her phone which promises her a complimentary trip to a destination of her choice. She forwarded this message to her friend. Arun and asked him to do the same. But Arun refuses and tells Madhu that her personal and private information such as online account names, login information and passwords can be stolen and she should be careful of such .... attacks.

कुमारी मधु एक वेब लिंक पर क्लिक करती है जो उसे अपने फोन पर संदेश में प्राप्त हुआ है। इसमें उसे उसकी रुचि के गंतव्य तक सम्मानार्थ यात्रा का वचन दिया गया है। उसने अपने मित्र अरुण को यह संदेश अग्रेषित कर उसे भी यही करने लिए कहा। परंतु अरुण ने इंकार कर दिया और मधु से कहा कि उसके ऑनलाइन खाता नाम, लॉगिन सूचना और पॉसवर्ड जैसी वैयक्तिक और निजी सूचना चुराई जा सकती है और उसे ऐसे .... हमलों से सावधान रहना चाहिए।

(a) Phishing/फिशिंग
(b) Spamming/अपसंदेशन
(c) Scamming/झांसाबाजी (स्कैमिंग)
(d) Plagiarism/चौर्य

Ans. (a) : कुमारी मधु एक वेब लिंक पर क्लिक करती है जो उसे अपने फोन पर संदेश में प्राप्त हुआ है। इसमें उसे उसकी रुचि के गंतव्य तक सम्मानार्थ यात्रा का वचन दिया गया है। उसने अपने मित्र अरुण को यह संदेश अग्रेषित कर उसे भी यही करने लिए कहा। परंतु अरुण ने इंकार कर दिया और मधु से कहा कि उसके ऑनलाइन खाता नाम, लॉगिन सूचना और पासवर्ड जैसी वैयक्तिक और निजी सूचना चुराई जा सकती है और उसे ऐसे फिशिंग हमलों से सावधान रहना चाहिए। फिशिंग एक तरह का साइबर क्राइम है, जिसमें ईमेल और कम्प्यूटर में खोली गई वेबसाइटों का उपयोग करके हमारी पर्सनल डिटेल चोरी की जाती है।

8. Given below are two statements:

नीचे दो कथन दिए गए हैं:

Statement I: In the Aristotelian syllogism, the major term and the minor term stand apart in the premises though they are connected by the middle term with each other.

कथन I: अरस्तूवादी न्यायवाक्य में आधार वाक्य में मुख्य पद और लघु पद अलग होते हैं यद्यपि वे मध्यम पद द्वारा एक दूसरे से जुड़े होते हैं।

Statement II : In Nyaya syllogism, all the three terms stand synthesised in Upanaya.

कथन II : नैयायिक न्यायवाक्य में सभी तीनों पद उपनय में संश्लेषित होते हैं।

In light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below :

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) Both Statement I and Statement II are correct
कथन I और II दोनों सही हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are incorrect/कथन I और II दोनों गलत हैं।
(c) Statement I is correct but Statement II is incorrect/कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है
(d) Statement I is incorrect but Statement II is correct/कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है।

Ans. (a) : अरस्तूवादी न्यायवाक्य में आधारवाक्य में मुख्य पद और लघु पद अलग होते हैं, यद्यपि वे मध्यम पद द्वारा एक दूसरे से जुड़े होते हैं यह कथन सत्य है। नैयायिक न्यायवाक्य में सभी तीनों पद उपनय में संश्लेषित होते हैं। यह कथन भी सत्य है। न्याय निगमन भारतीय दर्शन की छह प्रणालियों में से एक है। गौतम न्याय दर्शन के मुख्य प्रस्तावक है। न्याय निगमन परमाणु बहुलवाद और तार्किक यथार्थवाद का दर्शन है। न्याय दर्शन के चार प्राण धारणा, अनुमान, सम्यक तर्क और प्रमाण है।

9. "Education is the manifestation of perfection already in man" was stated by:
किसने कहा था कि, ''शिक्षा मनुष्य में पहले से ही विद्यमान सम्पूर्णता का प्रकटीकरण है।''

(a) Rabindranath Tagore/रविंद्रनाथ टैगोर
(b) Swami Vivekanand/स्वामी विवेकानंद
(c) M.K. Gandhi/एम.के. गांधी
(d) Sri Aurobindo/श्री ओरोबिन्दो

Ans. (b) : ''शिक्षा मनुष्य में पहले से ही विद्यमान सम्पूर्णता का प्रकटीकरण है।'' यह कथन स्वामी विवेकानंद का है। स्वामी विवेकानंद को 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में उनके भाषण के लिए विशेष रूप से स्मरण किया जाता है। उन्होंने 1897 में रामकृष्ण मिशन का गठन किया। इनका मूल नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था। खेतड़ी के महाराजा अजीत सिंह के सुझाव पर नरेन्द्रनाथ दत्त ने अपना नाम स्वामी विवेकानंद रखा।

10. For which of the following forms of categorial propositions contraposition is valid?
निरपेक्ष तर्कवाक्यों के निम्नलिखित प्रकारों में से किसमें प्रतिपरिवर्तन वैध है?

A. Some S is P/कुछ S, P है
B. Some S is not P/कुछ S, P नहीं है
C. No S is P/कोई भी S, P नहीं है
D. All S is P/सभी S, P है

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, C and D only/केवल A, C और D
(b) A, B, C and D/A, B, C और D
(c) A, B and C only/केवल A, B और C
(d) B, C and D only/केवल B, C और D

Ans. (d) : कुछ S , P नहीं है।
कोई भी S, P नहीं है।
सभी S, P है।
उपरोक्त सभी तर्कवाक्यों के प्रकारों में प्रति परिवर्तन वैद्य है।

11. The average weight of 25 students of section A of a class is 60 kg. whereas the average weight of 35 students of section B of the same class is 62.5 kg. Find out the average weight of all the 60 students of the class.
किसी कक्षा के वर्ग के 25 विद्यार्थियों का औसत भार 60 किग्रा. है, जबकि उसी कक्षा के वर्ग के 35 विद्यार्थियों का औसत भार 62.5 किग्रा. है। कक्षा के सभी 60 विद्यार्थियों का औसत भार ज्ञात कीजिए।

(a) 60.5 (b) 62.2
(c) 61.2 (d) 61.46

Ans. (d) : कक्षा A वर्ग के 25 विद्यार्थियों का कुल भार
$= 25 \times 60 = 1500$ किग्रा
कक्षा B वर्ग के 25 विद्यार्थियों का कुल भार
$= 35 \times 62.5 = 2187.5$ किग्रा.
$\therefore$ कक्षा के सभी 60 विद्यार्थियों के औसत भार
$$= \frac{1500 + 2187.5}{60} = \frac{3687.5}{60} = 61.46$$

12. The development of MOOCS for undergraduate disciplines has been given to which of the following National Coordinators?
पूर्वस्नातक विषयों के लिए एम.ओ.ओ.सी. को विकसित करने का काम निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय संयोजक को दिया गया है:

(a) IIM Bangalore/आइ.आइ.एम. बैंगलोर
(b) All India Council of Technical Education (AICTE)/अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए.आर.सी.टी.ई.)
(c) Consortium of Educational Communication (CEC)/शैक्षिक संचार संकाय (सी.ई.सी.)
(d) Indira Gandhi National Open University (IGNOU)/इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)

Ans. (c) : पूर्वस्नातक विषयों के लिए एम.ओ.ओ.सी. को विकसित करने का काम शैक्षिक संचार संकाय (सी.ई.सी.) को दिया गया है। शैक्षिक संचार संकाय शैक्षिक ई-सामग्री के विकास और प्रसार के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में कार्य करता है। यह संस्थान सूचना प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। देशभर में यह संस्थान डिजिटल शिक्षा सामग्री के बड़े संस्थानों में से एक है।

13. Both qualitative and quantitative research are concerned with/गुणात्मक शोध और मात्रात्मक शोध दोनों निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(a) Data reduction/डाटा न्यूनीकरण
(b) Artificial settings/कृत्रिम प्रतिवेश
(c) Uniformity of data/डाटा की एकरुपता
(d) Social fantasy/सामाजिक स्वप्न चित्र

Ans. (a) : गुणात्मक शोध और मात्रात्मक शोध दोनों डाटा के न्यूनीकरण से संबंधित है।
गुणात्मक अनुसंधान - गुणात्मक अनुसंधान गहनतापूर्वक किया जाने वाला एक ऐसा व्यवस्थित प्रक्रियाओं वाला अनुसंधान है, जिसमें गुणात्मक प्रदत्त संकलन की विधियों का प्रयोग कर परिकल्पनात्मक निष्कर्षों को गुणात्मक रूप में प्राप्त किया जाता है तथा इसका संबंध वर्तमान गोचर से होता है।
मात्रात्मक अनुसंधान - यह अनुसंधान परिमाण के आधार पर किया जाता है। इस प्रकार के अनुसंधान प्रत्यक्षवाद के शोध पद्धतीय सिद्धांतों और अन्य शोध प्रारुप व चयन की कठोरता के मानकों पर आधारित होते हैं। यह आंकड़ों से संबंधित अनुसंधान प्रणाली है तथा निष्कर्ष भी आंकड़ों द्वारा ही निर्धारित होते हैं।

14. Which of the following is the name of the founder of Classical Indian School of Logic?
निम्न में से कौन क्लॉसिकल भारतीय न्याय मत के संस्थापक का नाम है?

(a) Kumaril/कुमारिल (b) Kautilya/कौटिल्य
(c) Gautam/गौतम (d) Isvarkrishna/ईश्वरकृष्ण

Ans. (c) : न्याय दर्शन का प्रवर्तन गौतम ने किया जिन्हें 'अक्षपाद' भी कहा जाता है। 'न्याय' का शाब्दिक अर्थ 'तर्क' या 'निर्णय' है जो इस बात का सूचक है कि यह दर्शन मुख्यतः बौद्धिक, विश्लेषणात्मक तथा तार्किक है। इसे तर्कशास्त्र, प्रमाणशास्त्र, वादविद्या, हेतुविद्या, आब्वीक्षिकी आदि नामों से भी जाना जाता है। इसका मूल ग्रन्थ गौतम कृत न्यायसूत्र है जिस पर वात्स्यायन ने 'न्यायभाष्य' नामक टीका लिखी है।

15. **The snowball sampling method can be employed in/निम्नलिखित में से किस में स्नोबॉल प्रतिचयन विधि का प्रयोग किया जा सकता है?**
(a) Historical research/ऐतिहासिक शोध
(b) Ethnographic research/नृजातीय शोध
(c) Content analysis/विषयवस्तु विश्लेषण
(d) Narrative analysis/वृतांत विश्लेषण

Ans. (b) : स्नोबॉल प्रतिचयन विधि का प्रयोग नृजातीय शोध में किया जा सकता है। स्नोबॉल प्रतिचयन एक गैर संभाव्य प्रतिचयन पद्धति है। इस प्रतिचयन का प्रयोग कुछ विशिष्ट परिस्थितियों के दौरान किया जाता है, जैसे किसी मादक द्रव्य का उपयोग करने वाले या चोर उचक्कों अथवा जेबकतरों का नमूना लेने में स्नोबॉल प्रतिचयन काफी प्रभावी सिद्ध होता है। इस अध्ययन के दौरान जैसी इकाईयाँ मिलती है। उसी के अनुरूप नमूना बढ़ता है।

16. **Solar ponds/सौर ताल (सोलर पॉन्ड)**
A. produce potable water
पेय जल उत्पन्न करते हैं।
B. are thermal energy collectors
ताप-ऊर्जा संग्राहक है
C. use salt gradient to inhibit heat loss
ऊष्मा-ह्रास रोकने के लिए लवण प्रवणता का उपयोग करते है।
D. are used for swimming in cold regions
ठंडे क्षेत्रों में तैरने के लिए उपयोग में आते है।
E. produce heated water
गरम पानी उत्पन्न करते हैं।
Choose the correct answer from the options given below/नीचे दिए गए विकलपों में से सही उत्तर चुनें:
(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and E only/केवल B, C और E
(c) A, B, C and D only/केवल A, B , C और D
(d) B, C, D and E only/केवल B, C, D और E

Ans. (b) : सौर तालाब की प्रमुख विशेषता यह है कि वे एक सौर ऊर्जा संग्राहक होता है। ऊष्मा ह्रास रोकने के लिए लवण प्रवणता का उपयोग किया जाता है तथा ये गरम पानी उत्पन्न करते हैं। सौर तालाबों से निकलने वाली गर्मी का उपयोग विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है। इन तालाबों में बहुत बड़ा तापीय द्रव्यमान होता है। चूँकि ये तालाब गर्मी ऊर्जा का बहुत अच्छी तरह से संग्रहीत कर सकते हैं, वे दिन एवं रात के दौरान बिजली भी उत्पन्न कर सकते हैं।

17. **Given below are two statements:**
नीचे दो कथन दिए गए हैं:
Statement I : Millennium Development Goals (MDGs) had a total of 31 targets to be achieved by 2015.
कथन I : सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (एम.डी.जी.) में सन 2015 तक कुल 31 टार्गेट प्राप्त किए जाने थे।
Statement II : There are 8 goals in MDGs and 17 in SDGs.
कथन II : एम.डी.जी. में 8 लक्ष्य है ओर एस.डी.जी. में 17 लक्ष्य है।
In light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:
(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सही है।
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों गलत है।
(c) Statement I is true but Statement II is false
कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है।
(d) Statement I is false but Statement II is true
कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है।

Ans. (d) : सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (एम.डी.जी.) को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2000 में स्वीकार किया गया, लेकिन लक्ष्यों की 1990 के स्तर पर गणना की गई। ये 2015 तक के लिए थे इसके अंतर्गत 8 गोल तथा 18 टारगेट्स रखे गए थे अतः कथन I गलत है।
वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की 70वीं बैठक में 2030 तक सतत् विकास हेतु एजेंडा, के तहत सदस्य देशों द्वारा 17 विकास लक्ष्य अर्थात् एसडीजी (SDGs) तथा 169 प्रयोजन अंगीकृत किए गए अतः कथन II सही है।

18. **Which informal logical fallacy is committed in the following statement?**
'If you give him an inch, he will take a mile'.
निम्नलिखित किस कथन में अनाकारिक तर्क दोष है 'यदि तुम उसे एक इंच दोगे, तब वह एक मील ले लेगा'?
(a) Slippery slope
फिसलन भरा ढलान (स्लिपरी स्लोप)
(b) Appeal to force/बल आग्रह
(c) Appeal to authority/प्राधिकार आग्रह
(d) Hasty generalization/अविचारित सामान्यीकरण

Ans. (a) : 'यदि तुम उसे एक इंच दोगे, तब वह एक मील ले लेगा' इस कथन में फिसलन भरा ढलान (स्लिपरी स्लोप) अनाकारिक तर्क दोष है। यह एक ऐसा तर्कदोष है जो दावा करता है कि एक घटना या कार्रवाई से दूसरी, अधिक चरम घटना या कार्रवाई होगी या इसमें कार्रवाई के इस आधार पर आपत्ति जताई जाती है कि एक बार इसे लेने के बाद कुछ अवांछनीय परिणाम होने तक अतिरिक्त कार्रवाई होगी।

19. **Given below are two statements :**
नीचे दो कथन दिए गए हैं :
Statement I : The binary equivalent of decimal number $(19)_{10}$ is $(10101)_2$.
कथन I : दशमलव संख्या $(19)_{10}$ की द्विचर समकक्ष $(10101)_2$ है
Statement II : $(1011)_2. + (110)_2 = (10101)_2$
कथन II: $(1011)_2. + (110)_2 = (10101)_2$
In light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सही है।
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों गलत है।
(c) Statement I is true but Statement II is false
कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है।
(d) Statement I is false but Statement II is true
कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है।

Ans. (b) :
कथन-I ⇒

2	19	
2	9	1
2	4	
2	2	0
	1	0

नीचे से ऊपर

$(19)_{10} = (100.11)_2 \neq (10101)_2$

कथन-II ⇒

$(1011)_2 + (110)_2 = (010001)_2 \neq (10101)_2$

नोट–बाइनरी एडिशन नियमानुसार

0 + 0 = 0
0 + 1 = 1
1 + 0 = 1
1 + 1 = 0 and carry over 1

अतः उपर्युक्त दोनों कथन गलत है।

20. World Wide Web (WWW) was invented by whom?/वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) का निम्नलिखित में से किसने आविष्कार किया था?

(a) Alan Turing/एलन ट्यूरिंग
(b) Steve Jobs/स्टीव जॉब्स
(c) Bill Gates/बिल गेट्स
(d) Tim Berners-Lee/टिम बर्नर्स-ली

Ans. (d) : WWW को विश्व व्यापी वेब (वर्ल्ड वाइड वेब) कहा जाता है। WWW का आविष्कार टिम बर्नर्स-ली नामक ब्रिटिश वैज्ञानिक द्वारा जिनेवा, स्विट्जरलैंड में किया गया। इसका आविष्कार 12 मार्च, 1989 में किया गया परन्तु इसकी शुरूआत 6 अगस्त, 1993 में हुई। जब हम किसी जानकारी हेतु किसी साईट के वेब पेज पर जाते हैं और ये वेब पेज किसी साईट से जुड़ा होता है तो इन सभी कंटेंट को खोजने की प्रक्रिया को विश्व व्यापी वेब कहते हैं।

21. Miss Anita is excited to use a new software which is freely available to download but she cannot modify or change the source code. Anita is using:
कुमारी अनीता एक नए सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने के लिए उत्तेजित है। यह सॉफ्टवेयर डाउनलोड करने के लिए मुक्त रूप से उपलब्ध है परन्तु, वह स्रोत कूट को संशोधित अथवा परिवर्तित नहीं कर सकती।
अनीता निम्नलिखित में से किस का प्रयोग कर रही है?

(a) Freeware/फ्रीवेयर
(b) Open-source software/मुक्त स्रोत सॉफ्टवेयर
(c) Firmware/फर्मवेयर
(d) Liveware/लाइववेयर

Ans. (a) : कुमारी अनीता एक नए सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने के लिए उत्तेजित है। यह सॉफ्टवेयर डाउनलोड करने के लिए मुक्त रूप से उपलब्ध है परन्तु, वह स्रोत कूट को संशोधित अथवा परिवर्तित नहीं कर सकती। अनीता फ्रीवेयर का प्रयोग कर रही है। फ्रीवेयर सॉफ्टवेयर एक ऐसा सॉफ्टवेयर है जो मुफ्त में उपलब्ध है। एक उपयोगकर्ता इंटरनेट से फ्रीवेयर डाउनलोड कर सकता है। ये सॉफ्टवेयर ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर की तरह प्रोग्रॉम को संशोधित करने, साझा करने और अध्ययन करने की कोई स्वतंत्रता प्रदान नहीं करते हैं। फ्रीवेयर क्लोज्ड सोर्स है। उदाहरण-एडोब, पी डी एफ, गूगल टॉक, याहू मैसेंजर आदि।

22. Two numbers are in the ratio of 6:7. If 12 is added to each of the numbers, their ratio becomes 7:8. Find the two numbers.
दो संख्याएं 6:7 के अनुपात में दी गई है। यदि प्रत्येक संख्या में 12 जोड़ दिया जाए तो उनका अनुपात 7:8 हो जाता है। दोनों संख्याओं का पता लगाइये?

(a) 72, 84 (b) 84, 96
(c) 84, 98 (d) 96, 84

Ans. (a) : माना वे दो संख्याएं 6x एवं 7x है–
प्रश्नानुसार,

$$\frac{6x+12}{7x+12} = \frac{7}{8}$$

$\Rightarrow$ $48x + 96 = 49x + 84$
$\Rightarrow$ $96-84 = 49x-48x$
$12 = x$

दोनों संख्याएं 6x एवं 7x
$= 6 \times 12$ एवं 7×12
$= 72$ एवं 84

23. Given below are two statements:
नीचे दो कथन दिए गए है:

Statement I : A research design is blueprint that guides the use of a research method and analysis of data.
कथन I : शोध अभिकल्प एक ऐसा ब्लूप्रिंट है जो शोध विधि के प्रयोग और डाटा विश्लेषण का मार्गदर्शन करता है।
Statement II : A research design is in no way connected with the expression of caual relations between variables.
कथन II : शोध अभिकल्प किसी भी रूप में चरों के मध्य कारक संबंधों की अभिव्यक्ति से नहीं जुड़ा है।

In light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below :
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सही है।
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों गलत है।
(c) Statement I is true but Statement II is false
कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है।
(d) Statement I is false but Statement II is true
कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है।

Ans. (c) : शोध अभिकल्प एक ऐसा ब्लूप्रिंट है जो शोध विधि के प्रयोग और डाटा विश्लेषण का मार्गदर्शन करता है। यह कथन सत्य है। अनुसंधान या शोध डिजाइन एक अध्ययन करने के लिए एक शोधकर्ता द्वारा चुनी गई अनुसंधान विधियों और तकनीकों का ढांचा है। शोध अभिकल्प किसी भी रूप में चरों के मध्य कारक संबंधों की अभिव्यक्ति से नही जुड़ा है। यह कथन गलत है क्योंकि शोध अभिकल्प प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चरों के मध्य कारक संबंधों की अभिव्यक्ति से जुड़ा है।

24. Individuals participating in online communities can remain anonymous and create fictitious personas. The ethical concern of this anonymity is that it/ऑनलाइन समुदायों में भागीदारी करने वाले व्यक्ति अज्ञात रह सकते हैं और कल्पित मुखवटें बना सकते हैं। इस अज्ञातता का नैतिक सरोकार यह है कि यह ....

(a) facilitates engagement in unethical behaviour
अनैतिक व्यवहार में संलग्नता को सुगम बनाता है।

(b) promotes free expression of ideas
विचारों की मुक्त अभिव्यक्ति का संवर्धन करता है।

(c) enables the government of check the background of communities/सरकार को समुदायों की पृष्ठभूमि की जांच करने में समर्थ बनाता है।

(d) simplifies business market research
व्यापार बाजार शोध का सरलीकरण करता है।

Ans. (a) : ऑनलाइन समुदायों में भागीदारी करने वाले व्यक्ति अज्ञात रह सकते हैं और कल्पित मुखवटें बना सकते हैं। इस अज्ञातता का नैतिक सरोकार यह है कि यह अनैतिक व्यवहार में संलग्नता को सुगम बनाता है। पारिवारिक एवं बाल अनुसंधान क्षेत्र में इंटरनेट एक उभरता हुआ लोकप्रिय उपकरण है जिसके बारे में तर्क दिया जाता है कि यह नई नैतिक सरोकार चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है।

**25. The University Grants Commission (UGC) covers the following:
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित में से कौन सम्मिलित है?**

A. Universities/विश्वविद्यालय

**B. University Teaching Departments
विश्वविद्यालय के अध्यापन विभाग**

C. Affiliated colleges/सम्बद्ध विश्वविद्यालय

**D. Teacher Training Institutions
अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान**

E. Nursing institutions/नर्सिंग संस्थान

Choose the correct answer from the options given below/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) A, B and C only/केवल A, B और C

(b) A, D and E only/केवल A, D और E

(c) A, B and D only/केवल A, B और D

(d) B, C and D only/केवल B, C और D

Ans. (a) : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) 28 दिसंबर, 1953 को अस्तित्व में आया और विश्वविद्यालय में शिक्षण, परीक्षा और अनुसंधान के मानकों के समन्वय, निर्धारण और रखरखाव के लिए 1956 में संसद के एक अधिनियम द्वारा भारत सरकार का एक सांविधिक संगठन बन गया। इसके कार्यक्षेत्र में विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के अध्यापन विभाग, सम्बद्ध महाविद्यालय आदि शामिल है।

26. Which of the following are of practical significance in research?/शोध में निम्नलिखित में से किन का व्यवहारिक महत्व है?

A. Social pressure/सामाजिक दाब

B. Research topic/शोध विषय

C. Research design/शोध अभिकल्प

D. Research method/शोध विधि

**E. Comparison with fellow researchers
सह-शोधकर्ताओं के साथ तुलना**

**Choose the correct answer from the options given below :
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुने :**

(a) A, B and C only/केवल A, B और C

(b) A, D and E only/केवल A, D और E

(c) C, D and E only/केवल C, D और E

(d) B, C and D only/केवल B, C और D

Ans. (d) : अनुसंधान एक सीमित क्षेत्र में किसी समस्या का सर्वांगीण विश्लेषण हैं। अनुसंधान या शोध को अंग्रेजी में रिसर्च (Research) कहा जाता है। रिसर्च में रि (Re) शब्दांश आवृत्ति और गहनता का घोतक है जबकि सर्च (search) शब्द खोज का समानार्थी है। इस प्रकार रिसर्च का अर्थ हुआ प्रदत्तों की आवृत्यात्मक और गहन खोज करना। शोध में शोध विषय, शोध अभिकल्प एवं शोध विधि का व्यवहारिक महत्व है।

**27. Which of the following tools can be used for traditional offline teaching?
परम्परागत ऑफलाइन अध्यापन के लिए निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग किया जा सकता है?**

(a) Projector/प्रक्षेपित्र (प्रोजेक्टर)

(b) Powerpoint/पावरप्वाइंट

(c) Physical models/भौतिक प्रतिरुप

(d) LMS/एल.एम.एस.

Ans. (c) : शिक्षण का मुख्य ध्येय बालक का सर्वांगीण विकास करना होता है तथा इसे प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी की आवश्यकता, मानसिक स्तर, रुचि तथा योग्यता को आधार बनाया जाता है। परम्परागत ऑफ लाइन शिक्षण या अध्यापन में भौतिक प्रतिरूप, (श्यामपट्ट, पुस्तक, पत्र-पत्रिकायें, मानचित्र, रेखाचित्र, चार्ट, पोस्टर्स, बुलेटिन बोर्ड, फ्लैनल बोर्ड, ग्लोब तथा ग्रॉफ) का सहायक सामग्री के तौर पर प्रयोग किया जाता है। भौतिक प्रतिरूप या प्रतिमान का तात्पर्य किसी भी वस्तु की ऐसी प्रतिमा से है जिसे छात्र स्पर्श कर सकें तथा उनकी जिज्ञासा को शांत कर नवीन अनुभव प्रदान कर सके अर्थात् परम्परागत ऑफलाइन अध्यापन के लिए भौतिक प्रतिरूप (Physical Models) उपकरणों का उपयोग किया जा सकता है।

28. Simple interest accrued on a certain sum is 16/25 of the principal sum. If the numerical value of the rate of annual interest (%) and time (years) are equal, what is annual rate of interest?
एक निश्चित राशि पर अर्जित साधारण ब्याज मूल राशि पर 16/25 है। यदि ब्याज की वार्षिक दर का संख्यात्मक मान और समय (वर्षों में) समान हैं, तो ब्याज की वार्षिक दर क्या है?

(a) 10% (b) 7%
(c) 6% (d) 8%

Ans. (d) : ∵ साधारण ब्याज (S.I.) $= \frac{P \times R \times T}{100}$
जहां, P = मूलधन, T = समय एवं R = दर
प्रश्नानुसार,
$\frac{16}{25}P = \frac{P \times R \times R}{100}$ $(\because R = T)$
$\frac{16}{25} \times 100 = R^2$
$R^2 = 64$
R = 8%

29. If the statement, 'Some officers are not honest' is given as false, then which of the following statements can be inferred to be true?
यदि कथन "कुछ अधिकारी ईमानदार नही है" असत्य के रुप में दिया गया है। निम्नलिखित कौन-से कथन सत्य अनुमानित किए जा सकते हैं?

A. All honest beings are officers
सभी ईमानदार अधिकारी होते हैं।
B. Some officers are honest
कुछ अधिकारी ईमानदार होते है।
C. No officers are honest
कोई भी अधिकारी ईमानदार नहीं होता है।
D. All officers are honest
सभी अधिकारी ईमानदार होते हैं।

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) B only/केवल B
(b) D only/केवल D
(c) A and C only/केवल और C
(d) B and D only/केवल और D

Ans. (d) : कथन कुछ अधिकारी ईमानदार नही है। (असत्य के रुप में है)
उपरोक्त कथन के अनुसार सत्य अनुमानित किए जा सकने वाले निष्कर्ष B और D है, B कुछ अधिकारी ईमानदार होते हैं। D सभी अधिकारी ईमानदार होते हैं। अतः विकल्प (b) सत्य है।

30. Find the missing term in the given series.
दी गई श्रृंखला में लुप्त पद ज्ञात कीजिए:
16, 20, 25, 30, 36, 42, 49, ?

(a) 91 (b) 64
(c) 56 (d) 70

Ans. (c) :
∴ ? = 56

31. In a certain coding scheme 'MOTHER' is coded as 'OQVJGT'. How will 'PARTNER' be coded in the same coding scheme?
निश्चित कूट योजना में 'MOTHER' के लिए 'OQVJGT'कूट दिया गया है। उसी कूट योजना में 'PARTNER' के लिए कूट क्या होगा?

(a) RDUTOHU (b) REUTOHU
(c) RETUOGT (d) RCTVPGT

Ans. (d) :
जिस प्रकार, उसी प्रकार
$M \xrightarrow{+2} O$ $P \xrightarrow{+2} R$
$O \xrightarrow{+2} Q$ $A \xrightarrow{+2} C$
$T \xrightarrow{+2} V$ $R \xrightarrow{+2} T$
$H \xrightarrow{+2} J$ $N \xrightarrow{+2} P$
$E \xrightarrow{+2} G$ $E \xrightarrow{+2} G$
$R \xrightarrow{+2} T$ $R \xrightarrow{+2} T$
अतः PARTNER के लिए कूट RCTVPGT होगा।

32. Which of the following are the products of grounded theory?/निम्नलिखित में से कौन से आधार (ग्राउंडिड) सिद्धांत के उत्पाद है?

A. Experimental framework/प्रायोगिक रुपरेखा
B. Concepts/संकल्पनाएं
C. Hypotheses/प्राक्कल्पनायें
D. Attributes of a category/एक श्रेणी के गुण
E. Theoretical dilution/सैद्धांतिक तनूकरण

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) C, D and E only/केवल C, D और E
(d) A, B and E only/केवल A, B और E

Ans. (b) : ग्राउंडेड थ्योरी एक गुणात्मक पद्धति है जो विशेष घटना या प्रक्रिया का अध्ययन करने और नए सिद्धांतों की खोज करने में सक्षम बनाती है जो वास्तविक डेटा के संग्रह और विश्लेषण पर आधारित है। ग्राउंडेड थ्योरी एक आगमनात्मक दृष्टि कोण है जहाँ डेटा से नए सिद्धांत प्राप्त होते हैं। संकल्पनाएं, प्राक्कल्पनाएं एवं एक श्रेणी के गुण, आधार सिद्धांत के उत्पाद है।

33. Meaning of transmitted message in communication is a
सम्प्रेषण में प्रेषित संदेश का अर्थ है:

(a) Sender activity/प्रेषक का क्रियाकलाप
(b) Receiver activity/प्राप्तकर्ता का क्रियाकलाप
(c) Channel activity/चैनल का क्रियाकलाप
(d) Collaborative activity/सहयोगात्मक क्रियाकलाप

Ans. (d) : सम्प्रेषण में प्रेषित संदेश का अर्थ सहयोगात्मक क्रियाकलाप है। किसी भी कार्य प्रणाली में सहयोग और संचार प्रगति और सक्रिय जीवन की सफलता की रीढ़ है। वे एक ही सिक्के के दो पहलुओं का प्रतिनिधित्व करते है। जिन्हें सह-अस्तित्व के लिए एक दूसरे की आवश्यकता होती है, लेकिन जब हम इन दोनों को जोडते हैं तो हमें सहयोगात्मक संचार प्राप्त होता है। यह एक प्रकार का संचार है जो एक टीम में काम करने और एक निश्चित लक्ष्य प्राप्त करने को आसान बनाता है।

34. Given below are two statements:
नीचे दो कथन दिए गए है:

Statement I : One of the critical elements in the conceptual definition of communication is the level of observation.
कथन I : सम्प्रेषण की अवधारणात्मक परिभाषा में एक महत्वपूर्ण तत्व पर्यवेक्षण का स्तर है।

Statement II : We should not forget the factor of intentionality of communication to understand it.
कथन II : हमें इसे समझने के लिए सम्प्रेषण की स्वातिगता के कारक को नहीं भूलना चाहिए।

In light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सही है।
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों गलत है।
(c) Statement I is true but Statement II is false
कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है।
(d) Statement I is false but Statement II is true
कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है।

Ans. (a) : कथन I : सम्प्रेषण की अवधारणात्मक परिभाषा में एक महत्वपूर्ण तत्व पर्यवेक्षण का स्तर है कथन सत्य है।
कथन-II : हमें इसे समझने के लिए सम्प्रेषण की स्वातिगता के कारक को नहीं भूलना चाहिए। यह कथन भी सत्य है।
उपरोक्त दोनों कथन सत्य है अतः विकल्प (A) उपर्युक्त उत्तर होगा।

35. Dissolved Oxygen (DO) is important for
विलयित ऑक्सीजन निम्नलिखित के लिए महत्वपूर्ण है–

(a) Drinking water/पेय जल
(b) Rain water/वर्षा जल
(c) Underground water/भूगर्भ जल
(d) River water/नदी जल

Ans. (d) : विलयित ऑक्सीजन वर्षा जल में भी प्राप्त होता है, परन्तु विलयित ऑक्सीजन झीलों, नदियों और महासागरों में रहनेवाले जीवों का जीवित रखने के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। नदी जल में मौजूद शैवाल, प्रकाश संश्लेषण के दौरान (दिन के दौरान) पानी में सीधे ऑक्सीजन छोड़ते हैं। रात में, पौधे वास्तव में अपने चयापचय के लिए ऑक्सीजन का उपयोग करते हैं। अतः नदी जल के लिए विलयित ऑक्सीजन अति महत्वपूर्ण है।

36. While designing assessments, teacher must focus on which of the following as per Outcome Based Education (OBE)?
आंकलनों को अभिकल्पित करते समय, परिणाम-आधारित शिक्षा (ओ.बी.ई.) के अनुसार अध्यापक को निम्न में से किस पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए?

(a) Activities/गतिविधियाँ
(b) Reading material/पठन सामग्री
(c) Pre-requisites/पूर्वापेक्षाएँ
(d) Learning outcomes/अधिगम परिणाम

Ans. (d) : आंकलनों को अभिकल्पित करते समय, परिणाम आधारित शिक्षा (ओ.बी.ई.) के अनुसार अध्यापक को अधिगम परिणाम पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। अधिगम परिणाम ऐसे कथन होते हैं जो जिन्हें असाइनमेंट, कक्षा, पाठ्यक्रम या कार्यक्रम के अंत तक प्राप्त करना चाहिए। आकलन शब्द का अर्थ विभिन्न प्रकार के तरीकों या उपकरणों से है, जिनका उपयोग शिक्षक छात्रों की शैक्षणिक तैयारी, सीखने की प्रगति कौशलों अधिग्रहण या शैक्षिक आवश्यकताओं का मूल्यांकन, माप और दस्तावेज प्राप्त करने के लिए करते हैं।

37. Which of the following are the traits of non-verbal communication?/अशाब्दिक सम्प्रेषण की निम्नलिखित में से कौनसी विशेषताएं है?

A. It has limited meaning
इसका सीमित अर्थ होता है।
B. It does not have substitution.
इसका प्रतिनिधान नहीं होता है।
C. It can convey contextual meaning.
यह संदर्भात्मक अर्थ सम्प्रेषित करता है।
D. It can influence receptors.
यह प्राप्तकर्ताओं को प्रभावित कर सकता है।
E. It can affect personal relationship.
यह निजी संबंधों पर प्रभाव डाल सकता है।

Choose the correct answer from the options given below :
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) C, D and E only/केवल C, D और E
(d) A, D and E only/केवल A, D और E

Ans. (c) : अशाब्दिक सम्प्रेषण में भाषा का प्रयोग नहीं किया जाता है। इसमें वाणी, संकेतों, आँखों, मुँह के हाव भाव, स्पर्श, सम्पर्क आदि से सम्प्रेषण किया जाता है। अशाब्दिक सम्प्रेषण को कई तरीकों व माध्यमों से प्रेषित किया जा सकता है। जैसे–दैहिक भाषा, पार्श्व भाषा, संकेतिक भाषा आदि। अशाब्दिक सम्प्रेषण की विशेषताएं निम्नलिखित हैं–
- यह संदर्भात्मक होता है
- प्राप्तकर्त्ताओं को प्रभावित कर सकता है
- निजी संबंधों पर प्रभाव डाल सकता है
- निरंतर चलता है
- कई चैनलों का उपयोग करता है
- सचेत या अचेतन हो सकता है
- संस्कृति बाध्य है।

38. Which of the five essential characteristics of the middle term (hetu) is violated when an inference involves a non-inferentially contradicted middle?
मध्यम पद (हेतु) की पांच आवश्यक विशेषताओं में से कौन सी विशेषता तब अतिक्रमित होती है जब किसी अनुमान में कोई गैर-अनुमानित व्याघाती मध्यम पद शामिल होता है।

(a) Middle term must be absent in all negative instances in which the major term is absent
मध्यम पद सभी नकारात्मक दृष्टांतों में अवश्य अनुपस्थित होगा जिसमें मुख्य पद अनुपस्थित है।

(b) Middle term must be non-incompatible with the minor term/मध्यम पद गौण पद के साथ अवश्य गैर-असंगत होना चाहिए।

(c) Middle term must be present in the minor term/मध्यम पद गौण पद में अवश्य उपस्थित होना चाहिए।

(d) Middle term must be present in all positive instances in which the major term is present
मध्यम पद सभी सकारात्मक दृष्टांतों में उपस्थित होगा जिसमें मुख्य पद उपस्थित है।

Ans. (b) : मध्यम पद (हेतु) की पांच आवश्यक विशेषताओं में से 'मध्यम' पद गौण पद के साथ अवश्य गैर असंगत होना चाहिए, तब व्याघाती मध्यम पद शामिल होता है। यह मध्य पद से संबंधित भ्रांति को ठहराने के लिए पर्याप्त आधार प्रदान नहीं करता है, जो हेत्वाभास प्रतिबद्ध है। हेत्वाभास इस प्रकार भ्रामक तर्क का प्रतीक है।

39. Given below are two statements :
नीचे दो कथन दिए गए है :

Statement I : According to NEP 2020, all funding agencies of Research in the country will merge into a single entity - National Research Foundation (NRF).

कथन I : एन ई पी - 2020 के अनुसार, देश में शोध हेतु सभी निधि प्रदाता एजेंसियों का एक निकाय-राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान (एन आर एफ) में विलय कर दिया जाएगा।

Statement II : The main objective of NRF is to catalyze quality research in our country.

कथन II : एन आर एफ का मुख्य उद्देश्य हमारे देश में गुणवर्त्तापूर्ण शोध को उत्प्रेरित करना है।

In light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सही है।

(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों गलत है।

(c) Statement I is true but Statement II is false
कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है।

(d) Statement I is false but Statement II is true
कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है।

Ans. (d) : एन.डी.पी.-2020 के अनुसार, देश में शोध हेतु सभी निधि प्रदाता एजेंसियों का एक निकाय-राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान (एन.आर.एफ.) में विलय कर दिया जाएगा। यह कथन गलत है। एन.आर.एफ का मुख्य उद्देश्य हमारे देश में गुणवत्तापूर्ण शोध को उत्प्रेरित करना है। यह कथन सत्य है। एन.आर.एफ. का लक्ष्य हमारे विश्वविद्यालयों के माध्यम से अनुसंधान की संस्कृति का अनुमति प्रदान करना होगा। इसकी प्राथमिक गतिविधि सभी प्रकार के और सभी विषयों में प्रतिस्पर्धी, सहकर्मी- समीक्षित अनुदान प्रस्तावों को निधि देना तथा उत्कृष्ट अनुसंधान और प्रगति को पहचानना और बढ़ावा देना है।

40. Which of the following are Green House Gases?
निम्नलिखित में से कौन सी ग्रीन हाउस गैसें है?

(A) Carbon dioxide/कार्बन डाई ऑक्साइड
(B) Nitrogen dioxide/नाइट्रोजन डाई ऑक्साइड
(C) Methane/मीथेन
(D) Chloroflourocarbons/क्लोरोफ्लोरो कार्बन्स
(E) Benzene/बेन्जीन

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) A, B, C and D only/केवल A, B, C और D
(c) A, C and D only/केवल A, C और D
(d) C, D and E only/केवल C, D और E

Ans. (c) : ग्रीन हाउस गैसें वे गैसें हैं जो अवरक्त विकिरणों को अवशोषित करती हैं और ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करती है। ये गैसें निम्न है–

1. कार्बन डाइ ऑक्साइड	2. मीथेन
3. जलवाष्प	4. नाइट्रस ऑक्साइड
5. ओजोन	6. क्लोरोफ्लोरो कार्बन (सीएफसी)

41. Which of the following is the correct full form of NIDI?/एन.आई.डी.आई. (NIDI) का पूर्ण रूप निम्नलिखित में से क्या है?

(a) National Institute of Distance Instruction
नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिस्टेन्स इन्स्ट्रक्शन

(b) National Intellectual Data Initiative
नेशनल इन्टेलेक्चुअल डाटा इनिशिएटिव

(c) National Inter Development Institute
नेशनल इन्टर डेवेलपमेंट इन्स्टीट्यूट

(d) National Initiative for Design Innovation
नेशनल इनिशिएटिव फॉर डिजाइन इनोवेशन

Ans. (d) : एन.आई.डी.आई. का पूर्ण रूप नेशनल इनिशिएटिव फॉर डिजाइन इनोवेशन है। मार्च 2014 में सरकार ने 'नेशनल इनिशिएटिव फॉर डिजाइन इनोवेशन (NIDI) की योजना शुरू की। इस योजना में 20 डिजाइन इनोवेशन सेंटर (DIC) एक ओपन डिजाइन स्कूल (ODS) और एक नेशनल डिजाइन इनोवेशन नेटवर्क (NDIN) की स्थापना की परिकल्पना की गई है।

42. The only energy source which is not in anyway related to Sun is/कौन सा एकमात्र ऊर्जा-स्रोत किसी तरह सूर्य से संबंधित नहीं है?

(a) Hydro/जलीय
(b) Tidal/ज्वारीय
(c) Wind/पवन
(d) Geothermal/भू-तापीय

Ans. (d) : भू-तापीय ऊर्जा पृथ्वी के अंदर से प्राप्त होती है इसलिए इसे भू-तापीय ऊर्जा कहते हैं। इस ऊर्जा की उत्पत्ति मुख्यतः पृथ्वी में सर्वत्र समाये यूरेनियम, थोरियम आइसोटोप के विकिरण और पृथ्वी की कोर में भरे उच्च ताप युक्त तरल पदार्थ मैग्मा की उपस्थिति से होता है। यह भूगर्भीय ऊष्मा पृथ्वी के भीतर गतिशील जल द्वारा भू-सतह तक पहुंचती है। यह एकमात्र ऊर्जा स्रोत है जो किसी भी तरह सूर्य से संबंधित नहीं है।

43. Given below are two statements, one is labelled as Assertion A and the other is labelled as Reason R./नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

Assertion A : As regards communication, a major function is to build, manipulate and use symbols.

अभिकथन (A) : जहां तक सम्प्रेषण का संबंध है, उसका प्रमुख कार्य प्रतीकों का निर्माण छल-योजना और उपयोग करना है।

Reason R : One of the functions of communication is to entertain the receivers.

कारण (R) : सम्प्रेषण का एक कार्य प्राप्तकर्ताओं का मनोरंजन करना है।

In light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है। Both A and R are true and R is correct explanation of A.
(b) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या नहीं है। Both A and R are true but R is not correct explanation of A.
(c) A सही है परन्तु R सही नहीं हैं/A is true but R is false.
(d) A सही नहीं है परन्तु R सही हैं/A is false but R is true.

Ans. (b) : जहाँ तक सम्प्रेषण का संबंध है, उसका प्रमुख कार्य प्रतीकों का निर्माण छल-योजना और उपयोग करना है। यह कथन A सत्य है। सम्प्रेषण का एक कार्य प्राप्तकर्ताओं का मनोरंजन करना है। अतः कारण R भी सत्य है। सम्प्रेषण का मुख्य कार्य सूचित करना, समझाना, मनाना एवं प्रेरित करना है। सम्प्रेषण का एक कार्य प्राप्तकर्ताओं का मनोरंजन करना भी है परन्तु यह सम्प्रेषण का प्राथमिक कार्य न होकर गौण कार्यों में से एक है। अतः A व B दोनों सही हैं किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

44. Which of the following are correct in the case of Learning Management System (LMS)?
अधिगम प्रबंधन प्रणाली (एल.एम.एस.) के मामले में निम्नलिखित में से कौन सही है?

A. LMS is a software/एल.एम.एस. एक सॉफ्टवेयर है।
B. LMS can be used for virtual teacher-student groups/एल.एम.एस. का उपयोग आभासी अध्यापक-छात्र समूहों के लिए किया जा सकता है।
C. LMS is a hardware/एल.एम.एस. एक हार्डवेयर है।
D. LMS can be used for online quizzes एल.एम.एस. का उपयोग ऑनलाइन क्विज (प्रश्नोत्तरी) के लिए किया जा सकता है।
E. LMS can be used for making institutional websites/एल.एम.एस. का उपयोग सांस्थानिक वेबसाइट बनाने के लिए किया जा सकता है।

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B and E only/केवल A, B और E
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) A, B and D only/केवल A, B और D
(d) A, B, D and E only/केवल A, B, D और E

Ans. (c) : एक अधिगम प्रबंधन प्रणाली एक सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग या वेब आधारित तकनीक है। जिसका उपयोग किसी विशिष्ट शिक्षण प्रक्रिया की योजना बनाने, उसे लागू करने और मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है। इसका उपयोग सीखने की क्षमताओं को प्रभावी बनाने के लिए किया जाता है। अधिगम प्रबंधन प्रणाली के बारे में निम्न बातें सत्य हैं–

1. एल.एम.एस.एफ. एक सॉफ्टवेयर है।
2. एल.एम.एस. का उपयोग आभासी आध्यापक छात्र समूहों के लिए किया जा सकता है।
3. एल.एम.एस. का उपयोग ऑनलाइन क्विज (प्रश्नोत्तरी) के लिए किया जा सकता है।

45. Which Committee/Commission stressing upon women's education stated that, "women's and men's education should have many elements in common, but should not be in general, identical in all respects as is usually the case today."
निम्नलिखित में से महिला शिक्षा बल देने वाली/वाले किस समिति/आयोग ने कहा था कि ''महिलाओं और पुरुषों की शिक्षा में अनेक तत्व समान होने चाहिए, लेकिन सभी मामलों में सामान्य रूप से समरुप नहीं होने चाहिए, जैसा कि वर्तमान मे हो रहा है।''

(a) Katurirangan Committee/कस्तुरीरंगन समिति
(b) Radhakrishnan Commission/राधाकृष्णन आयोग
(c) Anandkrishnan Committee/आनंद कृष्णन समिति
(d) Kothari Commission/कोठारी आयोग

Ans. (b) : राधाकृष्णन आयोग का गठन 4 नवम्बर 1948 ई. में किया गया। इसके अध्यक्ष डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी थे। आयोग ने 25 अगस्त 1949 को लगभग 747 पृष्ठों की अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस आयोग का प्रमुख उद्देश्य, शिक्षित नागरिक तैयार करना, प्रजातांन्त्रिक मूल्यों को स्थापित करना, सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना आदि था। इस आयोग ने महिला शिक्षा पर बल देते हुए कहा था कि ''महिलाओं और पुरूषों की शिक्षा में अनेक तत्व समान होने चाहिए, लेकिन सभी मामलों में सामान्य रूप से समरूप नहीं होने चाहिए, जैसा कि वर्तमान में हो रहा है।''

Read the given passage and answer the five questions that follow.

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और संबंधित पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

Note–The mechanism of commodification involves platforms transforming online and offline objects, activities, emotions and ideas into tradable commodities.

These commodities are valued through four different types of currency: attention data, users and money. Commodification is intensified by mechanisms of datafication as the massive amount of user data is collected and processed by online platforms.

Ans. (b) : स्कोपस एक ग्रंथ सूची संबंधी डेटाबेस है जिसमें अकादमिक पत्रिका लेखों के लिए सार तत्व और उद्धरण शामिल हैं। इसमें 5000 से अधिक प्रकाशकों के लगभग 21,000 खिताब शामिल हैं, जिसमें से 20,000 वैज्ञानिक, तकनीकी, चिकित्सा और सामाजिक विज्ञान में पीयर की समीक्षा की गई पत्रिकाएँ हैं।

32. Effective classroom communication will enable
कक्षा में प्रभावी सम्प्रेषण किसमें सक्षम करेगा:

A. Efficient teaching/कुशल अध्यापन

B. Interest in learning/सीखने में रूचि

C. Minimal assessment/अल्पतम मूल्यांकन

D. Interaction between teachers and students
शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच अन्योन्य क्रिया

E. Teacher-centric behaviour
अध्यापक-केंद्रित व्यवहार

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C, D and E only/केवल B, C, D और E
(c) C, D and E only/केवल C, D और E
(d) A, B and D only/केवल A, B और D

Ans.(d): किसी कक्षा में प्रभावी संप्रेषण के लिए दिए गए विकल्पों में आवश्यक तत्व प्रभावी शिक्षण/कुशल अध्यापन, सीखने में रुचि एवं शिक्षक एवं छात्रों के बीच अन्योन्य क्रिया है, जो शिक्षण प्रभाव को सकारात्मक दिशा में ले जाता है।
अतः दिए गए विकल्पों में विकल्प (d) सही है।

33. Which of the following peripheral devices are considered as only input devices?
निम्नलिखित पेरिफेरिल डिवाइसेस में से किन्हें केवल इनपुट डिवाइसेस माना जाता है?

A. Microphone/माइक्रोफोन

B. Projector/प्रोजेक्टर

C. Joy Stick/जॉय स्टिक

D. Scanner/स्कैनर

E. Track- ball/ट्रैक बाल

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, C, D and E only/केवल A, C, D और E
(b) A, B, D and E only/केवल A, B, D और E
(c) B, C, D and E only/केवल B, C, D और E
(d) A, B, C and D only/केवल A, B, C और D

Ans.(a): इनपुट डिवाइस वह हार्डवेयर डिवाइस हैं, जिसके द्वारा हम डेटा एवं सूचनाओं को कंप्यूटर में भेजते हैं अथवा जिसके द्वारा यूजर कंप्यूटर को निर्देश देता है। इनपुट डिवाइस कहलाती है। जैसे माउस, कीबोर्ड, जॉयस्टिक, माइक्रोफोन स्कैनर, ट्रैकबाल इत्यादि। जबकि प्रोजेक्टर एक आउटपुट डिवाइस है।

34. According to Noise Pollution (Regulation and Control) Rules in India, noise (Leq) in educational institutions during night time (10pm-6am) must not exceed
भारत में ध्वनि प्रदूषण (विनियम एवं नियंत्रण) नियमावली के अनुसार, शैक्षिक संस्थाओं में रात 10 बजे अपरान्ह से 6 बजे पूर्वान्ह तक की अवधि में ध्वनि (Leq) का स्तर निम्नलिखित से अधिक नहीं होना चाहिए

(a) 35dB (b) 40 dB
(c) 45 dB (d) 50 dB

Ans.(b): ध्वनि प्रदूषण नियम, 2000 के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों के लिए ध्वनि मानक रात्रि के समय 40 डेसीबल से अधिक नहीं होना चाहिए।
विभिन्न जोनों एवं क्षेत्रों के आधार पर ध्वनिमानक निम्नलिखित हैं–

क्षेत्र/जोन	**ध्वनिमानक (dB)**	
	रात्रि	दिन
औद्योगिक क्षेत्र	75	70
वाणिज्यिक क्षेत्र	65	55
आवासीय क्षेत्र	55	45
शांति क्षेत्र	50	40

अतः विकल्प (b) सही है।

35. In order to develop to video for MOOC, how much portion of some copyrighted video is allowed to be used as per the fair use guidelines?
मूक (MOOC) के लिए कोई वीडियों बनाने के लिए, उचित प्रयोग दिशानिर्देशों के अनुसार, किसी प्रतिलिप्याधिकारित वीडियों के कितने हिस्से का प्रयोग करने की अनुमति है?

(a) Upto 10% or 10 minutes, whichever is less
10% तक, या 10 मिनट, जो भी कम हो।
(b) Upto 10% or 3 minutes, whichever is less
10% तक, या 3 मिनट, जो भी कम हो।
(c) Upto 20% or 10 minutes, whichever is less
20% तक, या 10 मिनट, जो भी कम हो।
(d) Upto 30% or 3 minutes, whichever is less
30% तक या 3 मिनट जो भी कम हो।

Ans.(b): MOOCs stand for 'massive open online courses' के लिए कोई वीडियो बनाने के लिए किसी प्रतिलिप्याधिकारित वीडियो के 10% से अधिक या 3 मिनट से ज्यादा हिस्से का प्रयोग करने पर साइबर कानून उल्लंघन एवं कापीराइट एक्ट का उल्लंघन माना जाएगा।

36. Which scheme of Ministry of Education Government of India, uses Artificial Intelligence to make learning more personalized and customised, as per requirements of the learners?
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की कौन-सी योजना शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार, अधिगम को अधिक वैयक्तिक और विद्यार्थी अनुकूल बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग करती है?

(a) NEAT/एन ई ए टी
(b) NEET/एन ई ई टी
(c) SWAYAM/स्वयं
(d) SWAYAM PRABHA/स्वयं प्रभा

Ans.(a) : NEAT (National Educational Alliance For Teaching) राष्ट्रीय शैक्षिक गठबंधन प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक गठबंधन मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा एक नई पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) योजना है।
इस योजना का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सहायता से सीखने वाले की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप एक अनुकूलन प्रणाली को विकसित करना है।

37. Given below are two statements, one labelled as Assertion A and the other is labelled as Reason R
नीचे दो कथन दिए गए हैंष एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

Assertion A : Teachers must encourage students to ask questions.
अभिकथन (A) : शिक्षकों को विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

Reason R : Asking questions can create curiosity and develop passion for learning
कारण (R) : प्रश्न पूछने से जिज्ञासा सृजित होती है और अधिगम के लिए उत्साह विकसित होता है।

In light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नांकित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) Both A and R are correct and R is the correct explanation of A/(A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) Both A and R are correct but R is NOT the correct explanation of a/(A) और (R) दोनों सही है परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A is correct but R is not correct
(A) सही है परन्तु (R) सही नहीं है।
(d) A is not correct but R is correct.
(A) सही नहीं है परन्तु (R) सही है।

Ans.(a): प्रभावी शिक्षण अधिगम के लिए एक शिक्षक को विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे उनके मन से संकोच झिझक खत्म हो एवं शिक्षा का प्रवाह और अधिक समावेशी हो सके।
विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पूछने से उनके मन में जिज्ञासा उत्पन्न होती है, जिससे अधिगम के लिए उत्साह का निर्माण होता है।
उपर्युक्त व्याख्या के अनुसार कारण एवं कथन दोनों सही हैं।

38. With respect to the Computers, what is the purpose of compressing a data file?
कम्प्यूटर के संदर्भ में एक डाटा फाइल को कम्प्रेस करने का क्या उद्देश्य होता है?

(a) To encrypt the data
डाटा को एन्क्रिप्ट करने के लिए
(b) To occupy less storage space
कम स्टोरेज स्पेस घेरने के लिए
(c) To increase transmission time over a network/एक नेटवर्क पर ट्रांसमिशन टाइम में वृद्धि करने के लिए
(d) To allow the file to be ready by a variety of applications/एक फाइल को विभिन्न अनुप्रयोगों द्वारा पढ़े जाने के लिए अनुमति देना

Ans.(b): मल्टीमीडिया डाटा कंप्रेशन वह टेकनीक या विधि है, जोकि डाटा के आकार को कम कर देती है। जिससे कम-से-कम जगह में अधिक-से-अधिक डाटा में भंडारित किया जा सके अथवा आसानी से एक जगह से दूसरी जगह भेजा जा सके। डाटा कंप्रेशन तभी संभव हो पाता है, जब वास्तविक डाटा कुछ डुप्लीकेट डाटा रखता है।

39. A company's word-processed daily report contains a graph from a spreadsheet. The report needs to display the most recent information from the spreadsheet. What feature should be used to insert the most up-to-date graph?
किसी कम्पनी की वर्ड-प्रोसेस्ड दैनिक रिपोर्ट में स्प्रेडशीट का एक ग्रॉफ शामिल होता है। रिपोर्ट में स्प्रेडशीट में अद्यतन सूचना को दिया जाना आवश्यक होता है। अद्यतन ग्रॉफ को अंतर्विष्ट करने के लिए किस गुण (फीचर) का उपयोग किया जाना चाहिए?

(a) Copy and paste/कॉपी और पेस्ट
(b) Mail merge wizard/मेल मर्ज़ विज़र्ड
(c) Automated importing/आटोमेटेड इम्पोर्टिंग
(d) Linking and embedding/लिंकिंग और एम्बैडिंग

Ans.(d): यदि किसी कम्पनी की वर्ड-प्रोसेस्ड दैनिक रिर्पोट में स्प्रेडशीट का एक ग्रॉफ शामिल होता है तो रिपोर्ट में स्प्रेडशीट के अद्यतन सूचना को दिया जाना आवश्यक होता है अद्यतन सूचना ग्रॉफ को अन्तर्विष्ट करने के लिए लिंकिंग व एम्बैडिंग पीचर () का उपयोग किया जाना चाहिए
विकल्प लिंकिंग और एम्बैडिंग सही है। आब्जेक्ट आदान-प्रदान करने की प्रक्रिया है। आब्जेक्ट लिंकिंग एंबेडिंग का प्रयोग कर आप एक एप्लीकेशन से लेकर किए गए आब्जेक्ट या फाइलें ले सकते हैं, जिसे सोर्स एप्लीकेशन कहा जाता है और उन्हें दूसरे एप्लीकेशन में रख सकते हैं जिसे डेस्टिनेशन एप्लीकेशन कहते हैं।

40. Given below are two statements
नीचे दो कथन दिए गए हैं:

Statement I : Knowledge is a form of cultural capital purposes.
कथन-I : ज्ञान सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए सांस्कृतिक पूंजी का एक रूप है।

Statement II : Communication media make cultural capital a form of illimitable property.
कथन-II : सम्प्रेषण मीडिया, सांस्कृतिक पूंजी को एक प्रकार की असीमित सम्पत्ति बनाता है।

In light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) Both Statement I and Statement II are correct कथन I और II दोनों सही है।

(b) Both Statement I and Statement II are incorrect/कथन I और II दोनों गलत है।

(c) Statement I is correct but Statement II is incorrect/कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है।

(d) Statement I is incorrect but Statement II is correct/कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है।

Ans.(a): ज्ञान सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए सांस्कृतिक पूँजी का एक रूप है। ज्ञान हमें किसी भी कार्य के करने से पहले उचित अनुचित का अंतर्बोध कराता है, जिसे हम व्यावहारिक जीवन में अनुप्रयोग में लाते हैं। संप्रेषण मीडिया से तात्पर्य वह माध्यम जिससे ज्ञान का प्रवाह एक जगह से दूसरे जगह, एक व्यक्ति या समूह से दूसरे व्यक्ति या दूसरे समूह अथवा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में संचरित होता है जिससे यह निरंतर बना रहता है।
अतः कथन एवं कारण दोनों सही हैं।

41. Upon completion of academic programmes (Graduation), what outcomes should the students have attained?
अकादमिक कार्यक्रमों (स्नातक) के पूरा होने पर, विद्यार्थियों को क्या परिणाम प्राप्त होने चाहिए?

(a) Programme Education Objectives/Programme outcomes/कार्यक्रम शिक्षा उद्देश्य/कार्यक्रम परिणाम

(b) Lesson outcomes/पाठ परिणाम

(c) Course outcomes/पाठ्यक्रम परिणाम

(d) Unit/Chapter outcomes/यूनिट/अध्याय परिणाम

Ans.(a): अकादमिक कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य अनुप्रयोगिक एवं उद्देश्यपूर्ण होना चाहिए, जो विद्यार्थियों का वास्तविक उद्देश्य पूरा कर सके न कि केवल यह मात्र निवेश किए गए समय का लेखा-जोखा एवं अंकों का प्रदर्शन मात्र रह जाए। अतः विद्यार्थियों के अकादमिक कार्यक्रमों के पूरा होने पर शिक्षा उद्देश्यपूर्ण एवं परिणामोन्मुखी होनी चाहिए।

42. Unscramble the strings below to create a meaningful word and then find the odd one out:
नीचे दिए गए सूत्र को इस प्रकार सुलझाएँ कि अर्थपूर्ण शब्द बने तथा तदुपरांत विषम को ढूँढ़ेः-

A. EIWNTR
B. UMRSME
C. PIGRSN
D. LCUOD

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों मे से सही उत्तर चुनें :

(a) A only/केवल A (b) B only/केवल B
(c) C only/केवल C (d) D only/केवल D

Ans.(d) : सूत्र	अर्थपूर्ण शब्द
A. EIWNTR	WINTER (A Season)
B. UMRSME	Summer (A Season)
C. PIGRSN	Spring (A Season)
D. LCOUD	CLOUD (Not a season)

उपर्युक्त शब्दों में अन्य तीनों से भिन्न है, अतः विकल्प (d) सही है।

43. Hypothesis, that is alternative to null hypothesis, is represented as
परिकल्पना, जो शून्य परिकल्पना का विकल्प है, को दर्शाया जाता है

(a) H_0 (b) H_1
(c) H_{alt} (d) $H_{\#0}$

Ans.(b): वह परिकल्पना जिसमें हम यह कल्पना या अनुमान कर पाते हैं कि दो या दो से अधिक चरों के बीच आपस में कोई संबंध नहीं है, 'शून्य परिकल्पना' कहलाती है, जिसे H_0 से प्रदर्शित करते हैं। वैकल्पिक परिकल्पना वह परिकल्पना है, जिसमें शोध के दौरान शोध से संबंधित दो या दो से अधिक चरों की आपस में संबंध होने की परिकल्पना को जाती है इसे H_1 से प्रदर्शित करते हैं।
शून्य परिकल्पना वैकल्पिक परिकल्पना की प्रतिलोम परिकल्पना होती है।

44. An American is told by his friend that Asian buffalo is like bison in such and such respects. When the American visits Asia and comes across a buffalo, he comes to know that the animal seen by him is buffalo. Which of the following means of knowledge (pramana) is used in this instance?
एक अमेरिकी को उसके मित्र द्वारा बताया गया कि एक एशियाई भैंस इन और इन संदर्भों में बाइसन (BISON) की तरह होता है। जब इस अमेरिकी ने एशिया की यात्रा की और वह भैस के सम्मुख आया तो उसे यह पता चला कि उसने जिस प्राणी को देखा, वह भैंस है। निम्नलिखित में से किस ज्ञान माध्यम (प्रमाण) का इस्तेमाल उसके द्वारा उस समय किया गया?

(a) Postulation (Arthapatti)/अर्थापत्ती

(b) Comparison (Upamana)/उपमान

(c) Perception (Pratyaksa)/प्रत्यक्ष

(d) Verbal Testimony (Sabda)/शब्द

Ans. (b) : एक अमेरिकी को उसके मित्र द्वारा बताया गया कि एक एशियाई भैंस इन और इन संदर्भों में बाइसन (BISON) की तरह होता है। जब इस अमेरिकी ने एशिया की यात्रा की और वह भैस के सम्मुख आया तो उसे यह पता चला कि उसने जिस प्राणी को देखा, वह भैंस है। तब वहाँ उपमान ज्ञान माध्यम का इस्तेमाल उसके क्षरा उस समय किया गया। जब किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान की तुलना उनके आपस में समानताओं के आधार पर की जाती है तब वहाँ उपमान ज्ञान माध्यम का प्रयोग प्रमाण के लिए किया जाता है।

45. Given below are two statements, one is labelled as Assertion A and the other is labelled as Reason R

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है।

Assertion A : According to Classical Indian School of Logic (Nyaya), it is desirable but not necessary to offer an example in a syllogistic argument or inference.

अभिकथन (A) : शास्त्रीय भारतीय न्याय मत के अनुसार किसी न्याय वाक्य अथवा अनुमान का उदाहरण देना वांछनीय है, किंतु अनिवार्य नहीं।

Reason R : Example shows that there is at least one existent object or case in the world in which the middle and major terms co-exist.

कारण (R) : उदाहरण यह दर्शाता है कि कम से कम एक अस्तित्ववान वस्तु या सांसारिक स्थिति मौजूद है जिसमें मध्य पद और प्रमुख पद सह-विद्यमान हैं।

In light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नांकित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) Both A and R are correct and R is the correct explanation of A/(A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) Both A and R are correct but R is NOT the correct explanation of A/(A) और (R) दोनों सही है परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A is correct but R is not correct
(A) सही है परन्तु (R) सही नहीं है।

(d) A is not correct but R is correct
(A) सही नहीं है, परन्तु (R) सही है।

Ans.(d): भारतीय शास्त्रीय न्यायमत के अनुसार किसी न्याय वाक्य अथवा अनुमान का उदाहरण प्रस्तुतीकरण वांछनीय है क्योंकि इससे फला वाक्य का अनुमान की पुष्टि होती है। उदाहरण यह दर्शाता है कि कम-से-कम एक अस्तित्ववान वस्तु या सांसारिक स्थिति मौजूद है, जिसमें मध्यपद एवं प्रमुख पद सह विद्यमान है।

Read the given passage and answer the questions that follow

निम्नलिखित उद्धरण को पढ़ें और सम्बन्धित पाँच प्रश्नों के उत्तर दें।

Human beings are not completely free to socially construct their own behaviour. They have a shared biological nature. The nature is remarkably uniform throughout the world, given the fact that most contemporary humans outside of Africa descended from a single relatively small group of individuals some fifty thousand years ago. This shared nature does not determine political behaviour, but it frames and limits the nature of institutions that are possible. It also means that human politics is subject to certain recurring patterns to behaviour across time and across cultures. This shared nature can be described in certain propositions like that the human beings never existed in a pre-social state.

The idea that human beings at one time existed as isolated individuals, who interacted either through anarchic violence (Hobbes) or in pacific ignorance of one another (Rousseau), is not correct. Human beings as well as their primate ancestors always lived in kin-based social groups of varying sizes. Indeed, they lived in these social units for a sufficiently long period of time that the congnitive and emotional faculties needed to promote social cooperation envolved and became hardwired in their genetic endowments. This means that a rational-choice model of collective action, in which individuals calculate that they will be better off by cooperating with one another, vastly understates the degree of social cooperation that exists in human societies and misunderstands the motives that underlie it.

The next one is the idea of natural human sociability. This is built around two principles, kin selection and reciprocal altruism. The principle of kin selection or inclusive fitness states that human beings will act altruistically toward genetic relatives (or individuals believed to be genetic relatives) in rough proportion to their shared genes. The principle of reciprocal altruism says that human beings tend to develop relationships of mutual benefit or mutual harms as they interact with other individuals over time. Reciprocal altruism, unlike kin selection, does not depend on genetic relatedness: it does, however, depend upon repeated, direct personal interaction.

मानवजाति अपने व्यवहार को सामाजिक तौर पर निर्माण करने के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र नहीं है। उनकी जैविकीय प्रकृति समान होती है, पूरे विश्व में प्रकृति एक समान होती है इस तथ्य को देखते हुए कि अधिकांश समकालीन मानवों की उत्पत्ति अफ्रीका के बाहार एक अपेक्षाकृत छोटे समूह के द्वारा लगभग 50 हजार वर्ष पहले हुई थी। यह परस्पर प्रकृति राजनीतिक व्यवहार को निर्धारित नहीं करती है लेकिन यह संभावित संस्थाओं की प्रकृति निर्मित और सीमित करती है। इसका तात्पर्य यह है कि समय और संस्कृतियों के क्रम में मानव राजनीति व्यवहार के कुछ विशिष्ट तरीकों से विनिर्दिष्ट होती है, इस परस्पर प्रकृति को कुछ हद तक इस तरह वर्णित किया जा सकता है कि मानवजाति समाज पूर्व स्थिति से पहले अस्तित्व में नहीं था यह विचार कि मानव जाति एक समय में पृथक व्यक्ति के तौर पर अस्तित्व में थी जो आपस में, अराजकतापूर्ण हिंसा (हॉब्स) द्वारा या एक दूसरे से प्रशांत अज्ञानतावश मिलते थे (रूसो) ऐसा कहना सही नहीं है। मानवजाति और उनके पुराप्राचीन पूर्वज हमेशा आपसी संबंधों के आधार पर विभिन्न आकार के सामाजिक समूहों में रहते थे। वास्तव में वे इन सामाजिक एककों में लम्बे समय तक रहे जिससे सामाजिक सहयोग के लिए आवश्यक प्रज्ञामूलक और भावनात्मक क्षमतायें विकसित हुई और वे अपने जीन अक्षयनिधि से दृढ़तापूर्वक जुड़ गयी। इसका अर्थ यह हुआ कि सामूहिक कार्य का विवेकपूर्ण-विकल्प प्रतिदर्श, जिसमें एक व्यक्ति यह समझता है कि वह आपस में सहयोग करके ही बेहतर ढंग से रह सकते हैं, बहुत हद तक सामाजिक सहयोग के महत्व को कमतर दिखाता है, जो मानव समाज में विद्यमान होता है और जो इसके अंतर्गत निहित इरादों को ठीक से नहीं समझता है। अगला विचार प्राकृतिक मानवीय सामाजिकता का

है। यह दो सिद्धान्तों पर आधारित है जो रिश्तेदारों का चयन और परस्पर परोपकारिता पर निर्भर हे। यह रिश्तेदार शयन या समावेशी अनुकूलता का सिद्धान्त दर्शाता है कि मानवीय क्रिया की परोपकारिता जेनेटिक संबंधों की ओर (या ऐसे व्यक्ति जो जैनेटिक रूप से एक दूसरे से जुड़े हो) साधारण तौर पर उनके साझा जीन्स के समानुपाती होती है। परस्पर परोपकारिता का सिद्धान्त यह कहता है कि मानव का स्वभाव आपसी सम्बन्ध स्थापित करने का है जो परस्पर लाभ या परस्पर हानि पर आधारित होता है जब वह समय के दौरान एक दूसरे से मिलते जुलते हैं। परस्पर परोपकारिता रिश्तेदार चयन के विपरीत जेनेटिक सम्बद्धता पर आधारित नहीं होता है हांलाकि यह बार-बार प्रत्यक्ष व्यक्तिगत मेलजोल पर निर्भर है।

46. The shared biological nature of humans influences
मानव की साझा जैविक प्रकृति किसे प्रभावित करती है?

(a) The division of social constructs
सामाजिक ताने-बाने का विभाजन
(b) The nature of institutions in society
समाज में संस्थाओं की प्रकृति
(c) The political behaviour of people
लोगों का राजनीतिक व्यवहार
(d) The formation of social groups
सामाजिक समूहों की रचना

Ans. (b) : मानव समाज अपने व्यवहार को सामाजिक तौर पर निर्माण करने के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र नहीं है, उनकी जैविकीय प्रकृति समान होती है, पूरे विश्व में प्रकृति एकसमान होती है, इस तथ्य को देखते हुए कि अधिकांश समकालीन मानवों की उत्पत्ति अफ्रीका बाहर एक अपेक्षाकृत छोटे समूह के द्वारा लगभग 50 हजार वर्ष पहले हुई थी। यह परस्पर प्रकृति राजनीतिक व्यवहार को निर्धारित नहीं करती है लेकिन संभावित संस्थाओं की प्रकृति निर्मित और सीमित करती है।
उपर्युक्त कथनांश से स्पष्ट है कि विकल्प (b) सही है।

47. Human beings did not exist in a pre-social state due to
किस कारण मानव पूर्व-सामाजिक स्थिति में नहीं रहा?

(a) Social kinsfolk/सामाजिक जातिवर्ग
(b) Human politics across cultures
समग्र संस्कृतियों में मानव राजनीति
(c) Institutional limitations/संस्थागत सीमाएँ
(d) Absence of individuals independence
व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अभाव

Ans.(a) : मानव जाति और उनके पुरा-प्राचीन पूर्वज हमेशा आपसी संबंधों के आधार पर विभिन्न आकार के सामाजिक समूहों में रहते थे, सामाजिक जाति वर्ग के अभ्युदय के पश्चात जातीय समूहों का विकास हुआ जो आपसी जाति व्यवस्था पर आधारित थे।

48. From the author's point of view, the main characteristic of human society has been
लेखक के दृष्टिकोण से मानवीय समय की मुख्य विशेषता निम्नलिखित है:

(a) Anarchic violence/अराजकतापूर्ण हिंसा
(b) Pacific ignorance of one another
एक दूसरे के प्रति शांतिप्रिय अनभिज्ञता
(c) Kinship based social groups
रिश्तेदार आधारित सामाजिक समूह
(d) Calculated individual relations
निर्धारित व्यक्तिगत सम्बन्ध

Ans.(c): प्राकृतिक मानवीय सामाजिकता दो सिद्धांतों रिश्तेदारों का चयन एवं परस्पर परोपकारिता पर आधारित है। रिश्तेदार चयन या समावेशी अनुकूलता का सिद्धांत यह दर्शाता है कि मानवीय क्रिया परोपकारिता जेनेटिक संबंधों की ओर (या ऐसे व्यक्ति जो जेनेटिक रूप से एक दूसरे से जुड़े हों) साधारण तौर पर उनके साझा जीन्स के समानुपाती होती हैं।

49. The concept of social cooperation involves
सामाजिक सहयोग की अवधारणा में निम्नलिखित शामिल हैं

A. Kin selection/रिश्तेदार चयन
B. Cognitive faculty/प्रज्ञानात्मक तंत्र
C. Emotional detachment/भावनात्मक विलगाव
D. Reciprocal altruism/पारस्परिक परोपकार
Choose the correct options
सही विकल्प चुनिए

(a) A and B only/केवल A और B
(b) B and C only/केवल B और C
(c) C and D only/केवल C और D
(d) A and D only/केवल A और D

Ans.(d): मानव जाति एवं उनके पुराप्राचीन पूर्वज हमेशा आपसी संबंधों के आधार पर विभिन्न आकार के सामाजिक समूहों में रहते थे। वास्तव में वे इन सामाजिक एककों में लंबे समय तक रहे, जिससे सामाजिक सहयोग के लिए आवश्यक प्रज्ञामूलक एवं भावनात्मक क्षमताएँ विकसित हुई और वे अपने जीन अक्षयनिधि से दृढ़ता पूर्वक जुड़ गए। इस प्रकार प्राकृतिक मानवीय सामाजिकता दो सिद्धांतों रिश्तेदारों का चयन एवं परस्पर परोपकारिता पर आधारित है।

50. The passage recognizes the fact that human sociability has/उद्धरण यह मानता है कि मानवीय सामाजिक में निहित है

(a) Political determinants/राजनीतिक निर्धारक
(b) Rational choice model
विवेक आधारित चयन प्रतिदर्श
(c) Integrated collective action
समेकित सामूहिक कार्य
(d) Genetic linkage/जेनेटिक सम्बद्धता

Ans.(d): रिश्तेदार चयन या समावेशी अनुकूलता का सिद्धांत यह दर्शाता है कि मानवीय क्रिया की परोपकारिता जेनेटिक संबंधों की ओर (या ऐसे व्यक्ति जो जेनेटिक रूप से एक दूसरे से जुड़े हों), साधारण तौर पर उनके साझा जीन्स के समानुपाती होती है।

यू.जी.सी. NTA नेट/जेआरएफ परीक्षा, दिसम्बर-2021/जून-2022
शिक्षण एवं शोध अभियोग्यता
व्याख्या सहित हल प्रथम प्रश्न-पत्र : Shift-II (परीक्षा तिथि : 29-09-2022)

The following table shows the percentage (%) distribution of number of students qualifying an Entrance Exam from seven school A-G in the years 2020 and 2021. The number of students qualifying from School G in 2020 and 2021 are 90 and 135 respectively. Based on the data in the table, answer the questions 1-5 :

निम्नलिखित तालिका में वर्ष 2020 और 2021 में A-G सात विद्यालयों से प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या के वितरण का प्रतिशत (%) दर्शाया गया है। विद्यालय G से 2020 और 2021 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या क्रमश: 90 और 135 है। तालिका में डाटा के आधार पर प्रश्न 1-5 के उत्तर दीजिए :

School-wise Distribution of Qualified Students
उत्तीर्ण विद्यार्थियों का विद्यालय-वार वितरण

School विद्यालय	Distribution (%) of Qualified students/उत्तीर्ण विद्यार्थियों का वितरण (%)	
	2020	2021
A	21%	23%
B	14%	8%
C	16%	11%
D	10%	14%
E	18%	16%
F	9%	18%
G	12%	15%

1. Number of student qualifying from Schools E and G together in 2020 is ....% of the number of students qualifying from School B in 2021.
विद्यालयों E और G से 2020 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की कुल संख्या विद्यालय B से 2021 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या का कितने प्रतिशत है?

(a) 188.5 (b) 247.5
(c) 342.5 (d) 312.5

Ans. (d) : विद्यालय G से 2020 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या $= 90$

$12\% = 90$

$100\% = \frac{90}{12} \times 100 = 750$

2020 में उत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या = 750

विद्यालय E और G से 2020 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की कुल संख्या

$= 750 \times \frac{(18+12)}{100} = 750 \times \frac{30}{100} = 225$

विद्यालय G से 2021 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या = 900

विद्यालय B से 2021 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या

$= 900 \times \frac{8}{100} = 72$

अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{225}{72} \times 100 = 312.5$

2. The ratio of the number of students qualifying from Schools B, C and D in 2020 to that of Schools E, F and G in 2021 is
विद्यालयों B, C और D से 2020 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या का वर्ष 2021 में विद्यालयों E, F और G से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या से अनुपात कितना है?

(a) 2 : 3 (b) 51 : 75
(c) 3 : 2 (d) 25 : 33

Ans. (d): 2020 में उत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या = 750

विद्यालय B, C और D से 2020 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या

$= 750 \times \frac{(14+16+10)}{100}$

$= 750 \times \frac{40}{100}$

$= 300$

2021 में उत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या = 900

विद्यालय E, F और G से 2021 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या

$= 900 \times \frac{(16+13+15)}{100} = 900 \times \frac{44}{100}$

$= 396$

अभीष्ट अनुपात = 300 : 396 = 25 : 33

3. The percent rise in the number of students qualifying from School D from 2020 to 2021 is
वर्ष 2020 से 2021 में विद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है?

(a) 60% (b) 63%
(c) 68% (d) 72%

Ans. (c) : वर्ष 2020 में उत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या = 750

वर्ष 2020 में विद्यालय D से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या

$= 750 \times \frac{10}{100} = 75$

वर्ष 2021 में उत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या = 900

वर्ष 2021 में विद्यालय D से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या

$= 900 \times \frac{14}{100} = 126$

अभीष्ट प्रतिशत वृद्धि $= \frac{126-75}{75} \times 100 = 68\%$

4. The percentage of the number of students qualifying from Schools A-G together in 2021 with reference to 2020 is
2020 की तुलना में 2021 में A-G विद्यालयों से उत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या का प्रतिशत कितना है?

(a) 140% (b) 120%
(c) 135% (d) 112%

Ans. (b) : वर्ष 2020 में A-G विद्यालय से उत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या $= \frac{90}{12} \times 100 = 750$

वर्ष 2021 में A-G विद्यालय से उत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या

$= \frac{135}{15} \times 100 = 900$

अतः अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{900}{750} \times 100 = 120\%$

5. If P and Q are the average number of students qualifying from Schools B, C and D in 2020 and from Schools E, F and G in 2021, respectively, the Q – P is
यदि वर्ष 2020 में विद्यालयों B, C और D से और वर्ष 2021 में विद्यालयों E, F और G से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का औसत क्रमशः P और Q है, तो Q – P कितना है?

(a) 32 (b) 35
(c) 38 (d) 41

Ans. (a) : 2020 में उत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या = 750

वर्ष 2020 में विद्यालयों B, C और D से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या

$= 750 \times \frac{(14+16+10)}{100} = 750 \times \frac{40}{100}$

$= 300$

अतः औसत $P = \frac{300}{3} = 100$

2021 में उत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या = 900

वर्ष 2021 में विद्यालयों E, F और G से उत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या $= \frac{900 \times (16+13+15)}{100} = 900 \times \frac{44}{100}$

$= 396$

अतः औसत $Q = \frac{396}{3} = 132$

अतः $Q - P = 132 - 100 = 32$

6. In a certain coding language, if 'CRICKET' is coded as 2632479, 'ROCKET' is coded as 612479 and 'KETTLE' is coded as 479907, then hows 'LOCKER' shall be coded in that language?
यदि किसी कूट भाषा में 'CRICKET' का कूट 2632479 है, 'ROCKET' का कूट 612479 है, और 'KETTLE' का कूट 479907 है, तब उस भाषा में 'LOCKER' का कूट क्या होगा?

(a) 102674 (b) 021647
(c) 120764 (d) 012476

Ans.(d) : ∵ दिया गया है–

कूट- CRICKET = 2632479
ROCKET = 612479
KETTLE = 479907

इसलिए उक्त कूट संकेतन के अनुसार

LOCKER = ?
L = O K = 4
O = 1 E = 7
C = 2 R = 6

अतः शब्द की कूट भाषा = 012476 होगा।

7. Given below are two statements :
नीचे दो कथन दिए गए हैं :

Statement I: Often qualitative studies provide too many details of the setting that are investigated.
कथन II : गुणात्मक अध्ययन बहुधा जाँच किए जा रहे प्रतिवेश का बहुत अधिक विवरण प्रदान करता है।

Statement II: Critics point out that qualitative research suffers from the issue of replication.
कथन II : आलोचकों ने इंगित किया है कि गुणात्मक शोध पुनरावृत्ति की समस्या से ग्रस्त है।

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सत्य हैं
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों असत्य हैं
(c) Statement I is true and Statement II is false
कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है
(d) Statement I is false and Statement II is true
कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है

Ans. (a): कथन I और II दोनों सत्य हैं।

गुणात्मक अध्ययन एक प्रकार का सामाजिक विज्ञान अध्ययन है, जो गैर-संख्यात्मक डेटा के साथ एकत्र करता है और काम करता है। गुणात्मक अध्ययन के लिए व्यवहार में कई पद प्रयुक्त किए जाते हैं, जैसे–नृशास्त्र शोध, (Ethnographic Research), व्यष्टि अध्ययन विधि, (Case study Research), घटना-क्रिया विज्ञानपरक शोध (Phenomenological Research) तथा संरचनावाद (Constructivism), सहभागी प्रेक्षण आदि। गुणात्मक अध्ययन में आगमनात्मक उपागम का प्रयोग होता है। इसमें शोधकर्ता की अहम् भूमिका होती है। इस अध्ययन में केंद्र बिन्दु विशिष्ट परिस्थिति, संस्थाएँ, समुदाय या मानव समूह होता है। गुणात्मक अध्ययन बहुधा जाँच किए जा रहे प्रतिवेश का बहुत अधिक विवरण प्रदान करता है। इसमें आलोचकों ने इंगित किया है कि गुणात्मक शोध पुनरावृत्ति की समस्या से ग्रस्त है।

8. Which of the following tools can be used for ICT enabled teaching?/आई.सी.टी. समर्थित अध्यापन के लिए निम्नलिखित में से कौन से उपकरणों का प्रयोग किया जा सकता है?

(a) Paper charts/कागज के चार्ट (लेखा/सारणी)
(b) Physical models/भौतिक प्रतिरूप (माडल)
(c) Projector/प्रक्षेपित्र (प्रोजेक्टर)
(d) Black Board/श्याम-पट्ट

Ans.(c) : आई.सी.टी. (इन्फॉर्मेशन एण्ड कम्यूनिकेशन टेक्नालॉजी) शिक्षण, उपकरणों और तकनीक पर आधारित शिक्षण है। आई.सी.टी. शिक्षण में छात्र-छात्राएँ दृश्य, श्रव्य और एनिमेशन के माध्यम से जीवंत रूप में सीखते हैं, इसलिए इस प्रकार की शिक्षा अत्यंत प्रभावी है। आई.सी.टी. समर्थित अध्यापन के लिए निम्नलिखित उपकरणों का प्रयोग किया जा सकता है–
टी.वी., मोबाइल, प्रक्षेपित्र (प्रोजेक्टर), रेडियो, डिजिटल बोर्ड इत्यादि।

9. According to current estimate, the gross enrolment ratio in Higher Education in India is around 27% which is expected to be increased to .... by the end of 2035./वर्तमान अनुमानों के आधार पर, उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात लगभग 27% है, जिसे बढ़ाकर 2035 के अंत तक कितना करने का लक्ष्य है?

(a) 30% (b) 40%
(c) 50% (d) 60%

Ans.(c) : वर्तमान अनुमानों के आधार पर, उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात लगभग 27% है जिसे प्रदेश सरकार ने नई शिक्षा नीति के तहत वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में नामांकन की दर 50% तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। वर्ष 2019-20 में यू.पी. में उच्च शिक्षा की सकल नामांकन दर (जी.ई.आर.) महज 25.3 फीसदी रही, जबकि देश की 27.1 फीसदी थी। यह जी.ई.आर. 18 से 23 आयु वर्ग के युवाओं के उच्च शिक्षा संस्थानों में लिए गए प्रदेश के आधार पर तैयार की गई है। प्रदेश सरकार के प्रयासों से इसमें वर्षवार सुधार भी हो रहा है। अब तय लक्ष्य हासिल करने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में अतिरिक्त सीटें बढ़ाने, तकनीकी पाठ्यक्रमों में लैंगिक असमानता दूर करने और असेवित क्षेत्रों में उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है।

10. Which of the following statements are correct regarding VoLTE?/वीओएलटीई के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

A. VoLTE stands for 'Voice over Long Term Evolution'/ वीओएलटीई का पूर्ण रूप है 'वायस ओवर लांग टर्म एवोल्यूशन'

B. It is a digital packet voice service delivery over IP via an LTE access network/यह एक एलटीई अभिगम्य नेटवर्क के जरिए आई पी पर डिजिटल पैकेट वायस सर्विस डिलिवरी है।

C. Provides more efficient use of spectrum than traditional voice/यह पारंपरिक स्वर की तुलना में स्पेक्ट्रम का अधिक कुशल उपयोग प्रदान करता है।

D. Eliminates the need to have voice on one network and data on another network.
यह एक नेटवर्क पर स्वर और दूसरे नेटवर्क पर डाटा रखने की आवश्यकता समाप्त कर देता है।

Choose the correct answer from the options given below :
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) A, B, C and D only/केवल A, B, C और D
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) A, B and C only/केवल A, B और C
(d) A, C and D only/केवल A, C और D

Ans. (a) : 'VoLTE का आशय' वायस ओवर लांग टर्म इवोल्यूशन है। आईएमएस प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए यह एलटीई एक्सेस नेटवर्क के माध्यम से आईपी पर वितरित एक डिजिटल पैकट वॉयस सेवा है। यह पारंपरिक वॉयस की तुलना में स्पेक्ट्रम का अधिक कुशल उपयोग करती है तथा एक नेटवर्क पर वॉयस और दूसरे पर डेटा रखने की आवश्यकता को समाप्त करती है।

11. Global warming can lead to/aggravate which of the following natural disasters?/निम्नलिखित में से कौन सी प्राकृतिक आपदा, भूमंडलीय या वैश्विक तापन से उत्पन्न/अधिक गम्भीर हो सकती है।

A. Draught/सूखा
B. Earthquake/भूकम्प
C. Flood/बाढ़
D. Storm/तूफान

Choose the correct answer from the options given below :
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) A, B, C only/केवल A, B, C
(b) A, C, D only/केवल A, C, D
(c) B, C, D only/केवल B, C, D
(d) B, D only/केवल B, D

Ans.(b) : ग्लोबल वार्मिंग को पृथ्वी के वायुमंडल के समग्र तापमान में क्रमिक वृद्धि के रूप में परिभाषित किया जाता है। इसमें सामान्यतः कार्बन डाइऑक्साइड, क्लोरोफ्लोरोकार्बन और मीथेन गैसों का प्रभाव अधिक है। ग्लोबल वार्मिंग का वैश्विक जलवायु पर निम्न प्रभाव देखने को मिलता है–

1. सूखा 2. तूफान
3. बाढ़ 4. वायु गति में वृद्धि

12. Teacher 'A' uses chalk and board and dictates notes to students in classroom. Teacher 'B' uses Videoconferencing tool and LMS for providing digital resources. Which modes of teaching are used by teacher A and teacher B?
अध्यापक 'A' कक्षा में चॉक और पट्ट (बोर्ड) का उपयोग करते हैं और छात्रों को बोलकर नोट्स लिखवाते हैं। अध्यापक 'B' डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विडियो सम्मेलन और एल.एम.एस. का उपयोग करते हैं। अध्यापक 'A' और अध्यापक 'B' अध्यापन की कौन सी प्रणालियाँ प्रयोग करते हैं?

(a) Both online/दोनों 'ऑनलाइन'
(b) Both offline/दोनों 'ऑफलाइन'
(c) Teacher – A: online: Teacher – B: offline
अध्यापक 'A' ऑनलाइन; अध्यापक 'B' ऑफलाइन
(d) Teacher – A: offline: Teacher – B: online
अध्यापक 'A' ऑफलाइन; अध्यापक 'B' ऑनलाइन

Ans.(d) : अध्यापक 'A' ऑफलाइन; अध्यापक 'B' ऑनलाइन

उपर्युक्त प्रश्न में अध्यापक 'A' ऑफलाइन कक्षा प्रणाली का उपयोग कर रहा है क्योंकि वह चॉक व पट्ट (बोर्ड) का उपयोग कर रहा है और छात्रों को बोलकर नोट्स लिखवा रहे हैं। ऑफलाइन पाठ छात्रों को एक वास्तविक कक्षा सीमाओं के भीतर व्यावहारिक सीखने का माहौल प्रदान करते हैं। यह छात्रों को अपने व्याख्याओं के साथ घनिष्ठ रूप से संवाद करने के साथ-साथ समकालिक बहस और चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाता है।

इसी प्रकार अध्यापक 'B' ऑनलाइन कक्षा प्रणाली का उपयोग कर रहा है क्योंकि वह डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराने के लिए वीडियो सम्मेलन और एल०एम०एस० का उपयोग करते हैं। ऑनलाइन शिक्षा शिक्षण की एक लचीली निर्देशात्मक तकनीक के रूप में विकसित हुई है जिसमें छात्र आसानी से अपने घरों में आसानी से अध्ययन सामग्री तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन शिक्षा उन छात्रों के लिए एक शानदार मौका देती है जो नियमित कक्षाओं में दाखिल होने में असमर्थ है, साथ ही छात्रों को अपनी खुद की अध्ययन गति निर्धारित करने में सहायता करती है।

13. The simple interest accrued on a sum of certain principal is Rs. 1200 in 4 years at the rate of 8% per annum. What would be the simple interest accrued on thrice of that principle at the rate of 6% per annum in 3 years?
8% की वार्षिक दर से 4 साल में किसी मूलधन पर 1200 रुपये साधारण ब्याज के रूप में इकट्ठा हुए। उस मूलधन के तिगुने मूलधन पर 6% की वार्षिक दर से 3 साल में कितना साधारण ब्याज इकट्ठा होगा?

(a) 2150 (b) 2050
(c) 2025 (d) 2100

Ans. (c) : दिया है- साधारण ब्याज = ₹1200

दर = 8% वार्षिक

समय = 4 वर्ष

माना मूलधन = ₹P

$$\text{साधारण ब्याज} = \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$$

$$1200 = \frac{P \times B \times 4}{100}$$

$P = ₹3750$

प्रश्नानुसार, मूलधन = 3750 × 3 = ₹11250

दर = 6% वार्षिक

समय = 3 वर्ष

$$\text{अतः साधारण ब्याज} = \frac{11250 \times 6 \times 3}{100} = ₹2025$$

14. On allowing two successive discounts of 20% and 15% the selling price of an article becomes Rs. 3060. What is the marked price of the article?/किसी वस्तु के विक्रय मूल्य पर 20% और 15% की दो उत्तरोत्तर छूटे देने पर उसका विक्रय मूल्य रु. 3060 हो जाता है। उस वस्तु का अंकित मूल्य क्या है?

(a) 4000 (b) 4100
(c) 4200 (d) 4500

Ans. (d) : माना वस्तु का अंकित मूल्य = ₹x

प्रश्नानुसार,

$$x \times \frac{(100-15)}{100} \times \frac{(100-20)}{100} = 3060$$

$$x \times \frac{85}{100} \times \frac{80}{100} = 3060$$

$$x \times \frac{17}{20} \times \frac{4}{5} = 3060$$

$$x = \frac{3060 \times 25}{17}$$

$x = ₹4500$

अतः वस्तु का अंकित मूल्य = ₹4500

15. In India, much of the Central Government expenditure on general higher education is routed through/भारत में सामान्य उच्च शिक्षा पर होने वाला केन्द्रीय सरकार का व्यय किसके माध्यम से होता है?

(a) National Council of Teacher Education
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद
(b) All India Council for Technical Education
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद
(c) University Grants Commission
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
(d) National Council for Educational Research and Training/राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद

Ans.(c): भारत में सामान्य उच्च शिक्षा पर होने वाला केंद्रीय सरकार का व्यय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से होता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 1956 में की गई थी। यह विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को अनुदान प्रदान करने के अतिरिक्त राज्य सरकारों को उच्चतर शिक्षा के विकास हेतु आवश्यक उपायों पर भी सुझाव देता है।

16. A major focus in quantitative research is on मात्रात्मक शोध में प्रमुख फोकस निम्नलिखित में से किस पर होता है?

(a) Historicity/ऐतिहासिकता
(b) Causality/कारणता
(c) Social reflections/सामाजिक अनुचिंतन
(d) Creating an artificial environment
कृत्रिम वातावरण की रचना करना

Ans.(b): मात्रात्मक शोध में प्रमुख फोकस कारणता पर होता है। मात्रात्मक शोध वह पद्धति है जिसका उपयोग शोधकर्ता संख्यात्मक और सांख्यिकीय साक्ष्य के आधार पर लोगों के दृष्टिकोण और व्यवहार के बारे में सिद्धांतों का परीक्षण करने के लिए करते हैं। प्रासंगिक स्थितियों में उपयोगकर्ताओं के बारे में परोक्ष रूप से मापने योग्य, पूर्वाग्रह मुक्त डेटा प्राप्त करने के लिए शोधकर्ता बड़ी संख्या में उपयोगकर्ताओं (जैसे, सर्वेक्षणों के माध्यम से) का नमूना लेते हैं।

17. Miss Reena has been appointed by the Cyber Security Cell of Mumbai to break into the website of a terrorist organization to extract information. What among the following is a suitable description of Reena's profile?

मुंबई के साइबर सुरक्षा प्रकोष्ठ ने एक आतंकवादी संगठन संबंधी सूचना निकालने के लिए उसकी वेबसाइट में घुसपैठ हेतु कुमारी रीना की नियुक्ति की है। रीना की प्रोफाइल का निम्नलिखित में से कौन-सा एक उपयुक्त विवरण है?

(a) Hactivist/हैक्टिविस्ट
(b) Ethical Hacker/नैतिक हैकर
(c) Troller/ट्रोलर
(d) Black hat hacker/ब्लैक हैट हैकर

Ans.(b): उपर्युक्त प्रश्न के संदर्भ में रीना एक एथिकल हैकर है। एक एथिकल हैकर को व्हाइट हैट हैकर भी कहा जाता है। मूल रूप से, एथिकल हैकर्स अपने ज्ञान का उपयोग महत्वपूर्ण संगठनों की तकनीक को सुरक्षित और बेहतर बनाने के लिए करते हैं।

18. There are three numbers in the ratio of 3:5:7 and the sum of these numbers is 975. Find the three numbers.
तीन संख्याओं का आपसी अनुपात 3 : 5 : 7 है और उनका कुल योग 975 है। वे तीन संख्याएं कौन-सी हैं?

(a) 195, 325, 455 (b) 325, 195, 455
(c) 195, 310, 470 (d) 205, 315, 455

Ans.(a): माना तीन संख्याएँ क्रमशः 3x, 5x, 7x है।
चूंकि दी हुई तीनों संख्याओं का योगफल = 975

$\therefore 3x + 5x + 7x = 975$

$15x = 975$

$\boxed{x = 65}$

अतः तीनों संख्याएँ क्रमशः

$3x = 3 \times 65 = 195$

$5x = 5 \times 65 = 325$

$7x = 7 \times 65 = 455$

प्राप्त संख्याएँ = 196, 325, 455

19. Given below are two statements: One is labelled as Assertion A and the other is labelled as Reason R/नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (R) के रूप में:

Assertion (A) : Chlorofluorocarbons (CFCs) are potent greenhouse gases.
अभिकथन (A) : क्लोरोफ्लोरो कार्बन्स (सी.एफ.सीएस) प्रबल ग्रीनहाउस गैसे हैं।

Reason (R) : CFCs have the ability to catalytically destroy ozone in stratosphere.
कारण (R) : सी.एफ.सी. गैसों में समतामंडल में ओजोन को उत्प्रेरकीय ढंग से नष्ट करने की क्षमता होती है।

In the light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below/उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A)/A और R दोनों सही है और R, A की सही व्याख्या है
(b) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A)/A और R दोनों सही है और R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is correct but (R) is not correct
A सही है, लेकिन R सही नहीं है
(d) (A) is not correct but (R) is correct
A सही नहीं है, लेकिन R सही है

Ans.(b) : क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFCs) क्लोरीन, फ्लोरीन एवं कार्बन से बने होते हैं। इसका व्यापारिक नाम फ्रेऑन है। यह एक प्रबल ग्रीन हाउस गैस है, क्योंकि इसका एक अणु कार्बन डाइऑक्साइड की ऊष्मा का 11000 गुना अवशोषित कर सकता है। यह एक शक्तिशाली ओजोन क्षयकारी रसायन है, जो समतापमंडल में ओजोन को उत्प्रेरकीय ढंग से नष्ट करने की क्षमता रखता है।

20. In communication, a high order of inference drawn from experience, direct or indirect is responsible for/सम्प्रेषण में अपरोक्ष या परोक्ष रूप से अनुभव से निकली एक उच्च कोटि की अनुमति निम्नलिखित में से किसके लिए उत्तरदायी है?

(a) Generalisation/सामान्यीकरण
(b) Simplification/सरलीकरण
(c) Abstraction/अमूर्तीकरण
(d) Strong reaction/कड़ी प्रतिक्रिया

Ans. (c) : सम्प्रेषण में अपरोक्ष या परोक्ष रूप से अनुभव से निकली एक उच्च कोटि की अनुमति अमूर्तीकरण के लिए उत्तरदायी होती है। अमूर्तिकरण एक प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति छाँटने, चुनने जिससे व्यक्ति अपने अनुभवों को समानताओं से देख पाते हैं। यह संप्रेषण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

21. Given below are two statements:
नीचे दो कथन दिए गए हैं:

Statement I : Communication and socialisation are two non-convergent dimensions of any modern society.
कथन I : सम्प्रेषण और समाजीकरण किसी भी आधुनिक समाज के दो गैर-अभिसारी आयाम हैं।

Statement II : Communication enables the promotion of values that facilitate the process of enculturisation of people in a society.
कथन II : सम्प्रेषण उन मूल्यों को प्रोत्साहन देने में सक्षम करता है, जो समाज में लोगों के संस्कृतिकरण की प्रक्रिया को सुगम बनाता है।

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पो में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सत्य हैं
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों असत्य हैं
(c) Statement I is true and Statement II is false
कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है
(d) Statement I is false and Statement II is true
कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है

Ans. (d) : कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है।
संप्रेषण और समाजीकरण एक व्यक्ति की जागरूकता और दूसरों के इरादों को समझने की क्षमता है और अपने परिवेश में दूसरों के साथ बातचीत करके अपने स्वयं के इरादों को सार्थक और उचित रूप से व्यक्त करता है। इसलिए संप्रेषण व समाजीकरण किसी भी आधुनिक समाज के दो गैर-अभिसारी आयाम नहीं हैं। अतः कथन (I) गलत है। संप्रेषण की आवश्यकता इसलिए पड़ती है क्योंकि प्रथम अनुभव द्वारा विश्व की अनेक घटनाओं, ज्ञान, विभिन्न विषयों की जानकारी प्राप्त करना एक असंभव बात है। प्रथम अनुभव द्वारा प्राप्त की गई जानकारी शत-प्रतिशत शुद्धता से पूर्ण होती है। संप्रेषण उन मूल्यों को प्रोत्साहन देने में सक्षम करता है, जो समाज में लोगों के संस्कृतिकरण की प्रक्रिया को सुगम बनाता है। अतः कथन (II) सही है।

22. Which University in India was first to throw all University examinations open to girls?
भारत के निम्नलिखित में से किस विश्वविद्यालय ने पहली बार लड़कियों के लिए विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं प्रारंभ की थी?

(a) Punjab University/पंजाब विश्वविद्यालय
(b) Calcutta University/कलकत्ता विश्वविद्यालय
(c) Savitribhai Phule University
सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय
(d) Bombay University/बंबई विश्वविद्यालय

Ans.(d): कलकत्ता विश्वविद्यालय ने पहली बार वर्ष 1877 में लड़कियों के लिए विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएँ प्रारंभ की थी। इसके पश्चात बंबई विश्वविद्यालय ने वर्ष 1883 में इस व्यवस्था को लागू किया। चंद्रमुखी बसु और कादिम्बनी बसु भारत की प्रथम महिला स्नातक थीं।
लेकिन आयोग की ओर से प्राप्त उत्तर कुंजी के अनुसार विकल्प (d) बॉम्बे विश्वविद्यालय को सही उत्तर बताया गया है।

23. Given below are two statements:
नीचे दो कथन दिए हैं:

Statement I : 8 megabytes = 2^{13} gigabytes
कथन II : 8 मेगाबाईट = 2^{13} गीगाबाईट

Statement II: The decimal equivalent of the binary number $(111101.101)_2$ is $(29.625)_{10}$.
कथन II: द्विचर संख्या $(111101.101)_2$ का दशमलव तुल्यांक $(29.625)_{10}$ है।

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पो में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सत्य हैं
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों असत्य हैं
(c) Statement I is true and Statement II is false
कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है
(d) Statement I is false and Statement II is true
कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है

Ans.(d) : कथन I– दिया है 8 megabyte = 2^{13} gigabyte
परन्तु हम जानते हैं 8 megabyte = 7.8 e^{-03}
अतः कथन एक गलत है
कथन II– $(11101.101)2 = (29.625)_{10}$

सभी को जोड़ने पर = 29 + .625 = $(29.625)_{10}$
अतः कथन (II) सत्य है।

24. What is the concept of International Net Neutrality?
अंतर्राष्ट्रीय नेट निरपेक्षता की संकल्पना क्या है?

(a) Imposed limitations for end-to-end Internet access/एक सिरे से दूसरे सिरे तक इंटरनेट अभिगम्यता के लिए अधिरोपित प्रतिबंध
(b) Broadband service providers can show preference to content/ब्राडबैंड सेवा प्रदाता विषय-वस्तु के प्रति वरीयता प्रदर्शित कर सकते हैं।
(c) Unimpeded end-to-end Internet access and usage/एक सिरे से दूसरे सिरे तक इंटरनेट तक निर्बाध अभिगम्यता और प्रयोग
(d) All content that flows throughout the Internet should not be treated equally/इंटरनेट के माध्यम से प्रवाहमान समस्त विषय-वस्तु को समान रूप से नहीं लिया जाना चाहिए।

Ans. (c) : नेट निरपेक्षता सभी के लिए एक समान इंटरनेट की अवधारणा है वरन् किसी भी एप्लीकेशन या प्लेटफार्म का उपयोग किया गया हो।
इसका सिद्धांत मानता है कि इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (ISPs) अथवा कंपनियों को किसी विशिष्ट डेटा के लिए अलग-अलग कीमतें नहीं लेनी चाहिए चाहे वह डेटा विभिन्न वेबसाइटों पर विजिट करने के लिए हो या अन्य सेवाओं के लिए। अतः यह एक सिरे से दूसरे सिरे तक इंटरनेट की निर्बाध अभिगम्यता और प्रयोग के लिए संकल्पित है।

25. Given below are two statements:
नीचे दो कथन दिए गए हैं:

Statement I: All potential pollutants are synthetic chemicals.
कथन II : सभी सम्भावित प्रदूषक कृत्रिम रसायन होते हैं।

Statement II : Many of the emerging contaminants have been observed to bioaccumulate in wildlife and humans.
कथन II : नए उभरे सन्दूषकों में से कई को वन्यप्राणियों और मनुष्यों में जैव-संचयित होते हुए देखा गया है।

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सत्य हैं
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों असत्य हैं
(c) Statement I is true and Statement II is false
कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है
(d) Statement I is false and Statement II is true
कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है

Ans. (d) : कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है।
सभी संभावित प्रदूषक कृत्रिम रसायन नहीं होते हैं। इन प्रदूषकों के प्रसार में मानव निर्मित कृत्रिम कारण तथा प्राकृतिक रूप के कारण होते हैं। इसलिए सभी को एक संभावित कृत्रिम रसायन प्रदूषक के रूप में नहीं देखा जाता है। संदूषण का प्रयोग शुद्धता या रासायनिक चीजों या भौतिक एजेंटों द्वारा किसी माध्यम की सामान्य स्थितियों के हानिकारक परिवर्तन को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। यह एक अवांछित घटक, दूषित पदार्थों, प्राकृतिक वातावरण, कार्यस्थल आदि की उपस्थिति से होता है। वर्तमान समय में कई प्रकार के उभरते संदूषकों को देखा गया है जिसमें से कई वन्यप्राणियों और मनुष्यों में जैव-संचयित होते हुए देखा गया है।

26. Given below are two statements:
नीचे दो कथन दिए गए हैं:

Statement I : In India increasing access to higher education has been constrained by low completion rates at secondary education stage.
कथन I : भारत में उच्च शिक्षा तक पहुंच में बढ़ोत्तरी शिक्षा के स्तर पर निम्न पूर्णता दरों के कारण बाधित रही है।
Statement II : By 2030, all multidisciplinary higher education institutions will be closed down.
कथन II : सन् 2030 तक सभी बहुविषयक उच्च शिक्षा संस्थान बंद कर दिए जाएँगे।
In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सत्य हैं
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों असत्य हैं
(c) Statement I is true and Statement II is false
कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है
(d) Statement I is false and Statement II is true
कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है

Ans. (c) : भारत में उच्च शिक्षा तक पहुंच में बढ़ोत्तरी शिक्षा के स्तर पर निम्न पूर्णता दरों के कारण बाधित रही है, यह कथन सत्य है विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी मसौदे के दिशा निर्देशों के अनुसार भारत 2030 तक हर जिले में या उसके पास एक बड़े बहुविषयक उच्च शिक्षा संस्थान की स्थापना करेगा। अतः कथन I सत्य है तथा कथन II असत्य है।

27. When it comes to knowledge-sharing, the important aspects of communication are:
जब ज्ञान साझा किया जाता है तो सम्प्रेषण के महत्वपूर्ण पक्ष हैं:
A. The supply side/आपूर्ति पक्ष
B. The demand side/मांग पक्ष
C. The policy currents/नीति प्रवाह
D. The push and pull of policy makers
नीति निर्माताओं का जोर और दबाव
E. The choice of filters/फिल्टर-विकल्प
Choose the correct answer from the options given below :
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) A, B, C only/केवल A, B, C
(b) B, C, D only/केवल B, C, D
(c) C, D, E only/केवल C, D, E
(d) A, D, E only/केवल A, D, E

Ans.(a): संप्रेषण शिक्षण के लिए काफी आवश्यक तत्व है। संप्रेषण के बिना शिक्षण कार्य संभव नहीं है संप्रेषण के माध्यम से ही व्यक्ति अपनी बातों एवं विचारों, अभिव्यक्तियों को एक दूसरे से साझा कर पाते हैं। संप्रेषण शिक्षा की रीढ़ की हड्डी है। बिना संप्रेषण के अधिगम और शिक्षण नहीं हो सकता है। ई.जी. मेयर के अनुसार, ''संप्रेषण से तात्पर्य एक व्यक्ति के विचारों तथा शक्तियों से दूसरे व्यक्तियों को परिचित कराने से है।'' जब ज्ञान का साझा संप्रेषण द्वारा होता है तो संप्रेषण के लिए तीन महत्वपूर्ण पक्ष होते हैं:- 1. आपूर्ति पक्ष, 2. मांग पक्ष, 3. नीति प्रवाह।

28. Given below are two statements:
नीचे दो कथन दिए गए हैं:

Statement I: In svartha Anumana (inference for oneself) we do not require a formal statement of the different members of inference, according to Nyaya view of inference.
कथन I: अनुमान के न्याय मत के अनुसार स्वार्थ अनुमान में हमें अनुमान के भिन्न चरणों के औपचारिक कथन की आवश्यकता नहीं होती है।
Statement II: Svartha Anumana is a psychological process.
कथन II : स्वार्थ अनुमान मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है।
In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सत्य हैं
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों असत्य हैं
(c) Statement I is true and Statement II is false
कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है
(d) Statement I is false and Statement II is true
कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है

Ans. (a) : कथन I और II दोनों सत्य हैं।
अनुमान न्याय दर्शन का दूसरा प्रमाण है। अनु+मान दो शब्दों के योग से अनुमान की उत्पत्ति हुई है। अनु का अर्थ है 'पश्चात' मान का अर्थ है ज्ञान। अतः पूर्वज्ञान (प्रत्यक्ष) के आधार पर जो परोक्ष को जानते हैं वह अनुमान है। अनुमान की परिभाषा देते हुए महर्षि वात्स्यायन अपने न्याय में कहते हैं–''प्रत्यक्ष प्रमाण से ज्ञात हेतु द्वारा अर्थ के पीछे उत्पन्न होने वाले ज्ञान को अनुमान कहते हैं।'' अनुमान की संरचना में तीन पदों का होना आवश्यक है–1. पक्ष, 2. हेतु, 3. साध्य। अनुमान के लिए कम-से-कम तीन वाक्य होने चाहिए। ये तीन वाक्य तब होते हैं जब स्वयं के लिए अनुमान किया

जाता है लेकिन जब दूसरे के लिए अनुमान लगाया जाता है तो पाँच वाक्यों की आवश्यकता होती है। अनुमान के प्रयोजन के आधार पर दो भाग हैं– 1. स्वार्थानुमान, 2. परार्थानुमान। स्वार्थनुमान एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो अपने ही संशय की निवृत्ति के लिए किया जाता है। इसमें तीन वाक्यों का होना आवश्यक होता है, जैसे–जहाँ-जहाँ धुआँ हैं, वहाँ-वहाँ आग है।
इस पर्वत पर धुआँ हैं।
इस पर्वत पर आग है।

29. A systematic review of literature adopts
साहित्य की सुव्यवस्थित समीक्षा में निम्नलिखित में से किसको अंगीकार किया जाता है?
(a) Explicit procedures/स्पष्ट कार्यप्रणालियाँ
(b) Implicit procedures/निहित कार्यप्रणालियाँ
(c) Personal-choice procedures
निजी-चयन कार्यप्रणालियाँ
(d) Peer-suggested procedures
समकक्ष-सुझाव कार्यप्रणालियाँ

Ans.(a): साहित्य की सुव्यवस्थित समीक्षा सभी अनुभवजन्य साक्ष्यों की पहचान, मूल्यांकन और उसे सारांशित करने का प्रयास करती है। इस समीक्षा में स्पष्ट कार्यप्रणालियों (Explicit procedure) को अंगीकार किया जाता है।

30. Which of the following are types of error in survey research?/निम्नलिखित में से कौन सी त्रुटियां सर्वेक्षण शोध में होती हैं?
A. Sample error/प्रतिदर्श त्रुटि
B. Source error/स्त्रोत त्रुटि
C. Observational error/प्रेक्षणमूलक त्रुटि
D. Data collection error/डाटा संग्रहण त्रुटि
E. Data processing error/डाटा प्रक्रमण त्रुटि
Choose the correct answer from the options given below :
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) A, B, C only/केवल A, B, C
(b) B, C, D only/केवल B, C, D
(c) B, D, E only/केवल B, D, E
(d) A, D, E only/केवल A, D, E

Ans. (d) : एक सर्वेक्षण शोध वह प्रक्रिया, उपकरण या तकनीक है, जिसका उपयोग आप लोगों के पूर्व निर्धारित समूह से प्रश्न पूछकर अनुसंधान में जानकारी एकत्र करने के लिए कर सकते हैं। आमतौर पर यह शोध प्रतिभागियों और अनुसंधान करने वाले व्यक्ति या संगठन के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है। शोध के प्रकार और अंत में जिस प्रकार का डेटा इकट्ठा किया जाता है उसके आधार पर सर्वेक्षण के तरीके गुणात्मक या मात्रात्मक हो सकते हैं।
प्रतिदर्श त्रुटि एक सांख्यिकीय शब्द है, जो उस सटीकता को मापता है जिसके साथ प्रतिदर्श वितरण मानक विचलन का उपयोग करके जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है।
डाटा संग्रहण त्रुटि सही व्यक्ति और अवधारणा को खराब तरीके से शोध करने और मापने के बजाय गलत व्यक्ति और अवधारणा पर शोध करने और मापने के बारे में होता है।
डाटा प्रक्रमण विधि में उपयोग किए जाने वाले डाटा में त्रुटि होती है।

31. For which of the following forms of categorical propositions conversion is valid?
निरपेक्ष तर्कवाक्य के निम्नलिखित प्रकारों में से किसमें परिवर्तन वैध है?
A. Some S is P/कुछ 'S' 'P' होते हैं।
B. Some S is not P/कुछ 'S' 'P' नहीं होते हैं।
C. No S is P/कोई भी 'S' 'P' नहीं होता है।
D. All S is P/सभी 'S' 'P' होते हैं।
Choose the correct answer from the options given below:
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(a) A, B, C, D only/केवल A, B, C, D
(b) A, C and D only/केवल A, C और D
(c) B, C and D only/केवल B, C और D
(d) A, B and D only/केवल A, B और D

Ans.(b): निरपेक्ष तर्कवाक्य मानक आकार में तब माना जाता है, जब उसके दोनों आधार वाक्य तथा निष्कर्ष व्यवस्थित क्रम में हो। संपूर्ण न्याय वाक्य में तीन तर्कवाक्य होते हैं–दो आधार वाक्य और एक निष्कर्ष वाक्य। दोनों आधार वाक्यों में एक मुख्य आधार वाक्य और दूसरा अमुख्य आधार वाक्य कहलाता है। निष्कर्ष का विधेय पद (मुख्य पद) जिस आधार वाक्य में होता है, वहीं मुख्य आधार वाक्य तथा निष्कर्ष का उद्देश्य पद (अमुख्य पद) जिस आधार में होता है वही अमुख्य आधार वाक्य होता है। किसी भी वैध निरपेक्ष न्यायवाक्य में तीन और केवल तीन ही पद होने चाहिए और पूरी युक्ति में प्रत्येक पद एक ही अर्थ में प्रयुक्त होने चाहिए। जैसे कि विकल्प (A), (C) एवं (D) में दिया गया है।

32. Which of the following are useful tips in preparing questions for a structured interview?
संरचित साक्षात्कार के लिए प्रश्न तैयार करने में निम्नलिखित में से कौन से उपयोगी संकेत हैं?
A. Introductory questions should be related to pleasantries/आरंभिक प्रश्न मनोहर और रुचिकर होने चाहिए।
B. Introductory questions should be related to the research topic/आरंभिक प्रश्न शोध विषय से संबंधित होने चाहिए।
C. Questions can be grouped, if the list of questions is long/यदि प्रश्न सूची लंबी हो तो प्रश्नों को समूहबद्ध किया जा सकता है।
D. General questions should precede specific questions/सामान्य प्रश्न विशेष प्रश्नों से पूर्व होने चाहिए।
E. Repeat the personal questions again and again to test the truthfulness of the responses of the interviewee/साक्षात्कार देने वाले के उत्तरों की सच्चाई को परखने के लिए व्यक्तिगत प्रश्नों को बार-बार दोहराइए।
Choose the correct answer from the options given below :
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) A, B, C only/केवल A, B, C
(b) A, C, D only/केवल A, C, D
(c) B, C, D only/केवल B, C, D
(d) A, D, E only/केवल A, D, E

Ans.(c) : संरचित साक्षात्कार वैसे साक्षात्कार को कहा जाता है जिसमें साक्षात्कारकर्ता विषय से पूर्व निर्धारित प्रश्नों को एक निश्चित क्रम में पूछता है तथा विषयी द्वारा दिए गए उत्तरों को एक मानकीकृत फार्म में रिकॉर्ड किया जाता है। इस तरह से इस साक्षात्कार में साक्षात्कार देने वाले सभी व्यक्तियों से एक ही तरह के प्रश्न एक निश्चित क्रम में पूछकर साक्षात्कारकर्ता एक खास निष्कर्ष पर पहुँचने की कोशिश करते हैं। इस तरह के साक्षात्कार को अन्य नामों जैसे औपचारिक साक्षात्कार (Formal Interview) या प्रतिक्रय साक्षात्कार (Patterned interview) से भी जाना जाता है। इस प्रकार के साक्षात्कार प्रायः–

1. आरंभिक प्रश्न शोध विषय से संबंधित होने चाहिए।
2. यदि प्रश्न सूची लंबी हो तो प्रश्नों को समूहबद्ध किया जा सकता है।
3. सामान्य प्रश्न विशेष प्रश्नों से पूर्व होने चाहिए।

33. If 'some men are vegetarians' is given as false, which of the following can be inferred to be true from it?/यदि 'कुछ मनुष्य शाकाहारी है' गलत रूप में दिया गया है तो निम्नलिखित में से किसे सत्य अनुमानित किया जा सकता है?

A. All men are vegetarians
सभी मनुष्य शाकाहारी है।

B. No men are vegetarians
कोई भी मनुष्य शाकाहारी नहीं है।

C. Some men are not vegetarians
कुछ मनुष्य शाकाहारी नहीं है।

D. All non-vegetarians are men
सभी गैर-शाकाहारी मनुष्य है।

Choose the correct answer from the options given below :
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) B and C only/केवल B और C
(d) C only/केवल C

Ans. (c) : अनुमान बुद्धि की वह प्रक्रिया है, जिसमें किसी हेतु या लिंग के ज्ञान के आधार पर किसी दूसरी अदृष्ट वस्तु का ज्ञान प्राप्त किया जाता है क्योंकि उस अदृष्ट वस्तु तथा हेतु के बीच व्याप्ति संबंध का ज्ञान हमें पहले से होता है। अनुमान के लिए कम-से-कम तीन वाक्य होने चाहिए। ये तीन वाक्य तब होते हैं जब अनुमान अपने लिए किया जाता है। जब अनुमान दूसरों के लिए किया जाता है तो फिर अनुमान में पाँच वाक्यों की आवश्यकता होती है। न्याय दर्शन में सामान्य के माध्यम से विशेष से विशेष का अनुमान किया जाता है। इसीलिए यदि ''कुछ मनुष्य शाकाहारी है'' असत्य रूप में बताया गया है तो इसका सत्य अनुमान (B) कोई भी मनुष्य शाकाहारी नहीं है एवं (C) कुछ मनुष्य शाकाहारी नहीं है को अनुमानित किया जा सकता है।

34. Depending on the intention which of the following logical informal fallacies may be involved in the following argument – 'I am shocked to hear you preaching atheism. Does your father know you believe that?'
अभिप्राय पर आधारित निम्नलिखित में से कौन से तार्किक अनाकारिक दोष निम्नलिखित तर्क में सम्मिलित हो सकते हैं?
आपके निरीश्वरवादी उपदेश को सुनकर मैं स्तब्ध हूँ। क्या आपके पिता यह जानते हैं कि तुम इसे मानते हो?

A. Appeal to authority/प्राधिकार आग्रह
B. Appeal to emotion/भाव आग्रह
C. Appeal to majority/बहुमत आग्रह
D. Appeal to force/बल आग्रह

Choose the correct answer from the options given below:
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) A and D only/केवल A और D
(b) A and B only/केवल A और B
(c) B and D only/केवल B और D
(d) B and C only/केवल B और C

Ans.(a) : केवल A और D
दर्शनशास्त्र में तर्क कथनों की ऐसी शृंखला होता है, जिसके द्वारा किसी व्यक्ति या समुदाय को किसी बात के लिए राजी किया जाता है। दोष गलत तर्कों पर आधारित गलत धारणाएँ हैं। वे उन तर्क से उत्पन्न होते हैं, जो तार्किक रूप से गलत है। उपर्युक्त अभिप्राय में तार्किक अनाकारिक दोष के रूप में प्राधिकार आग्रह एवं बल आग्रह तर्क सम्मिलित हो सकते हैं।
प्राधिकार आग्रह वक्ता के अधिकार के आधार पर या कथन का समर्थन करने वाले किसी व्यक्ति के अधिकार पर एक बयान के लिए सच्चाई को जिम्मेदार ठहराने से जुड़ी है। यह भ्रामक है क्योंकि यह सत्य को वस्तुनिष्ठता के बजाय शक्ति या प्रतिष्ठा का कार्य मानता है। बल आग्रह (अपील) तर्क दर्शकों को एक निष्कर्ष स्वीकार करने के लिए बल या बल के खतरे अथवा अन्य अप्रिय प्रतिक्रिया का उपयोग होता है। यह अमतौर पर अंतिम उपाय के रूप में प्रकट होता है, जब साक्ष्य या तर्कसंगत तर्क पाठक को विश्वास दिलाने में विफल होते हैं।

35. Which of the following statements are correct? Principal components of a CPU in a computer include:
निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?
कंप्यूटर के सी पी यू के प्रमुख संघटकों में निम्न शामिल है–

A. The Solid State Drive (SSD) that stores data persistently, typically using flash memory.
विशिष्ट रूप से तत्क्षण स्मृति का प्रयोग कर सतत डाटा भंडारण करने वाली सालिड स्टेट ड्राइव (एसएसडी)

B. The Arithmetic Logic Unit (ALU) that performs arithmetic and logic operations.
अंकगणितीय व तर्क प्रचालन करने वाली अंकगणितीय तर्क एकक (ए एल यू)

C. Processor registers that supply operands to the ALU and stores the results of ALU operation.
ए एल यू को आपरेंड्स की आपूर्ति और ए एल यू प्रचालन के परिणामें का भंडारण करने वाले प्रोसेसर रजिस्टर्स

D. **The Control Unit (CU) that orchestrates the fetching (from memory), decoding and execution of instructions/(स्मृति से) लाने, विकूटन और अनुदेशों के क्रियान्वयन करने वाला नियंत्रण एकक (सीयू)**

Choose the correct answer from the options given below :
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) B and C only/केवल B और C
(d) A and D only/केवल A और D

Ans. (b) : सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) एक इलेक्ट्रॉनिक माइक्रोचिप है, जो डेटा को इन्फॉर्मेशन में बदलते हुए प्रोसेस करता है। इसे 'कम्प्यूटर का ब्रेन' भी कहा जाता है। इसके अग्रलिखित भाग होते हैं–

1. अरिथमेटिक लॉजिक यूनिट (ALU)–इसका उपयोग अंक गणितीय तथा तार्किक गणना में होता है।

2. कंट्रोल यूनिट (CU)–यह कम्प्यूटर के सारे कार्यों को नियंत्रित करता है अर्थात इनपुट, आउटपुट डिवाइसेज, प्रोसेसर इत्यादि की गतिविधियों के बीच तालमेल स्थापित करता है।

3. रजिस्टर सेट–यह ए०एल०यू० को आपरेंड्स की आपूर्ति और ए०एल०यू० प्रचालन के परिमाणों का भंडारण करता है।

36. In which of the following methods of teaching, the student has to find out the answer to his/her own problem by unaided efforts?
निम्नलिखित में से अध्यापन की किस पद्धति में छात्र को बिना किसी सहायता के अपने प्रयासों द्वारा ही अपनी समस्या का उत्तर पाना पड़ता है?

(a) Case study method/प्रकरण (केस) - अध्ययन
(b) Heuristic method/स्वानुभाविक (ह्यूरिस्टिक) पद्धति
(c) Flipped classroom method
प्रतिवर्तित (फ्लिप्ड) कक्षा पद्धति
(d) Demonstration method/प्रदर्शन पद्धति

Ans.(b) : स्वानुभाविक (ह्यूरिस्टिक) पद्धति में छात्र को बिना किसी सहायता के अपने प्रयासों द्वारा ही अपनी समस्या का उत्तर पाना पड़ता है। ह्यूरिस्टिक विधि एक शिक्षण विधि है। ह्यूरिस्टिक शब्द यूनानी भाषा के Heurisco से बना है जिसका तात्पर्य है 'मैं स्वयं खोज करता हूँ' इस प्रकार स्पष्ट है कि ह्यूरिस्टिक विधि स्वयं खोज करके या अपने आप सीखने की विधि है। इस विधि को अन्वेषण या स्वानुभाविक विधि भी कहते हैं। इस पद्धति में अध्यापक किसी विषय वस्तु की व्याख्या सीधे ढंग से नहीं करते हैं बल्कि प्रश्नों के द्वारा छात्रों को स्वयं खोजने हेतु बाध्य करता है। ह्यूरिस्टिक विधि में छात्र हमेशा सक्रिय रहते हैं तथा वह नई खोज करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इस विधि में छात्र स्वयं करके नए तथ्य एवं गुणों को सीखते हैं। ह्यूरिस्टिक विधि में छात्रों को स्वयं सोचने का अवसर प्रदान किया जाता है।

37. Given below are two statements:
नीचे दो कथन दिए गए हैं:

Statement I : Aristotelian syllogism is essentially verbalistic.
कथन I : अरस्तूवादी न्यायवाक्य तत्वतः शाब्दिक होते हैं।
Statement II : Nyaya system recognizes the fact that the verbal form is the essence of inference.
कथन II : न्याय पद्धति इस तथ्य को मान्यता प्रदान करती है कि शाब्दिक रूप अनुमान का सारतत्व है।

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पो में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सत्य हैं
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों असत्य हैं
(c) Statement I is true and Statement II is false
कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है
(d) Statement I is false and Statement II is true
कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है

Ans.(c): न्याय वाक्य अरस्तू के तर्कशास्त्र का सबसे महत्वपूर्ण भाग है। यह एक प्रकार का मध्यवर्ती निष्कर्ष है, जिसमें परिणाम दो आधार वाक्यों से प्राप्त होता है। अरस्तूवादी न्यायवाक्य तत्वतः शाब्दिक होते हैं परन्तु मौखिक रूप में निष्कर्ष का सार नहीं होते हैं। अतः उपर्युक्त प्रश्न में कथन (I) सही है परंतु कथन (II) गलत है।

38. Given below are two statements: One is labelled as Assertion A and the other is labelled as Reason R/नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (R) के रूप में:

Assertion (A) : Communication has the power to persuade, inform and disinform.
अभिकथन (A) : सम्प्रेषण में विश्वास उत्पन्न करने, सूचित करने और गलत सूचना देने की शक्ति होती है।
Reason (R) : The process of propaganda makes the line of distinction transparent between its elements for being persuasive.
कारण (R) : अधिप्रचार (प्रोपेगेंडा) की प्रक्रिया विभेद की सीमा-रेखा को उसके विश्वासोत्पादक तत्वों के बीच पारदर्शी बनाती है।

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A)/A और R दोनों सही है और R, A की सही व्याख्या है
(b) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A)/A और R दोनों सही है और R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is correct but (R) is not correct
A सही है, लेकिन R सही नहीं है
(d) (A) is not correct but (R) is correct
A सही नहीं है, लेकिन R सही है

Ans. (c) : संप्रेषण या संचार शब्द से आशय है तथ्यों, सूचनाओं, विचारों आदि को भेजना या समझना। संप्रेषण एक द्विमार्गी प्रक्रिया है, जिसके लिए आवश्यक है कि यह संबंधित व्यक्तियों तक उसी अर्थ में पहुंचे जिस अर्थ में संप्रेषणकर्ता ने अपने विचारों को भेजा है। संप्रेषण क्रियाओं का वह व्यवस्थित क्रम व स्वरूप है जिसके द्वारा एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को, एक समूह दूसरे समूह को, एक विभाग दूसरे विभाग को, एक संगठन बाहरी पक्षकारों को विचारों सूचनाओं, भावनाओं व दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करता है। इसमें विश्वास उत्पन्न करने, सूचित करने और गलत सूचना देने की शक्ति होती है। अधिप्रचार (प्रोपेगेंडा) की प्रक्रिया विभेद की सीमा-रेखा को उसके विश्वासोत्पादक तत्वों के बीच पारदर्शिता नहीं बनाती है। अतः कथन (A) सही है परन्तु (R) असत्य है।

39. Given below are two statements:
नीचे दो कथन दिए गए हैं:

Statement I : Increasingly, photovoltaic panels are being used to supplement electrical energy from the power grid.

कथन I : पावर ग्रिड से विद्युत ऊर्जा को अनुपूरित करने के लिए प्रकाश-वोल्टीय पट्टों का उपयोग बढ़ता जा रहा है।

Statement II : One issue with grid-connected photovoltaics is that PV cells produce Alternating Current (AC) whereas powergrids use Direct Currect (DC)

कथन II : ग्रिड से जुड़े प्रकाश वोल्टीय यंत्रों के साथ एक समस्या यह है कि वे प्रत्यावर्तीधारा (ए.सी.) उत्पन्न करते हैं जबकि पावर-ग्रिड प्रत्यक्ष धारा (डी.सी.) का उपयोग करते हैं।

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सत्य हैं
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों असत्य हैं
(c) Statement I is true and Statement II is false
कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है
(d) Statement I is false and Statement II is true
कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है

Ans.(c) : पावर ग्रिड बिजली लाइनों का एक नेटवर्क होता है। इसके जरिए ही बिजलीघर से ग्राहकों तक बिजली की सप्लाई सुनिश्चित की जाती है। घर, दफ्तर या फैक्ट्री इन्हीं लाइनों के जरिए ही बिजली आप तक पहुँचती है। इसके लिए जिस नेटवर्क का इस्तेमाल होता है, उसे ही सम्मिलित रूप से पावर ग्रिड कहा जाता है। पावर ग्रिड से विद्युत ऊर्जा को अनुपूरित करने के लिए प्रकाश-वोल्टीय पट्टों का उपयोग बढ़ता जा रहा है, क्योंकि प्रकाश वोल्टीय ऊर्जा का उपयोग अधिकतर जगहों पर होता जा रहा है।
ग्रिड से जुड़े प्रकाश वोल्टीय यंत्र प्रत्यक्ष धारा (डी०सी०) उत्पन्न करते हैं तथा पावर ग्रिड प्रत्यावर्ती धारा (ए०सी०) का उपयोग करते हैं। अतः कथन (I) सही है लेकिन (II) कथन गलत है।

40. Broad parameters adopted by National Institutional Ranking Framework (NIRF) are
राष्ट्रीय संस्थानिक श्रेणीक्रम रूपरेखा (NIRF) द्वारा अपनाए गए व्यापक मापदंडों में सम्मिलित हैं :

A. Teaching, learning and Resources
अध्यापन, अधिगम और संसाधन
B. Graduation outcomes/स्नातक स्तर के परिणाम
C. Outreach and inclusively/प्रसार और समावेश
D. Peer perception/समकक्षों की धारणा
E. Low Carbon footprint/निम्न कार्बन पदचिह्न

Choose the most appropriate answer from the options given below:
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) A, B, C, D only/केवल A, B, C, D
(b) A, B, D, E only/केवल A, B, D, E
(c) B, C, D, E only/केवल B, C, D, E
(d) A, C, D, E only/केवल A, C, D, E

Ans.(a) : राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) को वर्ष 2015 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया था। ये देश में उच्च शिक्षण संस्थानों को रैंक प्रदान करने के लिए भारत सरकार का प्रयास है। इसमें कुल 11 श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ संस्थानों को सूचीबद्ध किया जाता है।
राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क पाँच मापदंडों पर आधारित है–

- शिक्षण, शिक्षा और संसाधन (Teaching, Learning & Resources)
- स्नातक स्तर के परिणाम (Graduation Outcomes)
- प्रसार और समावेशिता (outreach and Inclusivity)
- अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास (Research & Professional Practice)
- समकक्ष अनुभूति (Peer Perception)

41. Typhoid fever, a water born disease is caused by
आंत्रज्वर (टाइफाइड) एक जल-जनित रोग है जो निम्न से पैदा होता है–

(a) Virus/विषाणु (वायरस)
(b) Bacteria/जीवाणु
(c) Protozoan/आदिजंतु (प्रोटोजोअन)
(d) Helminth/कृमि

Ans.(b): टाइफाइड एक गंभीर बीमारी है, यह साल्मोनेला एन्टेरिका सेरोटाइप बैक्टीरिया से होता है। यह साल्मोनेला पैराटाइफी बैक्टीरियम से भी फैलता है। यह बैक्टीरिया पानी और खाने के जरिए लोगों के अंदर आता है और इसके द्वारा बहुत से लोगों में यह फैल जाता है। टाइफाइड के लिए ऊष्मायन अवधि लगभग 1-2 सप्ताह है और बीमारी लगभग 3-4 सप्ताह तक रहती है। टाइफाइड में सिरदर्द 104°C, बुखार, शरीर में दर्द, जी मचलाना, दस्त एवं कब्ज, पेट दर्द, कफ आदि होते हैं लेकिन सही ढंग से इलाज करने पर यह 3 से 4 दिन में ठीक किए जा सकते हैं।

42. In the context of MOOCs in Higher Education in India, which of the following are correct?
भारत में उच्च शिक्षा में एम.ओ.ओ.सी. के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन से सही हैं?

A. They are learner centric
वे शिक्षार्थी-केंद्रित होते हैं
B. They can be delivered only through SWAYAM portal/वे केवल 'स्वयम' (SWAYAM) पोर्टल के माध्यम से ही प्रदान किए जा सकते हैं।

C. **They can benefit large number learners**
वे शिक्षार्थियों की विशाल संख्या को लाभ पहुंचा सकते हैं।

D. **They can be accessed anytime, anywhere and any number of times/वे किसी भी समय, किसी भी स्थान पर और कितनी भी बार अभिगमित किए जा सकते हैं।**

E. **All MOOCs are for earning credit.**
सभी एम.ओ.ओ.सी. (MOOCs) क्रेडिट अर्जित करने के लिए होते हैं।

Choose the correct answer from the options given below :
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) A and D only/केवल A और D
(b) C and D only/केवल C और D
(c) A, B and E only/केवल A, B और E
(d) A, C and D only/केवल A, C और D

Ans.(d): मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज (MOOCs) वेब आधारित मुक्त दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम है जो शिक्षा के क्षेत्र में भौगोलिक रूप से दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करता है। यह कार्यक्रम शिक्षार्थी-केंद्रित होता है जो किसी भी समय, किसी भी स्थान पर और कितनी भी बार अभिगमित किया जा सकता है।

43. In which context, the true effects of mass media communication on mass audience can be understood?/निम्नलिखित में किस संदर्भ में मास मीडिया के सम्प्रेषण के व्यापक श्रोता दर्शक वर्ग पर सही प्रभावों को समझा जा सकता है?

(a) Economic/आर्थिक (b) Social/सामाजिक
(c) Political/राजनीतिक (d) Spiritual/आध्यात्मिक

Ans.(b) : सामाजिक संदर्भ में मास मीडिया के संप्रेषण के व्यापक श्रोता दर्शक वर्ग पर सही प्रभावों को समझा जा सकता है। मीडिया मनुष्य के मस्तिष्क को तथा समाज में हमारे व्यवहार और कार्य करने के तरीके को प्रभावित करता है। इस प्रभाव का स्तर कितना होगा यह मीडिया की उपलब्धता एवं उसकी व्यापकता पर निर्भर करता है। सभी पारंपरकि जनसंचार माध्यमों का अभी भी हमारे जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। समाज पर मीडिया का प्रभाव सामाजिक और राजनीतिक दोनों क्षेत्रों में होने लगता है। इन दोनों में ऐसी अनेक बातें हैं और मीडिया इन दोनों क्षेत्रों के प्रत्येक हिस्से की बात करता है। मीडिया का समाज पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार का प्रभाव पड़ता है। समाज पर मीडिया के सकारात्मक प्रभाव है सूचना की उपलब्धता, शिक्षा के विषय में जानकारी, सोशल मीडिया की स्वतंत्र प्रकृति, मीडिया बच्चों की शिक्षा एवं उनके विकास में एक सकारात्मक भूमिका निभा सकता है।

44. Find the next term in the following series:
निम्नलिखित शृंखला में अगला पद क्या है:

1, 2, 4, 6, 7, 18, 10, 54, ?

(a) 162 (b) 13
(c) 64 (d) 72

Ans.(b) : दी गई श्रृंखला निम्नवत् है-

अतः ? = 13

45. Which of the following is considered as the highest scale in measurement?
मापन की किया में निम्नलिखित में से किस मापनी को उच्चतम मापनी माना जाता है?

(a) Nominal/नामिक (b) Ordinal/क्रम-सूचक
(c) Interval/अन्तराल (d) Ratio/अनुपात

Ans.(d): मापन एक ऐसा सामान्य पद है जिससे तात्पर्य किसी वस्तु, घटना आदि को किसी नियम के अनुसार कुछ आंकित तत्वों के रूप में किया जाना होता है। टाइलर (1963) के अनुसार, "मापन किसी नियम के अनुसार अंक आवंटन करने की प्रक्रिया है।"
मनोवैज्ञानिक शोध तथा शैक्षिक शोधों में मापन के चार स्तर बताए गए हैं। इन स्तरों को मापन मापनी भी कहा जाता है। जो निम्नांकित है–
1. नामिक या वर्गीकृत मापन
2. क्रमिक मापन
3. अंतराल मापन
4. अनुपात मापन
इन चारों मापनों में से अनुपात मापन मापनी का सबसे उच्च स्तर होता है। इसमें नामिक, क्रमिक, अंतराल मापन के सभी गुण मौजूद होते हैं। साथ-ही-साथ उसमें एक वास्तविक शून्य बिन्दु भी होता है। अनुपात मापन की मुख्य विशेषता यह है कि किन्हीं दो संख्याओं का अनुपात मापन की इकाई से स्वतंत्र होता है और इसलिए इसे सही-सही ढंग से बराबर कर तुलना की जाती है। जैसे, 15 एवं 105 का अनुपात (15:105) 1 और 7 (1:7) के बराबर होगा।

Read the following passage and answer questions from questions 46 to 50

The conceptions and treatment of poverty were quite different before 1940. In colonial times the concern with poverty was conditioned by the belief that even if the natives could be somewhat enlightened by the presence of the coloniser, not much could be done about their poverty. It was because their economic development was pointless. The natives capacity for science and technology, the basis for economic progress was seen as nil. However, within Asian, African and Latin or Native American societies, vernacular societies had developed ways of defining and treating poverty that accommodated visions of community, frugality and sufficiency. It is true that massive poverty in the modern sense appeared only when the spread of market economy broke down the communities. As a result, it deprived millions of people from access to land, water and other resources. With the consolidation of market economy, systematic issues became inevitable.

It is important to know the break that occurred in the conceptions and management of poverty first with the emergence of capitalism in Europe, and later with the advent of development in the Third world. The first

break is described in terms of the advent in the nineteenth century of systems for dealing with the poor, based on assistance provided by impersonal institutions. Philanthropy occupied an important place in this transition. The transformation of the poor into the assisted had a profound consequence. The modernisation of poverty invariably affected vernacular relations.

निम्नलिखित गद्यांश पढ़िये और प्रश्न संख्या 46-50 के उत्तर दीजिए।

सन् 1940 से पहले निर्धनता सम्बन्धी धारणाएँ और विवेचन बहुत अलग प्रकार के थे। औपनिवेशिक काल में निर्धनता के प्रति संवेदना इस विश्वास से प्रभावित थी कि उपनिवेशवादी की उपस्थिति भले ही मूलनिवासियों को थोड़ा बहुत ज्ञान-सम्पन्न बना पाए, उनकी निर्धनता के बारे में ज्यादा कुछ नहीं किया जा सकता। ऐसा इसलिए था क्योंकि उनका आर्थिक विकास करना निरर्थक था। आर्थिक प्रगति के आधार विज्ञान और तकनालाजी के सम्बन्ध में मूलनिवासियों की क्षमता को शून्य माना जाता था। हालांकि एशियाई, अफ्रीकी और लातिनी या मूलनिवासी अमेरिकी समाजों के अंदर देशज समाजों ने निर्धनता को परिभाषित और विवेचित करने के ऐसे ढंग विकसित कर लिए थे जिनमें समुदाय आधारी मितव्ययिता और यथेष्टता सम्बन्धी दृष्टिकोण अन्तर्निहित थे। यह सच है कि आधुनिक अर्थों में अतिविशाल निर्धनता केवल तभी उभरी जब बाजार - केन्द्रित अर्थव्यवस्था ने समुदायों को छिन्न-भिन्न कर डाला। परिणामतः इसने करोड़ों लोगों को भूमि, जल और अन्य संसाधनों से वंचित कर दिया। बाजार-अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ीकरण के साथ व्यवस्था तंत्र सम्बन्धी समस्याएँ अपरिहार्य हो गई। निर्धनता सम्बन्धी धारणाओं और प्रबंधन में हुए विच्छेद को जानना महत्वपूर्ण है, पहला विच्छेद जो यूरोप में पूंजीवाद के उदय के साथ हुआ ओर उत्तरवर्ती विच्छेद जो तीसरी दुनिया में विकास के आगमन के साथ हुआ। पहले विच्छेद का वर्णन उन्नीसवीं शताब्दी में निर्धनों के साथ व्यवहार के लिए उन व्यवस्थाओं के उदय से किया जाता है जो निवैयक्तिक संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता पर आधारित थी। इस सक्रमण में लोकोपकार का एक महत्वपूर्ण स्थान है। निर्धनों के सहायता प्राप्त लोगों में रूपांतरण का एक गम्भीर परिणाम होना था। निर्धनता के आधुनिकीकरण ने निरपवाद रूप से देशज सम्बन्धों को प्रभावित किया।

46. The Vernacular societies encountered economic poverty with/देशज समाजों ने आर्थिक निर्धनता का सामना किस माध्यम से किया?

(a) Science and technology/विज्ञान और टैक्नौलॉजी
(b) External aid/विदेशी सहायता
(c) Modern ideas/आधुनिक विचार
(d) Use of resources sparingly
संसाधनों का मितव्ययितापूर्ण उपयोग

Ans. (d) : देशज समाजों ने निर्धनता का सामना करने के लिए ऐसे ढंग विकसित कर लिए थे जिसमें समुदाय आधारी मितव्ययिता और यथेष्ठता संबंधी दृष्टिकोण अंतर्निहित थे एवं इन संसाधनों का मितव्ययितापूर्ण उपयोग किया।

47. Capitalistic development introduced the idea of पूंजीवादी विकास ने निम्न विचार को परिस्थापित किया:

(a) Modernized poverty/आधुनिकीकृत निर्धनता
(b) Impersonal institutions/निवैयक्तिक संस्थान
(c) Third world/तीसरी दुनिया
(d) Vernacular relations/देशज सम्बन्ध

Ans. (a) : पूँजीवादी विकास ने आधुनिकीकृत निर्धनता विचार को परिस्थापित किया। निर्धनों से सहायता प्राप्त लोगों में रूपांतरण का एक गंभीर परिणाम होना था। निर्धनता के आधुनिकीकरण ने निरपवाद रूप से देशज संबंधों को प्रभावित किया।

48. The passage focuses on:
गद्यांश का केंद्रीय विचार-बिंदु है:

(a) The merits of market economy
बाजार अर्थव्यवस्था के गुण
(b) The need for philanthropy to reduce poverty
निर्धनता में कमी के लिए लोकोपकार की आवश्यकता
(c) The ill-effects of capitalism/पूंजीवाद के दुष्प्रभाव
(d) The issue of redefining poverty in the Third World/तीसरी दुनिया में निर्धनता को पुनर्परिभाषित करने की समस्या

Ans. (c) : इस गद्यांश का केंद्रीय-बिन्दु 'पूँजीवाद का दुष्प्रभाव' था। निर्धनता संबंधी धारणाएँ एवं प्रबंधन में कई सारे विच्छेद किया गया जिनमें पूँजीवाद का उदय भी हुआ। यह कई चीजों में आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया था जिसमें निर्धनों के साथ व्यवहार के लिए उन व्यवस्थाओं का उदय किया गया था जो निर्वैयक्तिक संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता पर आधारित था, जिसका दुष्प्रभाव निर्धनों पर पड़ा।

49. Before 1940, colonisers believed that poor countries/सन् 1940 से पहले उपनिवेशवादियों का विश्वास था कि निर्धन देशों को

(a) Can be changed/बदला जा सकता है
(b) Can be totally enlightened
पूर्णतः ज्ञानसम्पन्न बनाया जा सकता है।
(c) Cannot be changed/नहीं बदला जा सकता है।
(d) Do not need their presence
उपनिवेशवादियों की उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है।

Ans. (c) : सन् 1940 से पहले उपनिवेशवादियों का विश्वास था कि भले ही मूलनिवासियों को थोड़ा बहुत ज्ञान-संपन्न बना पाए, उनकी निर्धनता के बारे में ज्यादा कुछ नहीं किया जा सकता क्योंकि उनका आर्थिक विकास करना निरर्थक था। आर्थिक प्रगति के आधार विज्ञान और तकनालॉजी के संबंध में मूलनिवासियों की क्षमता को शून्य माना जाता था इसलिए उपनिवेशवादी ऐसी अवधारणा रखते थे।

50. The market economy was responsible for
बाजार अर्थव्यवस्था निम्न के लिए उत्तरदायी थी:

(a) Increased access to resources
संसाधनों तक अधिक पहुंच
(b) Massive poverty/अतिविशाल निर्धनता
(c) Enlightened development/प्रबुद्ध विकास
(d) Idealisation of tradition/परम्परा का आदर्शीकरण

Ans. (b) : बाजार अर्थव्यवस्था अतिविशाल निर्धनता के लिए उत्तरदायी थी। आधुनिक अर्थों में अतिविशाल निर्धनता केवल तभी उभरी जब बाजार-केंद्रित अर्थव्यवस्था ने समुदायों को छिन्न-भिन्न कर डाला। परिणामस्वरूप इसने करोड़ों लोगों को भूमि, जल और अन्य संसाधनों से वंचित कर दिया। बाजार अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के साथ व्यवस्था तंत्र संबंधी समस्याएँ अपरिहार्य हो गईं।

यू.जी.सी. NTA नेट/जेआरएफ परीक्षा, दिसम्बर-2021/जून-2022
शिक्षण एवं शोध अभियोग्यता
व्याख्या सहित हल प्रथम प्रश्न-पत्र : Shift-II (परीक्षा तिथि : 20-09-2022)

Direction (1-5) : The following table shows the population (in lakhs) of the cities P, Q and R over the seven years from 2014 to 2020. Based on the data in the table, answer the five questions that follow:
निर्देश (1-5) : निम्नलिखित तालिका वर्ष 2014 से 2020 तक के सात वर्षों में तीन शहरों P, Q और R की जनसंख्या (लाख में) दर्शाती है। इस तालिका के आधार पर सम्बंधित पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

Year-wise Population of Cities
शहरों की वर्ष-वार जनसंख्या

Year वर्ष	Population of City (in Lakhs) शहर की जनसंख्या (लाख में)		
	P	Q	R
2014	40	20	50
2015	45	30	40
2016	60	50	60
2017	50	55	70
2018	70	60	80
2019	65	70	90
2020	80	75	100

1. For which city and in which year, the percent rise in population from the previous year was the highest?/किस शहर और किस वर्ष में जनसंख्या में वृद्धि (प्रतिशत) पिछले वर्ष की तुलना में सर्वाधिक थी?

(a) City-Q and year - 2016/शहर-Q और वर्ष-2016
(b) City-P and year - 2018/शहर- P और वर्ष-2018
(c) City-R and year - 2016/शहर- R और वर्ष-2016
(d) City-P and year - 2020/शहर- P और वर्ष-2020

Ans. (a) :

वर्ष	शहर की जनसंख्या (लाख में)					
	P	Rise %	Q	Rise %	R	Rise %
2014	40	-	20	-	50	-
2015	45	$\frac{5}{40}\times100$ = 12.50	30	$\frac{10}{20}\times100$ = 50	40	$\frac{-10}{50}\times100$ = –20
2016	60	$\frac{15}{45}\times100$ = 33.33	50	$\frac{20}{30}\times100$ = 66.6	60	$\frac{20}{40}\times100$ = 50
2017	50	$\frac{-10}{60}\times100$ = –16.666	55	$\frac{5}{50}\times100$ = 10	70	$\frac{10}{60}\times100$ = 16.666
2018	70	$\frac{20}{50}\times100$ = 40	60	$\frac{5}{55}\times100$ = 9.09	80	$\frac{10}{70}\times100$ = 14.28
2019	65	$\frac{-5}{70}\times100$ = –7.14	70	$\frac{10}{60}\times100$ = 16.66	90	$\frac{10}{80}\times100$ = 12.5
2020	80	$\frac{15}{65}\times100$ = 23.07	75	$\frac{5}{70}\times100$ = 7.14	100	$\frac{10}{90}\times100$ = 11.11

अतः शहर Q में वर्ष 2016 में पूर्व वर्ष की अपेक्षा जनसंख्या वृद्धि सर्वाधिक है।

2. What is the difference in the total population of City-R and the total population of City-Q for all seven years?
सभी सात वर्षों के लिए शहर-R की कुल जनसंख्या और शहर-Q की कुल जनसंख्या का अंतर क्या है ?

(a) 130 Lakhs/130 लाख
(b) 80 Lakhs/80 लाख
(c) 110 Lakhs/110 लाख
(d) 85 Lakhs/85 लाख

Ans. (a) : शहर की कुल जनसंख्या R
= (50 +40 + 60 + 70 +80 +90 + 100) = 490 लाख
शहर की कुल जनसंख्या Q
= (20 + 30 + 50 + 55+ 60 + 70 + 75) = 360 लाख
अभीष्ट अन्तर = (490 – 360) = 130 लाख

3. What is the ratio of the total population of City-P for the years 2014, 2015 and 2016 together to the total population of City-R for the years 2018, 2019 and 2020 together?
वर्ष 2018-2019 और 2020 को मिलाकर शहर-R की कुल जनसंख्या के सापेक्ष वर्ष 2014, 2015 और 2016 के लिए शहर-P की कुल जनसंख्या का अनुपात क्या है?

(a) 31 : 54
(b) 29 : 53
(c) 27 : 53
(d) 29 : 54

Ans. (d) : शहर P की वर्ष 2014, 2015 और 2016 में कुल मिलाकर जनसंख्या = (40 + 45 + 60) = 145 लाख
शहर R की वर्ष 2018, 2019 और 2020 में कुल मिलाकर जनसंख्या = (80 + 90 + 100) = 270 लाख
अभीष्ट अनुपात = 145 : 270
= 29 : 54

4. What is the approximate average population of City-P for all the given years?
सभी दिए गए वर्षों के लिए शहर-P की लगभग औसत जनसंख्या क्या है?

(a) 65 Lakhs/65 लाख (b) 59 Lakhs /59 लाख
(c) 52 Lakhs /52 लाख (d) 54 Lakhs /54 लाख

Ans. (b) : शहर P की औसत जनसंख्या

$$= \frac{(40+45+60+50+70+65+80)}{7} = \frac{410}{7}$$

$= 58.57142 \cong 59$ lakh

5. What is the percentage rise in population of City-R from the year 2016 to 2017?
वर्ष 2016 की तुलना में 2017 में शहर-R की जनसंख्या में वृद्धि प्रतिशत क्या है?

(a) 8.34% (b) 10.00%
(c) 16.67 % (d) 21.45%

Ans. (c) :
वर्ष 2016 की तुलना में 2017 में शहर R की जनसंख्या में प्रतिशत वृद्धि $= \frac{70-60}{60} \times 100 = \frac{10}{60} \times 100 = 16.666\%$
अतः इस प्रश्न का निकटतम उत्तर 16.67% है।

6. Match List I with List II/सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

List I/सूची-I	List II/सूची-II
Ethical concepts in research/अनुसंधान में नीतिपरक अवधारणा	**Characteristics विशेषताएँ**
A. Deontological नीति शास्त्र	**I. What makes people good/जो लोगों को अच्छा बनाता है।**
B. Teleological उद्देश्यमूलक	**II. Application of moral norms of society/समाज के नैतिक मानदंडों का उपयोग**
C. Relativist Theory सापेक्षवाद सिद्धांत	**III. Balancing social norms/सामाजिक मानदंडों को संतुलित करना**
D. Theory of Virtue गुण सिद्धांत	**IV. Rule based/नियम आधारित**

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:

(a) A - I, B - II, C - III, D - IV
(b) A - II, B - III, C - IV, D - I
(c) A - III, B - IV, C - I, D - II
(d) A - IV, B - III, C - II, D - I

Ans. (d) :

सूची I अनुसंधान में नीतिपरक अवधारणा	**सूची II विशेषताएँ**
A. नीतिशास्त्र	IV. नियम आधारित
B. उद्देश्यमूलक	III. सामाजिक मानदण्डों को संतुलित करना
C. सापेक्षवाद सिद्धान्त	II. समाज के नैतिक मानदंडों का उपयोग
D. गुण सिद्धान्त	I. जो लोगों को अच्छा बनाता है।

7. What is the average of all the prime numbers between 30 and 50?/30 और 50 के मध्य सभी अभाज्य संख्याओं का औसत क्या है?

(a) 38.8 (b) 37.8
(c) 39.8 (d) 39.5

Ans. (c) : 30 से 50 के मध्य सभी अभाज्य संख्याओं का औसत

$$= \frac{31+37+41+43+47}{5}$$

$$= \frac{199}{5} = 39.8$$

8. Given below are two statements, one is labelled as Assertion A and the other is labelled as Reason R/नीचे दो कथन दिए गए है: एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

Assertion A: Open Educational Resources (OERs) are available for free.
अभिकथन (A) : मुक्त शैक्षिक संसाधन (OERs) नि:शुल्क उपलब्ध है।

Reason (R) : The basic philosophy behind OERs is to provide freely accessible, openly licensed text and media to all, that are useful for teaching and learning.
कारण (R) : OERs के पीछे मूलभूत सिद्धांत सभी को नि:शुल्क रूप से सुगम्य, खुले तौर पर लाइसेंस प्राप्त पाठ्यसामग्री और मीडिया उपलब्ध कराना है जो शिक्षण और अधिगम के लिए उपयोगी है।

In light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below/उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नांकित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) Both A and R are correct and R is the correct explanation of A /A और R दोनों सही है और R, A की सही व्याख्या है।
(b) Both A and R are correct but R is NOT the correct explanation of A / A और R दोनों सही है परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A is correct but R is not correct
A सही है परन्तु R सही नहीं है।
(d) A is not correct but R is correct
A सही नहीं है परन्तु R सही है।

Ans. (a) : ओ ई आर या खुले शैक्षिक संसाधन, "शिक्षण, सीखने और अनुसंधान संसाधनों के रूप में परिभाषित किया गया है और यह सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध रहते हैं। यह एक बौद्धिक सम्पदा लाइसेंस के तहत जारी किया गया है जो दूसरों को मुक्त उपयोग एवं पुनःप्रयोजन करने की अनुमति भी देता है अतः दिये गये अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

9. Stable atmospheric conditions help in
स्थिर वायुमंडलीय परिस्थितियाँ किसमें सहायक हैं?

(a) Accumulation of the air pollutants
वायु प्रदूषकों के संचयन में
(b) Dispersion of the air pollutants
वायु प्रदूषकों के विसर्जन में
(c) Dispersion of the water pollutants
जल प्रदूषकों के विजर्सन में
(d) Neutralisation of air pollutants
वायु प्रदूषकों के निष्प्रभावन में

Ans. (a) : वायुमण्डलीय स्थिरता यह निर्धारित करती है कि वायु ऊपर उठेगी या नहीं यह तूफान का कारण बनेगी, डूबेगी या साफ आसमान का कारण बनेगी स्थिरता शुष्क और संतृप्त रुदोष्महास दर और पर्यावरणीय ह्रास दर पर निर्भर है। स्थिर वायुमण्डलीय परिस्थियाँ वायु प्रदूषकों के संचयन में सहायक है।

10. According to Roland Barthes, the sequence of narrative codes is:/रोलैंड बर्थेक्स के अनुसार आख्यानात्मक कूटों का क्रम है:

A. Action/कार्रवाई

B. Symbolic/प्रतीकात्मक

C. Semantic/अर्थ-विषयक

D. Enigma/रहस्य

E. Referential/संदर्भगत

Choose the correct answer from the options given below/नीचे दिये गये विकल्पों में से ही उत्तर चुने:

(a) B, C, D, E, A
(b) C, D, A, E, B
(c) D, E, B, A, C
(d) A, C, D, E, B

Ans. (d) : रोलैड बर्थेक्स के अनुसार आख्यानात्मक कूटों का क्रम है– कार्रवाई - अर्थविषयक - रहस्य - संदर्भगत - प्रतीकात्मक

11. A software company requires '1 GB RAM minimum and 2 GB RAM recommended' for its new Operating System (OS) software. The likely outcome of attempting to install this OS on a computer with 1 GB RAM would be that
एक सॉफ्टवेयर कंपनी को अपने नये ऑपरेटिंग सिस्टम (ओ एस) सॉफ्टवेयर के लिए 1 जी बी रैम न्यूनतम और 2 जी बी रैम अनुशंसित की आवश्यकता है। 1 जी बी रैम वाले कम्प्यूटर पर इस ओ एस को इंस्टॉल करने के प्रयास का संभावित परिणाम यह होगा कि

(a) files will fail to save
फाइल सुरक्षित होने में विफल हो जायेगी
(b) peripheral devices will fail to work
परिधीय उपकरण कार्य करना बंद कर देंगे
(c) the OS will fail to install and therefore the computer will not run/ओ.एस. इंस्टॉल होने से विफल हो जाएगा और इस से कम्प्यूटर कार्य नहीं करेगा
(d) the computer will not run at its optimum performance /कम्प्यूटर अपने इष्टतम कार्यक्षमता से कार्य नहीं करेगा

Ans. (d) : एक सॉफ्टवेयर कम्पनी को अपने नये आपरेटिंग सिस्टम (ओ एस) सॉफ्टवेयर के लिए 1 जीबी रैम न्यूनतम और 2 जीबी रैम अनुशंसित की आवश्यकता है। 1 जीबी रैम वाले कम्प्यूटर पर इस ओ एस को इंस्टॉल करने के प्रयास का संभावित परिणाम यह होगा कि कम्प्यूटर अपने इष्टतम कार्य क्षमता से कार्य नहीं करेगा।

12. Which of the following is a type of Fallacy of Relevance?
निम्नलिखित में से क्या सम्बद्धता के तर्कदोष को एक प्रकार है?

(a) The Appeal to Force /बलात अर्थ का आग्रह
(b) The Argument from Ignorance /अज्ञान से तर्क
(c) Complex Question /जटिल प्रश्न
(d) Fallacy of Composition /संघटन का तर्कदोष

Ans. (a) : बलात अर्थ का आग्रह एक ऐसा तर्कदोष है जिसमें नुकसान के खतरे को केन्द्र में रखकर एक प्रासंगिक तर्क देने का प्रयास किया किया जाता है। यह अनिवार्य नही कि दिया गया तर्क सत्य या वैध ही हो। उदाहरण के लिए धमकी, डॉटना आदि बल पूर्वक दिया गया तर्क।

13. When a research problem is related to heterogeneous population, the most suitable sampling method is:
जब अनुसन्धान समस्या विषम जनसंख्या से संबंधित हो तब सबसे अधिक उपयुक्त प्रतिचयन विधि है:

(a) Cluster Sampling /क्लस्टर प्रतिचयन
(b) Stratified Sampling /स्तरित प्रतिचयन
(c) Convenient Sampling /सुविधाजनक प्रतिचयन
(d) Lottery Method /लॉटरी विधि

Ans. (b) :

स्तरित प्रतिचयन विषम जनसंख्या आधारित समस्या के लिए प्रयोग की जाती है।

14. The white paper on Indian Education was announced a few days before the passing of the Indian Universities Act in :
भारतीय शिक्षा पर श्वेत पत्र की घोषणा भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम के पारित होने से कुछ दिन पूर्व किस वर्ष में की गई थी?

(a) 1904 (b) 1914
(c) 1924 (d) 1944

Ans. (d) : भारतीय शिक्षा पर श्वेत पत्र की घोषणा भारतीय विश्व विद्यालय अधिनियम के पारित होने से कुछ दिन पूर्व 1944 में की गई थी। इसे सार्जेन्ट रिपोर्ट कहा गया है। द्वितीय विश्वयुद्ध समाप्त होने के बाद तत्कालीन भारतीय शिक्षा सलाहकार सर जॉन सार्जेंट ने 1944 में स्मृति पत्र तैयार कर केन्द्रिय शिक्षा सलाहकार बोर्ड के समय प्रस्तुत किया जिसे सार्जेन्ट रिपोर्ट कहा गया।

15. Who among the following is accredited with the view that 'knowledge without character' is a sin?/निम्नलिखित में से किसने इस विचार को प्रत्यायित किया है कि 'चरित्र के बिना ज्ञान पाप है'?

(a) Plato/प्लेटो
(b) Jawaharlal Nehru/जवाहरलाल नेहरु
(c) Sarvapalli Radhakrishnan/सर्वपल्ली राधाकृष्णन
(d) Mahatma Gandhi/महात्मा गाँधी

Ans. (d) : "चरित्र के बिना ज्ञान पाप है" यह कथन महात्मा गाँधी ने कहा है। महात्मा गांधी के अनुसार काम के बिना धन, अंतरात्मा के बिना सुख, मानवता के बिना विज्ञान, चरित्र के बिना ज्ञान, सिद्धांत के बिना राजनीति, नैतिकता के बिना व्यापार, त्याग के बिना पूजा ये सब धनघोर पाप के श्रेणी में आते हैं।

16. The acronym 'NHEQF' is for
एन.एच.ई.क्यू.एफ. परिवर्णी किसके लिए है?

(a) National Higher Education Quality Framework/नेशनल हायर एजुकेशन क्वालिटी फ्रेमवर्क
(b) National Higher Education Qualification Framework/नेशनल हायर एजुकेशन क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क
(c) National Higher Education Quantitative Framework/नेशनल हायर एजुकेशन क्वांटिटेटिव फ्रेमवर्क
(d) National Higher Education Quality Forum/नेशनल हायर एजुकेशन क्वालिटी फोरम

Ans. (b) : एन.एच.ई.क्यू.एफ. परिवर्णी नेशनल हायर एजुकेशन क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के लिए है।

17. Which of the following pairs of countries conceived the idea of the International Solar Alliance?
देशों के निम्नलिखित युग्म में से किसने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के विचार की परिकल्पना की थी ?

(a) India and USA/भारत और यू.एस.ए.
(b) India and Australia/भारत और आस्ट्रेलिया
(c) India and France/भारत और फ्रांस
(d) India and China/भारत और चीन

Ans. (c) : अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में 121 देशों में हस्ताक्षर किये ये सभी देश सनसाइन वाले देश है जो पूरी तरह या आंशिक रूप से कर्क रेखा और मकर रेखा के मध्य स्थित है। भारत एवं फ्रांस ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की परिकल्पना की थी।

18. A television manufacturer earns 20% profit by selling each T.V. set for Rs 14,400. If the production cost is increased by 15%, what should be the new selling price of a T.V. set so as to gain a profit of 15%?
एक टेलीविजन निर्माता प्रत्येक टी.वी. सेट को 14,400 रुपये में बेचकर 20% लाभ प्राप्त करता है। यदि उत्पादन लागत में 15% की वृद्धि होती है तो 15% का लाभ प्राप्त करने के लिए एक टी.वी. सेट का नया विक्रय मूल्य क्या होना चाहिए?

(a) 15870 (b) 13800
(c) 12000 (d) 15000

Ans. (a) : लाभ % = 20%

विक्रयमूल्य = 14400

क्रय मूल्य $= \frac{100}{100+20} \times 14400$

$= \frac{100}{120} \times 14400$

$= 12000$

नया क्रय मूल्य = 115% of 12000

$= \frac{115}{100} \times 12000$

$= 13800$

नया विक्रय मूल्य = 115% of 13800

$= \frac{115}{100} \times 13800$

$= 15870$

19. Which of the following is/are true regarding the relation between the middle and major terms according to Nyāya philosophy
न्याय दर्शन-शास्त्र के अनुसार मध्य और मुख्य पदों के बीच संबंध के बारे में निम्नलिखित में से क्या सही है?

A. It has to be a necessary relation.
यह अनिवार्य संबंध है।
B. It can be either necessary or contingent relation./यह या तो आवश्यक अथवा अवलंबित संबंध हो सकता है।
C. It can be causal relation.
यह कारणात्मक संबंध हो सकता है।
D. It can be species-genus relation.
यह जाति-वंश संबंध हो सकता है।
E. It can be member-class relation.
यह सदस्य-वर्ग संबंध हो सकता है।

Choose the correct answer from the options given below :
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) B, D and E only/केवल B, D और E
(b) B, C, D and E only/केवल B, C, D और E
(c) A, C, D and E only/केवल A, C, D और E
(d) A, C and D only/केवल A, C और D

Ans. (c) : प्रायः दर्शन शास्त्र के अनुसार मध्य और मुख्य पदों के बीच संबंध के बारे में सत्य कथन है-
A. यह अनिवार्य संबंध है।
C. यह कारणात्मक संबंध हो सकता है।
D. यह जातिवंश संबंध हो सकता है।
E. यह सदस्य वर्ग संबंध हो सकता है।

20. Which of the following phrases best describes blended learning?
निम्नलिखित में से कौन वाक्यांश मिश्रित विद्या का सर्वश्रेष्ठ वर्णन करता है?

(a) It involves two teachers teaching the class इसमें दो अध्यापकों द्वारा कक्षा में शिक्षा देना शामिल है।
(b) It involves online interactions only through LMS/इसमें केवल LMS के माध्यम से ऑनलाइन अन्योन्य क्रिया शामिल है।
(c) It combines elements of face-to-face and online / ICT tools for teaching-learning /यह शिक्षण-अधिगम के लिए फेस टू फेस और ऑनलाइन/आई सी टी टूल्स के तत्वों को मिलाता है।
(d) It involves older students teaching younger students through a mentoring approach /इसमें पुराने छात्रों द्वारा हितकामी दृष्टिकोण के द्वारा नए छात्रों को पढ़ाना शामिल है।

Ans. (c) : मिश्रित शिक्षा शब्द आमतौर पर छात्रों को पढ़ाते समय ऑनलाइन और ऑफलाइन रूप से सीखने के अनुभवों का उपयोग करने की प्रक्रिया को कहते है। मिश्रित अधिगम में शिक्षार्थियों को अधिगम प्राप्त करने में लचीलापन मिलता है।
मिश्रित अधिगम के 5 प्रमुख प्रतिमान हैः
फील्ड प्रतिमान
फेस टू फेस ड्राइवर प्रतिमान
रोटेशन प्रतिमान
फ्लेक्स प्रतिमान
एनरीच्ड वर्चुअल प्रतिमान

21. Find the wrong number in the series given below:/नीचे दी गई श्रृंखला में गलत संख्या बताइये।
3, 8, 15, 24, 34, 48, 63

(a) 34 (b) 48
(c) 24 (d) 63

(c) MOOCs Oriented Digital Learning Environment/मूक्स ओरियन्टेड डिजिटल लर्निंग एन्वायरन्मेंट
(d) Multiple Object Oriented Dynamic Learning Environment/मल्टीपल ऑब्जेक्ट ओरियन्टेड डाइनेमिक लर्निंग एन्वायरन्मेंट

Ans. (b) : मूडल एक स्वतंत्र और ओपन सोर्स लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम है जो PHP प्रोग्रामिंग में लिखा जाता है। तथा जनरल पब्लिक लाइसेंस के तहत सभी को वितरित होता है इसका उपयोग विद्यालयों, महाविद्यालयों विश्वविद्यालयों में मिश्रित अधिगम तथा फिलप्ड अधिगम के रूप में किया जाता है। मूडल का पूरा नाम माड्यूलर आब्जेक्ट ओरियन्टेड डाइनेमिक लर्निंग एन्वायरमेंट है इसके निर्माता मार्टिन डॉगिमस है।

8. Given below are two statements :
नीचे दो कथन दिए गए हैं :

Statement I : Assessment drives learning.
कथन (I) : आकलन अधिगम को प्रेरित करता है।

Statement II : No feedback is required to be given in formative assessments.
कथन (II) : रचनात्मक आकलनों में प्रतिपुष्टि देने की आवश्यकता नहीं है।

In the light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below :
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :
(a) Both Statement I and Statement II are correct
कथन I और II दोनों सही हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are incorrect/ कथन I और II दोनों गलत हैं।
(c) Statement I is correct but Statement II is incorrect/कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(d) Statement I is incorrect but Statement II is correct/कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।

Ans. (c) : आकलन छात्रों के अधिगम और विकास के बारे में अनुमान लगाने का व्यवस्थित आधार है। यह छात्रों के अधिगम और विकास को बढ़ाने के लिए जानकारी को परिभाषित करने, चयन करने, डिजाइन करने, एकत्रित करने, विश्लेषण करने, व्याख्या करने और उपयोग करने की प्रक्रिया है। अतः आकलन अधिगम को प्रेरित करता है।
संरचनात्मक मूल्यांकन एक नियोजित सतत् आकलन प्रक्रिया है। जिसका उपयोग सभी छात्रों और शिक्षकों द्वारा सीखने और सिखाने के दौरान किया जाता है ताकि छात्रों के लिए अधिगम संबंधी साक्ष्यों का प्रयोग किया जा सके तथा अनुशासनात्मक तरीके से सुधार किया जा सके। इसे छात्रों को स्वनिर्देशित होने में सहायता मिलती है।

9. According to Dewry, education is a
ड्योरी के अनुसार शिक्षा है :
(a) Social need/सामाजिक आवश्यकता
(b) Personal need/व्यक्तिगत आवश्यकता
(c) Status need/स्थिति (स्टेटस) आवश्यकता
(d) Financial need/वित्तीय आवश्यकता

Ans. (a) : ड्योरी के अनुसार, शिक्षा स्थिति स्टेट्स आवश्यकता है।

10. Pandit Madan Mohan Malaviya National Mission on Teachers and Teaching has various components. Which of the following is not a component under this scheme?
शिक्षकों एवं शिक्षण पर पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के विभिन्न घटक हैं। निम्नलिखित में से कौन सा इस योजना का घटक नहीं है
(a) Inter University Centers of UGC
यू जी सी के अन्तर्विश्वविद्यालय केन्द्र
(b) Faculty Development Centers (FDCs)
फेकल्टी विकास केन्द्र (एफ डी सी)
(c) Teaching Learning Centers (TLCs)
शिक्षण अधिगम केन्द्र (टी एल सी)
(d) School of Education (SOE)
शिक्षा संकाय (एस ओ ई)

Ans. (a) : यूजीसी द्वारा विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत् शोधकर्ताओं के लाभ हेतु अत्याधुनिक उपकरण और सुविधाएँ प्रदान करने के लिए अंतर विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। इसका मुख्य रूप विज्ञान एवं प्रौद्योगिक की क्षेत्र में ही देखने को मिलता है। इसके अतिरिक्त FDCs, TLCs एवं SOE शिक्षकों एवं शिक्षण पर पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के प्रमुख घटक हैं।

11. Which of the following are the features of case study method?/प्रकरण (केस) अध्ययन पद्धति की विशेषताएँ निम्नलिखित में से कौन सी हैं?

(A) It is appreciative/यह प्रशंसनात्मक है।
(B) It is particularistic/यह विशष्टतापरक है।
(C) It is descriptive/यह विवरणात्मक है।
(D) It is inductive/यह आगमनात्मक है।
(E) It is mechanical/यह यांत्रिक है।

Choose the most appropriate answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त का चयन कीजिए :

(a) (A), (B), (C) only/केवल (A), (B), (C)
(b) (B), (C), (D) only/केवल (B), (C), (D)
(c) (C), (D), (E) only/केवल (C), (D), (E)
(d) (A), (D), (E) only/केवल (A), (D), (E)

Ans. (b) : केस स्टडी या व्यष्टि अध्ययन एक गुणात्मक शोध उपागम होता है। जिसमें ली गयी शोध समस्या एक केस या समूह के रूप में होती है जो डेटा स्त्रोतों का उपयोग करके परिभाषित संदर्भ में एक वास्तविक मुद्दे की खोज की सुविधा प्रदान करती है। यह विशिष्टापरक, विवणात्मक तथा आगमनात्मक होता है। शोधार्थी व्यष्टि अध्ययन सभी प्रकारों के प्रदत्तो को एकत्रित करके करता है।

12. Which of the following are remote data collection procedures?
निम्नलिखित में से दूरस्थ आँकड़ा संग्रहण की प्रक्रियाएँ कौन सी हैं?

(A) Third party interview
थर्ड पार्टी इंटरव्यू (तृतीय पक्ष साक्षात्कार)
(B) Pop-ups/पाप-अप्स
(C) Data base e-mail/डाटा बेस इेमेल
(D) Instant messaging
इंस्टैन्ट मैसेजिंग (तात्कालिक संदेशन)
(E) Panel discussions
पैनल डिस्कशन (नामिका परिचर्चा)

Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A), (B), (C) only/केवल (A), (B), (C)
(b) (B), (C), (D) only/केवल (B), (C), (D)
(c) (C), (D), (E) only/केवल (C), (D), (E)
(d) (A), (B), (E) only/केवल (A), (B), (E)

Ans. (b) : पॉप-अप्स, डाटा बेस ई-मेल एवं इंस्टैन्ट मैसेजिंग (तात्कालिक संदेशन) दूरस्थ आँकड़ा संग्रहण की प्रक्रियाएँ हैं।

13. To perform t-test which of the following software's can be utilized?
टी-परीक्षण करने हेतु निम्नलिखित में से कौन सा सॉफ्टवेयर प्रयुक्त किया जा सकता है?

(A) MS Excel/एस. एस. एक्सेल
(B) Unix/यूनिक्स
(C) SPSS/एस पी एस एस
(D) MS Equations/एम. एस. इक्वेशन्स

Choose the most appropriate answer from the option given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(b) (B), (C) and (D) only/केवल (B), (C) और (D)
(c) (A) and (C) only/केवल (A) और (C)
(d) (A), (C) and (D) only/केवल (A), (C) और (D)

Ans. (c) : टी-परीक्षण करने हेतु एम. एस. एक्सेल एवं एस पी एस साफ्टवेयर प्रयुक्त किया जा सकता है।

14. Match List I with List II
सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :

List-I/सूची-I Types of Research/ शोध के प्रकार		List-II/सूची- II Research Characteristic/ शोध की विशेषताएं	
A.	**Cohort analysis/सहगण विश्लेषण**	**(I).**	**Study of a specific population as it undergoes change over time/समय के साथ बदलती हुई, एक विशेष जनसंख्या का अध्ययन**
B.	**Cultivation analysis/ कल्टीवेशन (संस्कृति) विश्लेषण**	**(II).**	**Simultaneous analysis of two or more data tables./ दो या अधिक आँकड़ा सारणियों का साथ-साथ विश्लेषण**
C.	**Factor analysis/ कारक विश्लेषण**	**(III).**	**Analysis of perceptions of social world./सामाजिक जगत के प्रत्यक्षण का विश्लेषण**
D.	**Canonical analysis/ प्रामाणिक विश्लेषण**	**(IV).**	**A multivariate statistical test used for data reduction. आँकड़ों के लघुकरण हेतु बहुचर साँख्यिकीय परीक्षण**

Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A)-(I), (B)-(II), (C)-(III), (D)-(IV)
(b) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(IV), (D)-(I)
(c) (A)-(IV), (B)-(I), (C)-(II), (D)-(III)
(d) (A)-(I), (B)-(III), (C)-(IV), (D)-(II)

Ans. (d) : सही मिलान-	
सूची- I	**सूची- II**
शोध के प्रकार	**शोध की विशेषताएँ**
(A) सहगण विश्लेषण	(I) समय के साथ बदलती हुई, एक विशेष जनसंख्या का अध्ययन
(B) कल्टीवेशन (संस्कृति) विश्लेषण	(III) सामाजिक जगत के प्रत्यक्षण का विश्लेषण
(C) कारक विश्लेषण	(IV) आँकड़ों के लघुकरण हेतु बहुचर साँख्यिकीय परीक्षण
(D) प्रामाणिक विश्लेषण	(II) दो या अधिक आँकड़ा सारणियों का साथ-साथ विश्लेषण

15. The measures of inter-coder reliability are employed in research related to
इंटर-कोडर विश्वसनीयता के मानदंडों का प्रयोग निम्न से संबंधित शोध में होता है :

(a) Discourse analysis/विमर्श विश्लेषण
(b) Narrative analysis/वृतांत विश्लेषण
(c) Path analysis/पथ विश्लेषण
(d) Content analysis/विषय-वस्तु विश्लेषण

Ans. (d) : इंटर-कोडर विश्वसनीयता के मानदण्डों का प्रयोग विषय वस्तु विश्लेषण शोध में किया जाता है। यह एक प्रकार का गुणात्मक शोध विश्लेषण उपकरण होता है जिसका उपयोग कुछ शब्दों, विषयों या अवधारणाओं की उपस्थिति को निर्धारित करने के लिए किया जाता है। यह विधि शोधकर्ता प्राप्त प्रदत्त के शब्दों सामग्री विषयवस्तु एवं संबंधों के अर्थों का विश्लेषण करने के लिए करता है।

16. Transforming ideas, thoughts and messages into verbal and non-verbal signs and symbols is known as :/धारणाओं, विचारों और संदेशों का मौखिक एवं गैर-मौखिक प्रतीकों में रूपांतरण किस नाम से जाना जाता है?

(a) Channelisation/मार्गीकरण (चैनेलाइजेशन)
(b) Controlled communication/नियंत्रित सम्प्रेषण
(c) Encoding/कूटलेखन
(d) Decoding/विकूटन

Ans. (c) : धारणाओं विचारों और संदेशों का मौखिक एवं गैर-मौखिक प्रतीकों में रूपान्तरण एनकोडिंग (कूटलेखन) नाम से जाना जाता है। इसे प्रेषक द्वारा भेजा जाता है जिसमें शब्द अक्षर, मनोभाव, भाव भंगिमा कुछ भी हो सकता है। प्राप्तकर्ता इसे डिकोड करने का प्रयास करता है।

17. Which of the following are the effects or oral communication?/निम्नलिखित में से कौन से मौखिक सम्प्रेषण के प्रभाव हैं?

(A) Fragmented information/खंडात्मक सूचना
(B) Personal connect/वैयक्तिक संबंध
(C) Feed back/प्रतिपुष्टि (फीडबैक)
(D) Objectivity/वस्तुनिष्ठता
(E) Absence of interpretation/व्याख्या का अभाव

Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(b) (A), (B) and (C) only/केवल (A), (B) और (C)
(c) (B) and (C) only/केवल (B) और (C)
(d) (C), (D) and (E) only/केवल (C), (D) और (E)

Ans. (c) : मौखिक सम्प्रेषण समय के साथ-साथ पैसा और श्रम भी बचाता है। समस्या समाधान के मामले में मौखिक संचार सबसे अच्छा है। विवादों एवं मतभेदों को समाप्त करने में सहायक होता है। टीमवर्क एवं समूह ऊर्जा के लिए बहुत उपयोगी होता है। मौखिक सम्प्रेषण में प्रबन्ध को अधीनस्थ कर्मचारी के बीच मधुर सम्बन्धों का निर्माण होता है।

18. Given below are two statements :
नीचे दो कथन दिए गए हैं :

Statement I : The psychological obstacle in communication can be seen when the receiver fails to refer language to reality and experience.
कथन (I) : सम्प्रेषण में मनोवैज्ञानिक बाधा तब देखी जा सकती है, जब ग्रहणकर्ता यथार्थ एवं अनुभव को भाषा का संदर्भ देने में विफल रहता है।

Statement II : The stereotypes held by one also contribute to the failure of language to reflect social reality.
कथन (II) : किसी व्यक्ति के रूढ़ प्ररूप सामाजिक यथार्थता को प्रतिबिंबित करने में भाषा की विफलता में भी योगदान करते हैं।

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below :
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों असत्य है।
(c) Statement I is true but Statement II is false
कथन I सत्य है, लेकिन कथन II असत्य है।
(d) Statement I is false but Statement II is true
कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है।

Ans. (a) : सम्प्रेषण में मनोवैज्ञानिक बाधा तब देखी जाती है जब ग्रहणकर्ता यथार्थ एवं अनुभव को भाषा का संदर्भ देने में विफल रहता है।
(i) संकेन्द्रण की कमी
(ii) खराब ग्रहणशीलता (अवधारण)
(iii) अविश्वास
(iv) भावना आदि कुछ मनोवैज्ञानिक बाधाएँ हैं।
किसी व्यक्ति के रूढ़ प्रारूप सामाजिक यथार्थता को प्रतिबिम्बित करने में भाषा की विफलता में भी योगदान करते हैं। यह एक संज्ञानात्मक तंत्र है जो अंतर सांस्कृतिक प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को रेखांकित करता है, जिस तरह से व्यक्ति अन्य समूहों के सदस्यों को समझते हैं उनके प्रति उनके व्यवहार दृष्टिकोण को आकार देते हैं। जो उनके विभिन्न प्रकार के पारस्परिक सम्पर्क और दृष्टिकोण को प्रभावित करते है। अतः दिये गये दोनों कथन I तथा कथन II दोनों ही सत्य हैं।

19. Identify the correct sequence of the elements of communication set by Aristotle :
अरस्तु द्वारा निर्धारित सम्प्रेषण के तत्वों के सही क्रम की पहचान कीजिए :

(A) Speech/भाषण **(B) Speaker/वक्ता**
(C) Audience/श्रोता **(D) Occasion/अवसर**
(E) Effect/प्रभाव

Choose the correct answer from the options given below :/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A), (D), (B), (C), (E)
(b) (D), (B), (A), (E), (C)
(c) (C), (D), (A), (E), (B)
(d) (B), (A), (D), (C), (E)

Ans. (d) : अरस्तू द्वारा निर्धारित सम्प्रेषण के तत्वों का सही क्रम-
वक्ता → भाषण → अवसर → श्रोता → प्रभाव

20. Match List I with List II :
सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए।

List-I/सूची- I Types of Communication Effects/सम्प्रेषण के प्रभाव के प्रकार		List-II/सूची- II Source of Service/सेवा का स्रोत	
A.	**Instrumental सहायक**	**(I)**	**Author's observation लेखक का अवलोकन**
B.	**Prestige/प्रतिष्ठा**	**(II)**	**A range of special requests/विशेष अनुरोधों की एक रेन्ज**
C.	**Reinforcement पुनर्बलन**	**(III)**	**Sentimental fiction/भावपूर्ण कथा-साहित्य**
D.	**Aesthetic सौदंर्यपरक**	**(IV)**	**Factual reports तथ्यात्मक रिपोर्ट**

Choose the correct answer from the options given below :
दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(IV), (D)-(I)
(b) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(I)
(c) (A)-(IV), (B)-(III), (C)-(II), (D)-(I)
(d) (A)-(I), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(III)

Ans. (c) : सही मिलान :

सूची-I	सूची-II
सम्प्रेषण के प्रभाव के प्रकार	**सेवा का स्रोत**
(A) सहायक	(IV) तथ्यात्मक रिपोर्ट
(B) प्रतिष्ठा	(III) भावपूर्ण कथा साहित्य
(C) पुनर्बलन	(II) विशेष अनुरोधों की एक रेंज
(D) सौंदर्यपरक	(I) लेखक का अवलोकन

21. Find the wrong term in the series given below:
नीचे दी गई श्रृंखला में गलत पद का पता लगाइए?
16, 22, 30, 45, 52, 66, ...

(a) 22 (b) 30
(c) 66 (d) 45

Ans. (d) : दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार है–

40

16 22 30 45 52 66
+6 +8 +10 +12 +14

अतः श्रृंखला का गलत अंक 45 है।

22. If the word EARTH be written as QPMZS in coded form, how can the word HEART be written in the same code?
यदि शब्द EARTH को कूट रूप में QPMZS लिखा जाता है तो HEART को उसी कूट में किस प्रकार लिखा जा सकता है?

(a) SPMZQ (b) SQMPZ
(c) SPMQZ (d) SQPMZ

Ans. (d) : प्रश्न से, EARTH = QPMZS
E = Q, T = Z, A = P, H = S, R = M
HEART = SQPMZ

23. Compute the value of $\frac{(0.35)^2-(0.03)^2}{0.19}$ upto 3 decimal places:
$\frac{(0.35)^2-(0.03)^2}{0.19}$ के मान की दशमलव के तीन स्थानों तक गणना कीजिए।

(a) 0.064 (b) 0.64
(c) 0.006 (d) 0.694

Ans. (b) : प्रश्न से,

$$\frac{(0.35)^2 - (0.03)^2}{0.19} = \frac{(0.35+0.03)(0.35-0.03)}{0.19}$$

$$= \frac{0.38 \times 0.32}{0.19} = 0.64$$

24. 10 chairs and 5 tables were purchased for Rs. 17,500. If the average cost of a chair is Rs. 1000. What is the average cost of a table?
10 कुर्सियाँ और 5 मेजों को ₹ 17,500 में खरीदा गया। यदि एक कुर्सी की औसत कीमत ₹ 1000 है; तब एक मेज की कीमत औसत क्या है?

(a) Rs. 1,400/₹ 1,400 (b) Rs. 1,200/₹ 1,200
(c) Rs. 1,100/₹ 1,100 (d) Rs. 1,500/₹ 1,500

Ans. (d) :
10 कुर्सी और 5 मेज का मूल्य = ₹17500
कुर्सी का औसत मूल्य = ₹1000
कुर्सी का कुल मूल्य = 1000×10 = ₹10000
मेज का मूल्य = (17500 – 10000) = ₹7500

मेज का औसत मूल्य = $\frac{7500}{5}$ = ₹1500

25. An Aeroplane started 30 minutes later than the scheduled time from a place 1500 km away from its destination. To reach the destination at the scheduled time the pilot needed to increase the speed by 250 km/hr. What was the speed of the Aeroplane during journey? (in km/hr).
एक हवाई जहाज ने अपने गंतव्य से 1500 कि.मी. की दूरी पर किसी स्थान से अपने निर्धारित समय से 30 मिनट की देरी से उड़ना प्रारंभ किया। अपने गंतव्य पर निर्धारित समय से पहुँचने हेतु पायलट को गति में 250 किमी. प्रति घंटे की दर से वृद्धि करनी आवश्यक हुयी। यात्रा के दौरान हवाई जहाज की गति कितनी थी (किमी./घंटा में) ?

(a) 750 (b) 1000
(c) 800 (d) 900

Ans. (b) : माना सामान्यतः हवाई जहाज से दूरी तय करने में लगने वाला समय = x घण्टे

दूरी = 1500 किमी.

प्रथम स्थिति में,

चाल = $\frac{1500}{x}$ किमी./घंण्टा ——— (I)

दूसरे स्थिति में,

हवाई जहाज द्वारा लिया गया अतिरिक्त समय = $x - \frac{1}{2}$ घं0

चाल = $\frac{1500}{x-\frac{1}{2}}$ किमी./घं0 ——— (II)

बढ़ी हुई चाल = 250 किमी./घं.

तो, $\frac{1500}{x-\frac{1}{2}} - \frac{1500}{x} = 250$

$\frac{1500}{2x^2 - x} = 250$

$\Rightarrow$ $2x^2 - x - 6 = 0$

$\Rightarrow$ $2x(x-2) + 3(x-2) = 0$

$\Rightarrow$ $(x-2)(2x+3) = 0$

$x = 2,\ x = \frac{-3}{2}$

चूँकि समय कभी ऋणात्मक नहीं हो सकता है

अतः चाल = $\frac{1500}{x-\frac{1}{2}} = \frac{1500}{2-\frac{1}{2}}$ = 1000 किमी/घं.

26. In classical square if opposition of 'No S is P' is given as false then which of the following could be immediately inferred from it?
वियुति के क्लासिकीय वर्ग में यदि 'कोई S, P नहीं है', असत्य के रूप में दिया हो तब निम्नलिखित में से इससे कौन-सा सीधे तौर पर अनुमान लगाया जा सकता है।

(A) 'Some S is not P' is true
'कुछ S, P नही है', सत्य है
(B) 'All S is P' is undetermined
'सभी S, P है', अनिर्धारित है।
(C) 'Some S is not P' is undermined
'कुछ S, P नही है', अनिर्धारित है।
(D) 'Some S is P' is true/'कुछ S, P है', सही है
(E) 'Some S is not P' is false
'कुछ S, P नही है', गलत है

Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) (B), (D) and (E) only/केवल (B), (D) और (E)
(b) (A), (B) and (D) only/केवल (A), (B) और (D)
(c) (A), (D) and (E) only/केवल (A), (D) और (E)
(d) (B), (C) and (D) only/केवल (B), (C) और (D)

Ans. (d) वियुति के क्लासिकीय वर्ग में
यदि कोई S, P नही है असत्य है।
तो सभी S, P है अनिर्धारित है।
कुछ S, P नहीं है, अनिर्धारित है।
कुछ S, P है, सही है।
अतः उपर्युक्त तर्क से यही अनुमान लगाया जा सकता है।

27. Which Fallacy is committed in the following argument?
"Smooth Sailing is all that's there to LIFE with ABC Insurance Policy"
निम्नलिखित युक्ति में कौन-सा दोष व्याप्त है?

''ए बी सी बीमा पॉलिसी के साथ जीवन-यापन सुगम होता है''

(a) The Appeal to Emotion/भावना के लिए आग्रह
(b) The Appeal to Pity/दया के लिए आग्रह
(c) The Appeal to Force/बल के लिए आग्रह
(d) Irrelevant Conclusion/अप्रासंगिक निष्कर्ष

Ans. (a) : भावना के लिए आग्रह एक अनौपचारिक तर्कदोष है जो एक तर्क को प्रभावी बनाने के लिए प्राप्तकर्ता की भावनाओं के साथ हेर-फेर करता है। यह विशेष रूप से तब किया जाता है जब तथ्यात्मक साक्ष्य का अभाव हो।
अतः उपर्युक्त तर्क में भावना के लिए आग्रह तर्कदोष है।

28. Given below are two statements :
नीचे दो कथन दिए गए हैं :

Statement I : To draw an analogy between two or more entities is to indicate one or more respects in which they are similar.
कथन (I) : दो या अधिक सत्ताओं के मध्य अनुरूपता को बनाना एक या अधिक पहलुओं में उनकी समानता की तरफ इंगित करता है।

Statement II : Every analogical inference proceeds from the similarity of two or more things in one or more respects to the similarity of those things in some further respect.
कथन (II) : प्रत्येक सादृश्यमूलक अनुमान एक या उससे अधिक पहलुओं में दो या उससे अधिक वस्तुओं की समानता से उन वस्तुओं के किसी अतिरिक्त पहलू की समानता की ओर अग्रसर होता है।

In the light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below :
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(a) Both Statement I and Statement II are correct
कथन I और II दोनों सही हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are incorrect/कथन I और II दोनों गलत हैं।
(c) Statement I is correct but Statement II is incorrect/कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(d) Statement I is incorrect but Statement II is correct/कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।

Ans. (a) : अनुरूप अनुमान की प्रक्रिया में दो या दो से अधिक चीजों के साझा गुणों को नोट करना शामिल है और इस आधार से यह अनुमान लगाया जाता है कि वे कुछ और सत्ताओं को भी साझा करते है। दो या दो से अधिक सत्ताओं के मध्य अनुरूपता को बनाना एक या अधिक पहलुओं में उनकी समानता की तरफ इंगित करता है। प्रत्येक सादृश्यमूलक अनुमान एक या उससे अधिक पहलुओं में दो या उससे अधिक वस्तुओं की समानता में उन वस्तुओं के किसी अतिरिक्त पहलू की समानता की ओर अग्रसर होता है। अतः दोनों कथन I तथा कथन II सत्य है।

29. Given below are two statements :
नीचे दो कथन दिए गए हैं :

Statement I : For the Classical Indian thinkers, inference (anumana) means only syllogistic inference.
कथन (I) : क्लासिकी भारतीय चिंतको के लिए अनुमान का अर्थ केवल न्यायबद्ध अनुमान से है।

Statement II : Unlike Aristotelian Syllogism, anumana involves four steps instead of three.
कथन (II) : अरस्तूवादी न्यायवाक्य से विपरीत अनुमान में तीन के बजाय चार चरण शामिल होते हैं।

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below :
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(c) Statement I is true but Statement II is false
कथन I सत्य है, लेकिन कथन II असत्य है।
(d) Statement I is false but Statement II is true
कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है।

Ans. (c) : कथन I क्लासिकी भारतीय चितंकों के लिए अनुमान का अर्थ केवल न्यायबद्ध अनुमान से है।
कथन II अरस्तूवादी न्यायवाक्य से विपरीत अनुमान में तीन ही चरण होते हैं- परिवर्तन, प्रतिपरिवर्तन, प्रतिप्रतिवर्तन
अतः केवल कथन I सत्य है।

30. Which of the following means of knowledge involves positing of something for making any unit of cognition self-complete?
ज्ञान के निम्नलिखित साधनों में से किस में बोध की कोई भी ईकाई की स्वपूर्णता निर्मित करने हेतु कुछ मान लेना शामिल होता है?

(a) Comparison (Upamana)/उपमान
(b) Postulation (Arthapatti)/अर्थापत्ति
(c) Non-Cognition (Anupalabdhi)/अनुपलब्धि
(d) Verbal Testimony (Sabda)/शब्द

Ans. (b) : अर्थापत्ति ज्ञान का पाचवाँ प्रकार होता है। इसमें ज्ञान कुछ तथ्यों के ज्ञान के पश्चात् अन्य तथ्यों का मान लेने से प्राप्त होता है। अर्थापत्ति में बोध की कोई भी इकाई की स्वपूर्णता निर्मित करने हेतु कुछ मान लेना शामिल होता है।
उदाहरणः- देवदत्त मोटा है परंतु वह दिन में खाना नही खाता है।
अतः वह रात को खाना खाता होगा।

31. With respect to data communication, which of the following statements is true about fibre optic cable?/डाटा (आँकड़ा) संचार के संदर्भ में, फाइबर ऑप्टिक केबल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) Fibre optic cable carries data in pulses of light and is prone to interference./फाइबर ऑप्टिक केबल प्रकाश स्पंद में आँकड़े ले जाता है और यह व्याघात उन्मुख है।

(b) Fibre optic cable carries data as electronic signals and is not prone to interference./फाइबर ऑप्टिक केबल इलैक्ट्रॉनिक संकेतकों के रूप में आँकड़े ले जाता है और यह व्याघात उन्मुख है।

(c) Fibre optic cable carries data as electronic signals and is prone to interference./फाइबर ऑप्टिक केबल इलैक्ट्रॉनिक संकेतकों के रूप में आँकड़े ले जाता है और यह व्याघात उन्मुख है।

(d) Fibre optic cable carries data in pulses of light and is not prone to interference.
फाइबर ऑप्टिक केबल प्रकाश स्पंद में आँकड़े ले जाता है और यह व्याघात उन्मुख नहीं है।

Ans. (d) : फाइबर आप्टिक्स का उपयोग लम्बी दूरी और उच्च प्रदर्शन डेटा नेटवर्किंग के लिए किया जाता है। यह आमतौर पर दूरसंचार सेवाओं में भी उपयोग किया जाता है, जैसे कि इंटरनेट, टेलीविजन और टेलीफोन। फाइबर अप्टिक केबल प्रकाश स्पंद में आँकड़े ले जाता है और यह याघात उन्मुख नहीं है।

32. Arrange the following computer memory types from fastest to slowest speed:
कंम्यूटर स्मृति के निम्नलिखित प्रकारों को तीव्रतम से मंदगति के क्रम में लिखिए :

(A) Hard Disk/हार्ड डिस्क

(B) Main Memory (RAM) मुख्य स्मृति (आर ए एम)

(C) CD-ROM/सी डी - आर ओ एम

(D) CPU Registers/सी पी यू रजिस्टर

(E) Cache Memory/काशे स्मृति (काशे मेमोरी)

Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (D), (E), (A), (B), (C)
(b) (A), (C), (B), (D), (E)
(c) (E), (D), (B), (A), (C)
(d) (D), (E), (B), (A), (C)

Ans. (d) : कम्प्यूटर स्मृति के प्रकार तीव्रतम से मंदगति क्रमः-
(D) सी.पी.यू. रजिस्टर
(E) कैश स्मृति
(B) मुख्य स्मृति
(A) हार्ड डिस्क
(C) सी.डी. आर.ओ.एम.

33. Which of the following statements about malware are true?/माल्वेयर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही है?

(A) A Trojan Horse is malware disguised as legitimate software./ट्रोजन हॉर्स एक मालवेयर है जो वैध सॉफ्टवेयर के छद्मवेश में होता है।

(B) A Virus inserts itself into another program. It runs and spreads itself when the program is opened./वाइरस किसी दूसरे प्रोग्राम में स्वयं घुस जाता है। जब प्रोग्राम खोला जाता है तो यह इसमें चलने और फैलने लगता है।

(C) A worm is similar to a virus except that it does not need a program in order to run. It spreads by itself./कृमि एक वायरस के समान होता है। इसमें अंतर सिर्फ यह होता है कि इसको चलने के लिए प्रोग्राम की आवश्यकता नहीं होती। यह स्वयं फैलता है।

Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(b) (A) and (C) only/केवल (A) और (C)
(c) (B) and (C) only/केवल (B) और (C)
(d) (A), (B) and (C)/केवल (A), (B) और (C)

Ans. (d) : माल्वेयर के संदर्भ में सत्य कथन है-
(A) ट्रोजन हॉर्स एक मालवेयर है जो वैद्य साफ्टवेयर के छ्द्मवेश में होता है।
(B) वाइरस किसी दूसरे प्रोग्राम में स्वयं घुस जाता है। जब प्रोग्राम खोला जाता है तो यह इसमें चलने और फैलने लगता है।
(C) कृमि एक वायरस के समान होता है। इसमें अंतर सिर्फ यह होता है कि इसको चलने के लिए प्रोग्राम की आवश्यकता नहीं होती। यह स्वयं फैलता है।

34. Match List I with List II
सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए:

	List-I/सूची-I File/फाइल		List-II/सूची-II File Format/फाइल फार्मेट
A.	Video/वीडियो	(I)	.xlsx .एक्सएलएसएक्स
B.	Podcast/पोडकास्ट	(II)	.jpg/.जेपीजी
C.	Photograph फोटोग्राफ	(III)	.mp4/.एमपी4
D.	Spreadsheet स्प्रैडशीट	(IV)	.mp3/.एमपी3

Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A)-(III), (B)-(II), (C)-(IV), (D)-(I)
(b) (A)-(II), (B)-(IV), (C)-(III), (D)-(I)
(c) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(I)
(d) (A)-(I), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(III)

Ans. (c) :

सूची-II	सूची-II
(A) वीडियो	(III) एम.पी. 4
(B) पोडकास्ट	(IV) एम.पी. 3
(C) फोटोग्राफ	(II) जे.पी.जी.
(D) स्प्रेडशीट	(I) एक्स.एल.एस.एक्स.

35. In the following spreadsheet, which of the formulae below would be best for cell C2? Note that the formula must be able to be copied down from C2 to both C3 and C4.
निम्नलिखित विस्तार शीट (स्प्रेडशीट) में, निम्नलिखित में कौन-सा सूत्र (फार्मूला) सेल सी 2 के लिए सर्वोत्तम रहेगा? नोट करें कि फॉर्मूला, सी 2 से सी 3 और सी 4 दोनों में कॉपी हो सके।

	A/ए	B/बी	C/सी
1	Lunch Cost (Rs.) मध्यान्ह भोजन लागत (रु.)	Dinner Cost (Rs.) रात्रि भोजन लागत (रु.)	Total Cost (Rs.) कुल लागत (रु.)
2	15	27	42
3	23	35	58
4	10	35	45

(a) = A$2 + $B2/= ए$2 + $बी2
(b) = $A$2 + B2/= $ए$2 + बी2
(c) = $A$2 + $B$2/= $ए$2 + $बी$2
(d) = $A2 + $B2/= $ए2 + $बी2

Ans. (d) : स्प्रैडशीट हेतु फार्मूला = $A2 + $B2

36. Given below are two statements : One is labeled as Assertion (A) and the order is labeled as Reason (R) :
नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन (Assertion A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason R) के रूप में:
Assertion (A) : Soil Pollution due to detergents affects the root growth of the plants and depresses the growth of soil micro-organisms.
अभिकथन (A) : अपमार्जकों (डिटरजेंट) के कारण हुए मृदा प्रदूषण से पौधों के मूल विकास पर प्रभाव पड़ता है और मृदा की सूक्ष्म जीवों के विकास को भी कम कर देता है।
Reason (R) : Presence of detergents in soil makes the soil more acidic.
कारण (R) : मृदा में डिटरजेंट की उपस्थिति मृदा को अधिक अम्लीय बना देता है।
In the light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below :
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) Both (A) and (R) are correct but (R) is NOT the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is correct but (R) is not correct
(A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है।
(d) (A) is not correct but (R) is correct
(A) सही नहीं है, लेकिन (R) सही है।

Ans. (c) : कपड़ों को धोने के लिए अपमार्जक एवं सर्फेक्टेंट का उपयोग किया जाता है, इससे गदंगी को निकालना आसान हो जाता है परंतु जब इसे मृदा में डाल दिया जाता है तो मृदा की क्षारीयता स्तर बढ़ जाता है जो पौधों के मूल विकास को भी प्रभावित करता है। अतः अभिकथन (A) सत्य है तथा कारण (R) असत्य है।

37. Examples of Persistent Organic Pollutants (POPs) are:
सतत जैव प्रदूषकों (POPs) के उदाहरण हैं:
(A) Dioxins/डायोक्सिन्स
(B) PAN/पीएएन
(C) VOC/वी ओ सी
(D) FURANS/फ्यूरांस
(E) PCB/पी सी बी
Choose the correct answer from the options given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A), (D), (E) only/केवल (A), (D), (E)
(b) (A), (B), (D) only/केवल (A), (B), (D)
(c) (B), (C), (E) only/केवल (B), (C), (E)
(d) (C), (D), (E) only/केवल (C), (D), (E)

Ans. (a) : स्थायी कार्बनिक प्रदूषक लम्बी दूरी के परिवहन के लिए उनकी सामर्थ्यता पर्यावरण में दृढ़ता, परिस्थितिकीय तंत्र में जैव आवर्धन और जैव संचय की क्षमता तथा मानव स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।
उदाहरणः- हेक्सा क्लोरो बेन्जीन
पॉली क्लोरिनेटेड बाई फिनाइल (पीसीबी)
हेपटाक्लोर
VOC

38. In the first commitment period of Kyoto Protocol, how many green house gases were covered for reducing their emissions?
क्योटो प्रोटोकॉल की प्रथम प्रतिबद्धता अवधि में कितने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए आवरित किया गया था?

(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7

Ans. (c) : क्योटो प्रोटोकॉल एक अंतराष्ट्रीय संधि है, जिसे ग्लोबल वर्मिंग द्वारा हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए बनाया गया है। यह इस संधि में शामिल देशों को हरित गैसों के GHG उर्त्सजन को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।
उत्सर्जित गैसें:-
(I) CO_2 (II) CH_4 (III) N_2O (IV) HFCs (V) PFCs (VI) SF_6
यही 6 गैसों को कम करने के लिए प्रतिबद्धता की गयी थी।

39. Given below are two statements : One is labeled as Assertion (A) and the other is labeled as Reason (R) :
नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन (Assertion A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason R) के रूप में :

Assertion (A) : Green hydrogen production will be critical for world community to achieve carbon neutrality by the year 2050.
अभिकथन (A) : विश्व समुदाय के लिए 2050 तक कार्बन निरपेक्षता प्राप्त करने हेतु हरित हाइड्रोजन का उत्पादन निर्णायक होगा।

Reason (R) : The energy content of hydrogen gas is much higher than that of coal.
कारण (R) : हाइड्रोजन गैस की ऊर्जा मात्रा कोयले की अपेक्षा बहुत अधिक होती है।

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is NOT the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य नहीं है।
(d) (A) is false but (R) is true
(A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

Ans. (b) : पानी को H_2 और O_2 में विभाजित करने के लिए उपयोग किए जाने वाल इलेक्ट्रोलाइजर, अगर अलग ऊर्जा द्वारा संचालित होते हैं, तो बिना किसी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के हाइड्रोजन का उत्पादन कर सकते हैं। इस तरह से उत्पन्न हाइड्रोजन को हरित ऑक्सीजन कहा जाता है। विश्व समुदाय के लिए 2050 तक कार्बन निरपेक्षता प्राप्त करने हेतु हरित हाइड्रोजन का उत्पादन निर्णायक होगा।
अतः अभिकथन (A) सत्य है तथा कारण (R) असत्य है।

40. Since the start of industrial revolution, the acidity of ocean's surface water has
औद्योगिक क्रांति की शुरुआत से समुद्र के सतही जल की अम्लता-

(a) increased by ~ 10%/~10% बढ़ गयी है
(b) remained constant/यथावत है
(c) decreased by ~ 25%/~25% कम हो गयी है
(d) increased by ~ 30%/~30% बढ़ गयी है

Ans. (d) : औद्योगिक क्रांति की शुरुआत से समुद्र के सतही जल की अम्लता ~30% बढ़ गयी है।

41. A Government University with Institute of Eminence status can have foreign faculty upto a maximum of/लब्ध प्रतिष्ठित संस्थान की स्थिति प्राप्त शासकीय विश्वविद्यालय में अधिकतम कितने विदेशी शिक्षक रखे जा सकते हैं?

(a) 20% of total faculty strength
कुल शिक्षकों की संख्या का 20%
(b) 25% of total faculty strength
कुल शिक्षकों की संख्या का 25%
(c) 30% of total faculty strength
कुल शिक्षकों की संख्या का 30%
(d) 35% of total faculty strength
कुल शिक्षकों की संख्या का 35%

Ans. (b) : लब्ध प्रतिष्ठित संस्थान की स्थिति प्राप्त शासकीय विश्वविद्यालय में अधिकतम 25% कुल शिक्षकों की संख्या का विदेशी शिक्षक रखे जा सकते हैं।

42. Credits earned by a student and stored in Academic Bank of Credit, after the date of earning such credits, will have validity upto a maximum of
किसी छात्र द्वारा अर्जित और अकादमिक क्रेडिट बैंक में जमा क्रेडिट, प्राप्त करने की तिथि के पश्चात, अधिकतम कब तक के लिये वैध होंगे?

(a) 7 years/7 वर्षों के लिए
(b) 10 years /10 वर्षों के लिए
(c) 12 years /12 वर्षों के लिए
(d) 15 years /15 वर्षों के लिए

Ans. (a) : किसी छात्र द्वारा अर्जित और अकादमिक क्रेडिट बैंक में जमा क्रेडिट प्राप्त करने के तिथि के पश्चात् अधिकतम 7 वर्षों के लिए वैध होगें।

43. Identify the statutory bodies of a University:
विश्वविद्यालय के सांविधिक निकायों को चिन्हित कीजिए :

(A) Board of studies/अध्ययन मंडल
(B) Academic Council/शैक्षिक परिषद

(C) **Executive Council/कार्यकारी परिषद**

(D) **Finance Committee/वित्त समिति**

(E) **University Court/विश्वविद्यालय कोर्ट**

Choose the correct answer from the options given below :/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A), (B), (C), (D) only/केवल (A), (B), (C), (D)

(b) (A), (C) only/केवल (A), (C)

(c) (A), (C), (E) only/केवल (A), (C), (E)

(d) (B), (C), (D), (E) only/केवल (B), (C), (D), (E)

Ans. (a) : विश्वविद्यालय की समितियाँः-
(I) अध्ययन मंडल (II) शैक्षिक परिषद (III) कार्यकारी परिषद (IV) वित्त समिति।
नोट–NTA द्वारा निरस्त किया गया है।

44. Environmental education must be integral to all academic programmes as students need to be mainly sensitized about
पर्यावरणी शिक्षा आवश्यक रूप से सभी शैक्षिक कार्यक्रमों का अनिवार्य अंग होना चाहिए जिससे छात्रों को निम्न के बारे में मुख्यतः जागरुक बनाया जा सके:

(a) its interdisciplinary and multidisciplinary nature/इसकी अंतर्विषयी और बहुविषयी प्रकृति

(b) its emergence as a specialized field
इसका विशेष क्षेत्र के रूप में आविर्भाव

(c) relationship between culture and environment
संस्कृति और पर्यावरण के मध्य संबंध

(d) environ mental degradation and its consequences for life on earth
पर्यावरणीय निम्नीकरण और पृथ्वी पर जीवन के लिए इसका परिणाम

Ans. (d) पर्यावरणी शिक्षा आवश्यक रूप से सभी शैक्षिक कार्यक्रमों का अनिवार्य अंग होना चाहिए जिससे छात्रों को पर्यावरणीय निम्नीकरण और पृथ्वी पर जीवन तथा परिणाम के प्रति जागरूक बन सके।

45. 'How could a lamp, which does not keep on burning, light another lamp?' This statement is from the book titled 'Siksha (learning). Who among the following is the author of this book?
'कोई दीपक जब स्वयं नहीं जल रहा है, किसी अन्य दीपक को कैसे जला सकता है?' यह कथन शिक्षा (सीखना) शीर्षक पुस्तक से है। निम्नलिखित में से इस पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(a) Rabindranath Tagore/रबीन्द्रनाथ टैगोर

(b) Sarvapalli Radhakrishnan/सर्वपल्ली राधाकृष्णन

(c) Jyoti Phule/ज्योतिबा फुले

(d) Savitribai Phule/सावित्री बाई फुले

Ans. (a) : इस पुस्तक के लेखक रवीन्द्रनाथ टैगोर हैं। उनके अनुसार, 'शिक्षा का अर्थ मन को उस परम सत्य को खोजने में सक्षम बनाना है जो हमें धन के बंधन से मुक्त करता है और हमें वस्तुओं का नहीं बल्कि आंतरिक प्रकाश का, शक्ति का नहीं बल्कि प्रेम का धन देता हैं यह ज्ञानोदय की एक प्रक्रिया है। यह दैवी सम्पदा है। यह सत्य को प्राप्ति में मदद करता है।'

Read the following passage and answer the questions : (46 to 50)

An essential function of hegemony involves convincing people to support the existence of a social system that does not support them in return. Marginalized groups do not often protest or revolt against ideologies that overwhelmingly support privileged groups because, on some level, they consent to being dominated. This statement prompts an immediate question: Why would anyone consent to such an arrangement? While dominant ideologies may reflect the desires and interests of socially powerful groups, for these ideologies to remain dormant or hegemonic, they must also feature an additional promise. It is in the best interest of the marginalized groups to accept these belief's as well. Put another way, members of socially powerful groups act to have their world view accepted as the universal way of thinking, and members outside these groups come to accept some of these ideologies because they appear beneficial in some way. This is referred to as a process of spontaneous consent because it is typically informal or unnoticed. The best way to understand the spontaneous consent of hegemony is through an example. A number of ideological components within a nation's higher education system may not be in the best interests of students. One dominant belief suggests that college students should pay for their own education. Despite being affected by the belief, they accept it, and the ideology survives. When such consent fails, however, the concept of hegemony also explains how dominant ideologies evolve to contain this failure through a process of flexible appropriation. In such a situation, it is likely that dominant cultural institutions will absorb any challenging beliefs, integrate them into the hegemonic matrix, and re-establish the previous norm. As a result, hegemonic systems never go away. They simply change form through a process of constant give and take between social group. Hegemonic ideological structures maintain control in part through the never-ending process of integration and appropriation of marginalized ideologies.

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें और प्रश्न संख्या 46 से 50 तक के उत्तर दीजिए :

आधिपत्य के एक आवश्यक कार्य में एक सामाजिक व्यवस्था के अस्तित्व के प्रति समर्थन देने के लिए लोगों को आश्वस्त करना शामिल है, जो बदले में उनका समर्थन नहीं करती है। सीमांत समूह प्रायः उन विचारधाराओं का विरोध या उनके प्रति विद्रोह नहीं करते, जो विशेषाधिकार-प्राप्त समूहों का अत्याधिक समर्थन करती हैं, क्योंकि

वे किसी स्तर पर आधिपत्य जमाने देने पर सहमत होने दे रहे होते हैं। इस कथन से तत्काल प्रश्न खड़ा होता है। कोई भी व्यक्ति क्यों इस प्रकार की व्यवस्था के प्रति सहमत होता है? जबकि वर्चस्वकारी विचारधाराएं सामाजिक रूप से शक्तिशाली समूहों की इच्छाओं और हितों को प्रतिबिंबित करती हैं, इन विचारधाराओं के प्रसुप्त या आधिपत्यवादी बने रहने के लिए उनमें एक अतिरिक्त वचन देने की विशेषता भी आवश्यक हैं सीमांत समूहों का श्रेष्ठ हित इन धारणाओं को स्वीकार करने में भी है। अन्य तरीके से कहा जाए तो सामाजिक रूप से शक्तिशाली समूह उनके वैश्विक दृष्टिकोण को सार्वभौमिक चिंतन के तरीके के रूप में स्वीकार करने के लिए कार्य करते हैं और इन समूहों के बाहर के सदस्य इन विचारधाराओं को स्वीकार करने लगते हैं क्योंकि ये उन्हें किसी तरीके से लाभप्रद लगती हैं। इसे स्वतः स्फूर्त सहमति की एक प्रक्रिया के रूप में संदर्भित किया जाता है क्योंकि यह विशिष्ट रूप से अनौपचारिक है या उस पर ध्यान नहीं जाता। आधिपत्य के प्रति स्वतः स्फूर्त सहमति को एक उदाहरण के माध्यम से श्रेष्ठ तरीके से समझा जा सकता है। किसी देश की उच्च शिक्षा प्रणाली के भीतर अनेक वैचारिक घटक विद्यार्थियों के सर्वोत्तम हितों में नहीं हो सकते हैं। एक वर्चस्वकारी धारणा सुझाती है कि कॉलेज के विद्यार्थियों को अपनी स्वयं की शिक्षा का भुगतान करना चाहिए। इस धारणा से प्रभावित होने के बावजूद वे इसे स्वीकार कर लेते हैं और यह विचारधारा बनी रहती है। लेकिन, जब इस प्रकार की सहमति विफल हो जाती है तो आधिपत्य की अवधारणा स्पष्ट करती है कि किस प्रकार वर्चस्वकारी विचारधाराएं लचीले विनियोजन की प्रक्रिया के माध्यम से इस विफलता को रोकने के लिए विकसित होती हैं। इस तरह की स्थिति में यह संभावना है कि वर्चस्वकरी सांस्कृतिक संस्थाएं किसी चुनौतीपूर्ण धारणा को आत्मसात करेंगी उन्हें आधिपत्यवादी मैट्रिक्स में एकीकृत करेंगी और पूर्ववर्ती मानक को पुनः स्थापित करेंगी। परिणामस्वरूप आधिपत्यवादी प्रणालियाँ कभी भी लुप्त नहीं होतीं। वे सामाजिक समूहों के बीच निरंतर लेन-देन की प्रक्रिया के माध्यम से केवल रूप बदलती हैं। आधिपत्यवादी वैचारिक संरचनाएं आंशिक रूप से सीमांत विचारधाराओं के एकीकरण और विनियोजन की कभी भी न समाप्त होने वाली प्रक्रिया के माध्यम से नियंत्रण बनाए रखती हैं।

46. Despite hegemony, why marginalized people do not protest?/सीमांत लोग आधिपत्य के बावजूद विरोध क्यों नहीं करते हैं?

(a) Because they are too weak.
क्योंकि वे अत्यधिक कमजोर हैं।

(b) They are not bothered being dominated.
उन्हें आधिपत्य में रहने के बारे में चिंता नहीं है।

(c) Priviledged groups forcefully suppress them.
विशेषाधिकार-प्राप्त समूह बलपूर्वक उनका दमन करते हैं।

(d) Because of the promise that the dominant ideology is in their best interest.
इस वचन के कारण से कि वर्चस्वकारी विचार धारा उनके सर्वोत्तम हित में है।

Ans. (d) : सीमांत लोग आधिपत्य के बावजूद विरोध नही करते हैं क्योंकि इस वचन के कारण से कि वर्चस्वकारी विचारधारा उनके सर्वोत्तम हित में है।

47. What is the acceptance of domination called?
वर्चस्व की स्वीकार्यता को क्या कहा जाता है?

(a) Hegemony/आधिपत्य
(b) Marginalisation/सीमांतीकरण
(c) Spontaneous consent/स्वतः स्फूर्त सहमति
(d) Reflective desire/प्रतिबिंबिक इच्छा

Ans. (c) : वर्चस्व की स्वीकार्यता को स्वतः स्फूर्त सहमति कहा जाता है।

48. The dominant ideology survives because of its
वर्चस्वकारी विचारधारा किस कारण से बनी रहती है?

(a) Social Power/सामाजिक शक्ति
(b) Flexible appropriation/लचीला विनियोजन
(c) Beneficial features/लाभप्रद विशेषताएं
(d) Ideological components/वैचारिक घटक

Ans. (b) : वर्चस्वकारी विचारधारा लचीला विनियोजन से बनी रहती है।

49. The dominant cultural institutions have the power to
वर्चस्वकारी सांस्कृतिक संस्थाओं में क्या शक्ति होती है

(A) Absorb challenges
चुनौतियों को आत्मसात करना
(B) Maintain relations with social groups
सामाजिक समूहों के साथ संबंध बनाए रखना
(C) Destroy opposition/विरोध को नष्ट करना
(D) Re-establish the precious norms
पूर्ववर्ती मानकों को पुनः स्थापित करना

Choose the most appropriate answer from the options given below :
सही विकल्प चुनिए :

(a) (A) and (B) only/केवल (A) and (B)
(b) (B) and (C) only/केवल (B) and (C)
(c) (C) and (D) only/केवल (C) and (D)
(d) (A) and (D) only/केवल (A) and (D)

Ans. (d) : वर्चस्वकारी सांस्कृतिक संस्थाओं में चुनौतियों को आत्मसात करना एवं पूर्ववर्ती मानकों को पुनः स्थापित करने की शक्ति होती है।

50. The passage explains
उपरोक्त गद्यांश क्या स्पष्ट करता है।

(a) The forced absorption of the marginalized into the mainstream/सीमांतीकृत का मुख्य धारा में बलात् आत्मसात करना
(b) The establishment of the ideology of the marginalized/सीमांतीकृत की विचारधारा की स्थापना
(c) The defects of spontaneous consent
स्वतः स्फूर्त सहमति के दोष
(d) The survival of dominant ideology against the challenges/चुनौतियों के विरुद्ध वर्चस्वकारी विचारधारा का बने रहना

Ans. (d) : उपरोक्त गद्यांश चुनौतियों के विरूद्ध वर्चस्वकारी विचारधारा का बने रहना स्पष्ट करता है।